नीतिधर्म ग्रन्थमाला　　　　प्रथम पुष्प

कुरल-काव्य

तामिल भाषा मे मूल लेखक

श्री एलाचार्य

सस्कृत तथा हिन्दी मे अनुवादक

विद्याभूषण पं० गोविन्दराय जैन, शास्त्री

卐

[महावीर जयन्ती, वीर सं० २४८७]

प्रकाशक—
पं० गोविन्दराय जैन, शास्त्री
महरौनी (झाँसी) उ० प्र०

मूल्य १०) दश रुपये

मुद्रक—
प० परमेष्ठीदास जैन
जैनेन्द्र प्रेस, ललितपुर

विषय-सूची

आत्म-निवेदन

प्रस्तुत कुरल काव्य का हमे सब से प्रथम परिचय आज से ४० वर्ष पूर्व हुआ था। उस समय हम बनारस के स्याद्वाद् महाविद्यालय में अध्ययन करते थे। "दैनिक पाटलिपुत्र" मे उसके सम्पादक स्वनामधन्य श्रीयुत बाबू काशीप्रसाद जी जायसवाल ने कई लेख कुरल काव्य के विषय मे लिखे थे। जिन्हे पढकर हमारे मन मे इस काव्य के प्रति अत्यधिक आदर उत्पन्न हुआ। बाबू साहब ने एक लेख मे यह भी लिखा था कि "जब तक कुरल काव्य जैसे ससारप्रसिद्ध ग्रन्थ का अनुवाद हिन्दी मे न होगा तब तक उस का साहित्य-भण्डार अपूर्ण ही रहेगा।" सहपाठी मद्रासी छात्रो से यह जानकर और भी अधिक हर्ष हुआ कि यह एक जैनाचार्य की कृति है।

इन बातों से उसी समय हमारे मनमे यह विचार आया कि इस लोकोपकारी महान् ग्रन्थ का अनुवाद हिंदी मे पद्य मे भी होना चाहिए जैसा कि वह तामिल भाषा मे है। उस समय योग्यता के न होने से तथा बाद मे अवकाश न मिलने से वह विचार मन मे सुप्त सा बना रहा।

दैव-दुर्विपाक से जब हमारे दोनों नेत्र सहसा (सन् ४० मे) एक ही रात्रि मे धार मे चले गये तो चिन्ता हुई कि आगे का जीवन अब किस रूप मे व्यतीत किया जावे? आर्तध्यान और रौद्रध्यान मे उसे व्यतीत करना तो मूर्खता की बात होगी। पवित्र जैनधर्म के सिद्धान्त और सद्गुरुओं के उपदेश इसी दिन के लिए है कि सकट मे धैर्य रखकर उच्चकार्यों में शेष जीवन को लगाना चाहिए।

अतः हमने इस काव्य के अनुवाद करने की ठानी। साथ ही यह भी विचार आया कि यह "धारा" राजा भोज की नगरी है जिसमें सस्कृत के बड़े बड़े उद्भट विद्वान हुए है। अब सस्कृत में रचना का प्रवाह बन्द हो गया है, वह भी चालू रहे। इसलिए हमने

हिन्दी के साथ ही सस्कृत में भी अनुवाद प्रारम्भ कर दिया । उसी का फल यह आपके सामने उपस्थित है । अब तक यह हमारे हाथ मे था आज से हम इसे जगत के न्यायप्रिय पुरुषों के कर कमलों मे दे रहे है ।

फल में यदि कुछ मिठास है तो वह वृक्ष का ही गुण है। इस कारण इन अनुवादोकी सरसता का सारा श्रेय हम अपने शिक्षादाता सद्-गुरुओ को ही देते है । श्रीमान् पूज्य क्षुल्लक गणेशप्रसादजी वर्णी के हम विशेषत: कृतज्ञ है जो हमे दस वर्षकी आयु मे ही घरसे काशी ले गये । उन्हींके शुभ प्रसाद का यह फल है कि हम आज इस योग्य बन सके ।

नेत्र जाने के पश्चात् चि० दयाराम ने इस युग का श्रवणकुमार बनकर जिस प्रेम के साथ हमारी परिचर्या की उसको हम ही जानते हैं । इस कुरल काव्य की रचना के समय भी उसने हमारे नेत्र और हाथ दोनो का ही काम किया । इस काव्य के प्रचार और प्रकाशन में जिन भाईयो ने हमे सहयोग दिया है उन्हे तथा निम्नलिखित सज्जनो को धन्यवाद है:—

श्रीयुत ला० पृथ्वीसिह जी जैन सर्राफ व बाबू नरेन्द्रकुमार जी जैन बी० ए० देहरादून, श्रीयुत ला० त्रिलोकचन्द जी जैन रईस देहली, श्रीयुत प० जगमोहनलाल जी कटनी, प० रमानाथ जी जैन (न्या० व्या० तीर्थ) इन्दौर व भाई प० परमेष्ठीदास जी (न्यायतीर्थ), श्रीयुत बाबू यशपाल जी जैन बी० ए०, श्रीमान् माननीय राजगोपा-लाचार्यजी, जिन्होंने इस काव्य को ४० मिनट तक सुनने की कृपा की।

हमने अपने अनुवाद मे निम्नलिखित अनुवादों का उपयोग किया है—श्रीयुत वी बी० एस० अय्यर का अंग्रेजी अनुवाद, श्रीयुत अज्ञात जी का मराठी अनुवाद और श्रीयुत क्षेमानन्द जी राहत का तामिल वेद । इनके के भी हम बहुत उपकृत हैं ।

'क्लेशः ..लेन हि पुनर्नवतां विधत्ते''

महरौनी
(झासी)

गोविन्दराय शास्त्री ।

प्रस्तावना

परिचय और महत्व

'कुरल' तामिल भाषा का एक अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त काव्य-ग्रन्थ है। यह इतना मोहक और कलापूर्ण है कि ससार दो हजार वर्ष से इस पर मुग्ध है। यूरोप की प्राय सब भाषाओं मे इसके अनुवाद हो चुके है। अग्रेजी मे इसके रेवरेण्ड जी० यू० पोप कवि, वी० वी० एस० अय्यर और माननीय राजगोपालाचार्य द्वारा लिखित तीन अनुवाद विद्यमान है।

तामिल भाषा-भाषी इसे 'तामिल वेद' 'पचम वेद' 'ईश्वरीय ग्रन्थ' 'महान सत्य' 'सर्वदेशीय वेद' जैसे नामों से पुकारते है। इससे हम यह बात सहज मे ही जान सकते है कि उनकी दृष्टि मे कुरल का कितना आदर और महत्व है। 'नालदियार' और 'कुरल' ये दोनो जैन काव्य तामिल भाषा के 'कौस्तुभ' और 'सीमन्तक' मणि है। तामिल भाषा का एक स्वतन्त्र साहित्य है, जो मौलिकता तथा विशालता मे विश्वविख्यात सस्कृत साहित्य से किसी भी भाति अपने को कम नहीं समझता।

कुरल का नामकरण ग्रन्थ मे प्रयुक्त 'कुरलवेणवा' नामक छन्द विशेष के कारण हुआ है, जिसका अर्थ दोहा-विशेष है। इस नीति काव्य मे १३३ अध्याय है, जो कि धर्म (अरम) अर्थ (पोरुल) और काम (इनवम) इन तीन विभागों मे विभक्त है और ये तीनो विषय विस्तार के साथ इस प्रकार समझाये गये है जिससे ये मूलभूत अहिसा-सिद्धान्त के साथ सम्बद्ध रहे। पारखी तथा धार्मिक विद्वान् इसे अधिक महत्व इस कारण देते है कि इसकी विषय-विवेचन-शैली बडी ही सुन्दर, सूक्ष्म और प्रभावोत्पादक है। विषय-निर्वाचन भी इसका बडा पाण्डित्यपूर्ण है। मानव जीवन को शुद्ध और सुन्दर बनाने के लिए जितनी विशाल मात्रा मे इसमे उपदेश दिया गया है उतना अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। इसके अध्ययन से सन्तप्त-हृदय को बहुत शांति और बल मिलता है, यह हमारा निज का भी अनुभव है। एक ही रात्रि मे दोनों नेत्र चले जाने के पश्चात् हमारे हृदय को प्रफुल्लित रखने का श्रेय कुरल को ही प्राप्त है। हमारी राय मे यह

काव्य संसार के लिए वरदानस्वरूप है। जो भी इसका अध्ययन करेगा वही इस पर निछावर हो जावेगा। हम अपनी इस धारणा के समर्थन मे तीन अनुवादको के अभिमत यहा उद्धृत करते है —

१. **डा० पोपका अभिमत**—मुझे प्रतीत होता है कि इन पद्योंमे नैतिक कृतज्ञता का प्रबल भाव, सत्य की तीव्रशोध, स्वार्थरहित तथा हार्दिक दानशीलता एव साधारणतया उज्ज्वल उद्देश्य अधिक प्रभावक है। मुझे कभी कभी ऐसा अनुभव हुआ है कि मानो इसमे ऐसे मनुष्यों के लिए भण्डार रूप मे आशीर्वाद भरा हुआ है जो इस प्रकार की रचनाओ से अधिक आनन्दित होते है और इस तरह सत्य के प्रति क्षुधा और पिपासा की विशेषता को घोषित करते है। वे लोग भारत-वर्ष के लोगो मे श्रेष्ठ है तथा कुरल एव नालदी ने उन्हे इस प्रकार बनाने मे सहायता दी है।

२. **श्री वी० वी० एस० अय्यर का अभिमत**—कुरलकर्ता ने आचार धर्म की महत्ता और शक्ति का जो वर्णन किया है उससे संसार के किसी भी धर्मसस्थापक का उपदेश अधिक प्रभावयुक्त या शक्तिप्रद नहीं है। जो तत्त्व इसने बतलाये हैं उनसे अधिक सूक्ष्म बात भीष्म या कौटिल्य कामन्दक या रामदास विष्णुशर्मा या माई० के० वेली ने भी नही कही है। व्यवहार का जो चातुर्य इसने बतलाया है और प्रेमी का हृदय और उसकी नानाविधि वृत्तियों पर जो प्रकाश डाला है उमसे अधिक पता कालिदास या शेक्सपियर को भी नहीं था।

श्री राजगोपालाचार्य का अभिमत—'तामिल जाति की अन्तरात्मा और उसके संस्कारों को ठीक तरह से समझने के लिए 'त्रिक्कुरल' का पढना आवश्यक है। इतना ही नही, यदि कोई चाहे कि भारत के समस्त साहित्य का मुझे पूर्णरूप से ज्ञान हो जाय तो त्रिक्कुरल को बिना पढे हुए उसका अभीष्ट सिद्ध नहीं हो सकता।

त्रिक्कुरल, विवेक,शुभसस्कार और मानव प्रकृतिके व्यावहारिक ज्ञान की खान है। इस अद्भुत ग्रन्थ की सबसे बडी विशेषता और चमत्कार यह है कि इसमे मानवचरित्र और उसकी दुर्बलताओं की तह तक विचार करके उच्च आध्यात्मिकता का प्रतिपादन किया

गया है। विचार के सचेत और सयत औदार्य के लिए त्रिक्कुरल का भाव एक ऐसा उदाहरण है कि जो बहुत काल तक अनुपम बना रहेगा। कला की दृष्टि से भी ससार के साहित्य मे इसका स्थान ऊँचा है, क्योंकि यह ध्वनि काव्य है, उपमाएँ और दृष्टान्त बहुत ही समुचित रक्खे गये है और इस की शैली व्यङ्गपूर्ण है ।

कुरलका कर्तृत्व—

भारतीय प्राचीनतम पद्धति के अनुसार यहाँ के ग्रन्थकर्ता ग्रन्थ मे कही भी अपना नाम नही लिखते थे। कारण, उनके हृदय मे कीर्तिलालसा नही थी, किन्तु लोकहित की भावना ही काम करती थी। इस पद्धति के अनुसार लिखे गये ग्रथो के कर्तृत्व-विषयमे कभी कभी कितना ही मतभेद खडा हो जाता है और उसका प्रत्यक्ष एक उदाहरण कुरलकाव्य है। कुछ लोग कहते है कि इसके कर्ता 'तिरुवल्लुवर' थे और कुछ लोग यह कहते है कि इसके कर्ता 'एलाचार्य' थे।

इसी प्रकार कुरलकर्ता के धर्म सम्बन्ध मे भी मतभेद है। शैव लोग कहते है कि यह शैवधर्म का ग्रन्थ है और वैष्णव लोग इसे वैष्णव धर्म का ग्रन्थ बतलाते है। इसके अग्रेजी अनुवादक डा० पोप ने तो यहाँ तक लिख दिया है कि 'इसमे सदेह नही कि ईसाई धर्मका कुरलकर्ता पर सबसे अधिक प्रभाव पडा था। कुरल की रचना इतनी उत्कृष्ट नही हो सकती थी यदि उन्होंने सेन्टटामस से मलयपुर मे ईसा के उपदेशों को न सुना होता।' इस प्रकार भिन्न भिन्न सम्प्रदाय वाले कुरल को अपना अपना बनाने के लिए परस्पर होड लगा रहे है।

इन सबके बीच जैन कहते है कि "यह तो जैन ग्रन्थ है, सारा ग्रन्थ "अहिसा परमो धर्म" की व्याख्या है और इसके कर्ता श्री एलाचार्य है, जिनका कि अपर नाम कुन्दकुन्दाचार्य है।"

शैव और वैष्णवधर्म की साधारण जनता मे यह भी लोकमत प्रचलित है कि कुरल के कर्ता अछूत जाति के एक जुलाहे थे। जैन लोग इस पर आपत्ति करते है कि नही, वे क्षत्री और राजवशज है। जैनों के इस कथन से वर्तमान युग के निष्पक्ष तथा अधिकारी तामिल-भाषा विशेषज्ञ सहमत है। श्रीयुत राजाजी-राजगोपालाचार्य

तामिलवेद की प्रस्तावना मे लिखते हैं कि—"कुछ लोगों का कथन है कि कुरल के कर्ता अछूत थे, पर ग्रन्थ के किसी भी अश से या उसके उदाहरण देने वाले अन्य ग्रन्थ-लेखकों के लेखो से इसका कुछ भी आभास नही मिलता।" और हमारी रायमे बुद्धि कहती है कि अकेली एक तामिल भाषा का ज्ञाता अछूत कुरल को नही बना सकता, कारण कुरल मे तामिल प्रातीय विचारो का ही समावेश नही है किन्तु सारे भारतीय विचारो का दोहन है। इसका अर्थशास्त्र-सम्बन्धी ज्ञान कौटिलीय अर्थशास्त्र की कोटि का है। इस ग्रन्थ का रचयिता नि सन्देह बहुश्रुत और बहुभाषा-विज्ञ होना चाहिए, जैसे एलाचार्य थे।

तामिल भाषा के कुछ समर्थ जैनेतर लेखको की यह भी राय है कि 'कुरल के कर्ता का वास्तविक परिचय अब तक हम लोगो को अज्ञात है, उसके कर्ता तिरुवल्लवर का यह कल्पित नाम भी सदिग्ध है। उनकी जीवन-घटना ऐतिहासिक तथा वैज्ञानिक तथ्यो से अपरिपूर्ण है।'

अन्तःसाक्षी—

अत हम इन कल्पित दन्तकथाओं का आधार छोड़कर ग्रन्थ की अन्त साक्षी और प्राप्त ऐतिहासिक उदाहरणो को लेकर विचार करेगे,जिससे यथार्थ सत्य की खोज हो सके। जो भी निष्पक्ष विद्वान् इस ग्रथ का सूक्ष्मता के साथ परीक्षण करेगा उसे यह बात पूर्णत स्पष्ट हुए बिना नही रहेगी कि यह ग्रन्थ शुद्ध अहिसाधर्म से परिपूर्ण है और इसलिए यह जैन मस्तिष्क की उपज होना चाहिए। श्रीयुत् सुब्रह्मण अय्यर अपने अग्रेजी अनुवाद की प्रस्तावना मे लिखते हैं कि 'कुरलकाव्य का मंगलाचरण वाला प्रथम अध्याय जैनधर्म से अधिक मिलता है।'

फूल भले ही यह न कहे कि मै अमुक वृक्ष का हूँ, फिर भी उसकी सुगन्धि उसके उत्पादक वृक्ष को कहे बिना नही रहती, ठीक इसी प्रकार किसी भी ग्रंथ के कर्ता का धर्म हमे भले ही ज्ञात न हो पर उसके भीतरी विचार उसे धर्म विशेष का घोषित किये बिना न रहेगे। लेकिन इन विचारों का पारखी होना चाहिए। यदि जैनेतर

विद्वान् जैनवाङ्मय के ज्ञाता होते तो उन्हे कुरल को जैनाचार्यकृत मानने मे कभी देरी न लगती। ग्रन्थकर्ता ने जैन भाव इस काव्य मे कलापूर्ण ढंग से लिखे है, उनको ये लोग जैनधर्म से ठीक परिचित न होने के कारण नही समझ सके है। कुरल की सारी रचना जैन मान्यताओं से परिपूर्ण है। इतना ही नही, किन्तु उसका निर्माण भी जैन पद्धति को लिये हुए है। इसका कुछ दिग्दर्शन हम यहा कराते है।

इसमे किसी वैदिक देवता की स्तुति न देकर जैनधर्म के अनुसार मगलकामना की गई है। जैनियो मे मगल कामना करने की एक प्राचीन पद्धति है, जिसका मूल यह सूत्र है कि "चत्तारि मगल, अरहता मगलं, सिद्धा मगल, साहू मगल, केवलिपण्णत्तो धम्मो मगल।" अर्थात् चार हमारे लिये मगलमय है—अरहत, सिद्ध, साधु और सर्वज्ञ प्रणीत धर्म। देखिए 'ईश्वरस्तुति' नामक प्रथम अध्याय मे प्रथम पद्य से लेकर सातवे तक अरहन्त स्तुति है और आठवे मे सिद्धस्तुति है। नवमे और दशवे मे साधु के विशेष भेद-आचार्य और उपाध्याय की स्तुति है।

सम्राट् मौर्य चन्द्रगुप्त के समय उत्तर भारत मे १२ वर्ष का एक बड़ा दुर्भिक्ष पडा था, जिसके कारण साधुचर्या कठिन हो गई थी। अत श्रुतकेवली भद्रबाहु के नेतृत्व मे आठ हजार मुनियों का संघ उत्तर भारत से दक्षिण भारत चला गया था। मेघवर्षा के बिना साधु-चर्या नहीं रह सकती, यह भाव उस समय सारी जनता मे छाया था, इसलिए कुरल के कर्ता ने उसी भाव से प्रभावित होकर 'मुनि-स्तुति' नामक तृतीय अध्याय के पहिले 'मेघ महिमा' नामक द्वितीय अध्याय को लिखा है। साधुस्तुति के पश्चात् चौथे अध्याय मे मगलमय धर्म की स्तुति की गई।

ईश्वरस्तुति नामक प्रथम अध्याय के प्रथम पद्य मे 'आदिपकवन' शब्द आया है, जिसका अर्थ होता है 'आदि भगवान' जो कि इस युग के प्रथम अरहन्त भगवान आदीश्वर ऋषभदेव का नाम है। दूसरे पद्य मे उनकी सर्वज्ञता का वर्णन कर पूजा के लिए उपदेश दिया गया है। तीसरे पद्यमे 'मलर्मिशै' अर्थात् कमलगामी कहकर उनकी अरहत अवस्था के एक अतिशय का वर्णन है। चौथे पद्य मे उनकी वीत-

रागता का व्याख्यान कर, पाँचवे पद्य मे गुणगान करने से पापकर्मों का क्षय कहा गया है, छठे पद्यमे उनसे उपदिष्ट धर्म तथा उसके पालन का उपदेश दिया गया है। और सातवे मे उपर्युक्त देव की शरण मे आने से ही मनुष्य को सुख शांति मिल सकती है ऐसा कहा है। जैन धर्म में सिद्ध परमेष्ठी के आठ गुण माने गये है, इसलिए सिद्धस्तुति करते हुए आठवे पद्य मे उनके आठ गुणो का निर्देश किया गया है।

जैनधर्म मे पृथ्वी वातवलय से वेष्टित बतलाई गई है। कुरल मे भी पच्चीसवे अध्याय के पांचवे पद्य मे दया के प्रकरण मे कहा गया है—'क्लेश दयालु पुरुष के लिए नही है, भरी पूरी वायु वेष्टित पृथ्वी इस बात की साक्षी है।'

सत्य का लक्षण कुरलमे वही कहा गया है जो जैनधर्म को मान्य है—'ज्यों की त्यों बात कहना सत्य नहीं है किंतु समीचीन अर्थात् लोक हितकारी बात का कहना ही सत्य है, भले ही वह ज्यों त्यों न हो।'

नहीं किसी भी जीव को जिससे पीडा कार्य।
सत्य वचन उसको कहे, पूज्य ऋषीश्वर आर्य ॥१॥

वैदिक पद्धति मे जब वर्णव्यवस्था जन्ममूलक है तब जैन पद्धति मे वह गुणमूलक है। कुरल मे भी गुणमूलक वर्णव्यवस्था का वर्णन है—'साधु-प्रकृति-पुरुषों को ही ब्राह्मण कहना चाहिए, कारण वे ही लोग सब प्राणियों पर दया रखते है।'

वैदिक वर्णव्यवस्था मे कृषि शूद्र का ही कर्म है, तब कुरल अपने कृषि अध्याय मे उसे सबसे उत्तम आजीविका बताता है, क्योंकि अन्य लोग पराश्रित तथा परपिण्डोपजीवी है। जैन शास्त्रानुसार प्रत्येक वर्ण वाला व्यक्ति कृषि कर सकता है।

उनका जीवन सत्य जो, करते कृषि उद्योग।
और कमाई अन्य की, खाते बाकी लोग॥

जैन शास्त्रों मे नरकों को 'विवर' अर्थात बिलरूप मे तथा मोक्ष स्थान को स्वर्गलोक के ऊपर माना है। कुरल मे ऐसा ही वर्णन है, जैसा कि उसके पद्यों के निम्न अनुवाद से प्रकट है—

जीवन मे ही पूर्व से, कहे स्वय अज्ञान।
अहो नरक का छुद्र बिल, मेरा भावी स्थान॥

'मेरा' मै ? के भाव तो, स्वार्थ गर्व के थोक।
जाता त्यागी है वहॉ, स्वर्गोपरि जो लोक ॥

सागारधर्मामृत के एक पद्य मे प० आशाधर जी ने प्राचीन जैन परम्परा से प्राप्त ऐसे चौदह गुणो का उल्लेख किया है जो, गृहस्थ धर्म मे प्रवेश करने वाले नर-नारियों मे परिलक्षित होने चाहिए। वह पद्य इस प्रकार हैं—

न्यायोपात्तधनो यजन् गुणगुरून् सद्गीस्त्रिवर्ग भजन्,
अन्योऽन्यानुगुण तदर्हगृहिणी स्थानालयो ह्रीमय ।
युक्ताहारविहार आर्यसमिति प्राज्ञ कृतज्ञो वशी,
शृण्वन् धर्मविधिं दयालुरघभी सागारधर्म चरेत् ॥

हम देखते हैं कि इन चौदह गुणों की व्याख्या ही सारा कुरलकाव्य है।

ऐताहासिक बाहरी साक्षी—

१. **शिलप्पदिकरम्**—यह एक तामिल भाषा का अति सुन्दर प्राचीन जैनकाव्य है। इसकी रचना ईसा की द्वितीय शताब्दी मे हुई थी। यह काव्य, कला की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही तामिल जाति की समृद्धि, सामाजिक व्यवस्थाओं आदि के परिज्ञान के लिए भी बड़ा उपयोगी है, और प्रचलित भी पर्याप्त है। इसके रचयिता चेरवंश के लघु युवराज राजर्षि कहलाने लगे थे। इन्होने अपने शिलप्पदिकरम् मे कुरलके अनेक पद्य उद्धरण मे देकर उसे आदरणीय जैनग्रन्थ माना है।

२. **नीलकेशी**—यह तामिल भाषा मे जैनदर्शन का प्रसिद्ध प्राचीन शास्त्र है। इसके जैन टीकाकार अपने पक्ष के समर्थन मे अनेक उद्धरण बडे आदर के साथ देते है, जैसे कि 'इम्मे ट्टू' अर्थात् हमारे पवित्र धर्मग्रन्थ कुरल मे कहा है।

३. **प्रबोधचन्द्रोदय**—यह तामिल भाषा मे एक नाटक है, जोकि सस्कृत प्रबोधचन्द्रोदय के आधार पर शकराचार्य के एक शिष्य द्वारा लिखा गया है। इसमे प्रत्येक धर्म के प्रतिनिधि अपने अपने धर्म ग्रन्थ का पाठ करते हुए रंगमंच पर लाये गये हैं। जब एक निर्ग्रन्थ जैन मुनि स्टेज पर आते है तब वह कुरल के इस विशिष्ठ

पद्य को पढ़ते हुए प्रविष्ट होते है जिनमें अहिंसा सिद्धान्त का गुणगान इस रूप मे किया गया है —

सुनते हैं बलिदान से, मिलतीं कई विभूति।
वे भव्यो की दृष्टि मे, तुच्छघृणा की मूर्ति ॥

यहाँ यह सूचित करना अनुचित नहीं है कि नाटककार की दृष्टि में कुरल विशेषतया जैनग्रन्थ था, अन्यथा वह इस पद्य को जैन सन्यासी के मुख से नही कहलाता।

इस अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग साक्षी से इस विषय मे सन्देह के लिए प्राय कोई स्थान नहीं रहता कि यह ग्रन्थ एक जैनकृति है। निस्सन्देह नीति के इस ग्रन्थ की रचना महान् जैन विद्वान् के द्वारा विक्रम की प्रथम शताब्द के लगभग इस ध्येय को लेकर हुई है कि अहिसा सिद्धान्त का उसके सम्पूर्ण विविधरूपों मे प्रतिपादन किया जावे।

कुरल पर प्रभाव

जिस ग्रन्थका कुरल पर प्रभाव पडा है वह है 'नलदियार' दोनोंका ही नामकरण छन्द विशेष के कारण पडा है। कुरल के समान नालदी भी तामिल भाषा का एक विशिष्ट छन्द है। 'कुरल' और 'नालदी' ये ग्रन्थ आपस मे टीका का काम करते है। दोनों ही नीति विषयक काव्य हैं तथा उनकी विषय-विवेचन-शैली भी ऐसी है कि जिससे धर्म, अर्थ, काम ये तीनों पुरुषार्थ मूल अहिंसा धर्म से सम्बद्ध रहे। इसीलिए दोनों ग्रन्थों मे विपरीत विचारों की आलोचना के साथ ही अहिंसा के विविध अगों का वर्णन किया गया है। तामिल भाषा के महा विद्वानों का कथन है कि 'कुरल' और 'नालिदी' नीति के १८ काव्यों मे एक विशिष्ट महत्व का स्थान रखते हैं। तामिल सरस्वती का समस्त शृङ्गार इन दो काव्यो मे ही निहित है।

नलदियार कुरल से पूर्ववर्ती है। उसकी रचना इससे पूर्व ३०० वर्ष पहिले आठ हजार जैन मुनियों ने मिलकर की थी। खेद है कि ८ हजार पद्यों मे से अब केवल चार सौ पद्य ही रह गये हैं। अन्य पद्य कैसे नष्ट हो गये, इसकी एक विशिष्ट ऐतिहासिक कथा वृद्ध-परम्परा से चली आती है, कि—

जब चन्द्रगुप्त मौर्य के समय उत्तर भारत मे १२ वर्ष का भयकर दुर्भिक्ष पडा तब आठ हजार मुनियों का सघ अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु के नेतृत्व मे दक्षिण भारत गया। और वहां जाकर पाण्ड्य नरेश के रक्षण मे ठहरा। पाठक ऐतिहासिक शोधों से देखेंगे कि दक्षिण मे पाण्ड्य, चोल और चेर नामक बडे सुदृढ और समृद्ध राज्य विद्यमान थे। अशोक के शिलालेखो मे इनको पराजित राज्यों की श्रेणी मे न लिखकर मित्र राज्यों की श्रेणी मे लिखा गया है। दुर्भिक्ष का समय निकल जाने पर इन मुनियो ने उत्तर भारत लौट जाने की जब चर्चा चलाई तब स्नेही पाण्ड्य नरेश ने उनको न जाने का ही आग्रह किया। इस समय इन मुनियों के प्रधान नेता विशाखाचार्य थे, जिनकी स्मृति मे आज भी दक्षिण मे विजगापट्टम अर्थात् विशाख पट्टम अवस्थित है। विशाखाचार्य को अन्य लेखकों ने ज्ञान का कल्प-वृक्ष लिखा है। इस अगाध पाण्डित्य के कारण ही पाण्ड्यराजा को इनकी जुदाई पसन्द न थी, फिर भी मुनिगण न माने और उन्होंने एक एक विषय पर दश दश मुनियों का विभाग करके अपने जीवन के अनुभव का सार-स्वरूप एक एक पद्य ताडपत्र पर लिखकर वहा छोड दिया और चुपचाप चल दिये।

पाण्ड्यपति को जब इस बात का पता लगा तो उन्होंने क्रोधा-वेश मे आकर उन ताडपत्रो को वैगी नदी मे फिकवा दिया, किन्तु प्रवाह के विरुद्ध जब ये चार सौ पत्र किनारे पर आ लगे तब राजा की ही आज्ञा से ये सगृहीत कर लिये गये और उन्हीं की आज्ञा से वर्तमान व्यवस्थित रूप हुआ।

मूल नलदियार मे एक स्थल पर 'मुत्तरियर' शब्द आया है, जिसका अर्थ होता है 'मुक्ता नरेश' अर्थात् मोतियो के राजा। प्राचीन समय मे पाण्ड्य राज्य के बन्दरगाहों से बहुत मोती निकाले जाते थे। जिनका व्यापार केवल भारत मे ही नही किन्तु रोम तक होता था। इसी कारण पाण्ड्य राज्य के अधीश्वर मोतियों के राजा कहलाते थे। इस प्रकार 'मुत्तरियर' शब्द ही उक्त कथा के ऊपर प्रकाश डालता है। कुरल और नलदियार के बनते समय तामिल जनता के ऊपर जैनधर्म की इतनी गहरी छाप थी कि वह धर्म का नामकरण 'अरम' अर्थात्

अहिसा और पाप का नामकरण 'पोरम' अर्थात् हिंसा से करती थी। नलदियार सस्कृत भाषा मे न होकर जनता की भाषा मे है, इसलिए कुछ लोग इसको 'वेल्लार वेदम्' भी कहते है। जिसका अर्थ है किसानो का वेद।

वर्तमान साहित्य का जब जन्म ही नही हुआ था तब जैनों ने कई सहस्र वर्ष पहिले समीचीन अर्थात् सही ज्ञान देने वाले सार्वजनिक साहित्य को ससार के सामने उपस्थित किया था और यह साहित्य तामिल भाषा मे है, जिसका हम यहां दिग्दर्शन कराते है।

तामिल भाषा में अन्य महत्वपूर्ण जैन ग्रन्थ

१. **टोलकाप्पियम्**—यह तामिल भाषा का अति प्राचीन विस्तृत और व्यवस्थित व्याकरण है। भारतके प्रसिद्ध आठ वैयाकरणों मे जिसका प्रथम नाम आता है उस इन्द्र के व्याकरण के आधार पर यह तामिल भाषा का व्याकरण लिखा गया है। खेद है कि यह इन्द्र का व्याकरण अब ससार से लुप्त हो गया है। टोलकाप्पियम के उदाहरणों से तामिल देश की सभ्यता और समृद्धि का बोध होता है। 'प्रतिमायोग' जीवोके इन्द्रीविभाग आदि, जैन-विज्ञान के उदाहरण देने से ज्ञात होता है कि इसका रचयिता जैन विज्ञान से पूर्णपरिचित था।

२. **शिलप्पदि करम**—इस महा काव्य की चर्चा हम ऊपर कर आये है।

३. **जीवक चिन्तामणि**—तामिल भाषा के पांच महाकाव्यो मे इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण गौरव प्राप्त है। इसकी इतनी अधिक सुन्दर रचना है कि इसके एक प्रेमी ने यहा तक लिखा था कि यदि कोई चढ़ाई करके तामिल देश की सारी समृद्धि ले जाना चाहे तो भले ही ले जाए, पर 'जीवक चिन्तामणि' को छोड दे।

४. **अरनेरिच्चारम्**—'सधर्ममार्गसार' के रचयिता तिरुमुनैप्पादियार नामक जैन विद्वान् है। यह अन्तिम सगमकाल मे हुए थे। इस महान् ग्रन्थ मे जैनधर्म से सम्बन्धित पॉच सदाचारो का वर्णन है।

५. **पलमोलि अथवा सूक्तियां**—इसके रचयिता मुनरुनैयार अरैयानार नामक जैन है। इनमे नलदियार के समान वेणावावृत्त मे ४०० पद्य है। इसमे बहुमूल्य पुरातन सूक्तिया है, जो न केवल सदाचार के नियम ही बताती है बल्कि बहुत अश मे लौकिक बुद्धिमत्ता से परिपूर्ण है। तामिल के नीति विपयक अष्टादश ग्रन्थो मे कुरल-नालदियार के बाद इसका तीसरा नम्बर है।

६. **तिनैमालैनूरैम्बतु**—इसके रचयिता कणिमेदैयार हैं। यह जैन लेखक भी सगम के कवियो मे अन्यतम है। यह ग्रन्थ शृङ्गार तथा युद्ध के सिद्धान्तो का वर्णन करता है।

७. **'नानूमणिकडिगे'** अर्थात् रत्नचतुष्टय प्रापक है। इसके लेखक जैन विद्वान् विलम्बिनथर हैं। यह वेणवा छन्द मे हैं। प्रत्येक पद्य मे रत्नतुल्य सदाचार के नियम चतुष्टय का वर्णन है।

८. **एलाति**—यह ग्रन्थ अपने अर्थ से इलायची, कर्पूर, इरीकारम् नामक सुगन्धित काष्ठ, चन्दन तथा मधु के सुगन्धपूर्ण सग्रह को घोषित करता है। ग्रन्थ के इस नामकरण का कारण यह है कि इसके प्रत्येक पद्य मे ऐसे ही सुरभिपूर्ण पाच विषयो का वर्णन है। इसके कर्ता का नाम कणिमेडियार है, जो कि जैनधर्म के उपासक थे। इनकी विद्वत्ता की प्रशसा सब पडित एक स्वर से करते हैं। अब हम इस विषय मे और कुछ न लिखकर अन्त मे यही कहेगे कि ये सब महान् जैन ग्रन्थ हिन्दू धर्म के पुनरुद्धार के पहिले के बने हुए है, इसलिए इन्हे सातवी सदी के पूर्ववर्ती मानना चाहिए।

(१) तामिल जनता मे प्राचीन परम्परा से प्राप्त जनश्रुति चली आती है कि कुरलका सबसे प्रथम पारायण पाड्यराज 'उग्रवेरुव ल्दि' के दरबार मे मदुरा के ४६ कवियों के समक्ष हुआ था। इस राज का राज्यकाल श्रीयुत एम श्रीनिवास अ- ङ्गर ने १२५ ईस्वी के लगभग सिद्ध किया है।

(२) जैन ग्रन्थो से पता लगता है कि ईस्वी सन से पूर्व प्रथम शताब्दी मे दक्षिण पाटलिपुत्र मे द्रविड़सघ के प्रमुख श्री कुन्दकुन्दाचार्य अपर नाम एलाचार्य थे। इनके अतिरिक्त जिन प्राचीन पुस्तकों मे

कुरल का उल्लेख आया है उनमे सबसे प्रथम अधिक प्राचीन 'शिलप्पदिकरम्' नाम का जैनकाव्य और मणिमेखले' नामक बौद्धकाव्य है। दोनों का कथा-विषय एक ही है तथा दोनों के कर्ता आपस मे मित्र थे। अत दोनों ही काव्य सम-सामयिक है और दोनों मे कुरल काव्य के छठे अध्याय का पाचवॉ पद्य उद्धृत किया गया है। इसके अतिरिक्त दोनो मे कुरल के नाम के साथ ५४ श्लोक और उद्धृत है। 'शिलप्पदिकरम्" तामिल भाषा के विद्वानों का इतिहासकाल जानने के लिए सीमानिर्णायक का काम करता है और इसका रचनाकाल ऐतिहासिक विद्वानो ने ईसाकी द्वितीय शताब्दी माना है।

(३) यह भी जनश्रुति है कि तिरुवल्लुवर का एक मित्र एलेलाशिङ्गन नाम का एक व्यापारी कप्तान था। कहा जाता है कि यह इसी नामके चोलवश के राजा का छठा वशज था, जो लगभग २०६० वर्ष पूर्व राज्य करता था और सिहलद्वीप के महावश से मालूम होता है कि ईसासे १४० वर्ष पूर्व उसने सिहलद्वीप पर चढाई कर उसे विजय किया और वहॉ अपना राज्य स्थापित किया। इस शिङ्गन और उक्त पूर्वज के बीच मे पॉच पीढियॉ आती हैं और प्रत्येक पीढी ५० वर्ष की माने तो हम इस निर्णय पर पहुँचते है कि एलेलाशिङ्गन ईसा से पूर्व प्रथम शताब्दी मे थे।

बात असलमे यह है कि एलाचार्य का अपभ्र श एलेलाशङ्गिन हो गया है। यह एलेलाशिङ्गन और कोई नहीं एलचार्य ही हैं। कुन्दकुन्दाचार्य ऐलक्षत्रियों के वंशधर थे, इसलिए इनका नाम एलाचार्य था।

इन पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर हमने कुरलकाव्य का रचना-काल ईसा से पूर्व प्रथम शताब्दी निश्चित किया है और यही समय अन्य ऐतिहासिक शोधो से श्री ऐलाचार्य का ठीक बैठता है। मूलसंघ की उपलब्ध दो पट्टावलिया मे तत्वार्थसूत्र के कर्ता उमास्वाति के पहिले श्री एलाचार्य का नाम आता है और यह भी प्रसिद्ध है कि उमास्वाति के गुरु श्री एलाचार्य थे। अत. कुरल की रचना तत्वार्थसूत्र के पहले की है। यह बात स्वत सिद्ध हो जाती है।

कुरल-कर्ता कुन्दकुन्द (एलाचार्य)

विक्रम स० ९९० मे विद्यमान श्री देवसेनाचार्य अपने दर्शनसार नामक ग्रन्थ में कुन्दकुन्दाचार्य नाम के साथ उनके अन्य चार नामों का उल्लेख करते हैं —

पद्मनन्दि[1] वक्रग्रीवाचार्य, एलाचार्य, गृद्धपिच्छाचार्य।

श्री कुन्दकुन्द के गुरु द्वितीय भद्रबाहु थे ऐसा बोधप्राभृत की निम्नलिखित गाथा से ज्ञात होता है—

सद्दवियारो हूओ भासासुत्तेसु ज जिणे कहिय।
सो तह कहिय णाण सीसेण य भद्दबाहुस्स॥

ये भद्रबाहु द्वितीय नन्दिसघ की प्राकृत पट्टावली के अनुसार वीर निर्वाण से ४९२ वर्ष बाद हुए हैं।

कुरलकर्ता के अन्य ग्रन्थ तथा उनका प्रभाव

कुरल का प्रत्येक अध्याय अध्यात्म-भावना से ओतप्रोत है, इसलिए विज्ञपाठक के मनमे यह कल्पना सहज ही उठती है कि इस के कर्ता बडे अध्यात्मरसिक महात्मा होगे। और जब हमे यह ज्ञात हो जाता है कि इसके रचयिता वे एलाचार्य है जो कि अध्यात्म-चक्रवर्ती थे तो यह कल्पना यथार्थता का रूप धारण कर लेती है, कारण एलाचार्य जिनका कि अपर नाम कुन्दकुन्द है ऐसे ही अद्वितीय ग्रन्थों के प्रणेता है।

उनके समयसारादि ग्रन्थों को पढे विना कोई यह नहीं कह सकता कि मैने पूरा जैन तत्वज्ञान अथवा अध्यात्मविद्या जान ली। जिस सूक्ष्म तत्व की विवेचनशैली का आभास उनके मुनि जीवनसे पहले रचे हुए कुरलकाव्य से होता है वह शैली इन ग्रन्थो मे बहुत

---

१ पट्टे तदीये मुनिमान्यवृत्तौ, जिनादिचन्द्र समभूदतन्द्र।
ततोऽभवत् पच सुनामधामा, श्री पद्मनन्दी मुनिचक्रवर्त्ती॥
आचार्य कुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामति।
एलाचार्यो-गृद्धपृच्छ पद्मनन्दी वितायते॥
(मूलसघ की पट्टावलि)

ही अधिक परिस्फुट हो गई है। ये ग्रन्थ ज्ञानरत्नाकर हैं, जिनसे प्रभावित होकर विविध विद्वानो ने यह उक्ति निश्चित की है"—न है न होएँगे मुनीन्द्र कुन्दकुन्द से।"

पीछे के ग्रन्थकारो ने या शिलालेख लिखने वालों ने कुन्दकुन्द को 'मूलसघव्योमेन्दु, मुनीद्र, मुनिचक्रवर्ती' पदो से भूषित किया है। इससे हम सहज मे ही यह जान सकते है कि उनका व्यक्तित्व कितना गौरवपूर्ण है। दिगम्बर जैनसघ के साधुजन अपने को कुन्दकुन्द आम्नाय का घोषित करने मे सम्मान समझते है। वे शास्त्र-विवेचन करते समय प्रारम्भ मे यह अवश्य पढते है कि—

'मगल भगवान् वीरो मगलं गौतमोगणी ।
मगल कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मगलम् ॥'

इनके रचे हुए चौरासी प्राभृत (शास्त्र) सुने जाते है, पर अब वे पूरे नही मिलते। प्राय नीचे लिखे ग्रन्थ ही मिलते हैं-(१ समयसार (२) प्रवचनसार, (३) पंचास्तिकाय, (४) अष्टपाहुड, (५) नियमसार, (६) द्वादशानुप्रेक्षा, (७) रयणसार। ये सब ग्रन्थ प्राकृत भाषा मे हैं और प्राय सब ही जैनशास्त्रभण्डारो मे मिलते है।

ऐसा भी उल्लेख मिलता है कि उन्होंने कोण्डकुन्दपुर मे रहकर षट्खण्डागम पर बारह हजार श्लोक परिमित एक टीका लिखी थी जो अब दुष्प्राप्य है। समयसार ग्रन्थ पर विविध भाषाओं मे अनेक टीकाएँ उपलब्ध है। हिन्दी के प्राचीन महाकवि पं० बनारसीदास जी ने इसके विषय मैं लिखा है कि "नाटक पढत हिय फाटक खुलत है" समयसार, प्रवचनसार और पचास्तिकाय ये तीनों ग्रन्थ विज्ञसमाज मे नाटकत्रयी नाम से प्रसिद्ध हैं और तीनों ही ग्रन्थ नि सन्देह आत्मज्ञान के आकर है।

इन सब ग्रन्थो के पठन पाठन का यह प्रभाव हुआ कि दक्षिणा पथ से उत्तरापथ तक आचार्यकी उज्ज्वल कीर्ति छागई और भारतवर्ष मे वे एक महान् आत्मविद्या के प्रसारक माने जाने लगे, जैसा कि श्रवणबेलगोल के चन्द्रगिरिस्थ निम्नलिखित शिलालेख से प्रकट होता है—

वन्द्यो विभुर्भुवि न कैरिह कौण्डकुन्द
कुन्द-प्रभा-प्रणयिकीर्ति--विभूषिताश ।
यश्चारु-चारण-कराम्बुजचञ्चरीक--
श्चक्र श्रुतस्य भरते प्रयत प्रतिष्ठाम् ॥४॥

तपस्या के प्रभाव से श्री कुन्दकुन्दाचार्य को 'चारण-ऋद्धि' प्राप्त हो गई थी, जिसका कि उल्लेख श्रवणवेलगोला के अनेक शिलालेखोंमें पाया जाता है। तीन का उद्धरण हम यहाँ देते हैं।

तस्यान्वये भूविदिते बभूव य पद्मनन्दी प्रथमाभिधान ।
श्रीकुन्दकुन्दादिमुनीश्वराख्य सत्सयमादुद्गत चारणर्द्धि ॥
श्रीपद्मनन्दीत्यनवद्यनामा ह्याचार्यशब्दोत्तरकौण्डकुन्द ।
द्वितीयमासीदभिधानमुद्यच्चरित्रसजातसुचारणर्द्धि ॥
रजोभिरस्पृष्टतमत्वमन्त-र्बाह्येपि सव्यञ्जयितु यतीश ।
रज पद भूमितल विहाय चचार मन्ये चतुरगुल स ॥

इन सब विवरणों को पढकर हृदय को पूर्ण विश्वास होता है कि ऐसे ही महानग्रन्थकारकी कलमसे कुरलकी रचना होनी चाहिए।

कुरलकर्ता का स्थान—

इस वक्तव्य को पढकर पाठकों के मन मे यह विचार उत्पन्न अवश्य होगा कि कुरल आदि ग्रन्थो के रचयिता श्री एलाचार्य का दक्षिण मे वह कौनसा स्थान है जहा पर बैठकर उन्होने इन ग्रन्थो का अधिकतर प्रणयन किया था। इस जिज्ञासा की शान्ति के लिए हमें नीचे लिखा हुआ पद्य देखना चाहिए —

दक्षिणदेशे मलये हेमग्रामे मुनिर्महात्मासीत् ।
एलाचार्यो नाम्ना द्रविडगणाधीश्वरो धीमान् ॥

यह श्लोक एक हस्तलिखित 'मन्त्रलक्षण' नामक ग्रन्थमे मिलता है, जिससे ज्ञात होता है कि महात्मा एलाचार्य दक्षिण देश के मलय प्रान्त में हेमग्राम के निवासी थे, और द्रविडसघ के अधिपति थे। यह हेमग्राम कहाँ है इसकी खोज करते हुए श्रीयुत मल्लिनाथ चक्रवर्ती एम० ए० एल० टी० ने अपनी प्रवचनसार की प्रस्तावना में लिखा है कि—मद्रास प्रेसीडेन्सी के मलाया प्रदेशमे 'पोन्नूरगांव' को ही प्राचीन

समयमें हेमग्राम कहते थे और सम्भवत यही कुण्डकुन्दपुर है। इसी के पास नीलगिरि पहाड पर श्री एलाचार्य की चरणपादुका बनी हैं, जहाँ पर बैठकर वे तपस्या करते थे। आस पास की जनता आज भी ऐसा ही मानती है और बरसात के दिनो में उनकी पूजा के लिए वहाँ एक मेला भी प्रतिवर्ष भरता है। श्रीयुत स्व जैनधर्म भूषण ब्र० शीतल-प्रसाद जी ने भी इसके दर्शन कर जैन मित्र मे ऐसा ही लिखा था।

देश की तात्कालिक स्थिति—

जब हम कुरल की रचना के समय देश की तात्कालिक स्थिति पर दृष्टि डालते हैं तो ज्ञात होता है कि सारा देश उस समय ऋद्धि सिद्धि से भरपूर था। इतिहास से ज्ञात होता है कि उस समय जैनधर्म कलिङ्ग की तरह तामिल देश मे भी राष्ट्रधर्म था। उसके प्रभाव से राजघरानों मे भी शिक्षा और सदाचार पूर्णरूपेण विद्यमान था। अध्यात्म विद्या के पारगामी क्षत्री राजा बनने मे उतनी प्रतिष्ठा व सुख नहीं मानते थे जितना कि राजर्षि बनने मे, जिसके उदाहरण आचार्य समन्तभद्र (पाण्ड्यराज्य की राजधानी उरगपुरके राजपुत्र) शिलप्प-दिकरम के कर्ता युवराज राजर्षि (चेर राजपुत्र) और एलाचार्य हैं। उस समय क्षत्रियगण शासक और शास्ता दोनो थे। स्वतन्त्र व धार्मिक भारत उस समय कैसे दिव्य विचार रखता था इसकी वानगी के लिए कुरल अच्छा काम देता है।

—गोविन्दराय शास्त्री।

यदि पङ्कजमध्ये वससि, हे जगदम्ब तदैव ।
तव वसतिर्मम मानसे, पङ्कमयेऽप्युचितैव ॥
विधेर्निर्दयशापेन दृष्टिर्विफलतां गता ।
अतोऽन्तर्दृष्टिलाभेन काव्यमेतद् वितन्यते ॥

सम्मतियाँ

वीणानिनाद इव श्रोत्रमनोहरश्रीर्भव्यप्रभातमिव सुप्तविबोधदक्ष ।
सत्सङ्गम सुहृदिव प्रतिमातिवर्ती दिष्टादुदेति कृतिना कविनाकलाप ॥
सत्सारसै सततसेवितपादपद्म सद्मामल किमपि वाचि विदग्धताया ।
गोविन्दरायरचित कविताविलासो जीयाच्चिर कुरलकाव्यकलाश्रितश्री ॥

झाँसीमण्डलमण्डन सहृदय विद्वद्वर प० गोविन्दरायविरचित सस्कृत-हिन्दीकाव्यपरिणत तामिलभाषानिबद्ध कुरल महाकाव्य को मैने घण्टो सतृष्ण हृदय से सुना। वह प्रसन्नव्युत्पत्ति-सम्पत्तिसभृत सुन्दर और मनोहर रचना तथा उसकी एकान्तनिष्ठा है।

इस अनुपम काव्य से भारतीय नवयुवकों को उत्साह, कर्तव्य-परायणता, जागरण और सदुपदेश का अभ्यर्थनीय लाभ होगा। मैं इस काव्य का दिनोंदिन अभ्युदय और भारतीय प्रबुद्ध समाज मे व्यापक प्रचार का पूर्ण समर्थन हार्दिक भावना से करता हूँ।

दिनाङ्क
२८-१०-४५
रविवार

महादेव शास्त्री पाण्डेय
न्यायव्याकरण, साहित्याचार्य, कवि-तार्किक चक्रवर्ती
अध्यक्ष—साहित्य विभाग, ओरिएण्टल कॉलेज
काशी विश्वविद्यालय

प्रज्ञाचक्षु प० श्री गोविन्दराय शास्त्री ने तामिल वेद कुरल काव्य का हिन्दी और संस्कृत पद्यमय अनुवाद किया है, उसको मैने सुना। तामिल भाषा के श्रेष्ठ ग्रन्थरत्न का आस्वादन सारे देश को कराने के दो ही साधन है—सस्कृत और हिन्दुस्तानी। दोनों के द्वारा कुरल का परिचय कराके पडित जी ने देश की अच्छी सेवा की है।

कुण्डेश्वर, टीकमगढ
११-६-४६

—काका कालेलकर।

प्रसन्नता हुई, आपने सरल और ललित सस्कृत तथा हिन्दी भाषा मे त्रिरुकुरल तैमिल ग्रन्थकी रचना सुनाई। आपको इससे बडा आनन्द मिलता होगा तथा सहारा हो गया है। इसके पाठ से विषयवासना की प्रवृत्ति से मन छूटता और आन्तरिक जगतका आनन्द मिलता है।

काशी विश्वविद्यालय
५-१०-४५

—मदनमोहन मालवीय।

कुरल काव्य तामिल भाषा के छन्दों मे है। इसके रचयिता श्री १००८ कुन्दकुन्दाचार्य है। आपके द्वारा समयसारादि ८४ पाहुडो की रचना हुई है, जिनके द्वारा वर्तमान समय मे गणधरदेव सदृश उपकार हो रहा है।

उनके द्वारा रचित कुरल ग्रन्थ का अनुवाद सस्कृत तथा भाषा छन्द तथा भाषा गद्य मे श्रीमान् प० गोविन्दराय शास्त्री ने महान् परिश्रम के साथ किया है, जिसको पढकर मनुष्यमात्र आत्मीय कर्तव्य को जान सकता है।

क्षेत्रपाल, ललितपुर
भादा वदो १२ स २००८

गणेश वर्णी।

कुरल का हिन्दी और सस्कृत दोनो अनुवाद कुछ कुछ देख गया, प्रसन्नता हुई। यह ग्रन्थ नीति और धर्मबोध की उत्तम शिक्षा देगा। इसके अलावा दक्षिण और उत्तर भारत को जोडने मे मदद देगा। भारत देश की सास्कृतिक एकता कितनी गहरी है यह इसके अवलोकन से लोगों के दिलो मे स्पष्ट हो जायगी। संस्कृत का मद्रास मे बहुत प्रचार होगा। हिन्दी तो उत्तर और दक्षिण दोनो मे विजयशाली हो सकेगी। आपके परिश्रम के लिए धन्यवाद है।

महरौनी
१८–१०–५१

—विनोबा।

श्रीमान् विद्वद्वर्य गोविन्दराय जी शास्त्री करके अनूदित तामिल कुरल काव्यके कतिपय छन्दोको श्रवण कर हृदय आल्हादपूर्ण हुआ। हिन्दीप्रसार के इस युग मे अतीव प्राचीन अनुभवपूर्ण विद्वत्कृतियो की प्रभावना शास्त्रीसदृश उद्भट विद्वानों करके ही हो सकती है। हिन्दी भाषा के गरीयत्व को यह रचना पुष्ट करती है।

सहारनपुर
वैशाख कृ १२ स. २००५

स्नेहानुरक्तमना
माणिक्यचन्द्रः कौन्देयः न्यायाचार्यः

श्री कुन्दकुन्दाचार्य

परिच्छेदः १

ईश्वरस्तुतिः

'अ' वर्णो वर्तते लोके शब्दानां प्रथमो यथा ।
तथादिभगवानस्ति पुराणपुरुषोत्तमः ॥१॥
यदि नो यजसे पादौ सर्वज्ञपरमेष्ठिनः ।
अखिलं तर्हि वैदुष्यं मुधा ते शास्त्रकीर्तने ॥२॥
वर्तेते पावनौ पादौ स्वर्णाम्भोजविहारिणः ।
शरण्यौ हृदये यस्य स नूनं चिरमेधते ॥३॥
वीतरागस्य देवस्य रक्तः पादारविन्दयोः ।
यो धन्यः स पुमाँल्लोके दुःखी न स्यात् कदाचन ॥४॥
उत्साहेन समायुक्ता नित्यं गायन्ति ये प्रभोः ।
गुणान्, भवन्ति ते नैव कर्मदुःखोपभोगिनः ॥५॥
आत्मना जयिना तेन यो धर्माध्वा प्रदर्शितः ।
तं नित्य येऽनुगच्छन्ति ते नून दीर्घजीविनः ॥६॥
दुःखजालसमाकीर्णेऽगाधे संसारसागरे ।
कृच्छ्रान्मुक्तः स एवास्ति यस्यैकः शरणं प्रभुः ॥७॥
धर्मसिन्धोर्मुनीशस्य लीना ये पदकंजयोः ।
त एव तरितुं शक्ताः क्षुब्धं तारुण्यवारिधिम् ॥८॥
निष्क्रियेन्द्रियसंकाशा[1] मानवास्ते महीतले ।
पादद्वयं नमस्यन्ति[2] ये नाष्टगुणधारिणः ॥९॥
जन्ममृत्युमहाम्भोधेः पारं गच्छन्ति ते जनाः ।
पावनौ शरणं येषां योगीन्द्रचरणौ ध्रुवम् ॥१०॥

---

१ तुल्या. २ नमस्कुर्वन्ति

परिच्छेदः २

मेघमहिमा

यथासमयसंजाता वृष्टिर्यस्योपकारिणी ।
वारिवाहः सुधारूपस्तेनेदं वर्तते जगत् ॥१॥
सर्वस्वादिष्टखाद्यानां मूलं जलद उच्यते ।
नेदमेव स्वयं वारि भोजनाङ्गं प्रतिष्ठितम् ॥२॥
मेघवृष्टिं विना लोके दुर्भिक्षं संप्रजायते ।
समन्तात् सागरैर्युक्ता भूरपि स्यात् प्रपीडिता ॥३॥
जीवनाधारभूतानि स्वर्गस्रोतांसि वारिदाः ।
विलीनाश्चेत् कृषि नूनमहास्यन् हलजीविनः ॥४॥
अतिवृष्टिबलाज्जाताः क्षीणा ये किल मानवाः ।
समृद्धास्ते हि भूयोऽपि जायन्ते वारिवर्षणात् ॥५॥
खात् पतन्ती पयोवृष्टिर्विरता चेत् कदाचन ।
तृणजन्मविलुप्तिः स्यादन्येषां दूरगा कथा ॥६॥
वीभत्सदारुणावस्था जायेताहो सरित्पतेः ।
तज्जलस्य ग्रहोत्सर्गौ न कुर्याच्चेत् पयोधरः ॥७॥
देवानां परितोषाय सपर्या पंक्तिभोजनम् ।
सर्वाण्येतानि लुप्यन्ते विलुप्ते व्योम्नि वारिदे ॥८॥
दानिनां दानकर्माणि शूराणां चैव शूरता ।
जपहोमक्रियाः सर्वा नष्टा नष्टे वलाहके ॥९॥
संभवन्ति समस्तानि कार्याणि जलदागमे ।
सदाचारोऽपि तेनैव विदुषामेष निश्चयः ॥१०॥

परिच्छेदः ३

मुनिमाहात्म्यम्

परिग्रहं परित्यज्य जाता ये तु तपस्विनः ।
तेषां गायन्ति शास्त्राणि माहात्म्यं सर्वतोऽधिकम् ॥१॥

ऋषीणां पूर्णसामर्थ्यं वेत्तुं को मानवः क्षमः ।
दिवंगतान् यथा जीवान् संख्यातुं को जनः क्षमः ॥२॥

मुक्तेर्भिन्नं भवं ज्ञात्वा त्यक्तो येन महात्मना ।
उद्द्योतितं जगत्सर्वं तेनैव निजतेजसा ॥३॥

स्वर्गक्षेत्रस्य बीजानि[1] संयमेन तपोधनाः ।
इन्द्रियाणि वशे येषामङ्कुशेन गजो यथा ॥४॥

विजिताक्षमहर्षीणां शक्तिरत्रास्ति कीदृशी ।
ज्ञातुमिच्छसि चेत्तर्हि पश्य भक्तं सुराधिपम् ॥५॥

करोति दुष्करं कार्यं सुकरं पुरुषोत्तमः ।
करोति सुकरं कार्यं दुष्करं पुरुषाधमः ॥६॥

स्पर्शे रसेऽथवा गन्धे रूपे शब्दे च यन्मनः ।
क्रमते नैव तस्यास्ति योगो विष्टपशासने ॥७॥

ये सन्ति धार्मिका ग्रन्थाः समस्ते धरिणीतले ।
आलोकं[2] तेऽपि कुर्वन्ति मुनीनां सत्यवादिनाम् ॥८॥

त्यागस्य शिखरारूढो मोहग्रन्थिमपास्य यः ।
क्षणं सहेत तत्क्रोधमेवं नास्ति नरो भुवि ॥९॥

साधुस्वभावमापन्ना मुनयो ब्राह्मणा मताः ।
यतस्तेषां सदा चित्ते जीवानां करुणा स्थिता ॥१०॥

---

१ 'सन्ति' अध्याहार्यम्, २ जयघोषम् ।

परिच्छेदः ४

धर्ममाहात्म्यम्

धर्मात् साधुतरः कोऽन्यो यतो विन्दन्ति मानवाः ।
पुण्यं स्वर्गप्रदं नित्यं निर्वाणञ्च सुदुर्लभम् ॥१॥

धर्मान्नास्त्यपरा काचित् सुकृतिर्देहधारिणाम् ।
तत्त्यागान्न परा काचिद् दुष्कृतिर्देहभाजिनाम् ॥२॥

सत्कृत्यं सर्वदा कार्यं यदुदर्के सुखावहम् ।
पूर्णशक्तिं समाधाय महोत्साहेन धीमता ॥३॥

सर्वेषामेव धर्माणामेष सारो विनिश्चितः ।
मनःशुद्धिं विहायान्यो वृथैवाडम्बरो महान् ॥४॥

दुर्वचोलोभकोपेर्ष्या हातव्या धर्मलिप्सुना ।
इदं हि धर्मसोपानं धर्मज्ञैः परिनिश्चितम् ॥५॥

करिष्यामीति संकल्पं त्यक्त्वा धर्मी भव द्रुतम् ।
धर्म एव परं मित्रं यन्मृत्यौ सह गच्छति ॥६॥

को गुणः खलु धर्मेण मा पृच्छैवं कदाचन ।
शिबिकावाहकान् दृष्ट्वा तस्याश्चारूढभूपतिम् ॥७॥

व्यर्थं न याति यस्यैकं धर्माचारं विना दिनम् ।
जन्ममृत्युमहाद्वारं मुद्रितं तेन साधुना ॥८॥

सुखं धर्मसमुद्भूतं सुखं प्राहुर्मनीषिणः ।
अन्यथा विषयोद्भूतं लज्जादुःखानुबन्धि तत् ॥९॥

कार्यं तदेव कर्तव्यं यत् सदा धर्मसंभृतम् ।
धर्मेणासंगतं कार्यं हातव्यं दूरतो द्रुतम् ॥१०॥

परिच्छेदः ५

गृहस्थाश्रमः

आश्रमाः खलु चत्वारस्तेषु धन्या गृहस्थिताः ।
मुख्याश्रया हि ते सन्ति भिन्नाश्रमनिवासिनाम् ॥१॥
अनाथानां हि नाथोऽयं निर्धनानां सहायकृत् ।
निराश्रितमृतानाञ्च गृहस्थः परमः सखा ॥२॥
गृहिणः पञ्च कर्माणि स्वोन्नतिर्देवपूजनम् ।
बन्धुसाहाय्यमातिथ्यं पूर्वेषां कीर्तिरक्षणम् ॥३॥
परनिन्दाभयं यस्य विना दानं न भोजनम् ।
कृतिनस्तस्य निर्बीजो वंशो नैव कदाचन ॥४॥
यत्र धर्मस्य साम्राज्यं प्रेमाधिक्यञ्च दृश्यते ।
तद्गृहे तोषपीयूषं सफलाश्च मनोरथाः ॥५॥
गृही स्वस्यैव कर्माणि पालयेद् यत्नतो यदि ।
तस्य नावश्यका धर्मा भिन्नाश्रमनिवासिनाम् ॥६॥
धर्मेण संगतं यस्य कार्यं संजायते सदा ।
मुमुक्षुजनमध्ये तु स श्रेष्ठ इति कीर्तितः ॥७॥
यो गृही नित्यमुद्युक्तः परेषां कार्यसाधने ।
स्वयञ्चाचारसम्पन्नः पूतात्मा स ऋषेरपि ॥८॥
धर्माचारौ विशेषेण नित्यं सम्बन्धभाजिनौ ।
जीवनेन गृहस्थस्य सुकीर्तिस्तस्य भूषणम् ॥९॥
विदधाति तथा कार्यं यथा यद्विहितं विधौ ।
विबुधः स गृही सत्यं मान्यैरार्यैः प्रकीर्तितः ॥१०॥

परिच्छेदः ६

गृहिणी

यस्यामस्ति सुपत्नीत्वं सैवास्ति गृहिणी सती ।
गृहस्यायमनालोच्य व्ययते न पतिव्रता ॥१॥
यदि नास्ति गृहे दैवात् पत्नी स्वगुणभूषिता ।
अन्यवैभवयोगेऽपि कष्टं गार्हस्थ्यजीवनम् ॥२॥
यत्र पत्नी गुणैराढ्या तत्र श्रीः सर्ववस्तुनः ।
यदि पत्नी गुणैर्हीना त्रुटिः कस्य न वस्तुनः ॥३॥
पातिव्रत्यबलेनैव यदि स्त्री शक्तिशालिनी ।
ततोऽधिकः प्रभावः कः प्रतिष्ठावर्धको भुवि ॥४॥
सर्वदेवान् परित्यज्य पतिदेवं नमस्यति ।
प्रातरुत्थाय या नारी तद्वश्या वारिदाः स्वयम् ॥५॥
आदृता पतिसेवायां रक्षणे कीर्तिधर्मयोः ।
अद्वितीया सतां मान्या पत्नी सा पतिदेवता ॥६॥
गुप्तस्थाननिवासेन स्त्रीणां नैव सुरक्षणम् ।
अक्षाणां[1] निग्रहस्तासां केवलो धर्मरक्षकः ॥७॥
प्रसूते या शुभं पुत्रं लोकमान्यं विदाम्वरम् ।
स्तुवन्ति देवता नित्यं स्वर्गस्था अपि तां मुदा ॥८॥
यस्य गेहाद् यशोवल्ल्याः प्रसारो नैव जायते ।
उद्ग्रीवः सन् कथं शत्रोरग्रे सिंह इवैति[2] सः ॥९॥
विशुद्धमादृतं गेहमुत्तमो वर उच्यते ।
सुसंततिस्तु माहात्म्यपराकाष्ठाप्रकाशिनी ॥१०॥

---

१. इन्द्रियाणाम्, २. एति-गच्छति ।

परिच्छेदः ७

संततिः

यदि पुण्यात् कुले जन्म बुद्धिमत्याः सुसंततेः ।
ततोऽधिकं परं श्रेयो न मन्येऽहं महीतले ॥१॥
निष्कलङ्का सदाचारभूषिता यस्य संततिः ।
सप्तजन्मसमाप्त्यन्तं नासौ पापस्य भाजनम् ॥२॥
आनन्ददायिनी पुंसः संततिः सत्यसम्पदा ।
निधानं प्राप्यते पुण्यैरीदृशं सुखदायकम् ॥३॥
शिशुभिर्लघुहस्ताभ्यां मथ्यते यत् सुभोजनम् ।
तद्रसास्वादनं नूनं पीयूषस्वादसन्निभम् ॥४॥
अङ्गस्पर्शो हि बालानां देहे पूर्णसुखोदयः ।
निसर्गललितालापस्तेषां कर्णरसायनम् ॥५॥
वेणुध्वनौ सुमाधुर्यं वीणा स्वादीयसी बहुः ।
एवं वदन्ति यैर्नैव श्रुता संततिकाकिली ॥६॥
प्रजां प्रति पितुः कार्यमिदमेवावशिष्यते ।
मध्येसभं यथा स्यात् सा बुधपंक्तौ गुणादृता ॥७॥
सर्वेषां जायते मोदो दृष्ट्वा हर्षविकासिनीम् ।
बुद्धिवैभवमाहात्म्यैरात्मनोऽप्यधिकां प्रजाम् ॥८॥
प्रकाशते सुतोत्पत्त्या मातुर्मोदस्य वारिधिः ।
तत्कीर्तिश्रवणात्तस्या उद्वेलः स च जायते ॥९॥
यदुदात्तां कृतिं वीक्ष्य पृच्छेयुर्जनकं जनाः ।
यदीदृक् तपसा केन सुतो लब्धः स नन्दनः ॥१०॥

परिच्छेदः ८

प्रेम

अर्गला क्वापि नो नूनं प्रेमद्वारनिरोधिनी ।
सूच्यतेऽश्रुनिपातेन मानसे तस्य संस्थितिः ॥१॥

यो नरः प्रेमशून्यो हि स जीवत्यात्मनः कृते ।
परं प्रेमानुरक्तस्य [1]कीकसञ्च परार्थकृत् ॥२॥

प्रेमामृतरसास्वादलालसोऽयं हि चेतनः ।
सम्मतोऽभूत्पुनर्बद्धुं पिञ्जरेऽस्थिविनिर्मिते ॥३॥

प्रेम्णः संजायते स्नेहः स्नेहात् साधुस्वभावता ।
अमूल्यं मित्रतारत्नं सूते सा स्नेहशीलता ॥४॥

यदिहास्ति परत्रापि सौभाग्यं भाग्यशालिनः ।
तत् स्नेहस्य पुरस्कारो विश्रुतेयं जनश्रुतिः ॥५॥

साधुभिः सह कर्तव्यः प्रणयो नेतरैः समम् ।
नेयं सूक्तिर्यतः स्नेहः खलस्यापि जये क्षमः ॥६॥

अस्थिहीनं यथा कीटं सूर्यो दहति तेजसा ।
तथा दहति धर्मश्च प्रेमशून्यं नृकीटकम् ॥७॥

मरुभूमौ यदा स्थाणुर्भवेत् पल्लवसज्जितः ।
तदा प्रेमविहीनोऽपि भवेद् ऋद्धिसमन्वितः ॥८॥

आत्मनो भूषणं प्रेम यस्य चित्ते न विद्यते ।
बाह्यं हि तस्य सौन्दर्यं व्यर्थं रूपधनादिजम् ॥९॥

जीवनं जीवनं नैव स्नेहो जीवनमुच्यते ।
प्रेमहीनो नरो नूनं मांसलिप्तास्थिसंचयः ॥१०॥

---

१ अस्थि

परिच्छेदः १

अतिथिसत्कारः

बहुकष्टसमाकीर्णं गृहभारं मनीषिणः ।
वहन्ति केवलं वीक्ष्य पुण्यमातिथ्यपूजनम् ॥१॥

यदि दैवाद् गृहे वासो देवस्यातिथिरूपिणः ।
पीयूषस्यापि पानं हि तं विना नैव शोभते ॥२॥

गृहागतातिथेर्भक्तेर्यो हि नैव प्रमाद्यति ।
तस्योपरि न चायाति विपत्तिः कापि कष्टदा ॥३॥

योग्यातिथेः सदा यस्य स्वागते मानसीस्थितिः ।
श्रियोऽपि जायते मोदो वासार्थं तस्य सद्मनि ॥४॥

शेषमन्नं स्वयं भुङ्क्ते पूर्वं भोजयतेऽतिथीन् ।
क्षेत्राण्यकृष्टपच्यानि नूनं तस्य महात्मनः ॥५॥

पूर्वं सम्पूज्य गच्छन्तमागच्छन्तं प्रतीक्षते ।
यः पुमान् स स्वयं नूनं देवानां सुप्रियोऽतिथिः ॥६॥

आतिथ्यपूर्णमाहात्म्यवर्णने न क्षमा वयम् ।
दातृपात्रविधिद्रव्यैस्तस्मिन्नस्तिविशेषता ॥७॥

अकर्ताऽतिथियज्ञस्य शोकमेवं गमिष्यति ।
सञ्चितोऽयं महाकोषः पञ्चत्वे हा न कार्यकृत् ॥८॥

योग्यवैभवसद्भावे येनाहो नेज्यतेऽतिथिः ।
दरिद्रः स नरो नूनं मूर्खाणाञ्च शिरोमणिः ॥९॥

आघ्रातं म्लानतां याति शिरीषकुसुमं परम् ।
एकेन दृष्टिपातेन म्रियतेऽतिथिमानसम् ॥१०॥

परिच्छेदः १०

मधुरभाषणम्

सुस्निग्धा मधुरा नूनं सतां भवति भारती ।
अकृत्रिमा दयायुक्ता पूर्णसद्भावसंभृता ॥१॥
प्रियवाण्यां सुवात्सल्ये स्निग्धदृष्टौ च यद्विधम् ।
माधुर्यं दृश्यते तद्वद् बृहद्दानेऽपि नेक्ष्यते ॥२॥
स्नेहपूर्णा दयार्द्रदृष्टिर्हार्दिकी या च वाक्सुधा ।
एतयोरेव मध्ये तु धर्मो वसति सर्वदा ॥३॥
वचनानि रसाढ्यानि यस्याह्लादकराणि सः ।
कदाचिल्लभते नैव दारिद्र्यं दुःखवर्द्धनम् ॥४॥
भूषणे द्वे मनुष्यस्य नम्रताप्रियभाषणे ।
अन्यद्धि भूषणं शिष्टैर्नादृतं सभ्यसंसदि ॥५॥
यदि ते मानसं शुद्धं वाणी चान्यहितङ्करी ।
धर्मवृद्ध्या समं तर्हि विज्ञेयः पापसंक्षयः ॥६॥
सेवाभावसमायुक्तं विनम्रवचनं सदा ।
विश्वं करोति मित्रं हि सन्त्यन्येऽपि महागुणाः ॥७॥
शब्दाः सहृदयैः श्लाघ्याः क्षुद्रतारहिताश्च ये ।
कुर्वन्ति ते हि कल्याणमिहामुत्र च भाषिणः ॥८॥
श्रुतिप्रियोक्तिमाधुर्यमवगम्यापि ना[1] कथम् ।
न मुञ्चति दुरालाप किमाश्चर्यमतः परम् ॥९॥
विहाय मधुरालापं कटूक्तिं योऽथ भाषते ।
अपक्वं हि फलं भुङ्क्ते परिपक्वं विमुच्य सः ॥१०॥

---

१. नर. ।

परिच्छेदः ११

कृतज्ञता

या दया क्रियते भव्यैराभारस्थापनं विना।
स्वर्ग्यमर्त्यावुभौ तस्याः प्रतिदानाय न क्षमौ ॥१॥
शिष्टैरवसरं वीक्ष्य यानुकम्पा विधीयते।
स्वल्पापि दर्शने किन्तु विश्वस्मात् सा गरीयसी ॥२॥
आपन्नार्तिविनाशाय यानपेक्ष्यार्यवृत्तिना।
क्रियते करुणा तस्या अब्धेरप्यधिकं बलम् ॥३॥
लाभः सर्षपतुल्योऽपि परस्माज्जायते यदि।
कृतज्ञस्य पुरस्तात्तु तालतुल्यो भवत्यसौ ॥४॥
सीमा कृतज्ञतायास्तु नोपकारावलम्बिता।
तन्मूल्यमुपकार्यस्य पात्रत्वे किन्तु निर्भरम् ॥५॥
उपेक्षा नैव कर्तव्या प्रसादस्य महात्मनाम्।
प्रणयोऽपि न हातव्यस्तेषां ये दुःखबान्धवाः ॥६॥
संकटे भीतिमापन्नान् य उद्धरति सर्वदा।
कृतज्ञत्वेन तन्नाम कीर्त्यते हि भवान्तरे ॥७॥
नीचत्वं ननु नीचत्वमुपकारस्य विस्मृतिः।
भद्रत्वं खलु भद्रत्वमपकारस्य विस्मृतिः ॥८॥
अपकर्तुरपि प्राज्ञैरुपकारः पुराकृतः।
स्मृतः करोति दुःखानां विस्मृतिं मर्मघातिनाम् ॥९॥
अन्यदोषेण निन्द्यानामुद्धारः संभवत्यहो।
परं भाग्यविहीनस्य कृतघ्नस्य न चास्ति सः ॥१०॥

परिच्छेदः १२

न्यायशीलता

इदं हि न्यायनिष्ठत्वं यन्निष्पक्षतया सदा ।
न्याय्यो भागो हृदा देयो मित्राय रिपवेऽथवा ॥१॥

न क्षीणा जायते जातु सम्पत्तिर्न्यायशालिनः ।
वंशक्रमेण सा याति सहैवास्य सुकर्मणः ॥२॥

अन्यायप्रभवं वित्तं मा गृहाण कदाचन ।
वरमस्तु तदादाने लाभ एवास्तदूषणः ॥३॥

अन्यायेन समायुक्तं न्यायारूढञ्च मानवम् ।
व्यनक्ति संततिर्नूनं स्वगुणैरात्मसंभवम् ॥४॥

स्तुतिर्निन्दा च सर्वेषां जायेते जीवने ध्रुवम् ।
न्यायनिष्ठा परं किञ्चिदपूर्वं वस्तु धीमताम् ॥५॥

नीतिं मनः परित्यज्य कुमार्गं यदि धावते ।
सर्वनाशं विजानीहि तदा निकटसंस्थितम् ॥६॥

अथ निःस्वो भवेन् न्यायी कदाचिद् दैवकोपतः ।
तथापि तं न पश्यन्ति लोका हेयदृशा ध्रुवम् ॥७॥

अमायिकस्तुलादण्डः पक्षद्वयसमो यथा ।
तेन तुल्यः सदा भूयादासीनो न्यायविष्टरे ॥८॥

नैवस्खलति चेतोऽपि सुनीतेर्यस्य धीमतः ।
तस्यौष्ठनिर्गतं वाक्यं न मृषा न्यायरागिणः ॥९॥

परकार्यमपि प्रीत्या स्वकार्यमिव यो गृही ।
कुरुते तस्य कार्येषु सिद्धिर्भाग्यवतः सदा ॥१०॥

परिच्छेदः १३

संयमः

इन्द्रियाणां निरोधेन लभ्यते त्रिदशालयः ।
घण्टापथस्तु[1] विज्ञेयो रौरवार्थमसंयमः ॥१॥
संयमोऽपि सदा रक्ष्यो निजकोषसमो बुधैः ।
ततोऽधिकं यतो नास्ति निधानं जीवने परम् ॥२॥
सम्यग्बोधेन यः प्राज्ञः करोतीच्छानिरोधनम् ।
मेधादिसर्वकल्याणं प्राप्स्यते स सदाशयः ॥३॥
इन्द्रियाणां जयो यस्य कर्तव्येषु च शूरता ।
पर्वतादधिकस्तस्य प्रभावो वर्तते भुवि ॥४॥
नम्रता वर्तते नूनं सर्वेषामेव भूषणम् ।
पूर्णांशैः शोभते किन्तु धनिके विनयान्विते ॥५॥
संयम्य करणग्रामं कूर्मोऽङ्गानीव यो नरः ।
वर्तते तेन कोशो हि संचितो भाविजन्मने ॥६॥
अन्येषां विजयो माऽस्तु संयतां रसनां कुरु ।
असंयता यतो जिह्वा बह्वपायैरधिष्ठिता ॥७॥
एकमेव पदं वाण्यामस्ति चेन्मर्मघातकम् ।
विनष्टास्तर्हि विज्ञेया उपकाराः पुराकृताः ॥८॥
दग्धमङ्गं पुनः साधु जायते कालपाकतः ।
कालपाकमपि प्राप्य न प्ररोहति वाक्क्षतम् ॥९॥
पश्य मर्त्यं जितस्वान्तं विद्यावन्तं सुमेधसम् ।
यद्दर्शनाय तद्गेहमेतो[2] धर्मित्वसाधुते ॥१०॥

---

१ राजमार्ग, २ आगच्छत.

परिच्छेदः १४

सदाचारः

सदाचारेण सर्वत्र प्रतिष्ठाधारको जनः ।
प्राणाधिकस्ततो रक्ष्यः सदाचारः सदा बुधैः ॥१॥

प्रत्यहं प्रत्यवेक्षेत सुधीश्चरितमात्मनः ।
दृढमित्रं यतो नास्ति तत्तुल्यं क्वापि विष्टपे[1] ॥२॥

आचारेण सुवंश्यत्वं द्योत्यते जगतीतले ।
कदाचारैश्च नीचानां श्रेणावायाति मानवाः ॥३॥

विस्मृतोऽप्यागमः प्राज्ञैः कण्ठस्थः क्रियते पुनः ।
स्वाचारप्रच्युतः किन्तु न पुनर्याति तत्पदम् ॥४॥

परोत्कर्षासहिष्णूनां यथा नैव समृद्धयः ।
न गौरवं तथा किञ्चिद् दुराचारवतः कृते ॥५॥

न स्खलन्ति सदाचारात् प्रतिज्ञापालका जनाः
स्खलनं ते हि जानन्ति दुःखाब्धेर्मूलकारणम् ॥६॥

सन्मार्गवर्तिनः पुसः सन्मानं सभ्यसंसदि ।
अप्रतिष्ठापकीर्तिश्च भाग्ये कापथगामिनः ॥७॥

सुखबीजं सदाचारो वैभवस्यापि साधनम् ।
कदाचारप्रसक्तिस्तु विपदां जन्मदायिनी ॥८॥

विद्याविनयसम्पन्नः शालीनो गुणवान् नरः ।
प्रमादादपि दुर्वाक्यं न ब्रूते हि कदाचन ॥९॥

अन्यत् सर्वं सुशिक्षन्ते मूर्खा योग्योपदेशतः ।
हन्त सन्मार्गगामित्वं न शिक्षन्ते कदापि ते ॥१०॥

---

१. जगति ।

परिच्छेदः १५

परस्त्रीत्यागः

रूपलावण्यसंव्याप्तदेहयष्टिजुषामपि ।
नासौ रागी परस्त्रीणां धने धर्मे च यस्य धीः ॥१॥
नास्ति तस्मात् परो मूर्खो यो द्वारं प्रतिवेशिनः ।
वीक्षते पापबुद्ध्या स स्वधर्मात् पतितो जनः ॥२॥
असंशयं मुखे मृत्योस्ते तिष्ठन्ति नराधमाः ।
असन्देहवतः सख्युर्गृहं यैरभिगम्यते ॥३॥
कोऽर्थस्तस्य महत्त्वेन रमते यः परस्त्रियाम् ।
व्यभिचारात् समुत्पन्ना लज्जा येन च हेलिता ॥४॥
आश्लिष्यति गले यश्च सुलभां प्रतिवेशिनीम् ।
अङ्कमारोप्य तेनैव दूषितं निजनामकम् ॥५॥
चत्वारो नैव मुञ्चन्ति व्यभिचारिजनं सदा ।
घृणा पापानि भ्रान्तिश्च कलङ्केन समन्विताः ॥६॥
विरक्तः प्रतिवेशिन्या रूपलावण्यसम्पदि ।
स एव सद्गृही सत्यं कुलजाचारपालकः ॥७॥
नैवेक्षते परस्त्रीं यः पुंस्त्वं तस्य जयत्यहो ।
न परं तत्र धर्मित्वं महात्मा स हि भूतले ॥८॥
बाहुपाशे न यो धत्ते कण्ठाश्लिष्टां पराङ्गनाम् ।
भोक्ता स एव सर्वेषां श्रेयसां भूमिवर्तिनाम् ॥९॥
वरमन्यत्कृतं पापमपराधोऽपि वा वरम् ।
परं न साध्वी त्वत्पक्षे कांक्षिता प्रतिवेशिनी ॥१०॥

परिच्छेदः १६

क्षमा

आश्रयं धरणी दत्ते खनितारमपि ध्रुवम् ।
तथा त्वं बाधकान्नित्यं क्षमस्वास्मिन् सुगौरवम् ॥१॥
तस्मै देहि क्षमादानं यस्ते कार्यविघातकः ।
विस्मृतिः कार्यहानीनां यद्यहो स्यात् तदुत्तमा ॥२॥
स एव निर्धनो नूनमातिथ्याद् यः पराङ्मुखः ।
एवं स एव वीरेन्दुर्मौर्ख्यं येन विषह्यते ॥३॥
यदि कामयसे सत्यं हृदयेन सुगौरवम् ।
कार्यस्तर्हि समं सर्वैर्व्यवहारः क्षमामयः ॥४॥
प्रतिवैरं विधत्ते यो न स्तुत्यः स विदाम्वरैः ।
अरावपि क्षमाशीलो बहुमूल्यः स हेमवत् ॥५॥
यावदेकदिनं हर्षो जायते वैरसाधनात् ।
क्षमादानव्रतः किन्तु प्रत्यहं गौरवं महत् ॥६॥
प्राप्यापि महतीं हानिं स्वल्पोऽप्याकारविभ्रमः ।
न लक्ष्यते परं चित्रं नैवेहा वैरशोधने ॥७॥
विधत्ते तव कार्याणां हानिं यो गर्विताशयः ।
सद्वर्तनस्य शस्त्रेण तस्यापि विजयी भव ॥८॥
गृहं विमुच्य ये जाता ऋषयो लोकपूजिताः ।
तेभ्योऽपि प्रवरा नूनं यैः खलोक्तिर्विषह्यते ॥९॥
महान्तः सन्ति सर्वेऽपि क्षीणकायास्तपस्विनः[१] ।
क्षमावन्तमनुख्याताः किन्तु विश्वे हि तापसाः ॥१०॥

---

१ क्षीना.

परिच्छेदः १७

ईर्ष्यात्यागः

ईर्ष्यापूर्णविचारास्तु सततं दुःखदायिनः ।
मनसा ताञ्जहीहि त्वं तदभावे हि धर्मिता ॥१॥
अखिलेर्ष्याविनिर्मुक्तस्वभावसदृशं पुनः ।
नास्ति भद्रमहो पुंसां विस्तृते जगतीतले ॥२॥
यस्य नास्ति धने प्रीतिर्धर्मे चात्महितङ्करे ।
स ईर्ष्यति सदा वीक्ष्य समृद्धं प्रतिवेशिनम् ॥३॥
ईर्ष्यया कुरुते नैव परहानिं विचक्षणः ।
ईर्ष्याजन्यविकाराणां ह्युदर्कं वेत्ति तत्त्ववित् ॥४॥
ईर्ष्यैवालं विनाशाय तदाश्रयप्रदायिनः ।
मुञ्चेद्वा तं रिपुर्जातु नत्वीर्ष्या सर्वनाशिनी ॥५॥
परस्मै यच्छते पुंसे य ईर्ष्यति नराधमः ।
भृशं दुःखायते तस्य कुटुम्बं कशिपोः[1] कृते ॥६॥
विजहाति स्वयं लक्ष्मीरीर्ष्यादूषितचेतसम् ।
अर्पयते च तं स्वस्याः पूर्वजायै[2] दुराशयम् ॥७॥
अतिदुःखकरी नूनं दानवीव दरिद्रता ।
इयमीर्ष्या च तद्दूती नरकद्वारदर्शिनी ॥८॥
ईर्ष्यावतां समृद्धत्वं दानिनाञ्च दरिद्रता ।
विवेकिनां मनस्येते समाने विस्मयावहे ॥९॥
ईर्ष्यया क्वापि नो कश्चित् पुष्पितः फलितोऽथवा ।
तथैवोदारचेतास्तु ताभ्यां क्वापि न वञ्चितः ॥१०॥

---

१. अन्नवस्त्रयो., २. दरिद्रतायै ।

परिच्छेदः १८

निर्लोभिता

सन्मार्गं यः परित्यज्य परवित्ताभिलाषुकः ।
खलत्वं वर्द्धते तस्य परिवारश्च नश्यति ॥१॥
जुगुप्सा यस्य पापेभ्यो लोभं नैव करोति सः ।
प्रवृत्तिस्तस्य भद्रस्य कुकर्मणि न जायते ॥२॥
स्थिरसौख्याय यस्यास्ति स्पृहा तस्य सुमेधसः ।
लोभो नास्त्यल्पभोगानां पापकर्मविधायिनः ॥३॥
इन्द्रियाणि वशे यस्य चित्ते चातिविशालता ।
स्वोपयोगीति बुद्ध्या स नान्यवस्तु जिघृक्षति ॥४॥
किं तया क्रियते मत्या लोभे या क्रमते सदा ।
८—यदि तुम, एक भी दिन व्यर्थ नष्ट किये बिना, समस्त जीवन सत्कर्म करने मे बिताते हो तो तुम आगामी जन्मों का मार्ग बन्द किये देते हो।

९—केवल धर्म-जनित सुख ही वास्तविक सुख है, शेष सब तो पीडा और लज्जा-मात्र है।

१०—जो काम धर्मसङ्गत है, बस वही कार्यरूप मे परिणत करने योग्य है। दूसरी जितनी बाते धर्मविरुद्ध है, उनसे दूर रहना चाहिए।

परिच्छेद ५

गृहस्थाश्रम

आश्रम यद्यपि चार हैं, उनमें धन्य गृहस्थ ।
मुख्याश्रय सबका वही, इससे श्रेष्ठ गृहस्थ ॥१॥
मृतकों का सच्चा सखा, दीनों का आधार ।
है अनाथ का नाथ वह, गृही दया साकार ॥२॥
देव अतिथि पूजन सदा, स्वोन्नति निज जन भर्म[1] ।
रक्षण पूर्वज कीर्ति का, पाँच गृही के कर्म ॥३॥
दान विना भोजन तथा, रुचै न निन्दा अंश ।
बीजशून्य होता नहीं, उसका कभी सुवंश ॥४॥
धर्मराज्य के साथ में, जिसमें प्रेम-प्रवाह ।
तोष-सुधा उस गेह में, पूर्ण फलें सब चाह ॥५॥
पालन यदि करता रहे, मनुज गृही के कर्म ।
आवश्यक क्यों हों उसे, अन्याश्रम के धर्म ॥६॥
जो गृहस्थ करता सदा, धर्म-सुसंगत कार्य ।
वह मुमुक्षुगण में कहा, परमोत्तम है आर्य ॥७॥
साधक जो पर कार्य का, तथा उदारचरित्र ।
है गृहस्थ वह सत्य ही, ऋषि से अधिक पवित्र ॥८॥
धर्म तथा आचार का, है सम्बन्ध विशेष ।
गृहजीवन के साथ में, भूषण कीर्तिविशेष ॥९॥
जिस विधि करना चाहिए, करे उसी विधि कार्य ।
है गृहस्थ वह देवता, कहते ऐसा आर्य ॥१०॥

---

१. भरणपोषण ।

परिच्छेद ५

गृहस्थाश्रम

१—गृहस्थाश्रम मे रहने वाला मनुष्य अन्य तीनो आश्रमो का प्रमुख आश्रय है।

२—गृहस्थ अनाथो का नाथ, गरीबो का सहायक और निराश्रित मृतकों का मित्र है।

३—पूर्वजो की कीर्ति की रक्षा, देवपूजन, अथितिसत्कार, बन्धु-बान्धवो की सहायता और आत्मोन्नति, ये गृहस्थ के पॉच कर्म है।

४—जो बुराई से डरता है और भोजन करने से पहिले दूसरों को दान देता है, उसका वश कभी निर्बीज नही होता।

५—जिस घर मे स्नेह और प्रेम का निवास है, जिसमे धर्म का साम्राज्य है वह सम्पूर्णतया सन्तुष्ट रहता है—उसके सब उद्देश्य सफल होते है।

६—यदि मनुष्य गृहस्थ के सब कर्तव्यो को उचित रूप से पालन करे, तब उसे दूसरे आश्रमो के धर्मों के पालने की क्या आवश्यकता?

७—मुमुक्षुओं मे श्रेष्ठ वे लोग है जो धर्मानुकूल गार्हस्थ्य जीवन व्यतीत करते है।

८—जो गृहस्थ दूसरे लोगों को कर्तव्यपालन मे सहायता देता है और स्वय भी धार्मिक जीवन व्यतीत करता है, वह ऋषियो से अधिक पवित्र है।

९—सदाचार और धर्म का विशेषतया विवाहित जीवन से सम्बन्ध है और सुयश उसका आभूषण है।

१०—जो गृहस्थ उसी तरह आचरण करता है जिस तरह कि उसे करना चाहिए, वह मनुष्यों मे देवता समझा जायगा।

परिच्छेद ६

सहधर्मिणी

वही सती सहधर्मिणी, जो पत्नी गुणयुक्त ।
आय देख व्यय को करे, पतिसेवा-अनुरक्त ॥१॥
यदि पत्नी दुर्भाग्य से, नहीं गुणों की मूर्ति ।
गृही सुखी होता नहीं, रहते अन्य विभूति ॥२॥
यदि पत्नी गुणयुक्त तो, त्रुटि फिर घर में कौन ?
यदि पत्नी गुणहीन तो, कमी नहीं फिर कौन ॥३॥
यदि नारी निज शील से, है सच्ची बलवान् ।
उससे बढकर कौन है, गौरव उच्च महान् ॥४॥
जग कर, सबके पूर्व ही, जो पूजे पतिदेव ।
कहना उसका मानते, वारिद भी स्वयमेव ॥५॥
कीर्ति, शील पतिप्रेम में, जो पूरी कर्मण्य ।
धर्मधुरीणा धन्य वह, उस सम और न अन्य ॥६॥
चार कोट की ओट में, नारी रखना व्यर्थ ।
इन्द्रिय-निग्रह एक ही, जब रक्षार्थ समर्थ ॥७॥
जन्में जिससे पुत्रवर, ज्ञानी कीर्ति समेत ।
उस नारी को स्वर्ग के, देव बधाई देत ॥८॥
जिस घर से फैली नहीं, यश की लता विशाल ।
शिर उठाय वह शत्रु ढिग, क्या हो सिंह सुचाल ॥९॥
आहत और विशुद्ध गृह, है उत्तम वरदान ।
उपजे संतति योग्य तो, महिमा अति परिमाण ॥१०॥

परिच्छेद ६

सहधर्मिणी

१—वही उत्तम सहधर्मिणी है, जिसमे सुपत्नीत्व के सब गुण वर्तमान हो और जो अपने पति की सामर्थ्य से अधिक व्यय नहीं करती।

२—यदि पत्नी गृहिणी के गुणो से रहित हो तो और सब देनगियों के होते हुये भी गार्हस्थ्य जीवन व्यर्थ है।

३—यदि किसी की स्त्री सुयोग्य है तो फिर ऐसी कौन सी वस्तु है जो उसके पास विद्यमान नही? और यदि स्त्री मे योग्यता नही तो फिर उसके पास है ही कौनसी द्रव्य?

४—नारी अपने सतीत्व की शक्ति से सुरक्षित हो तो जगत मे उससे बढ कर गौरव पूर्ण बात और क्या है?

५—जो स्त्री दूसरे देवताओ की पूजा नही करती किन्तु बिछौने से उठते ही अपने पतिदेव को पूजती है, जल से भरे हुये बादल भी उसका कहना मानते है।

६—वही उत्तम सहधर्मिणी है जो अपने धर्म और यश की रक्षा करती है तथा प्रेमपूर्वक अपने पतिदेव की आराधना करती है।

७—चार दिवारी के अन्दर पर्दे के साथ रहने से क्या लाभ? स्त्री के धर्म का सर्वोत्तम रक्षक उसका इन्द्रियनिग्रह है।

८—जो महिला लोकमान्य और विद्वान् पुत्र को जन्म देती है, स्वर्ग-लोक के देवता उसकी स्तुति करते हैं।

९—जिस मनुष्य के घर से सुयश का विस्तार नहीं होता, वह मनुष्य अपने वैरियो के सामने गर्व से माथा ऊँचा करके सिंह वृत्ति के साथ नही चल सकता।

१०—सुसम्मानित पवित्र गृह सर्वश्रेष्ठ वर है, और सुयोग्य सन्तति उसके महत्त्व की पराकाष्ठा।

परिच्छेद ७

सन्तान

बुद्धिविभूषित जन्म ले, कुल में यदि सन्तान ।
उस समान हम मानते, अन्य नहीं वरदान ॥१॥

निष्कलंक, आचाररत, जिस नर की सन्तान ।
सात जन्म होता नहीं, वह नर अघ से म्लान ॥२॥

नर की सच्ची सम्पदा, उसकी ही सन्तान ।
पुण्य उदय से प्राप्त हो, ऐसा सुखद निधान ॥३॥

स्वर्ग सुधा सा मिष्ट है, सचमुच वह रसघोल ।
शिशु जिसको लघुहस्त से, देते मचा घँघोल ॥४॥

शिशु का अंगस्पर्श है, सुख का पूर्ण निधान ।
उसकी बोली तोतली, कर्णसुधा रसपान ॥५॥

मुरली ध्वनि में माधुरी, वीणा में बहु स्वाद ।
कहते यों, जिनने नहीं, सुना न निज शिशुनाद ॥७॥

सभा बीच वरपंक्ति में, आदृत बने विशेष ।
संतति प्रति कर्तव्य यह, योग्य पिता का शेष ॥७॥

अपने से भी बुद्धि में, बढ़ी देख सन्तान ।
होता है इस लोक में, सबको हर्ष महान् ॥८॥

जननी को सुत-जन्म से, होता हर्ष अपार ।
उमड़ पड़े सुखसिन्धु जब, सुनती कीर्ति अगार ॥९॥

पुत्र वही जिसको निरख, कहें जनक से लोग ।
किस तप से तुमको मिला, ऐसे सुत का योग ॥१०॥

परिच्छेद ७

सन्तान

१—बुद्धिमान् सन्तति पैदा होने से बढकर ससार मे दूसरा सुख नही।

२—वह मनुष्य धन्य है जिसके बच्चों का आचरण निष्कलङ्क है सात जन्म तक उसे कोई बुराई छू नही सकती।

३—सन्तान ही मनुष्य की सच्ची सम्पत्ति है, क्योंकि वह अपने संचित पुण्य को अपने कृत्यो द्वारा उसमे पहुँचाता है।

४—निस्सन्देह अमृत से भी अधिक स्वादिष्ट वह साधारण 'रसा' है जिसे अपने बच्चे छोटे छोटे हाथ डालकर घँघोलते है।

५—बच्चों का स्पर्श शरीर का सुख है, और कानो का सुख है उनकी बोली को सुनना।

६—वंशी की ध्वनि प्यारी और सितार का स्वर मीठा है, ऐसा वे ही लोग कहते है जिन्होने अपने बच्चे की तुतलाती हुई बोली नहीं सुनी है।

७—पुत्र के प्रति पिता का कर्तव्य यही है कि उसे सभा में, प्रथम पंक्ति मे बैठने योग्य बनादे।

८—बुद्धि मे अपने बच्चे को अपने से बढा हुआ पाने मे सभी को आनन्द होता है।

९—माता के हर्ष का कोई ठिकाना नही रहता जब उसके गर्भसे लडका उत्पन्न होता है, लेकिन उससे भी कही अधिक आनन्द उस समय होता है जब लोगो के मुँह से उसकी प्रशंसा सुनती है।

१०—पिता के प्रति पुत्र का कर्तव्य क्या है? यही कि संसार उसे देखकर उसके पिता से पूछे, किस तपस्या के बल से तुम्हे ऐसा सुपुत्र मिला है?

परिच्छेद ८

प्रेम

प्रेमदेव के द्वार को, कर देवे जो बन्द ।
ऐसी आगर हैं कहाँ, कहते आँख मन्द ॥१॥
जीवे निज ही के लिये, प्रेमशून्य नर एक ।
पर, प्रेमी के हाड़ भी, आवें काम अनेक ॥२॥
प्रेमामृत के चाखवे, रागी बना अतीव ।
राजी हो फिर भी बंधा, तन पिंजर में जीव ॥३॥
होता है मन प्रेम से, स्नेही, साधु स्वभाव ।
मैत्री जैसा रत्न भी, उपजे शील स्वभाव ॥४॥
जो कुछ भी सौभाग्य है, यहाँ तथा परलोक ।
पुरस्कार वह प्रेम का, कहते ऐसा लोग ॥५॥
भद्र पुरुष के साथ ही, करो प्रेम व्यवहार ।
मूर्ख उक्ति, यह प्रेम ही, खलजय को हथियार ॥६॥
जलता है रवि तेज से, अस्थिहीन ज्यों कीट ।
त्यों ही जलता धर्म से, प्रेमहीन नरकीट ॥७॥
सूखो तरु मरुभूमि में, जब हो पल्लवयुक्त ।
प्रेमहीन नर भी तभी, बने ऋद्धि संयुक्त ॥८॥
जिसके मनमें प्रेम का, नहीं आत्म-सौंदर्य ।
वाह्य रूप धन आदि का, व्यर्थ उसे सौन्दर्य ॥९॥
है जीवन, जीवन नहीं, सच्चा जीवन प्रेम ।
अस्थिमांस का पिण्ड ही, जो न रखे मन प्रेम ॥१०॥

परिच्छेद ८

प्रेम

१—ऐसी आगर अथवा डडा कहाँ है जो प्रेम के दरवाजे को बन्द कर सके ? प्रेमियों की ऑखो के मन्दमन्द अश्रु-बिन्दु अवश्य ही उसकी उपस्थिति की घोषणा किये बिना न रहेगे ।

२—जो प्रेम नही करते, वे केवल अपने लिए ही जीते है और जो दूसरो को प्रेम करते है, उनकी हड्डियॉ भी दूसरों के काम आती है ।

३—कहते है कि प्रेम का आनन्द लेने के लिए ही आत्मा एक बार फिर अस्थि-पिञ्जर मे बन्द होने को राजी हुआ है ।

४—प्रेम से हृदय स्निग्ध हो उठता है और उस स्नेहशीलता से ही मित्रता रूपी बहुमूल्य रत्न पैदा होता है ।

५—लोगों का कहना है कि भाग्यशाली का सौभाग्य इस लोक और परलोक दोनों स्थानो मे उसके निरन्तर प्रेम का ही पारितोषिक है ।

६—वे मूर्ख ह जो कहते है कि प्रेम केवल सद्‌गुणी मनुष्य के लिए ही है, क्योंकि दुष्टो के विरुद्ध खड़े होने लिये भी प्रेम ही एकमात्र साथी है ।

७—देखो, अस्थि-हीन कीडे को सूर्य किस तरह जला देता है ! ठीक उसी तरह धर्मशीलता उस मनुष्य को जला डालती है जो प्रेम नहीं करता ।

८—जो मनुष्य प्रेम नहीं करता वह तभी फूले फलेगा कि जब मरुभूमि के सूखे हुए वृक्ष के ठूॅठ मे कोपलें निकलेगी ।

९—बाह्य सौन्दर्य किस काम का जबकि प्रेम जो आत्मा का भूषण है हृदय मे न हो ?

१०—प्रेम जीवन का प्राण है। जिसमे प्रेम नही वह केवल मांस से घिरी हुई हड्डियों का ढेर है ।

परिच्छेद ९

अतिथिसत्कार

अतिथियज्ञ की साधना, करने को ही आर्य ।
गृह में करते कष्ट से, धनसंचय का कार्य ॥१॥

अतिथिदेव यदि भाग्यवश, गृह में हो साक्षात् ।
तो पीना पीयूष भी, उन बिन योग्य न तात ॥२॥

अतिथिदेव की भक्ति में, जिसको नहीं प्रमाद ।
उस नर पर टूटें नहीं, संकट, भीति, विषाद ॥३॥

योग्यअतिथि का प्रेम से, स्वागत का यदि नाद ।
तो लक्ष्मी को वास का, उसके घर आह्लाद ॥४॥

पूर्व अतिथि, फिर शेष जो, जीमे प्रेम समेत ।
आवश्यक होता नहीं, बोना उसको खेत ॥५॥

एक अतिथि को पूज जो, जोहे पर की बाट ।
बनता वह सुर-वर्ग का, सुप्रिय अतिथिसम्राट् ॥६॥

महिमा तो आतिथ्य की, कहनी कठिन अशेष ।
विधि आदिक के भेद से, उसमें अन्य विशेष ॥७॥

दान बिना पछतायगा, लोभी आठों याम ।
मृत्यु समय यह सम्पदा, हाय ! न आवे काम ॥८॥

अतिथि-भक्ति करता नहीं, होकर वैभवनाथ ।
पूर्णदरिद्री सत्य वह, मूर्खशिरोमणि साथ ॥९॥

पुष्पअनीचा का मधुर, सूँघे से मुरझाय ।
अतिथिहृदय तो एक ही, दृष्टि पड़े मर जाय ॥१०॥

परिच्छेद ९

अतिथि सत्कार

१—बुद्धिमान् लोग, इतना परिश्रम करके गृहस्थी किस लिये बनाते है? अतिथि को भोजन देने और यात्री की सहायता करने के लिए।

२—जब घर मे अतिथि हो तब चाहे अमृत ही क्यों न हो, अकेले नही पीना चाहिये।

३—घर आये हुए अतिथि का आदर-सत्कार करने मे जो कभी नही चूकता, उस पर कभी कोई आपत्ति नही आती।

४—जो मनुष्य योग्य अतिथि का प्रसन्नता पूर्वक स्वागत करता है, उसके घर मे निवास करने से लक्ष्मी को आह्लाद होता है।

५ - प्रथम अतिथि को जिमाकर, उसके पश्चात् बचे हुये अन्न को जो स्वय खाता है, क्या उसे अपने खेत को बोने की आवश्कता होगी?

६—जो पुरुष बाहिर जाने वाले अतिथि की सेवा कर चुका है और आने वाले अतिथि की प्रतीक्षा करता है, ऐसा आदमी देवताओं का सुप्रिय अतिथि बनता है।

७—हम किसी अतिथि-सेवा के माहात्म्य का वर्णन नही कर सकते कि उसमे कितना पुण्य है। अतिथि-यज्ञ का महत्त्व तो अतिथि की योग्यता पर निर्भर है।

८—जो मनुष्य अतिथि-सत्कार नही करता वह एक दिन कहेगा-मैने परिश्रम करके इतना धन वैभव जोडा पर हाय! सब व्यर्थ ही हुआ, कारण वहाँ मुझे सुख देने वाला कोई नही है।

९—सम्पत्तिशाली होते हुए भी जो यात्री का आदर-सत्कार नहीं करता, वह मनुष्य नितान्त दरिद्र है, यह बात केवल मूर्खों मे ही होती है।

१०—पारिजात का पुष्प सूँघने से मुर्भा जाता है पर अतिथि का मन तोड़ने के लिये एक दृष्टि ही पर्याप्त है।

परिच्छेद १०

मधुर-भाषण

सज्जन की वाणी मधुर, होती सहज स्वभाव ।
दयामयी, कोमल, खरी, भरी पूर्ण सद्भाव ॥१॥

वाणी, ममता, दृष्टि का, है माधुर्य महान् ।
उस सम मोहक विश्व में, नहीं प्रचुर भी दान ॥२॥

मधुर दृष्टि के साथ में, प्रियवाणी यदि पास ।
तो समझो बस धर्म का, वही निरन्तर वास ॥३॥

जिसके मीठे शब्द सुन, सुख उपजे चहुँ ओर ।
दुखवर्द्धक दारिद्र्य क्या, देखे उसकी ओर ॥४॥

दो गहने नर जाति के, 'विनय' तथा 'प्रियबोल' ।
शिष्टों की वरपंक्ति में, अन्यों का क्या मोल ॥५॥

हो यदि वाणी प्रेममय, तथा विशुद्ध विचार ।
पापक्षय के साथ तो, बढ़े धर्म आचार ॥६॥

सूचक सेवाभाव के, नम्र वचन सविवेक ।
मित्र बनाते विश्व को, ऐसे लाभ अनेक ॥७॥

सहृदयता के साथ जो, ओछेपन से हीन ।
बोली दोनों लोक में, करती है सुखलीन ॥८॥

कर्णमधुर मृदु शब्द का, चखकर भी माधुर्य ।
कटुक उक्ति तय [illegible] फिर, यही बड़ा आश्चर्य ॥९॥

कटुक शब्द जो बोलता, मधुर वचन को त्याग ।
कच्चे फल वह चाखता, पके फलों को त्याग ॥१०॥

परिच्छेद १०

मधुर-भाषण

१—सत्पुरुषो की वाणी ही वास्तव मे सुस्निग्ध होती है, क्योकि वह दयार्द्र, कोमल और बनावट से खाली होती है।

२—औदार्यमय दान से भी बढकर सुन्दर गुण, वाणी की मधुरता, दृष्टि की स्निग्धता और स्नेहार्द्रता मे है।

३—हृदय से निकली हुई मधुर वाणी और ममतामयी स्निग्ध दृष्टि मे ही धर्म का निवासस्थान है।

४—जो मनुष्य सदा ऐसी वाणी बोलता है कि सबके हृदय को आह्लादित कर दे, उसके पास दु खो की अभिवृद्धि करने वाली दरिद्रता कभी न आयेगी।

५—नम्रता और प्रिय-सभाषण, बस ये ही मनुष्य के आभूषण है, अन्य नही।

६—यदि तुम्हारे विचार शुद्ध तथा पवित्र है और तुम्हारी वाणी मे सहृदयता है तो तुम्हारी पाप-वृत्ति का क्षय हो जायगा और धर्मशीलता की अभिवृद्धि होगी।

७—सेवाभाव को प्रदर्शित करने वाला और विनम्र वचन मित्र बनाता है तथा बहुत से लाभ पहुँचाता है।

८—वे शब्द जो कि सहृदयता से पूर्ण और क्षुद्रता से रहित है इस लोक तथा परलोक दोनों मे सुख पहुँचाते है।

९—श्रुति-प्रिय शब्दों का माधुर्य चख कर भी मनुष्य क्रूर शब्दो का व्यवहार करना क्यो नही छोडता ?

१०—मीठे शब्दो के रहते हुए भी जो मनुष्य कडवे शब्दो का प्रयोग करता है वह मानो पके फलो को छोड़कर कच्चे फल खाता है।

परिच्छेद ११

कृतज्ञता

करुणा करते श्रेष्ठजन, बिना रखे आभार ।
उसके बदले को नही, सुर-नर का अधिकार ॥१॥

आवश्यकता के समय, अनुकम्पा का दान ।
जो मिलता वह अल्प भी, भू से अधिक महान ॥२॥

स्वार्थत्याग के साथ में, जो होवे उपकार ।
तो पयोधि से भी अधिक, उसकी शक्ति अपार ॥३॥

पर से यदि होता कभी, राई-सा उपकार ।
वह कृतज्ञ नर को दिखे, ताड़तुल्य हर-बार ॥४॥

नहीं अवधि आभार की, अवलम्बित उपकार ।
उपकृत की ही योग्यता, है उसका आधार ॥५॥

सन्तों की वर प्रीति का, करो नहीं अपमान ।
दुःख समय के बन्धु भी, मत त्यागो मतिमान ॥६॥

आर्तजनों का कष्ट से, जो करता उद्धार ।
जन्म जन्म भी नाम ले, उसका नर साभार ॥७॥

सचमुच है वह नीचता, यदि भूले उपकार ।
उस सम और न उच्चता, जो भूले अपकार ॥८॥

वैरी का भी प्राज्ञ को, पहिले का उपकार ।
स्मृत होते भूलती, तुरत व्यथा भयकार ॥९॥

अन्य दोष से निन्द्य का, सम्भव है उद्धार ।
पर कृतघ्न हतभाग्य का, कभी नहीं उद्धार ॥१०॥

परिच्छेद ११

कृतज्ञता

१—आभारी बनाने की इच्छा से रहित होकर जो दया दिखाई जाती है, स्वर्ग और पृथ्वी दोनो मिल कर भी उसका बदला नही चुका सकते।

२—अवसर पर जो उपकार किया जाता है, वह देखने मे छोटा भले ही हो, पर जगत मे सबसे भारी है।

३—प्रत्युपकार मिलने की चाह के विना जो भलाई की जाती है, वह सागर से भी अधिक बडी है।

४—किसी से प्राप्त किया हुआ लाभ, राई की तरह छोटा ही क्यों न हो, किन्तु समझदार आदमी की दृष्टि मे वह ताडवृक्ष के बराबर है।

५—कृतज्ञता की सीमा, किये हुए उपकार पर अवलम्बित नहीं है, उसका मूल्य उपकृत व्यक्ति की लायकी पर निर्भर है।

६—महात्माओ की मित्रता की अवहेलना मत करो और उन लोगों का त्याग मत करो जिन्होने सकट के समय तुम्हारी सहायता की है।

७—जो किसी को कष्ट से उबारता है, जन्म जन्मान्तर तक उसका नाम कृतज्ञता के साथ लिया जायगा।

८—उपकार को भूल जाना नीचता है, लेकिन यदि कोई भलाई के बदले बुराई करे तो उसको तुरन्त ही भुला देना बडप्पन का चिह्न है।

९—हानि पहुँचाने वाले का यदि कोई उपकार स्मृत हो आता है तो महा भयङ्कर व्यथा पहुँचाने वाली भी चोट उसी क्षण भूल जाती है।

१०—और सब दोषो से कलङ्कित मनुष्यो का तो उद्धार हो सकता है, किन्तु अभागे अकृतज्ञ मनुष्य का कभी उद्धार न होगा।

परिच्छेद १२

न्यायशीलता

न्यायनिष्ठ का चिन्ह यह, हो निष्पक्ष उदार ।
जिसका जिसको भाग दे, शत्रु मित्र सम धार ॥१॥
न्यायनिष्ठ की सम्पदा, कभी न होती क्षीण ।
वंश-क्रम से दूर तक, चली जाय अक्षीण ॥२॥
मत लो वह धन भूल से, जिसमें नीति-द्वेष ।
हानि विना उससे भले, होवें लाभ अशेष ॥३॥
न्यायी या नयहीन की, करनी हो पहिचान ।
तो जाकर बुध देख लो, उसकी ही सन्तान ॥४॥
स्तुति-निन्दा-द्वय से भरे, सब ही जीव समान ।
पर नयज्ञ मनका अहो, है अपूर्व ही मान ॥५॥
नीति छोड़ मन दौड़ना, यदि कुमार्ग की ओर ।
तो समझो आया निकट, सर्वनाश ही घोर ॥६॥
न्यायी यदि दुर्दैव से, हो जावे धनहीन ।
पर उसकी होती नहीं, कभी प्रतिष्ठा क्षीण ॥७॥
तुलादण्ड सीधा तथा, है सच्चा जिस रीति ।
हो ऐसी ही न्याय के, अधिकारी की नीति ॥८॥
जिसका मन भी नीति से, डिगे न खाकर चोट ।
नित्य-सत्य बोले वचन, उस न्यायी के ओठ ॥९॥
जो करता परकार्य भी, अपने कार्य समान ।
धन्य गृही, वह कार्य में, पाता सिद्धि महान् ॥१०॥

परिच्छेद १२

न्यायशीलता

१—न्यायनिष्ठा का सार केवल इसी मे है कि मनुष्य निष्पक्ष होकर, धर्मशीलता के साथ दूसरे के देय अश को दे देवे, फिर चाहे लेने वाला शत्रु हो या मित्र ।

२—न्यायनिष्ठ की सम्पत्ति कभी कम नही होती। वह दूर तक, पीढी दर पीढी चली जाती है ।

३—सन्मार्ग को छोडकर जो धन मिलता है, उसे कभी हाथ न लगाओ, भले ही उससे लाभ के अतिरिक्त और किसी बात की सम्भावना न हो ।

४—भले और बुरे का पता उसकी सन्तान से चलता है ।

५—भलाई और बुराई का प्रसग तो सभी को आता है, पर एक न्यायनिष्ठ मन बुद्धिमानों के लिए गर्व की वस्तु है।

६—जब तुम्हारा मन सत्य से विमुख होकर असत्य की ओर झुकने लगे तो समझ लो कि तुम्हारा सर्वनाश निकट ही है।

७—ससार धर्मात्मा और न्याय-परायण पुरुष की निर्धनता को हेय-दृष्टि से नही देखता ।

८—बराबर तुली हुई उस तराजू की डडी को देखो, वह सीधी है और दोनों ओर एक सी है। बुद्धिमानों का गौरव इसी में है कि वे इसके समान ही बने, न इधर को झुके और न उधर को।

९—जो मनुष्य अपने मन मे भी नीति से नही डिगता, उसके न्यायमार्गी ओठों से निकली हुई बात नित्य-सत्य है ।

१०—उस सद्व्यवहारी पुरुष को देखो कि जो दूसरे के कामों को भी अपने विशेष कार्यों के समान ही देखता भालता है। उसके उद्योग-धन्दे अवश्य उन्नति करेगे।

परिच्छेद १३

संयम

संयम के माहात्म्य से, मिलता है सुरलोक ।
और असंयम राजपथ, रौरव को बेरोक ॥१॥
संयम की रक्षा करो, निधिसम ही धीमान ।
कारण जीवन में नहीं, बढ़कर और निधान ॥२॥
समझ बूझकर जो करे, इच्छाओं का रोध ।
मेधादिक कल्याण वह, पाता विना विरोध ॥३॥
जो निष्कामी कार्य में, विचलित करे न भाव ।
उसके मुख का सर्व पर, गिरि से अधिक प्रभाव ॥४॥
वैसे तो सब में विनय, होती शोभावान ।
पर पूरी खुलती तभी, विनयी यदि श्रीमान ॥५॥
कूर्मअङ्ग-सम, इन्द्रियाँ, वश में पूर्ण-प्रकार ।
तो समझो परलोक को, जोड़ा निधि भण्डार ॥६॥
इन्द्रियगण में अन्य को, रोक भले मत रोक ।
पर जिह्वा को रोक तू, जिससे मिले न शोक ॥७॥
वाणी में यदि एक भी, पद है पीड़ाकार ।
तो समझो बस नष्ट ही, पहिले के उपकार ॥८॥
दग्धअङ्ग होते भले, पाकरके कुछ काल ।
पर अच्छे होते नहीं, वचन घाव विकराल ॥९॥
वशीपुरुष को देखलो, विद्या-बुद्धि-निधान ।
दर्शन को उसके यहाँ, आते सब कल्याण ॥१०॥

परिच्छेद १३

संयम

१—आत्म-सयम से स्वर्ग प्राप्त होता है, किन्तु असयत इन्द्रिय-लिप्सा अपार अधकारपूर्ण नरक के लिए खुला हुआ राजपथ है।

२—आत्म-सयम की रक्षा अपने खजाने के समान ही करो, कारण उससे बढकर इस जीवन मे और कोई निधि नहीं है।

३—जो पुरुष ठीक तरह से समझ बूझ कर अपनी इच्छाओ का दमन करता है, उसे मेधादिक सभी सुखद वरदान प्राप्त होगे।

४—जिसने अपनी समस्त इच्छाओ को जीत लिया है और जो अपने कर्तव्य से पराङ्मुख नही होता, उसकी आकृति पहाड से भी बढकर प्रभावशाली होती है।

५ - विनय सभी को शोभा देती है, पर पूरी श्री के साथ श्रीमानो मे ही खुलती है।

६ - जो मनुष्य अपनी इन्द्रियो को उसी तरह अपने मे खीच कर रखता है, जिस तरह कछुआ अपने हाथ पाव को खीच कर भीतर छुपा लेता है, उसने अपने समस्त आगामी जन्मो के लिए खजाना जमा कर रखा है।

७—और किसी को चाहे तुम मत रोको, पर अपनी जिह्वा को अवश्य लगाम लगाओ, क्योकि बेलगाम की जिह्वा बहुत दुःख देती है।

८—यदि तुम्हारे एक शब्द से भी किसी को कष्ट पहुँचता है तो तुम अपनी सब भलाई नष्ट हुई समझो।

९—आग का जला हुआ तो समय पाकर अच्छा हो जाता है, पर वचन का घाव सदा हरा बना रहता है।

१०—उस मनुष्य को देखो जिसने विद्या और बुद्धि प्राप्त कर ली है। जिसका मन शान्त और पूर्णत वश मे है, धार्मिकता तथा अन्य सब प्रकार की भलाई उसके घर उसका दर्शन करने के लिए आती है।

परिच्छेद १४

सदाचार

लोकमान्य होता मनुज, यदि आचार पवित्र ।
इससे रक्षित राखिए, प्राणाधिक चारित्र ॥१॥

प्रतिदिन देखो प्राज्ञजन, अपना ही चारित्र ।
कारण उस सम लोक में, अन्य नही दृढ़मित्र ॥२॥

सदाचार सूचित करे, नर का उत्तम वंश ।
बनता नर दुष्कर्म से, अधम-श्रेणि का अंश ॥३॥

भूले आगम प्राज्ञगण, फिर करते कण्ठस्थ ।
पर चूका आचार से, होता नहीं पदस्थ ॥४॥

डाहभरे नर को नही, सुख-समृद्धि का भोग ।
वैसे गौरव का नही, दुष्कर्मी को योग ॥५॥

नहीं डिगें कर्तव्य से, दृढ़प्रतिज्ञ वरवीर ।
कारण डिगने से मिले, दुःख-जलधि गम्भीर ॥६॥

सन्मार्गी को लोक में, मिलता है सम्मान ।
दुष्कर्मी के भाग्य में, हैं अकीर्ति अपमान ॥७॥

सदाचार के बीज से होता सुख का जन्म ।
कदाचार देता तथा, विपदाओं को जन्म ॥८॥

विनयविभूषित प्राज्ञजन, पुरुषोत्तम गुणशील ।
कभी न बोले भूलकर, बुरे वचन अश्लील ॥९॥

यद्यपि सीखें अन्य सब, पाकरके उपदेश ।
पर सुमार्ग चलना नही, सीखें मूर्खजनेश ॥१०॥

परिच्छेद १४

सदाचार

१ - जिस मनुष्य का आचरण पवित्र है सभी उसकी वन्दना करते है इसलिये सदाचार को प्राणो से भी बढकर समझना चाहिये।

२—अपने आचरण की पूरी देख रेख रक्खो, क्योंकि तुम जगत मे कही भी खोजो, सदाचार से बढकर पक्का मित्र कही न मिलेगा।

३—सदाचार सम्मानित परिवार को प्रगट करता है, परन्तु दुराचार कलङ्कित लोगो की श्रेणी मे जा बैठाता है।

४—धर्मशास्त्र भी यदि विस्मृत हो जायँ तो फिर याद कर लिये जा सकते है, परन्तु सदाचार से स्खलित हो गया तो सदा के लिए अपने स्थान से भ्रष्ट हो जाता है।

५—सुख-समृद्धि, ईर्ष्या करने वालो के लिए नही है, ठीक इसी तरह गौरव दुराचारियो के लिए नही है।

६— दृढ-प्रतिज्ञ सदाचार से कभी भ्रष्ट नही होते, क्योकि वे जानते हैं कि इस प्रकार भ्रष्ट होने से कितनी आपत्तियां आती है।

७—मनुष्यसमाज मे सदाचारी पुरुष का सम्मान होता है, लेकिन जो लोग सन्मार्ग से च्युत हो जाते है, अपकीर्ति और अपमान ही उनके भाग्य मे रह जाते है।

८—सदाचार सुख-सम्पत्ति का बीज बोता है, परन्तु दुष्ट-प्रवृत्ति असीम आपत्तियों की जननी है।

९—अवाच्य तथा अपशब्द, भूल कर भी सयमी पुरुष के मुख से नही निकलेगे।

१०—मूर्खों को जो चाहो तुम सिखा सकते हो किन्तु सन्मार्ग पर चलना वे कभी नही सीख सकते।

परिच्छेद १५

परस्त्री-त्याग

धर्म तथा धन से अहो, जिसको है अनुराग ।
करे नहीं वह भूलकर, पर-नारी से राग ॥१॥

पापबुद्धि से मूर्ख ही, तके पड़ौसी-द्वार ।
पतितों में वह अग्रणी, अधमों का सरदार ॥२॥

निर्भ्रम मित्रों के यहाँ, जो करते हैं घात ।
वे कामी बस मृत्यु के, मुख में ही साक्षात ॥३॥

कैसे वह नर श्रेष्ठ है, जो करता व्यभिचार ?
लज्जा जैसी वस्तु भी, तज देता जब जार ॥४॥

गले लगाता कामवश, बैठाकर निज अंक ।
सुलभ पड़ौसिन को, मनुज, लेता नाम कलंक ॥५॥

छुटकारा पाता नहीं, इन चारों से जार ।
घृणा पाप के साथ में, भ्रान्ति कलंक अपार ॥६॥

रूप तथा लावण्यमय, देख पड़ौसिन अंग ।
होता जिसे विराग है, वही गृही अव्यङ्ग[1] ॥७॥

धन्य पुरुष जो शील में, है पूरा श्रीमन्त ।
केवल धर्मी ही नहीं, भूतल में वह सन्त ॥८॥

पर-रमणी भेटे न जो, डाल गले भुजपाश ।
भूभर के वह पुण्य सब, भोगे नृप संकाश[2] ॥९॥

और पाप को त्याग तू, चाहे मत भी त्याग ।
जो चाहे सुश्रेय तू, त्याग पड़ौसिन राग ॥१०॥

---

१. पूर्ण निर्दोष। २. राजा के तुल्य।

परिच्छेद १५

परस्त्रीत्याग

१—जिन लोगों की दृष्टि धर्म तथा धन पर रहती है वे कभी चूक कर भी परस्त्री की कामना नही करते ।

२—जो लोग धर्म से गिर गये है उनमे उस पुरुष से बढ कर मूर्ख और कोई नही है जो कि पडौसी की ड्योढी पर खडा होता है ।

३—निस्सन्देह वे लोग काल के मुख मे हैं कि जो सन्देह न करने वाले मित्र के घर पर हमला करते है ।

४—मनुष्य चाहे कितना ही श्रेष्ठ क्यो न हो, पर उसकी श्रेष्ठता किस काम की जबकि वह व्यभिचारजन्य लज्जा का कुछ भी विचार न कर परस्त्री-गमन करता है ।

५—जो पुरुष अपने पडौसी की स्त्री को गले लगाता है इसलिए कि वह उसे सहज मे मिल जाती है, उसका नाम सदा के लिए कलङ्कित हुआ समझो ।

६—व्यभिचारी को इन चार बातो से कभी छुटकारा नही मिलता— घृणा, पाप, भ्रम और कलङ्क ।

७—सद्गृहस्थ वही है जिसका हृदय अपने पडौसी की स्त्री के सौन्दर्य तथा लावण्य से आकृष्ट नही होता ।

८—धन्य है उसके पुरुषत्व को जो पराई स्त्री पर दृष्टि भी नही डालता, वह केवल श्रेष्ठ और धर्मात्मा ही नही, सन्त है ।

९—पृथ्वी पर की सब उत्तम बातो का पात्र कौन है ? वही कि जो परायी स्त्री को बाहु-पाश मे नही लेता ।

१०—तुम कोई भी अपराध और दूसरा कैसा भी पाप क्यो न करो पर तुम्हारे पक्ष मे यही श्रेयस्कर है कि तुम पड़ौसी की स्त्री से सदा दूर रहो ।

परिच्छेद १६

क्षमा

खोदे उसको भी मही, देती आश्रयदान ।
बाधक को तुम भी सहो, बड़ा इसी में मान ॥१॥
कार्यविघातक को सदा, करो क्षमा का दान ।
भूल सको यदि हानि तो, बढ़ै और भी मान ॥२॥
विमुख बने आतिथ्य से, वह ही सच्चा रंक ।
सहे मूर्ख की मूर्खता, वह ही वीरमयंक[1] ॥३॥
गौरव का यदि चाहते, बनना तुम आधार ।
क्षमाशील बनकर करो, सबसे सद्व्यवहार ॥४॥
प्राज्ञों से अश्लाघ्य वह, जो करता प्रतिवैर ।
सोने सा बहुमूल्य वह, जो अरि में निर्वैर ॥५॥
बदले से तो एक दिन, होता मनको मोद ।
किन्तु क्षमा से नित्य हो, गौरव का आमोद[2] ॥६॥
मिलें बहुत सी हानियाँ, पर वैचित्र्य अथाह ।
मन में खेद न रञ्च भर, ना बदले की चाह ॥७॥
क्षति यद्यपि देता अधिक, मानी, मद से चूर ।
पर सद्वर्तन से उसे, करो विजित भरपूर ॥८॥
गृहत्यागी ऋषि वर्ग से, उनकी ज्योति अपार ।
सहते जो हैं शान्ति से, दुर्जन वाक्यप्रहार ॥९॥
तप करते जो भूख सह, वे ऋषि उच्च महान् ।
क्षमाशील के बाद ही, पर उनका सम्मान ॥१०॥

---

१. वीरो में चन्द्र । २ सुगन्ध ।

परिच्छेद १६

क्षमा

१—धरती उन लोगो को भी आश्रय देती है कि जो उसे खोदते है। इसी तरह तुम भी उन लोगो की बाते सहन करो जो तुम्हे सताते है, क्योंकि बडप्पन इसी मे है।

२—दूसरे लोग तुम्हे हानि पहुँचाएँ उसके लिये तुम उन्हे क्षमा कर दो, और यदि तुम उसे भुला सको तो यह और भी अच्छा है।

३—अतिथि-सत्कार से विमुख होना ही सबसे बडी दरिद्रता है और मूर्खों की असभ्यता को सह लेना ही सबसे बड़ी वीरता है।

४—यदि तुम सदा ही गौरवमय बनना चाहते हो तो सबके प्रति क्षमामय व्यवहार करो।

५—जो पीडा देने वालों को बदले मे पीडा देते है बुद्धिमान् लोग उनको मान नहीं देते, किन्तु जो अपने शत्रुओ को क्षमा कर देते है वे स्वर्ण के समान बहुमूल्य समझे जाते है।

६—बदला लेने का आनन्द तो एक ही दिन होता है, किन्तु क्षमा करने वाले का गौरव सदा स्थिर रहता है।

७—क्षति चाहे कितनी ही बडी क्यो न उठानी पडी हो परन्तु बडप्पन इसी मे है कि मनुष्य उसे मन मे न लावे और बदला लेने के विचार से दूर रहे।

८—घमड मे चूर होकर जिन्होंने तुम्हे हानि पहुँचाई है उन्हे अपने उच्च वर्ताव से जीत लो।

९—संसार-त्यागीपुरुषों से भी बढ कर सन्त वह है जो अपनी निन्दा करने वालों की कटु वाणी को सहन कर लेता है।

१०—उपवास करके तपश्चर्या करने वाले निस्सन्देह महान् है, पर उनका स्थान उन लोगों के पश्चात् ही है जो अपनी निन्दा करने वालो को क्षमा कर देते है।

परिच्छेद १७

ईर्ष्या-त्याग

मन से त्यागो तात तुम, ईर्ष्यापूर्ण विचार ।
कारण इसका त्याग ही, धर्म अंग शुभ सार ॥१॥
ईर्ष्यामुक्त स्वभाव सम, श्रेष्ठ नहीं वरदान ।
उस सम मंगल विश्व में, अन्य न होता भान ॥२॥
धर्म तथा धन की जिन्हें रहे न कुछ परवाह ।
देख पड़ौसी-वृद्धि को, करते वे ही डाह ॥३॥
ईर्ष्या से करते नहीं, परविघात मतिधाम ।
ईर्ष्याजन्य बिगाड़ का, जान कटुक परिणाम ॥४॥
ईर्ष्यायुत के नाश को, ईर्ष्या ही पर्याप्त ।
वैरी चाहे छोड़ दें, उससे क्षय ही प्राप्त ॥५॥
जिसे न भाता अन्य का, पर को देना दान ।
मांगेगी उस नीच की, अन्न-वस्त्र सन्तान ॥६॥
जिसने ईर्ष्या को दिया, अपना मन है सौंप ।
तज जाती श्री भी उसे, बड़ी बहिन को सौंप ॥७॥
डाइन निर्धनता बुरी, उसे बुलावे डाह ।
अधम नरक के द्वार भी, ले जावे यह आह ॥८॥
मूंजी तो वैभव भरा, दानी धन से म्लान ।
दोनों ही आश्चर्यमय, बुध को एक समान ॥९॥
ईर्ष्या से कोई कभी, फूला फला न तात ।
और न दानी अर्थ बिन, सहता दुःखाघात ॥१०॥

परिच्छेद १७

ईर्ष्यात्याग

१—ईर्ष्या के विचारों को अपने मन मे न आने दो, क्योंकि ईर्ष्या से रहित होना धर्माचरण का एक अङ्ग है।

२—सब प्रकार की ईर्ष्या से रहित स्वभाव के समान दूसरा और कोई बडा वरदान नही है।

३—जो मनुष्य धन या धर्म की परवाह नहीं करता, वही अपने पड़ौसी की समृद्धि पर डाह करता है।

४—समझदार ोग ईर्ष्याबुद्धि से दूसरो को हानि नही पहुँचाते, क्योकि उससे जो खोटा परिणाम होता है, उसे वे जानते है।

५—ईर्ष्यालु के लिए ईर्षा ही पूरी बला है, क्योंकि उसके वैरी उसे चाहे क्षमा भी कर दे तो भी वह उसका सर्वनाश ही करेगी।

६—जो मनुष्य दूसरों को देते हुए नही देख सकता, उसका कुटुम्ब रोटी और कपडो तक के लिए मारा मारा फिरेगा और नष्ट हो जायगा।

७—लक्ष्मी ईष्या करने वाले के पास नही रह सकती, वह उसकी अपनी बडी बहिन दरिद्रता की देखरेख मे छोडकर चली जायगी।

८—दुष्टा ईर्ष्या दरिद्रता दानवी को बुलाती है और मनुष्य को नरक के द्वार तक ले जाती है।

९—ईर्ष्या करने वालों की समृद्धि और उदारचित्त पुरुषो की कङ्गाली ये दोनों ही एक समान आश्चर्यजनक है।

१ —न तो ईर्ष्या से कभी कोई फूला फला और न उदारहृदय कभी वैभव से हीन ही रहा।

परिच्छेद १८

निर्लोभिता

परधन लेने के लिए, जिसका मन ललचाय ।
नीतिविमुख वह क्रूरतम, क्षीण-वंश हो जाय ॥१॥
जिसे घृणा है पाप से, वह नर करे न लोभ ।
लगे न वह दुष्कर्म में, बढ़े न जिससे क्षोभ ॥२॥
परसुखचिन्तक श्रेष्ठजन, त्यागें सदा अकार्य ।
क्षुद्र-सुखों के लोभ में, बनते नहीं अनार्य ॥३॥
जिसके वश में इन्द्रियाँ, तथा उदार विचार ।
ईप्सित भी परवस्तु लूँ, उसके ये न विचार ॥४॥
ऐसी बुद्धि न काम की, लालच जिसे फँसाय ।
तथा समझ वह निन्द्य जो, दुष्कृति अर्थ सजाय ॥५॥
उत्तम पथ के जो पथिक, यश के रागी साथ ।
मिटते वे भी लोभवश, रच कुचक्र निज हाथ ॥६॥
तृष्णासंचित द्रव्य का, भोगकाल विकराल ।
त्यागो इसकी कामना, जिससे रहो निहाल ॥७॥
न्यून न हो मेरी कभी, लक्ष्मी ऐसी चाह ।
करते हो तो छीन धन, लो न पड़ौसी आह ॥८॥
विदितनीति परधनविमुख, जो बुध, तो सस्नेह ।
ढूंढ़त ढूंढ़त आप श्री, पहुँचे उसके गेह ॥९॥
दूरदृष्टि से हीन का, तृष्णा से संहार ।
निर्लोभी की श्रेष्ठता, जीते सब संसार ॥१०॥

निर्लोभिता

१—जो पुरुष सन्मार्ग छोड कर दूसरे की सम्पत्ति लेना चाहता है उसकी दुष्टता बढती जायगी और उसका परिवार क्षीण हो जायगा।

२—जो पुरुष बुराई से विमुख रहते है वे लोभ नही करते और न दुष्कर्मों की ओर ही प्रवृत्त होते है।

३—जो मनुष्य अन्य लोगो को सुखी देखना चाहते है, वे छोटे मोटे सुखों का लोभ नही करते और न अनीति का ही काम करते है।

४—जिन्होंने अपनी पॉचो इन्द्रियो को वश मे कर लिया है और जिनकी दृष्टि विशाल है, वे यह कह कर दूसरे की वस्तुओ की कामना नही करते, ओो हो हमे इनकी अपेक्षा है।

५—वह बुद्धिमान् और समझदार मन किस काम का जो लालच मे फॅस जाता है और अविचार के कामो के लिए उतारू होता है।

६—वे लोग भी जो सुयश के भूखे है और सन्मार्ग पर चलते हैं, नष्ट हो जायेगे, यदि धन के फेर मे पडकर कोई कुचक्र रचेगे।

७—लालच द्वारा एकत्रित किये हुए धन की कामना मत करो,क्योंकि भोगने के समय उसका फल तीखा होगा।

८—यदि तुम चाहते हो कि हमारी सम्पत्ति कम न हो तो तुम अपने पडोसी के धन-वैभव को ग्रसने की कामना मत करो।

९—जो बुद्धिमान् मनुष्य न्याय की बात को समझता है और दूसरो की वस्तुओं को लेना नही चाहता, लक्ष्मी उसकी श्रेष्ठता को जानती है और उसे ढूॅढती हुई उसके घर जाती है।

१०—दूरदर्शिताहीन लालच नाश का कारण होता है, पर जो, यह कहता है कि मुझे किसी वस्तु की आकाक्षा ही नही, उस तृष्णाविजयी की 'महत्ता' सर्वविजयी होती है।

परिच्छेद १९

चुगली से घृणा

'खाता यह चुगली नहीं', पर की ऐसी बात ।
सुनकर खल भी फूलता, जिसे न नीति सुहात ॥१॥

परहित तज, पर का अहित, करना निन्दित काम ।
मधुमुख पर उससे बुरा पीछे निन्दाधाम ॥२॥

मृषा, अधम जीवन बुरा, उससे मरना श्रेष्ठ ।
कारण ऐसी मृत्यु से, बिगड़ें कार्य न श्रेष्ठ ॥३॥

मुख पर ही गाली तुम्हें, दी हो बिना विचार ।
तो भी उसकी पीठ पर, बनो न निन्दाकार ॥४॥

मुख से कितनी ही भली, यद्यपि बोले बात ।
पर जिह्वा से चुगल का, नीचहृदय खुल जात ॥५॥

निन्दाकारी अन्य के, होगे तो स्वयमेव ।
खोज खोज चिल्लायँगे, वे भी तेरे ऐंव ॥६॥

मैत्रीरस–अनभिज्ञ जो, उक्तिमाधुरीहीन ।
वह ही बोकर फूट को, करता तेरह–तीन ॥७॥

खुल कर करते मित्र की, जो अकीर्ति का गान ।
वे कब छोड़ें शत्रु का, अपयश का व्याख्यान ॥८॥

धैर्य सहित उर में सहे, निन्दक पादप्रहार ।
धर्म ओर फिर फिर तके, भू, उतारवे भार ॥९॥

अन्य मनुज के दोष सम, जो देखे निज दोष ।
उस समान कोई नहीं, भू-भर में निर्दोष ॥१०॥

परिच्छेद १९

चुगली से घृणा

१—जो मनुष्य सदा अन्याय करता है और न्याय का कभी नाम भी नहीं लेता, उसको भी प्रसन्नता होती है, जब कोई कहता है— देखो, यह आदमी किसी की चुगली नही खाता।

२—सत्कर्म से विमुख हो जाना और कुकर्म करना निस्सन्देह बुरा है, पर मुख पर हँस कर बोलना और पीठ पीछे निन्दा करना उससे भी बुरा है।

३—झूठ और चुगली के द्वारा जीवन व्यतीत करने से तो तत्काल ही मर जाना अच्छा है, क्योंकि इस प्रकार मर जाने से शुभकर्म का फल मिलेगा।

४—पीठ पीछे किसी की निन्दा न करो, चाहे उसने तुम्हारे मुख पर ही तुम्हे गाली दी हो।

५—मुख से चाहे कोई कितनी ही धर्म कर्म की बाते करे पर उसकी चुगलखोर जिह्वा उसके हृदय की नीचता को प्रगट कर ही देती है।

६—यदि तुम दूसरे की चुगली करोगे तो वह तुम्हारे दोषों को खोज कर उनमे से बुरे से बुरे दोषो को प्रगट कर देगा।

७—जो मधुर बचन बोलना और मित्रता करना नही जानते वे चुगली करके फूट का बीज बोते है और मित्रो को एक दूसरे से जुदा कर देते है।

८—जो लोग अपने मित्रो के दोषो को स्पष्ट रूप से सबके सामने कहते हैं, वे अपने वैरियों के दोषों को भला कैसे छोड़ेगे ?

९—पृथ्वी अपनी छाती पर निन्दा करने वाले के पदाघात को धैर्य के साथ किस प्रकार सहन करती है ! क्या चुगलखोर के भार से अपना पिण्ड छुडाने के लिए ही धर्म की ओर बार बार ताकती है ?

१०—यदि मनुष्य अपने दोषो की विवेचना उसी प्रकार करे जिस प्रकार कि वह अपने वैरियों के दोषो की करता है, तो क्या उसे कभी कोई दोष स्पर्श कर सकेगा ?

परिच्छेद २०

व्यर्थ-भाषण

अर्थशून्य जिसके वचन, सुन उपजे उद्वेग ।
उस नर के सम्पर्क से, बचते सभी सवेग ॥१॥

मित्रों को भी क्लेश दे, उमसे अधिक निकृष्ट ।
गोष्ठी में जो व्यर्थ का, भाषण देता धृष्ट ॥२॥

दम्भभरा निस्सार जो, भाषण दे निश्शंक ।
घोषित करे अयोग्यता, मानो प्रज्ञारंक ॥३॥

कर प्रलाप बुधवृन्द में, लाभ न कुछ भी हाथ ।
जो भी अच्छा अंश है, खोता वह भी साथ ॥४॥

बकवादी यदि योग्य हो, तो भी दिखे अयोग्य ।
गौरव से वह रिक्त हो, मान न पाता योग्य ॥५॥

रुचि जिसकी बकवाद में मानव उसे न मान ।
आवश्यक ही कार्य ले, कचरा सम धीमान ॥६॥

उचित जचे तो बोल ले, चाहे कर्कश बात ।
वृथालाप से तो वही, दिखती उत्तम तात ॥७॥

तत्त्वज्ञान विचार में, जिनका मन संलग्न ।
वे ऋषिवर होते नहीं, क्षणभर विकथा-मग्न ॥८॥

जिनकी दृष्टि विशाल वे, प्राज्ञोत्तम गुणधाम ।
कभी न करते भूलकर, बकवादी के काम ॥९॥

भाषण के जो योग्य हो, वह ही बोलो बात ।
और न उसके योग्य जो, तज दीजे वह भ्रात ॥१०॥

परिच्छेद २०

व्यर्थ-भाषण

१—निरर्थक शब्दो से जो अपने श्रोताओ मे उद्वेग लाता है वह सब के तिरस्कार का पात्र है।

२—अपने मित्रों को दुख देने की अपेक्षा भी अनेक लोगों के आगे व्यर्थ की बकवाद करना बहुत बुरा है।

३—जो निरर्थक शब्दो का आडम्बर फैलाता है वह अपनी अयोग्यता को ऊँचे स्वर से घोषित करता है।

४—सभा मे जो व्यर्थ की बकवाद करता है, उस मनुष्य को देखो, उसे और कुछ तो लाभ होने का नही, पर जो कुछ उसके पास अच्छी बाते होगी वे भी छोडकर चली जावेगी।

५—यदि व्यर्थ की बकवाद अच्छे लोग भी करने लगे तो वे भी अपने मान और आदर को खो बैठेगे।

६—जिसे निरर्थक बातों के करने की अभिरुचि है उसे मनुष्य ही न मानना चाहिए, कदाचित् उससे भी कोई काम आ पड़े तो समझदार आदमी उससे कचरे के समान ही काम ले ले।

७—यदि समझदार को योग्य मालूम पडे तो मुख से कठोर शब्द कहले, क्योंकि यह निरर्थक भाषण से कही अच्छा है।

८—जिनके विचार बडे बडे प्रश्नों को हल करने मे लगे रहते हैं ऐसे लोग विकथा के शब्द अपने मुख से निकालते ही नहीं।

९—जिनकी दृष्टि विस्तृत है वे भूल कर भी निरर्थक शब्दों का उच्चारण नही करते।

१०—मुख से निकालने योग्य शब्दों का ही तू उच्चारण कर, परन्तु निरर्थक अर्थात् निष्फल शब्द मुख से मत निकाल।

परिच्छेद २१

पापकर्मों से भय

जिस अनीतिमय रीत को, पाप कहें जनवृन्द ।
सज्जन उससे दूर ही, रहें निडर खलवृन्द ॥१॥

'बढ़ै पाप से पाप ही' यह उक्ति ध्रुवसत्य ।
पाप बड़ा है आग से, भीत रहो बुध नित्य ॥२॥

कहते ऐसा प्राज्ञगण, बुद्धि उसी के पास ।
वैरी की भी हानि को, जिसका चित्त उदास ॥३॥

मत सोचो तुम भूलकर, पर का नाश कदैव ।
कारण उसके नाश को, सोचे न्याय सदैव ॥४॥

'निर्धन हूँ' ऐसा समझ, करो न कोई पाप ।
कारण बढ़ती और भी, निर्धनता अघशाप ॥५॥

विपदाओं के दुःख से, यदि चाहो निज त्राण ।
हानि अन्य की छोड़कर, करो स्वपर कल्याण ॥६॥

अन्य तरह के शत्रु से, बच सकता नर आप ।
नाश बिना पर जीव का, पिण्ड न छोड़े पाप ॥७॥

पाप फिरें पीछे लगे, छाया जैसे साथ ।
सर्वनाश के अन्त में, करते जीव अनाथ ॥८॥

जिसको प्यारी आत्मा, करे नहीं वह पाप ।
जिसे न प्यारी आत्मा, वह ही करता पाप ॥९॥

रक्षित वह है सर्वथा, विपदा उसकी अस्त ।
पापहेतु छोड़े नहीं, जो नर मार्ग प्रशस्त ॥१०॥

परिच्छेद २१

पापकर्मों से भय

१—दुष्ट लोग उस मूर्खता से नही डरते जिसे पाप कहते है, परन्तु भद्रजन उससे सदा दूर भागते है।

२—पाप से पाप उत्पन्न होता है, इसलिए आग से भी बढ कर उससे डरना चाहिए।

३—कहते है कि सबसे बडी बुद्धिमानी यही है कि शत्रु को भी हानि पहुँचाने से परहेज किया जाय।

४—भूल से भी दूसरे के सर्वनाश का विचार न करो, क्योकि न्याय उसके विनाश की युक्ति सोचता है जो दूसरे के साथ बुराई करना चाहता है।

५—"मै गरीब हूँ" ऐसा कहकर किसी को पापकर्म मे लिप्त न होना चाहिए, क्योकि ऐसा करने से वह और भी नीची दशा को पहुँच जायगा।

६—जो मनुष्य आपत्तियो द्वारा विषाद म पडना नही चाहता, उसे दूसरो का अपकार करने से बचना चाहिए।

७—दूसरे प्रकार के सब शत्रुओ से बचने का उपाय हो सकता है, पर पापकर्मों का कभी विनाश नही होता, वे पापी का पीछा करके उसको नष्ट किये बिना नही छोडते।

८—जिस प्रकार छाया मनुष्य को कभी नही छोडती, बल्कि जहाँ जहा वह जाता है उसके पीछे पीछे लगी रहती है, बस ठीक इसी प्रकार पापकर्म पापी का पीछा करते है और अन्त मे उसका सर्वनाश कर डालते है।

९—यदि किसी को अपनी आत्मा से प्रेम है तो उसे पाप की ओर किंचित् भी न झुकना चाहिए।

१ —उसे आपत्तियो से सदा सुरक्षित समझो जो अनुचित कर्म करने के लिए सन्मार्ग को नही छोड़ता।

परिच्छेद २२

परोपकार

बदले की आशा बिना, सन्त करें उपकार ।
बादल का बदला भला, क्या देता ससार ॥१॥

बहुयत्नों से आर्य जो, करते अर्जित अर्थ ।
वह सब होता अन्त में, परहित के ही अर्थ ॥२॥

हार्दिकता से पूर्ण जो, होता है उपकार ।
भू में या फिर स्वर्ग में, उस सम वस्तु न सार ॥३॥

योग्यायोग्य विचार ही, नर का जीवित रूप ।
होता है विपरीत पर, मृतकों सा विद्रूप ॥४॥

पूर्ण लबालब जो भरा, ग्राम-सरोवर पास ।
उस सम शोभा भव्य की, जिसमें प्रेमनिवास ॥५॥

ग्रामवृक्ष के फूल-फल, भोगें जैसे लोग ।
उन्नत-मन के द्रव्य का, वैसा ही उपभोग ॥६॥

उस तरु के ही तुल्य है, उत्तम नर की द्रव्य ।
औषधि जिसके अंग हैं, सदा हरा वह भव्य ॥७॥

दुःखस्थिति में भी सुधी, रखता योग्य विचार ।
पर, वत्सल तजता नहीं, करना पर-उपकार ॥८॥

उपकारी निजको तभी, माने धन से हीन ।
याचक जब ही लौटते, होकर आशाहीन ॥९॥

होवे यद्यपि नाश ही, पर उत्तम उपकार ।
बिककर बन परतंत्र तू, फिर भी कर उपकार ॥१०॥

परिच्छेद २२

परोपकार

१—महान् पुरुष जो उपकार करते है उसका बदला नही चाहते। भला ससार जल बरसाने वाले बादलो का बदला किस भॉति चुका सकता है ?

२—योग्य पुरुष अपने हाथो से परिश्रम करके जो धन जमा करते है, वह सब जीवमात्र के उपकार के लिए ही होता है।

३—हार्दिक उपकार से बढकर न तो कोई चीज इस भूतल मे मिल सकती है और न स्वर्ग मे।

४—जिसे उचित अनुचित का विचार है, वही वास्तव मे जीवित है और जिसे योग्य अयोग्य का ज्ञान नहीं हुआ उसकी गणना मृतको मे की जायगी।

५—लबालब भरे हुए गॉव के तालाब को देखो, जो मनुष्य सृष्टि से प्रेम करता है उसकी सम्पत्ति उसी तालाब के समान है।

६—सहृदय व्यक्ति का वैभव गाव के बीचो बीच उगे हुए और फलों से लदे हुए वृक्ष के समान है।

७—परोपकारी के हाथ का धन उस वृक्ष के समान है जो औषधियो का सामान देता है और सदा हरा बना रहता है।

८—देखो, जिन लोगो को उचित और योग्य बातों का ज्ञान है, वे बुरे दिन आने पर भी दूसरों का उपकार करने से नहीं चूकते।

९—परोकारी पुरुष उसी समय अपने को गरीब समझता है जबकि वह सहायता मागने वालों की इच्छा पूर्ण करने मे असमर्थ होता है।

१०—यदि परोपकार करने के फलस्वरूप सर्वनाश उपस्थित हो, तो दासत्व मे फॅसने के लिए आत्म-विक्रय करके भी उसको सम्पादन करना उचित है।

परिच्छेद २३

दान

दीनजनों को प्रेम से, देना ही है दान ।
अन्य तरह का दान तो, है उधार ही दान ॥१॥
स्वर्ग मिले यदि दान में, लेना दान न धर्म ।
स्वर्गद्वार भी बन्द हो, फिर भी देना धर्म ॥२॥
दानी सब ही हैं भले, पर है वही कुलीन ।
जो देने के पूर्व ही, रहे निषेधविहीन ॥३॥
होता दानी को नहीं, तब तक मन में मोद ।
जब तक वह देखे नहीं, याचकमुख पर मोद ॥४॥
विजयों में बस आत्मजय, सबसे अधिक महान ।
क्षुधाशमन तो अन्य का, उससे भी जयवान ॥५॥
आर्तक्षुधा के नाशहित, यही नियम अव्यर्थ ।
धनिकवर्ग करता रहे, घर में संचित अर्थ ॥६॥
जो करता है बाँटकर, भोजन का उपयोग ।
कभी न व्यापे भूख का, उसे भयंकर रोग ॥७॥
कृपण द्रव्य को जोड़कर, करे नाश का योग ।
चाखा उसने ही नहीं, मधुरदात का भोग ॥८॥
भिक्षाभोजन से बुरा, वह है अधिक जघन्य ।
एकाकी जिस अन्न को, खाता कृपण अधन्य ॥९॥
सबसे अप्रिय वस्तु है, तीन लोक में मृत्यु ।
दानशक्ति यदि हो नहीं, तब रुचती यह मृत्यु ॥१०॥

परिच्छेद २३

दान

१—गरीबो को देना ही दान है, और सब तरह का देना उधार देने के समान है।

२—दान लेना बुरा है चाहे उससे स्वर्ग ही क्यो न मिलता हो और दान देने वाले के लिए चाहे स्वर्ग का द्वार ही क्यों न बन्द हो जाये, फिर भी दान देना धर्म है।

३—"हमारे पास नही है" ऐसा कहे बिना दान देने वाला पुरुष ही केवल कुलीन होता है।

४—याचक के ओठों पर सन्तोष-जनित हँसी की रेखा देखे बिना दानी का मन प्रसन्न नही होता।

५—आत्म-जयी की विजयो मे श्रेष्ठ जय है भूख को जीतना, पर उसकी विजय से भी बढ कर उस मनुष्य की विजय है जो दूसरे की क्षुधा को शान्त करता है।

६—गरीबों के पेट की ज्वाला को शान्त करने का यही एक मार्ग है कि जिससे श्रीमानों को अपने पास विशेष करके धनसग्रह कर रखना चाहिए।

७—जो मनुष्य अपनी रोटी दूसरों के साथ बाँट कर खाता है उसको भूख की भयानक बीमारी कभी स्पर्श नही करती।

८—वे निष्ठुर कृपण लोग जो धनसग्रह कर कर के उसको निकम्मा करते है, क्या उन्होने कभी दूसरो को दान देने का आनन्द ही नही लिया ?

९—भिक्षान्न से भी बढ़ कर अप्रिय उस कजूस का भोजन है जो अकेला बैठ कर खाता है।

१०—मृत्यु से बढ़ कर और कोई कडवी बात नही, परन्तु मृत्यु भी उस समय मीठी लगती है जब किसी मे दान की सामर्थ्य नही रहती।

परिच्छेद २४

कीर्ति

दीनजनों को दान दे, करो कीर्तिविस्तार ।
कारण उज्ज्वलकीर्ति सम, अन्य न कुछ भी सार ॥१॥
जो दयालु करते सदा, दीनजनों को दान ।
सदा प्रशंसक-कण्ठ में, उनका नाम महान ॥२॥
जो पदार्थ इस विश्व में, निश्चित उनका नाश ।
अतुलकीर्ति ही एक है, जिसका नहीं विनाश ॥३॥
स्थायी यश जिसका अहो, छाया सर्वदिगन्त ।
माने उसको देव भी, ऋषि से अधिक महन्त ॥४॥
जिनसे बढ़ती कीर्ति है, ऐसे मृत्यु-विनाश ।
वीरों के ही मार्ग में, आते दोनों खाश ॥५॥
जो लेते नरजन्म तो, करो यशस्वी कर्म ।
यदि ऐमा करते नहीं, मत धारो नर-चर्म ॥६॥
निन्दकजन पर अज्ञ यह, करता है बहुरोष ।
पर निजपर करता नही, रखकर भी बहुदोष ॥७॥
उन सबकी इस लोक में, नही प्रतिष्ठा तात ।
जिनकी स्मृति कुछ भी नहीं, कीर्तिमयी विख्यात ॥८॥
भ्रष्टकीर्तिनर-भार से, जब जब दबता देश ।
पूर्वऋद्धि के साथ में, तब तब उजड़े देश ॥९॥
वह ही जीवित लोक में, जिसको नहीं कलंक ।
मृतकों में नर है वही, यश जिसका सकलंक ॥१०॥

परिच्छेद २४

कीर्ति

१—गरीबो को दान दो और कीर्ति कमाओ, मनुष्य के लिए इससे बढ़कर लाभ और किसी मे नही है।

२—प्रशंसा करने वालो के मुख पर सदा उन लोगों का नाम रहता है कि जो गरीबो को दान देते हैं।

३—जगत् मे और सब वस्तुएँ नश्वर है, परन्तु एक अतुलकीर्ति ही मनुष्य की नश्वर नही है।

४—देखो, जिस मनुष्य ने दिगन्तव्यापी स्थायी कीर्ति पायी है, स्वर्ग मे देवता लोग उसे साधु-सन्तो से भी बढकर मानते है।

५—वह विनाश जिससे कीर्ति मे वृद्धि हो और वह मृत्यु जिससे लोकोत्तर यश की प्राप्ति हो, ये दोनो बाते महान् आत्म-बलशाली पुरुषों के मार्ग मे ही आती है।

६—यदि मनुष्य को जगत् मे पैदा ही होना है तो उसको चाहिए कि वह सुयश उपार्जन करे। जो ऐसा नहीं करता उसके लिए तो यही अच्छा था कि वह जन्म ही न लेता।

७—जो लोग दोषो से सर्वथा रहित नही है वे स्वय निज पर तो नही बिगड़ते, फिर वे अपनी निन्दा करने वालों पर क्यों क्रुद्ध होते है ?

८—निस्सन्देह यह मनुष्यों के लिए बडी ही लज्जा की बात है कि वे उस चिरस्मृति का सम्पादन नही करते जिसे लोग कीर्ति कहते है।

९—बदनाम लोगो के बोझ से दबे हुए देश को देखो, उसकी समृद्धि भूतकाल मे चाहे कितनी ही बढी चढी क्यों न रही हो, धीरे धीरे नष्ट हो जायगी।

१०—वही लोग जीते है जो निष्कलङ्क जीवन व्यतीत करते है और जिन का जीवन कीर्तिविहीन है, वास्तव मे वे ही मुर्दे हैं।

परिच्छेद २५

दया

बड़े पुरुष करुणामयी, मन से ही श्रीमान ।
लौकिक धन से क्षुद्र भी, होते हैं धनवान ॥१॥

सोच समझ क्रमवार ही, करो दया के कर्म ।
मुक्तिमार्ग उसको सभी, कहें जगत के धर्म ॥२॥

सूर्य विना जिस लोक में, छाया तम ही प्राज्य ।
वहाँ न लेते जन्म वे, जिनमें करुणाराज्य ॥३॥

जिन पापों के नाम से, काँप उठे यह जीव ।
वह उनको भोगे नहीं, जिसमें दया अतीव ॥४॥

दयाधनी पाता नहीं, क्लेशभरा सन्ताप ।
साक्षी इसमें है मही, मारुतवेष्टित आप ॥५॥

दयाधर्म जिसने तजा, होता उस पर शोक ।
चख कर भी फल पाप के, भूल गया अघशोक ॥६॥

जैसे वैभवहीन को, नहीं सुखद यह लोक ।
दयाशून्य नर को नहीं, वैसे ही परलोक ॥७॥

ऐहिक धन से क्षीण फिर, हो सकता धनवान ।
शुभ-दिन पर उसको नहीं, जिसमें करुणा म्लान ॥८॥

सत्य सुलभ उसको नहीं, जिसमें मोहविकार ।
सहज न वैसे क्रूर को, करुणा का अधिकार ॥९॥

दुर्बल की जैसी दशा, करता है तू क्रूर !
वैसी हो तेरी दशा, तब कैसा हो शूर ॥१०॥

परिच्छेद २५

दया

१—दया से लबालब भरा हुआ हृदय ही ससार मे सबसे बडी सम्पत्ति है क्योकि भौतिक विभूति तो नीच मनुष्यो के पास भी देखी जाती है।

२—ठीक पद्धति से सोच विचार कर हृदय मे दया धारण करो और यदि तुम सब धर्मों से इस बारे मे पूछकर देखोगे तो तुम्हे मालूम होगा कि दया ही एकमात्र मुक्ति का साधन है।

३ - जिन लोगों का हृदय दया से ओत प्रोत है वे अधकारपूर्ण नरक में प्रवेश न करेगे।

४—जो मनुष्य सब जीवों पर कृपा तथा दया दिखलाता है उसे उन पापपरिणामों को नही भोगना पडता जिन्हे देखकर ही आत्मा काप उठती है।

५—क्लेश दयालु पुरुषो के लिए नही है, वातवलय-वेष्टित पृथ्वी इस बात की साक्षी है।

६—खेद है उस आदमी पर जिसने दयाधर्म को त्याग दिया है और पाप के फल को भोगकर भी उसे भूल गया है।

७—जिस प्रकार यह लोक धनहीन के लिए नही, उसी प्रकार परलोक निर्दयी मनुष्य के लिए नही है।

८—ऐहिक वैभव से शून्य, गरीब लोग तो किसी दिन समृद्धिशाली हो सकते है, परन्तु जो लोग दया और ममता से रहित है सचमुच ही वे कङ्गाल है और उनके सुदिन कभी नही फिरते।

९—विकार ग्रस्त मनुष्य के लिए सत्य को पा लेना जितना सहज है, कठोर हृदय वाले पुरुष के लिए नीति के काम करना भी उतना ही आसान है।

१०—जब तुम किसी दुर्बल को सताने के लिए उद्यत हो तो सोचो कि अपने से बलवान मनुष्य के आगे भय से जब तुम कांपोगे तब तुम्हे कैसा लगेगा ?

परिच्छेद २६

निरामिष-जीवन

मांसवृद्धि के हेतु जो, मांस चखे रख चाव ।
उस नर में संभव नहीं, करुणा का सद्भाव ॥१॥

द्रव्य नहीं जैसे मिले, व्यर्थव्ययी के पास ।
आमिषभोजी में नहीं, वैसे दयाविकास ॥२॥

जो चखता है मांस को, उसका हृदय कठोर ।
डाकू जैसा शस्त्रयुत, झुके न शुभ की ओर ॥३॥

निस्संशय है क्रूरता, करना जीव-विघात ।
पर चखना तो मांस का, घोर पाप की बात ॥४॥

मांसत्याग से ही रहे, जीवन पूर्ण ललाम ।
यदि इससे विपरीत तो, बन्द नरक ही धाम ॥५॥

खाने की ही कामना, करें नहीं यदि लोग ।
आमिष-विक्रय का नहीं, आवे तो कुछ योग ॥६॥

एक बार ही जान ले, निज-सम ही परकष्ट ।
तो इच्छा कर मांस की, करे न जीवन भ्रष्ट ॥७॥

जो नर मिथ्याबुद्धि को, छोड़ बना सज्ञान ।
लाश नहीं वह खायगा, तन में रहते प्राण ॥८॥

मांस तथा परघात से, जिसको घृणा महान ।
कोटि यज्ञ का फल उसे, कहते हैं विद्वान ॥९॥

आमिष-हिंसा से घृणा, जो रखता मतिमान ।
हाथ जोड़ उसका सभी, करते हैं सम्मान ॥१०॥

परिच्छेद २६

निरामिष जीवन

१—भला उसके मन मे दया कैसे आयेगी जो अपना मास बढाने के लिए दूसरो का मांस खाता है ?

२—व्यर्थव्ययी के पास जैसे सम्पत्ति नहीं ठहरती, ठीक वैसे ही मास खाने वाले के हृदय मे दया नही रहती ।

३—जो मनुष्य मास चखता है उसका हृदय शस्त्रधारी मनुष्य के हृदय के समान शुभकर्म की ओर नही झुकता ।

४—जीवो की हत्या करना निस्सन्देह क्रूरता है, पर उनका मास खाना तो सर्वथा पाप है।

५—मांस न खाने मे ही जीवन है। यदि तुम खाओगे तो नरक का द्वार तुम्हे बाहर निकल जाने देने के लिए कभी नही खुलेगा ।

६—यदि लोग मास खाने की इच्छा ही न करे तो जगत मे उसे बेचने वाला कोई आदमी ही न रहेगा ।

७—यदि मनुष्य दूसरे प्राणियो की पीडा और यन्त्रणा को एकबार समझ सके, तो फिर वह कभी मासभक्षण की इच्छा ही न करेगा ।

८—जो लोग माया और मूढता के फन्दे से निकल गये है वे लाश को नही खाते ।

९—प्राणियो की हिसा व मासभक्षण से विरक्त होना सैकडों यज्ञों मे बलि व आहुति देने से बढ कर है ।

१०—देखो, जो पुरुष हिसा नही करता और मास न खाने का व्रती है, सारा ससार हाथ जोडकर उसका सम्मान करता है ।

परिच्छेद २७

तप

सप्तविध हिंसा-त्याग कर, बनना करुणाधार ।
सब दुःखों को शान्ति से, सहना तप का सार ॥१॥

तेजस्वी में शोभता, तप का तेज महान ।
ओजहीन नर में वही, निष्फलता से म्लान ॥२॥

ऋषियों की सेवार्थ भी, आवश्यक हैं लोग ।
ऐसा ही क्या सोचकर, करें न तप कुछ लोग ॥३॥

मित्र-अनुग्रह रिपुदमन, यदि चाहो तो आर्य ।
दृढ़प्रतिज्ञ वरवीर बन, करो तपस्या-कार्य ॥४॥

सर्वकामनासिद्धि में, रहता तप का योग ।
इसीलिए तप को सदा, करते सब उद्योग ॥५॥

तप करते जो भक्ति से, वे करते निज श्रेय ।
माया के फँस जाल में, अन्य करें अश्रेय ॥६॥

तप में जैसा कष्ट हो, वैसी मन की शुद्धि ।
जैसे जैसी आग हो, वैसी काञ्चनशुद्धि ॥७॥

आत्मविजय जिसने किया, इच्छाओं को रोक ।
उस पुरुषोत्तम वीर को, पूजे सारा लोक ॥८॥

तपबल से जिसको मिले, शक्ति तथा वर-सिद्धि ।
मृत्युविजय उसको सहज, ऐसी तप की ऋद्धि ॥९॥

दीनों की संख्या अधिक, इसमें कारण एक ।
तपधारी तो अल्प हैं, तप से हीन अनेक ॥१०॥

परिच्छेद २७

तप

१—शान्तिपूर्वक दु ग्व सहन करना और जीवहिंमा न करना, बस इन्ही मे तपस्या का समस्त सार है।

२—तपस्या तेजस्वी लोगों के लिए ही है दूसरे लोगो का तप करना निरर्थक है।

३—तपस्वियों को आहारदान तथा उनकी सेवा शुश्रूषा के लिए भी कुछ लोग आवश्यक है क्या इसी विचार से इतर लोगों ने तप करना स्थगित कर रखा है।

४—यदि तुम अपने शत्रुओ का नाश करना और उन लोगो को उन्नत बनाना चाहते हो जो तुम्हे प्रेम करते है, तो जान रक्खो कि यह शक्ति तप मे है।

५—तप समस्त कामनाओ को यथेष्ट रूप से पूर्ण कर देता है, इसीलिए लोग जगत में तपस्या के लिए उद्योग करते है।

६—जो लोग तपस्या करते है वे ही वास्तव मे अपना भला करते हैं और सब तो लालसा के जाल मे फँसे हुए है जो कि अपने को केवल हानि ही पहुँचाते है।

७—सोने को जिस आग मे पिघलाते है वह जितनी ही अधिक तेज होती है सोने का रँग उतना ही अधिक उज्ज्वल निकलता है। ठीक इसी तरह तपस्वी जितने ही बडे कष्टो को सहता है उसके उतने ही अधिक आत्मिक भाव निर्मल होते है।

८—देखो, जिसने अपने पर प्रभुत्व प्राप्त कर लिया है उस पुरुषोत्तम को सभी लोग पूजते हैं।

९—देखो, जिन लोगो ने तप करके शक्ति और सिद्धि प्राप्त कर ली है, वे मृत्यु को जीतने मे भी सफल हो सकते है।

१०—यदि जगत् मे दीनों की सख्या अधिक है तो इसका कारण यही है कि वे लोग जो तप करते है थोड़े हैं और जो तप नहीं करते हैं उनकी संख्या अधिक है।

परिच्छेद २८

धूर्तता

वञ्चक के व्यवहार से, उसके भौतिक अंग ।
मन ही मन हँसते उसे, देख छली का ढंग ॥१॥

दिव्यदेह किस काम की, नर की भरी प्रभाव ।
जानमान जिसके हृदय, कपट-भरे यदि भाव ॥२॥

ऋषियों का जो वेश धर बनता कातर दास ।
सिंह खाल को ओढ़ खर, चरता वह है घास ॥३॥

धर्मात्मा का रूप रख, जो नर करता पाप ।
झाड़ी भीतर व्याध सा, बैठा वह ले चाप ॥४॥

बाह्य प्रदर्शन के लिये, दम्भी के सब काम ।
रोता पर वह अन्त में, सोच बुरे निज काम ॥५॥

धूर्त नहीं है त्यागता, मनसे कोई पाप ।
पर निष्ठुर रचता बड़ा, त्यागाडम्बर आप ॥६॥

गुञ्जा यद्यपि रूपयुत, फिर भी दिखती श्याम ।
वैसे सुन्दर धूर्त भी, भीतर दिखता श्याम ॥७॥

शुद्ध हृदय जिनके नहीं, ऐसे लोग अनेक ।
पर तीर्थों में स्नान कर, फिरें बनें सविवेक ॥८॥

शर सीधा होता तथा, वक्र तँबूरा आर्य ।
इससे आकृति छोड़कर, नर के देखो कार्य ॥९॥

जिस बुध ने त्यागे अहो, लोकनिन्द्य सब काम ।
जटाजूट अथवा उसे, मुण्डन से क्या काम ॥१०॥

परिच्छेद २८

धूर्तता

१—स्वय उसके ही शरीर के पच तत्त्व मन ही मन उस पर हँसते है जबकि वे पाखण्डी के पाखण्ड और चालबाजी को देखते है।

२—वह प्रभावशाली मुखमुद्रा किस काम की, जबकि अत करण मे बुराई भरी है और हृदय इस बात को जानता है।

३—वह कापुरुष जो तपस्वी जैसी तेजस्वी आकृति बनाये रखता है उस गधे के समान है जो सिह की खाल पहिने हुए घास चरता है।

४—उस आदमी को देखो, जो धर्मात्मा के वेश मे छुपा रहता है और दुष्कर्म करता है। वह उस बहेलिये के समान है जो झाडी के पीछे छुपकर चिडियों को पकडता है।

५—दभी आदमी दिखावे के लिए पवित्र बनता है और कहता है—मैंने अपनी इच्छाओं, इन्द्रियलालसाओ को जीत लिया है, परन्तु अन्त मे वह पश्चात्ताप करेगा और रो रो कर कहेगा—मैंने क्या किया, हाय मैने क्या किया ?

६—देखो, जो पुरुष वास्तव मे अपने मन से तो किसी वस्तु को छोडता नहीं, परन्तु बाहर त्याग का आडम्बर रचता है और लोगों को ठगता है, उससे बढ कर कठोर हृदय कोई नहीं है।

७—गुमची देखने मे सुन्दर होती है, परन्तु उसकी दूसरी ओर कालिमा होती है। कुछ आदमी भी उसी की तहर होते हैं। उनका बाहिरी रूप तो सुन्दर होता है, किन्तु अत करण बिल्कुल कलुषित होता है।

८—ऐसे लोग बहुत हैं कि जिनका हृदय तो अशुद्ध होता है पर तीर्थों मे स्नान करते हुए घूमते फिरते हैं।

९—बाण सीधा होता है और तम्बूरे मे कुछ टेढापन होता है इसलिए मनुष्यों को आकृति से नही, किन्तु उनके कामो से पहिचानो।

१०—जगत् जिससे घृणा करता है यदि तुम उससे बचे हुए हो तो फिर न तुम्हे जटा रखने की आवश्यकता है और न मुण्डन की।

परिच्छेद २९

निष्कपट व्यवहार

घृणित न देखा चाहते, निज को यदि तुम तात ।
कपट भरे कुविचार से, तो बच लो दिन-रात ॥१॥
द्रव्य पड़ोसी की सभी, ले लूँगा कर छद्म ।
मनका यह संकल्प ही, पापों का दृढ़ सद्म ॥२॥
जिस धन की हो आय में, कपटजाल का पाश ।
वृद्धिंगत चाहे दिखे, पर है अन्त विनाश ॥३॥
वैभव की भी वृद्धि में, ठगखोरी की चाट ।
ले जाती नर को वहीं, जहाँ विपद् की हाट ॥४॥
पर धन के हरणार्थ जो, करे प्रतीक्षा क्रूर ।
दया नहीं उसके हृदय, प्रेमकथा बहु दूर ॥५॥
छलकर भी पर द्रव्य को, बुझे न जिसकी प्यास ।
वस्तुमूल्य अनभिज्ञ वह, सुपथ न उसके पास ॥६॥
क्षणनश्वर ऐश्वर्य है, जिस मन में यह छाप ।
नहीं पड़ोसी को वही, छलकर लेगा पाप ॥७॥
शुद्ध सरलता ज्यों करे, आर्यहृदय में वास ।
चोर ठगों के चित्त में, त्यों ही कपट-निवास ॥८॥
कपट भिन्न जिस के नहीं, मन में उठें विचार ।
उस नर पर आती दया, देख पतन-विस्फार ॥९॥
छली पुरुष निज देह का, खोता है अधिकार ।
वारिस बनता स्वर्ग का, सीधा नर, साभार ॥१०॥

परिच्छेद २९

निष्कपट व्यवहार

१—जो यह चाहता है कि वह घृणित न समझा जावे तो उसे स्वय कपटपूर्ण विचारो से अपने आपको बचाना चाहिए।

२—अपने मन मे यह विचारना पाप है कि मै अपने पडोसी की सम्पत्ति को कपट द्वारा ले लूँगा।

३—वह वैभव जो कपट द्वारा प्राप्त किया जाता है भले ही बढ़ती की ओर दिखाई देता हो, परन्तु अन्त मे नष्ट होने को ही है।

४—अपहरण की प्यास अपने उन्नतिकाल मे भी अनन्त दु खों की ओर ले जाती है।

५—जो मनुष्य दूसरो की सम्पत्ति को लोभभरी दृष्टि से देखता है और उसको हडपने की प्रतीक्षा मे बैठा रहता है उसके हृदय मे दया को कोई स्थान नही और प्रेम तो उससे कोसों दूर है।

६—लूट के पश्चात् भी जिस मनुष्य को लोभ की प्यास बनी रहती है वह वस्तुओ का उचित मूल्य नही समझ सकता और न वह सत्यमार्ग का पथिक ही बन सकता है।

७ वह मनुष्य धन्य है जिसने सासारिक वस्तुओ के सार को समझ कर अपने हृदय को दृढ़ बना लिया है। वह फिर अपने पड़ोसी को धोखा देने की गलती कभी नही करेगा।

८—जिस प्रकार तत्त्वज्ञानी साधु सन्तो के हृदय मे सत्यता निवास करती है उसी प्रकार चोर ठगो के मन मे कपट का वास नियम से होता है।

९—उस मनुष्य पर तरस आती है जो छल तथा कपट के अतिरिक्त और किसी बात पर विचार ही नही करता, वह सत्यमार्ग को छोड देगा और नाश को प्राप्त होगा।

१०—जो दूसरो को छलता है वह स्वय अपने शरीर का भी स्वामी नही रहने पाता, परन्तु जो सच्चे है उनको स्वर्ग का नित्य उत्तराधिकार रहता है।

परिच्छेद ३०

सत्यता

नहीं किसी ही जीव को, जिससे पीड़ा-कार्य ।
सत्य वचन उसको कहें, पूज्य ऋषीश्वर आर्य ॥१॥
दुःखित जन का क्लेश से, करने को उद्धार ।
मृषा वचन भी सन्त के, होते सत्य अपार ॥२॥
निज मन ही यदि जानता जिसे असत्य प्रलाप ।
ऐसी वाणी बोलकर, मत लो मन संताप ॥३॥
सत्यव्रत के योग से, जिसका चित्त विशुद्ध ।
करता है वह विश्व के, मन पर शासन शुद्ध ॥४॥
शाश्वत सुखमय सत्य ही, जिसको मन से मान्य ।
ऋषियों से वह है बड़ा, दानी से अधिमान्य ॥५॥
'मिथ्यावादी' यह नहीं, जिसकी ऐसी कीर्ति ।
विना क्लेश उसको मिलें, ऋद्धि-सिद्धि वरप्रीति ॥६॥
मत कह मत कह झूठ को, मिथ्या कथन अधर्म ।
सत्य वचन यदि पास तो, वृथा अन्य सब धर्म ॥७॥
जैसे निर्मल नीर से, होती देह विशुद्ध ।
त्यों ही नर का चित्त भी, होता सत्य विशुद्ध ॥८॥
अन्य ज्योति को ज्योति ही, प्राज्ञ न माने ज्योति ।
सत्यप्रकाशक ज्योति को, कहते सच्ची ज्योति ॥९॥
देखी मैंने लोक में, जो जो वस्तु अनेक ।
उनमें पाया सत्य ही, परमोत्तम बस एक ॥१०॥

परिच्छेद ३०

सत्यता

१—सचाई क्या है ? जिससे दूसरो को कुछ भी हानि न पहुँचे उस बात का बोलना ही सचाई है।

२—उस झूठ मे भी सत्यता की विशेषता है जिसके परिणाम मे नियम से भलाई ही होती हो।

३—जिस बात को तुम्हारा मन जानता है कि वह झूठ है, उसे कभी मत बोलो, क्योकि झूठ बोलने से स्वय तुम्हारी अन्तरात्मा ही तुम्हे जलायेगी।

४—देखो, जिस मनुष्य का मन असत्य से अपवित्र नही है, वह सबके हृदय पर शासन करेगा।

५—जिसका मन सत्यशीलता मे निमग्न है वह पुरुष तपस्वी से भी महान् और दानी से भी श्रेष्ठ है।

६—मनुष्य के लिए इससे बढ कर सुयश और कोई नहीं है कि लोगों मे उसकी प्रसिद्धि हो कि वह झूठ बोलना जानता ही नही। ऐसा पुरुष अपने शरीर को कष्ट दिये विना ही सब तरह की सिद्धियों को पा जाता है।

७—"असत्यभाषण मत करो" यदि मनुष्य इस आदेश का पालन कर सके तो उसे दूसरे धर्मों के पालन करने की आवश्यकता नहीं है।

८—शरीर की स्वच्छता का सम्बन्ध तो जल से है, परन्तु मन की पवित्रता सत्यभाषण से सिद्ध होती है।

९—योग्य पुरुष और सब प्रकार के प्रकाशों को प्रकाश ही नही मानते, केवल सत्य की ज्योति को ही वे सच्चा प्रकाश मानते हैं।

१०—मैने इस ससार मे बहुत सी वस्तुएँ देखी हैं, परन्तु उनमे सत्य से बढ़ कर उच्च और कोई वस्तु नही है।

परिच्छेद ३१

क्रोध-त्याग

क्रोधत्याग तब ही भला, जब हो निग्रह-शक्ति ।
कारण क्षमता के विना, निष्फल राग-विरक्ति ॥१॥

यदि है निग्रहशक्ति तो, कोप, घृणामय व्यर्थ ।
और नहीं वह शक्ति तो, कोप किये क्या अर्थ ॥२॥

हानिविधायक कोई हो, तो भी तजदो रोष ।
कारण करता सैकड़ों, अति अनर्थ यह दोष ॥३॥

क्रोधतुल्य रिपु कौन जो, करदे सर्व-विनाश ।
हर्ष तथा आनन्द को, वह है यम का पाश ॥४॥

निज शुभ की यदि कामना, कोप करो तो दूर ।
टूटेगा वह अन्यथा, कर देगा सब धूर ॥५॥

जलता वह ही आग में, जो हो उसके पास ।
क्रोधी का पर वंश भी, जलता विना प्रयास ॥६॥

निधिसम मनमें कोप जो, रक्षित रखता आप ।
भू में कर वह मारकर, पागल करे विलाप ॥७॥

बड़ी हानि को प्राप्त कर, वलता हो यदि कोप ।
तो भी उत्तम है यही, करो कोप का लोप ॥८॥

इच्छाएँ उसकी सभी, फलें सदा भरपूर ।
जिसने अपने चित्त से, कोप किया अति दूर ॥९॥

वह क्रोधी मृततुल्य है, जिसे न निज का भान ।
पर त्यागी उस क्रोध का, होता सन्त समान ॥१०॥

परिच्छेद ३१

क्रोध-त्याग

१—जिसमे चोट पहुँचाने की शक्ति है उसी मे सहनशीलता का होना समझा जा सकता है। जिसमे शक्ति ही नहीं है वह क्षमा करे या न करे, उससे किसी का क्या बनता बिगडता है ?

२—यदि तुम मे प्रहार करने की शक्ति न भी हो तब भी क्रोध करना बुरा है और यदि तुम मे शक्ति हो तब तो क्रोध से बढकर बुरा काम और कोई नही है।

३—तुम्हारा अपराधी कोई भी हो, पर उसके ऊपर कोप न करो, क्योकि क्रोध से सैकडो अनर्थ पैदा होते है।

४—क्रोध हर्ष को जला देता है और उल्लास को नष्ट कर देता है। क्या क्रोध से बढकर मनुष्य का और भी कोई भयानक शत्रु है ?

५—यदि तुम अपना भला चाहते हो तो रोष से दूर रहो, क्योंकि दूर न रहोगे तो वह तुम्हे आ दबोचेगा और तुम्हारा सर्वनाश कर डालेगा।

६—अग्नि उसी को जलाती है जो उसके पास जाता है, परन्तु क्रोधाग्नि सारे कुटुम्ब को जला डालती है।

७—जो क्रोध को इस प्रकार हृदय मे रखता है मानो वह बहुमूल्य पदार्थ हो वह उस मनुष्य के समान है जो जोर से पृथ्वी पर हाथ दे मारता है उस आदमी के हाथो मे चोट लगे बिना नही रह सकती, ऐसे क्रोधी पुरुष का सर्वनाश अवश्यम्भावी है।

८—जो तुम्हे हानि पहुँची है वह भले ही तुम्हे प्रचण्ड अग्नि के समान जला रही हो तब भी यही अच्छा है कि तुम क्रोध से दूर रहो।

९—मनुष्य की समस्त कामनाएँ तुरन्त ही पूर्ण हो जाया करे यदि अपने मन से क्रोध को दूर कर दे।

१०—जो क्रोध के मारे आपे से बाहर है वह मृतक के समान है, पर जिसने कोप करना त्याग दिया है वह सन्तों के समान है।

परिच्छेद ३२

उपद्रव-त्याग

चाहे मिले कुवेरनिधि, फिर भी शुद्ध महान ।
नहीं किसी को त्रास दे, सज्जन दयानिधान ॥१॥
उच्च जनों को द्वेषवश, यदि दे कष्ट निकृष्ट ।
वैरशुद्धि उनको नही, करती पर आकृष्ट ॥२॥
जब अहेतु दुःखद मुझे तब "मै त्रास अपार-
दूंगा" यह संकल्प ही, बनता दुःख अगार ॥३॥
अरि का भी उपकार कर, दे दो लज्जा-मार ।
दुष्टदण्ड के हेतु यह, सब से श्रेष्ठ प्रकार ॥४॥
कष्ट न जाने अन्य का, जो नर आप समान ।
महाबुद्धि उसकी अहो, तब है व्यर्थ समान ॥५॥
भोगे मैंने दुःख जो, होकर अति हैरान ।
परको वे दूँगा नहीं, रखे मनुज यह ध्यान ॥६॥
जानमान जो अन्य को, नही स्वल्प भी कष्ट-
देता, उस सम कौन है, भूतल में उत्कृष्ट ॥७॥
जिन दुःखों में आप ही, नर है हुआ अधीर ।
वे फिर कैसे अन्य को, देगा बन बे-पीर ॥८॥
यदि देते पूर्वाह्न में, निकटगृही को खेद ।
तो भोगो अपराह्न में, तुम भी सुखविच्छेद ॥९॥
दुष्कर्मी के शीष पर, सदा विपद का पूर ।
जो चाहें निज त्राण वे, रहते उनसे दूर ॥१०॥

परिच्छेद ३२

उपद्रव-त्याग

१—शुद्धात करण वाला मनुष्य कुवेर की सम्पत्ति मिले तो भी किसी को त्रास देने वाला नहीं बनेगा।

२—द्वेषबुद्धि से प्रेरित होकर यदि कोई दूसरा आदमी उसे कष्ट देवे तो भी पवित्रहृदय का व्यक्ति उसे उसका बदला नही देता।

३—यदि विना किसी छेडखानी के तुम्हे किसी ने कोई कष्ट दिया है और बदले में तुम भी उसे वैसा ही कष्ट दोगे तो अपने ऊपर ऐसे घोर सकटों को खीच लोगे जिनका फिर कोई उपचार नहीं।

४—दुख देने वाले व्यक्ति को शिक्षा अर्थात् दण्ड देने का यह ही एक उत्तम उपाय है कि तुम उसके बदले मे भलाई करो, जिससे वह मन ही मन लज्जा के मारे मर जावे, यह ही उससे बडी गहरी मार है।

५—दूसरे प्राणियों के दु ख को जो अपने दु ख समान ही नही समझता और इसीलिए वह दूसरो को कष्ट देने से विमुख नहीं होता, ऐसे मनुष्य की बुद्धिमत्ता का क्या उपयोग ?

६—स्वय एक बार दुखों को भोग कर मनुष्य को फिर वैसे कष्ट दूसरों को न देने का ध्यान रखना चाहिए।

७—यदि तुम जानबूझकर किसी प्राणी को थोडा सा भी दु ख नही देते हो, तो यह बडी श्लाघा की बात है।

८—स्वय कष्ट आपड़ने पर कैसी वेदना होती है, ऐसा जिसको अनुभव है वह दूसरे को दु ख-देने के लिए कैसे उतारू होगा ?

९—यदि कोई मनुष्य अपने किसी पडोसी को दोपहर को दु ख देता है तो उसी दिन तीसरे पहर ही उसके ऊपर विपत्तिया अपने आप आ टूटेगी।

१०—दुष्कर्म करने वालो के शिर के ऊपर विपत्तियाँ सदैव आया ही करती है, इसलिए जो मनुष्य दु खदाई अनिष्टो से बचना चाहते है वे आप ही दुष्कृत्यो से सदैव अलग रहते है।

परिच्छेद ३३

अहिंसा

सब धर्मों में श्रेष्ठ है, परम अहिंसा धर्म ।
हिंसा के पीछे लगे, पाप भरे सब कर्म ॥१॥
सन्तों के उपदेश में, ये ही दो हैं सार ।
जीवों की रक्षा तथा, भूखे को आहार ॥२॥
कहता सारा लोक है, परम अहिंसा-धर्म ।
उसके पीछे सत्य है, ऋषियों का यह मर्म ॥३॥
मत मारो बुध भूलकर, लघु से भी लघु जीव ।
वह ही उज्ज्वल मार्ग है, जिसमें दया अतीव ॥४॥
जिसने त्यागे विश्व के, पाप भरे सब कर्म ।
उन में भी वह मुख्य है, जिसे अहिंसा धर्म ॥५॥
धन्य ! अहिंसा का व्रती, जिसमें करुणाभाव ।
उस के सुदिनों पर नहीं, काल बली का घाव ॥६॥
जीवन संकटग्रस्त हो, पाकर विपदा-काल ।
तो भी पर के प्राण को, मत ले विज्ञमराल ॥७॥
सुनते हैं बलिदान से, मिलतीं कई विभूति ।
वे भव्यों की दृष्टि में, तुच्छ घृणा की मूर्ति ॥८॥
जिनकी निर्भर जीविका, हत्या पर ही एक ।
मृतभोजी उनको विबुध, माने, हो सविवेक ॥९॥
सड़े गले उस देह को, देख सतत धीमान ।
घातक वह था पूर्व में, सोचें मन अनुमान ॥१०॥

परिच्छेद ३३

अहिंसा

१—अहिसा सब धर्मों मे श्रेष्ठ है। हिसा के पीछे सब प्रकार के पाप लगे रहते हैं।

२—क्षुधावाधितों के साथ अपनी रोटी बाँट कर खाना और हिंसा से दूर रहना, यह सब धर्म उपदेष्टाओं के समस्त उपदेशों मे श्रेष्ठतम उपदेश है।

३—अहिसा सब धर्मों मे श्रेष्ठ धर्म है। सचाई की श्रेणि उसके पश्चात् है।

४—सन्मार्ग कौनसा है? यह वही मार्ग है जिसमे छोटे से छोटे जीव की रक्षा का पूरा ध्यान रक्खा जावे।

५—जिन लोगो ने इस पापमय सासारिक जीवन को त्याग दिया है उन सब मे मुख्य वह पुरुष है जो हिसा के पाप से डर कर अहिंसामार्ग का अनुसरण करता है।

६—धन्य है वह पुरुष जिसने अहिसाव्रत धारण किया है। मृत्यु जो सब जीवो को खा जाती है उसके सुदिनो पर हमला नही करती।

७—तुम्हारे प्राण सकट मे भी पड जावे तब भी किसी की प्यारी जान मत लो।

८- लोग कहते है कि बलि देने से बहुत सारे वरदान मिलते है, परन्तु पवित्रहृदय वालो की दृष्टि मे वे वरदान जो हिसा करने से मिलते है जघन्य और घृणास्पद हैं।

९—जिन लोगों का जीवन हत्या पर निर्भर है, समझदार लोगो की दृष्टि मे वे मृतकभोजी के समान हैं।

१०—देखो, वह आदमी जिसका सडा हुआ शरीर पीवदार घावों से भरा हुआ है, वह पिछले भवों मे रक्तपात बहाने वाला रहा होगा, ऐसा बुद्धिमान लोग कहते है।

परिच्छेद ३४

संसार की अनित्यता

इससे बढ़कर मोह क्या, अथवा ही अज्ञान ।
नश्वर को ध्रुव मानना, और न निज पहिचान ॥१॥

श्री का आना, खेल में जुड़ती जैसी भीड़ ।
श्री का जाना, खेल से हटती जैसी भीड़ ॥२॥

ऋद्धि मिली तो शीघ्र ही, करलो कुछ शुभ कार्य ।
कारण टिकती है नहीं, अधिक समय यह आर्य ॥३॥

यद्यपि दिखता काल है, सरल तथा निर्दोष ।
पर आरे सम काटता, सब का जीवनकोष ॥४॥

शुभ कार्यों को प्राज्ञजन, करो लगे ही हाथ ।
क्या जाने जिह्वा रुके, कब हिचकी के साथ ॥५॥

कल ही था इस लोक में, एक मनुज विख्यात ।
आज न चर्चा है कहीं, कैसी अद्भुत बात ॥६॥

जीवित रहता या नहीं, पल भर भी सन्देह ।
कोटि कोटि संकल्प का, फिर भी यह मन गेह ॥७॥

खग लगते ही पंख के, उड़ता अण्डा फोड़ ।
उस सम देही कर्मवश, जाता काया छोड़ ॥८॥

निद्रासम ही मृत्यु है, जीना जगना एक ।
निर्णय ऐसा प्राज्ञवर, करते हैं सविवेक ॥९॥

लोगो ! क्या इस जीव का, निजगृह नही विशेष ।
जिससे निन्दित देह में, सहता दुःख अशेष ॥१०॥

परिच्छेद ३४

संसार की अनित्यता

१—उस मोह से बढ कर मूर्खता की बात और कोई नहीं है कि जिसके कारण अस्थायी पदार्थों को मनुष्य स्थिर और नित्य समझ बैठता है।

२—धनोपार्जन करना खेल देखने के लिए आयी हुई भीड के सदृश है और धन का क्षय उस भीड के तितर-बितर हो जाने के समान है।

३—समृद्धि क्षणस्थायी है। यदि तुम समृद्धिशाली हो गये हो तो ऐसे काम करने मे देर न करो जिनसे स्थायी लाभ पहुँच सकता है।

४—समय देखने मे भोला भाला और निर्दोष मालूम होता है, परन्तु वास्तव मे वह एक आरा है जो मनुष्य के जीवन को बराबर काट रहा है।

५—पवित्र काम करने मे शीघ्रता करो, ऐसा न हो कि बोली बन्द हो जाय और हिचकिया आने लगे।

६—कल तो एक आदमी विद्यमान था और आज वह नही है, ससार मे यही बडे अचरज की बात है।

७—मनुष्य को इस बात का तो पता नही कि पल भर के पश्चात् वह जीवित रहेगा या नही, पर उसके विचारो को देखो तो वे करोडो की सख्या मे चल रहे है।

८—पख निकलते ही चिडिया का बच्चा फूटे हुए अण्डे को छोड कर उड जाता है। शरीर और आत्मा की पारस्परिक मित्रता का यही दृष्टान्त है।

९—मृत्यु नीद के समान है और जीवन उस निद्रा से जागने के तुल्य है।

१०—क्या आत्मा का अपना कोई निज घर नही है, जो वह इस निकृष्ट शरीर मे आश्रय लेता है ?

परिच्छेद ३५

त्याग

प्रण लेकर जिस वस्तु का, कर देता नर त्याग ।
मानो उसके दुःख से, बचता वह बेलाग ॥१॥

आकर है सुखरत्न का, सागर जैसा त्याग ।
चिर सुख की यदि कामना, करो सदा तो त्याग ॥२॥

जीतो पाँचों इन्द्रियाँ, जिनमें भरा विकार ।
प्रिय से छोड़ो मोह फिर, त्याग यही क्रमवार ॥३॥

सर्वपरिग्रह-त्याग ही, आर्षव्रतों में सार ।
तजकर लेना एक भी, बन्धन का ही द्वार ॥४॥

जब मुमुक्षु की दृष्टि में निज-तनु भी है हेय ।
तब उस को क्यों चाहिए, बन्धन भरे विधेय ॥५॥

'मेरा' 'मैं' के भाव तो, स्वार्थ-गर्व के थोक ।
जाता त्यागी है वहाँ, स्वर्गोपरि जो लोक ॥६॥

प्रिय संयम जिस को नहीं, फँसकर तृष्णाजाल ।
मुक्त न होगा दुःख से, घिरा रहे बेहाल ॥७॥

मुक्तिपथिक वह एक जो, विषयविरक्त अतीव ।
अन्य सभी तो मोह में, फँसे जगत के जीव ॥८॥

लोभ-मोह को जीतते, पुनर्जन्म ही बन्द ।
फँसते वे भ्रमजाल में, कटें न जिनके फन्द ॥९॥

शरण गहो उस ईश का, जिसने जीता मोह ।
आश्रय लो उस देव का, जिससे कटता मोह ॥१०॥

परिच्छेद ३५

त्याग

१—मनुष्य ने जो वस्तु छोड दी है उससे पैदा होने वाले दु ख से उसने अपने को मुक्त कर लिया है।

२—त्याग से अनेको प्रकार के सुख उत्पन्न होते हैं, इसलिए यदि तुम उन्हे अधिक समय तक भोगना चाहते हो तो शीघ्र त्याग करो।

३—अपनी पाचो इन्द्रियो का दमन करो और जिन पदार्थों से तुम्हे सुख मिलता है उन्हे बिल्कुल ही त्याग दो।

४—अपने पास कुछ भी न रखना यही व्रतधारी का नियम है। एक वस्तु को भी अपने पास रखना मानो उन बन्धनो मे फिर आ फँसना है जिन्हे मनुष्य एक बार छोड चुका है।

५—जो लोग पुनर्जन्म के चक्र को बन्द करना चाहते है, उनके लिए यह शरीर भी अनावश्यक है। फिर भला अन्य बन्धन कितने अनावश्यक न होगे ?

६—'मैं' और 'मेरे' के जो भाव है, वे घमण्ड और स्वार्थपूर्णता के अतिरिक्त और कुछ नही है। जो मनुष्य उनका दमन कर लेता है वह देवलोक से भी उच्च लोक को प्राप्त होता है।

७—देखो, जो मनुष्य लालच मे फँसा हुआ है और उससे निकलना नही चाहता, उसे दु ख आकर घेर लेगा और फिर मुक्त न होगा।

८—जिन लोगो ने सब कुछ त्याग दिया है, वे मुक्ति के मार्ग मे हैं, परन्तु अन्य सब मोहजाल मे फँसे हुए है।

९—ज्यो ही लोभ-मोह दूर हो जाते है त्यो ही उसी क्षण पुनर्जन्म बन्द हो जाता है। जो मनुष्य इन बन्धनो को नही काटते वे भ्रमजाल मे फँसे रहते है।

१०—उस ईश्वर की शरण मे जाओ जिसने सब मोहो को छिन्न भिन्न कर दिया है और उसी का आश्रय लो जिससे सब बन्धन टूट जाये।

परिच्छेद ३६

सत्य का अनुभव

क्षण भंगुर संसार में, कोई वस्तु न सत्य ।
दुःखित जीवन भोगते, वे जो समझें सत्य ॥१॥

भ्रान्ति-भाव से मुक्ति हो, जो नर निर्मल दृष्टि ।
दुःखतिमिर उसका हटे, और मिले सुख-सृष्टि ॥२॥

जिसने छोड़ असत्य को, पाया सत्य प्रदीप ।
पृथ्वी से भी स्वर्ग है, उसको अधिक समीप ॥३॥

कभी न चाखा सत्य यदि, जो है शाश्वत अर्थ ।
मनुजयोनि में जन्म भी, लेना तब है व्यर्थ ॥४॥

इसमें इतना सत्य है, शेष मृषाव्यवहार ।
ऐसा निर्णय वस्तु का, करती मेधासार ॥५॥

धन्य पुरुष, स्वाध्याय से, जिसके सत्य विचार ।
शिव-पथ के उस पान्थ को, मिले न फिर संसार ॥६॥

ध्यानाधिक से प्राप्त हो, जिसको सत्य अपार ।
भावी जन्मों के लिए, उसे न सोच विचार ॥७॥

शुद्ध ब्रह्ममय आप हो, करे अविद्या दूर ।
जो जननी भव रोग की, वही बुद्धि गुण पूर ॥८॥

शिव साधन का विघ्न जो, मोह विजय संलग्न ।
उसके भावी दुःख सब बिना यत्न ही भग्न ॥९॥

काम क्रोधयुत मोह भी, ज्यों ज्यों होगा क्षीण ।
त्यों अनुगामी दुःख भी, होते अधिक विलीन ॥१०॥

परिच्छेद ३६

सत्य का अनुभव

१—मिथ्या और अनित्य पदार्थों को सत्य समझने के भ्रम से ही मनुष्य को दुःखमय जीवन भोगना पड़ता है।

२—जो मनुष्य भ्रमात्मक भावों से मुक्त है और जिसकी दृष्टि निर्मल है उसके लिए दुःख और अन्धकार का अन्त हो जाता है तथा आनन्द उसे प्राप्त होता है।

३—जिसने अनिश्चित बातों से अपने को मुक्त कर लिया है और सत्य अर्थात् आत्मा को पा लिया है, उसके लिए स्वर्ग पृथ्वी से भी अधिक समीप है।

४—मनुष्य जैसी उच्च योनि को प्राप्त कर लेने से भी कोई लाभ नहीं, यदि आत्मा ने सत्य का आस्वादन नहीं किया।

५—कोई भी बात हो, उसमें सत्य को झूठ से पृथक् कर देना ही मेधा का कर्तव्य है।

६—वह पुरुष धन्य है जिसने गम्भीरता पूर्वक स्वाध्याय किया है और सत्य को पा लिया है। वह ऐसे मार्ग से चलेगा जिससे उसे इस संसार में न आना पड़ेगा।

७—निस्सन्देह जिन लोगों ने ध्यान और धारणा के द्वारा सत्य को पा लिया है उन्हें आगे होने वाले भवों का विचार करने की आवश्यकता नहीं।

८—जन्मों की जननी-अविद्या से छुटकारा पाना और सच्चिदानन्द को प्राप्त करने की चेष्टा करना ही बुद्धिमानी है।

९—देखो, जो पुरुष मुक्ति के साधनों को जानता है और सब मोहों को जीतने का प्रयत्न करता है, भविष्य में आने वाले सब दुःख उससे दूर हो जाते हैं।

१०—काम, क्रोध और मोह ज्यों ज्यों मनुष्य को छोड़ते जाते हैं, दुःख भी उनका अनुसरण करके धीरे धीरे नष्ट हो जाते हैं।

परिच्छेद ३७

कामना का दमन

एक वस्तु की कामना, बनती बीज समान ।
जन्म फसल जो जीव को, करती संतत दान ॥१॥
करनी हो यदि कामना, तो चाहो भव-पार ।
पर निष्कामी ही वहाँ, रखता है अधिकार ॥२॥
इच्छा-जय ही लोक में, वस्तु बड़ी निर्दोष ।
स्वर्गों में भी दूसरा, उस सम अन्य न कोष ॥३॥
नहीं कामना त्यागसम, उत्तम कोई शुद्धि ।
परब्रह्म में प्रीति हो, तो हो ऐसी बुद्धि ॥४॥
जिसने जीती कामना, वह ही मुक्त महान ।
अन्य बँधे भवपास में दिखें स्वतंत्र समान ॥५॥
त्यागो तृष्णा दूर ही, जो चाहो शुभ काल ।
मिले निराशा अन्त में, तृष्णा केवल जाल ॥६॥
छोड़े जिसने सर्वथा, विषयों के सब कार्य ।
मुक्ति मिले उस मार्ग से, कहे जिसे वह आर्य ॥७॥
जिसे न कोई कामना, उसे न कोई दुःख ।
आशा में मारा फिरे, उसको सब ही दुःख ॥८॥
मिल सकता नर को यहाँ, स्थायी सुख अनुरूप ।
तृष्णा यदि विध्वस्त हो, जो है विपदारूप ॥९॥
भूतल में वह कौन है, जो हो इच्छातृप्त ।
जिसने ये ही त्याग दीं, वह ही पूरा तृप्त ॥१०॥

परिच्छेद ३७

कामना का दमन

१—कामना एक बीज है जो प्रत्येक आत्मा को सर्वदा ही अनवरत कभी न चूकने वाली जन्म मरण की फसल प्रदान करता है।

२—यदि तुम्हे किसी बात की कामना करनी ही है तो पुनर्जन्म के चक्र से छुटकारा पाने की कामना करो और वह छुटकारा तभी मिलेगा जब तुम कामना को जीतने की इच्छा करोगे।

३—निष्कामवृत्ति से बढकर इस जगत में दूसरी और कोई सम्पत्ति नहीं है और तुम स्वर्ग मे भी जाओ तो तुम्हे ऐसी अमूल्य निधि न मिलेगी जो इसकी तुलना करे।

४—कामना से मुक्त होने के सिवाय पवित्रता और कुछ नही है और यह मुक्ति पूर्णसत्य (शुद्ध आत्मा) की इच्छा करने से ही मिलती है।

५—वही लोग मुक्त है जिन्होने अपनी इच्छाओं को जीत लिया है, बाकी लोग देखने मे स्वतत्र मालूम पडते है, पर वास्तव मे वे कर्मबन्धन से जकडे हुए है।

६—यदि तुम भद्रता को चाहते हो तो कामना से दूर रहो, क्योकि कामना एक जाल और निराशामात्र है।

७—यदि कोई मनुष्य अपनी समस्त वासनाओं को सर्वथा त्याग दे तो जिस मार्ग से आने की वह आज्ञा देता है मुक्ति उसी मार्ग से आकर उससे मिलती है।

८—जो किसी बात की लालसा नही रखता, उसको कोई दुःख नही होता, पर जो वस्तुओं के लिए मारा मारा फिरता है उस पर आपत्तियो के ऊपर आपत्तियां आती है।

९—यहॉ भी मनुष्य को स्थिर सुख प्राप्त हो सकता है यदि वह अपनी इच्छा का ध्वस कर डाले, क्योकि इच्छा ही सबसे बड़ी आपत्ति है।

१०—इच्छा कभी तृप्त नही होती, किन्तु यदि कोई मनुष्य उसको त्याग दे तो वह उसी क्षण पूर्णता को प्राप्त कर लेता है।

परिच्छेद ३८

भवितव्यता

दृढ़प्रतिज्ञ होता मनुज, पाकर उत्तम भाग्य ।
वही पुरुष होता शिथिल, जब आवे दुर्भाग्य ॥१॥
घटे मनुज की शक्ति भी, जब आवे दुर्भाग्य ।
प्रतिभा जागृत हो उठे, जब जागे सद्भाव ॥२॥
ज्ञान तथा चातुर्य से, क्या हो लाभ महान ।
कारण अन्तरब्रह्म ही, सर्वोपरि बलवान ॥३॥
भिन्न सर्वथा एक से, दो ही जग में वस्तु ।
एक वस्तु ऐश्वर्य है साधुशील परवस्तु ॥४॥
शुभ भी बनता अशुभ है, जब हो उलटा भाग्य ।
और अशुभ भी शुभ बने, जब हो सीधा भाग्य ॥५॥
बचे नहीं वह यत्न से जिसे न चाहे दैव ।
फेंकी वस्तु न नष्ट हो, जब हो रक्षक दैव ॥६॥
ऊँचे शासक दैव का, जो न मिले कुछ योग ।
तो कौड़ी भी कोटिपति, कर न सके उपभोग ॥७॥
निर्धन भी करते कभी, त्यागी जैसे भाव ।
दैव दुःख भोगार्थ पर, देता उन्हें दबाव ॥८॥
सुख में जो है फूलता, होकर हर्षितचित्त ।
दुःख समय वह शोक में, क्यों हो दुःखितचित्त ॥९॥
दैव बड़ा बलवान है, कारण उससे ग्रस्त ।
करता जय का यत्न जब, तब ही होता पस्त ॥१०॥

परिच्छेद ३९

भवितव्यता

१—मनुष्य दृढप्रतिज्ञ हो जाता है जब भाग्यलक्ष्मी उस पर प्रसन्न होकर कृपा करना चाहती है, परन्तु मनुष्य मे शिथिलता आ जाती है जब भाग्यलक्ष्मी उसे छोडने को होती है।

२—दुर्भाग्य शक्ति को मन्द कर देता है, परन्तु जब भाग्यलक्ष्मी कृपा दिखाना चाहती हो तो पहिले बुद्धि मे विस्फूर्ति कर देती है।

३—ज्ञान और सब प्रकार की चतुराई से क्या लाभ ? जब कि भीतर जो आत्मा है उसका ही प्रभाव सर्वोपरि है।

४—जगत् मे दो वस्तुऐं है, जो एक दूसरे से बिलकुल नही मिलती। धन सम्पत्ति एक वस्तु है और साधुता तथा पवित्रता दूसरी वस्तु।

५—जब किसी का भाग्य फिर जाता है तो भलाई भी बुराई मे बदल जाती है, पर जब दैव अनुकूल होता है तो बुरे भी अच्छे हो जाते हैं।

६—भवितव्यता जिस बात को नही चाहती, उसे तुम अत्यन्त चेष्टा करने पर भी नही रख सकते, और जो वस्तुएँ तुम्हारी है, तुम्हारे भाग्य मे बदी है उन्हे तुम इधर उधर फेक भी दो, फिर भी वे तुम्हारे पास से नही जावेगी।

७—उस महान् शासक (दैव) के बिना करोडपति भी अपनी सम्पत्ति का किंचित भी उपभोग नही कर सकता।

८—गरीब लोग निस्सन्देह अपने मन को त्याग की ओर झुकाना चाहते है, किन्तु भवितव्यता उन्हे उन दु खो के लिए रख छोडती है जो उन्हे भोगने है।

९—अपना भला देख कर जो मनुष्य प्रसन्न होता है उसे आपत्ति आने पर क्यों दुखी होना चाहिए ?

१०—होनी से बढ कर बलवान् और कौन है ? क्योकि जब ही मनुष्य उसके फन्दे से छूटने का यत्न करता है तब ही वह आगे बढ कर उसको पछाड देती है।

परिच्छेद ३९

राजा

राष्ट्र, दुर्ग, मंत्री, सखा, धन, सैनिक नरसिंह ।
ये छै जिसके पास हैं, भूपों में वह सिंह ॥१॥

साहस, बुद्धि, उदारता, कार्यशक्ति आधार ।
आवश्यक ये सर्वथा, भूपति में गुण चार ॥२॥

शासक में ये जन्म से, होते अतिशय तीन ।
छानबीन, विद्याविपुल, निर्णयशक्ति प्रवीन ॥३॥

कभी न चूके धर्म से, पापों को अरि रूप ।
हठ से रक्षक मान का, वीर वही सच भूप ॥४॥

शासन के प्रति अंग में, कैसे हो विस्फूर्ति ।
और वृद्धि निज कोष की, क्योंकर होगी पूर्ति ॥
धन का कैसा आय व्यय, क्या रक्षा कर्तव्य ।
निजहितकांक्षी भूप को, ये सब हैं ज्ञातव्य ॥५॥ (युग्म)

जिस भूपति के पास में, पहुँच सके सब राज्य ।
परुष वचन जिसके नहीं, उसका उन्नत राज्य ॥६॥

जिसका शासन प्रेममय, तथा उचित प्रियदान ।
उस नृप की शुभ कीर्ति का, भूभर में सम्मान ॥७॥

न्याय करे निष्पक्ष हो, पालन की रख टेव ।
ऐसा भूपति धन्य है, पृथ्वी में वह देव ॥८॥

कर्णकटुक भी शब्द जो, सुन सकता भूपाल ।
छत्रतले वसुधा बसे, उस नृप के सब काल ॥९॥

जो नृप न्याय, उदारता, सेवा, करुणाज्योति ।
भूपों में उस भूप की, सब से उज्ज्वल ज्योति ॥१०॥

परिच्छेद ३९

राजा

१—जिसके सेना, लोकसख्या, धन, मन्त्रिमण्डल, सहायकमित्र, और दुर्ग ये छै यथेष्ट रूप मे है, वह नृपमण्डल मे सिंह है।

२—राजा मे साहस, उदारता, बुद्धिमानी और कार्यशक्ति, इन बातो का कभी अभाव नही होना चाहिए।

३—जो पुरुष इस पृथ्वी पर शासन करने के लिए उत्पन्न हुए है उन्हे चौकसी, जानकारी और निश्चयबुद्धि, ये तीनो खूबियॉ कभी नही छोडती।

४—राजा को धर्म करने मे कभी न चूकना चाहिए और अधर्म को सदा दूर करना चाहिए। उसे स्पर्धापूर्वक अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी चाहिए, परन्तु वीरता के नियमों के विरुद्ध दुराचार कभी न करना चाहिए।

५—राजा को इस बात का ज्ञान रखना चाहिए कि अपने राज्य के साधनों की विस्फूर्ति और वृद्धि किस प्रकार की जाय और खजाने की पूर्ति किस प्रकार हो, धन की रक्षा किस रीति से की जावे और किस प्रकार समुचित रूप से उसका व्यय किया जावे।

६—यदि समस्त प्रजा की पहुॅच राजा तक हो और राजा कभी कठोर वचन न बोले तो उसका राज्य सबसे ऊपर रहेगा।

७—जो राजा प्रीति के साथ दान दे सकता है और प्रेम के साथ शासन करता है उसका यश जगत भर मे फैल जायगा।

८—धन्य है वह राजा, जो निष्पक्ष होकर न्याय करता है और अपनी प्रजा की रक्षा करता है। वह मनुष्यो मे देवता समझा जायगा।

९—देखो, जिस राजा मे कानो को अप्रिय लगने वाले वचनो को सहन करने का गुण है, पृथ्वी निरन्तर उसकी छत्रछाया मे रहेगी।

१०—जो राजा उदार, दयालु तथा न्यायनिष्ठ है और जो अपनी प्रजा की प्रेमपूर्वक सेवा करता है, वह राजाओ के मध्य मे ज्योतिस्वरूप है।

परिच्छेद ४०

शिक्षा

जो कुछ शिक्षा योग्य है, वह सब सीखो तात ।
शिक्षण के पश्चात् ही, चलो उसी विध भ्रात ॥१॥

जीवित, मानव जाति के, दो ही नेत्र विशेष ।
अक्षर कहते एक को, संख्या दूजा शेष ॥२॥

चक्षु सहित वह एक ही, जिसमें ज्ञान पवित्र ।
गड्ढे केवल अन्य के, मुख पर बने विचित्र ॥३॥

प्राज्ञपुरुष आते समय, देते हर्ष महान ।
पर वे ही जाते समय, कर देते मन म्लान ॥४॥

भिक्षुक सम यदि भर्त्सना, करते हों गुरुदेव ।
फिर भी सीखो अन्यथा, तजना अधम कुटेव ॥५॥

खोदो जितना स्रोत को, उतना मिलता नीर ।
सीखो जितना ही अधिक, उतनी मति गम्भीर ॥६॥

शिक्षित को सारी मही, घर है और स्वदेश ।
फिर क्यों चूके जन्म भर, लेने में उपदेश ॥७॥

जो कुछ सीखा जीव ने, एक जन्म में ज्ञान ।
उससे अग्रिम जन्म भी, होते उच्च महान ॥८॥

मुझ सम ही यह अन्य को, देता मनमें मोद ।
इससे ही बुध चाव से, करते ज्ञान-विनोद ॥९॥

विद्या ही नर के लिए, अविनाशी त्रुटिहीन ।
निधि है, जिससे अन्य धन, होते शोभाहीन ॥१०॥

परिच्छेद ४०

शिक्षा

१—प्राप्त करने योग्य जो ज्ञान है, उसे सम्पूर्ण रूप से प्राप्त करना चाहिए और प्राप्त करने के पश्चात् तदनुसार व्यवहार करना चाहिए।

२—मानव जाति की जीती जागती दो आखे है, एक को अक कहते हैं और दूसरे को अक्षर।

३—शिक्षित लोग ही आँख वाले कहलाये जा सकते है, अशिक्षितों के शिर मे केवल दो गड्ढे होते है।

४—विद्वान् जहाँ कही भी जाता है अपने साथ आनन्द ले जाता है, लेकिन जब वह विदा होता है तो पीछे दु ख छोड़ जाता है।

५—यद्यपि तुम्हे गुरु या शिक्षक के सामने उतना ही अपमानित और नीचा बनना पड़े जितना कि एक भिक्षुक को धनवान् के समक्ष बनना पडता है, फिर भी तुम विद्या सीखो। मनुष्यो मे अधम वे ही लोग है जो विद्या सीखने से विमुख होते है।

६—स्रोते को तुम जितना ही खोदोगे उतना ही अधिक पानी निकलेगा। ठीक इसी प्रकार तुम जितना ही अधिक सीखोगे उतनी ही तुम्हारी विद्या मे वृद्धि होगी।

७—विद्वान् के लिए सभी जगह उसका घर है और सभी जगह उसका स्वदेश है। फिर लोग मरने के दिन तक विद्या प्राप्त करते रहने में असावधानी क्यो करते है ?

८—मनुष्य ने एक जन्म में जो विद्या प्राप्त कर ली है वह उसे समस्त आगामी जन्मो मे भी उच्च और उन्नत बना देगी।

९—विद्वान् देखता है कि जो विद्या उसे आनन्द देती है वह संसार को भी आनन्दप्रद होती है और इसीलिए वह विद्या को और भी अधिक चाहता है।

१०—विद्या मनुष्य के लिए त्रुटिहीन एक अविनाशी निधि है, उसके सामने दूसरी सम्पत्ति कुछ भी नही है।

परिच्छेद ४१

शिक्षा की उपेक्षा

जो पूरी शिक्षा विना, भाषण दे चढ़ मञ्च ।
पट विन चौपड़ खेल का, मानो रचे प्रपञ्च ॥१॥

वक्ता की त्यों कीर्ति को, चाहे विद्याक्षीण ।
युवकाकर्षणरागिणी, ज्यों नारी कुचहीन ॥२॥

बिबुधों में यदि धैर्य धर, रहे मूर्ख चुपचाप ।
तो उसको भी यह जगत, गिनता बुध ही आप ॥३॥

भले अशिक्षित दक्ष हो, करने में सब कार्य ।
फिर भी उसकी राय का, मूल्य न आँकें आर्य ॥४॥

जो समझे बुध आप को, विद्या से मन खींच ।
खुलकर लज्जित हो वही, बोल सभा के बीच ॥५॥

एक अशिक्षित की दशा, ऊषर भूमि समान ।
जीवित वह इसके सिवा, कह न सके जन आन[१] ॥६॥

प्राज्ञों की धनहीनता, मन को नहीं सुहात ।
मूर्खविभव उससे अधिक, अप्रिय लगता भ्रात ॥७॥

सूक्ष्म तत्त्व जिसके नहीं, बनते प्रतिभागेह ।
सजी धजी मृण्मूर्ति सम, उसकी सुन्दर देह ॥८॥

विद्या बिना कुलीन भी, लघु ही होता भान ।
और सुशिक्षित निम्न भी, लगता गौरववान ॥९॥

पशुओं से जितना अधिक, उत्तम नर है तात ।
बस उतना ही मूर्ख से, शिक्षित वर विख्यात ॥१०॥

---

१ अन्य ।

परिच्छेद ४१

शिक्षा की उपेक्षा

१ - विना पर्याप्तज्ञान के सभा-मञ्चपर जाना वैसा ही है जैसा कि विना चौपड़ के पाँसे खेलना।

२—उस अनपढ़ व्यक्ति को देखो, जो प्रभावशाली वक्ता बनने की वाञ्छा कर रहा है। उसकी वाञ्छा वैसी ही है जैसी कि विना उरोजवाली स्त्री का पुरुषो को आकर्षित करने की इच्छा करना।

३—विद्वानो के सामने यदि अपने को मौन बनाये रख सके तो मूर्ख आदमी भी बुद्धिमान् गिना जायगा।

४—अनपढ व्यक्ति चाहे जितना बुद्धिमान् हो, विज्ञजन उसकी सलाह को कोई महत्व न देंगे।

५—उस व्यक्ति को देखो जिसने शिक्षा की अवहेलना की है और जो अपने ही मन मे बडा बुद्धिमान् है सभा गोष्ठी मे वह अपना भाषण देते ही लज्जित हो जाएगा।

६—अनपढ व्यक्ति की दशा उस ऊषर भूमि के समान है जो खेती के लिए अयोग्य है। लोग उसके बारे मे केवल यही कह सकते हैं कि वह जीवित है, अधिक कुछ नहो।

७—विद्वान् का दरिद्र होना निस्सन्देह बहुत बुरा है, किन्तु मूर्ख के अधिकार मे सम्पत्ति का होना तो और भी बुरा है।

८—सूक्ष्म तथा शुभ तत्त्वों मे जिसकी बुद्धि का प्रवेश नही, उसकी सुन्दर देह अलकृत एक मिट्टी की मूर्ति के सिवाय और कुछ नहीं है।

९—उच्च कुल मे जन्म लेने वाले मूर्ख का उतना आदर नहीं होता जितना निम्नकुलोद्भव विद्वान् का।

१०—मनुष्य पशुओं से कितना उच्च है? इसी प्रकार अशिक्षितों से शिक्षित उतना ही श्रेष्ठ है।

परिच्छेद ४२

बुद्धिमानों के उपदेश

निधियों में बहुमूल्य है, कानों का ही कोष ।
सबसे उत्तम सम्पदा, वही एक निर्दोष ॥१॥

नहीं मिले जब भाग्य से, कर्ण-मधुर कुछ पेय ।
उदरतृप्ति के अर्थ तब, भोजन भव्य विधेय ॥२॥

सन्तों के प्रवचन सुने, जिनने नित्य अनेक ।
पृथ्वी में हैं देवता, नर रूपी वे एक ॥३॥

नहीं पढ़ा तो भी, सुनने दो उपदेश ।
कारण विपदाकाल में, वह ही शान्तिसुधेश ॥४॥

धर्मवचन नर के लिए, दृढ़ लाठी का काम ।
देते विपदा काल में, कर रक्षा अविराम ॥५॥

लघु भी शिक्षा धर्म की, सुनो सदा दे ध्यान ।
कारण वह है एक ही, उन्नति का सोपान ॥६॥

श्रवण मनन जिसने किया, शास्त्रों का विधिवार ।
करे न वह बुध भूलकर, निन्द्य वचन व्यवहार ॥७॥

श्रवणशक्ति होते हुए, बहरे ही वे कान ।
विज्ञवचन जिनको नहीं, सुनने की कुछ वान ॥८॥

नहीं सुने चातुर्यमय, जिसने बुध-आलाप ।
भाषण की उसको कला, दुर्लभ होती आप ॥९॥

ज्ञानामृत के पान को, बहरे जिसके कान ।
उस पेटू के सत्य ही, जीवन मृत्यु समान ॥१०॥

परिच्छेद ४२

बुद्धिमानों के उपदेश

१—सब से बहुमूल्य, निधियो मे कानो की निधि है, निस्सन्देह वह सब प्रकार की सम्पत्तियों से श्रेष्ठ सम्पत्ति है।

२—जब कानो को देने के लिए भोजन न रहेगा तो पेट के लिए भी कुछ भोजन दे दिया जायगा।

३—देखो, जिन लोगो ने बहुत से उपदेशो को सुना है वे पृथ्वी पर प्रत्यक्ष देवतास्वरूप हैं।

४—यदि कोई मनुष्य विद्वान् न हो तो भी उसे उपदेश सुनने दो क्योंकि जब उसके ऊपर सकट पडेगा तब उनसे ही उसे कुछ सान्त्वना मिलेगी।

५—धर्मात्माओ के उपदेश, एक दृढ लाठी के समान है क्योकि जो उनके अनुसार काम करते है उन्हे वे गिरने से बचाते है।

६—अच्छे शब्दो को ध्यानपूर्वक सुनो, चाहे वे थोडे से ही क्यो न हो, क्योकि वे थोडे शब्द भी तुम्हारी प्रतिष्ठा मे समुचित वृद्धि करेगे।

७—जिस पुरुष ने खूब मनन किया है और बुद्धिमानो के वचनों को सुन सुनकर अनेक उपदेशो को जमा कर लिया है वह भूल से भी कभी निरथक तथा बाहियात बाते नही करता।

८—सुन सकने पर भी वे कान बहिरे ही है जिनको उपदेश सुनने का अभ्यास नही है।

९—जिन लोगों ने बुद्धिमानो के चातुरीभरे शब्दो को नही सुना है उनके लिए भाषण की नम्रता प्राप्त करना कठिन है।

१०—जो लोग जिह्वा से तो चखते है, पर कानों की सुरसता से अनभिज्ञ है, वे चाहे जिये या मरे इससे जगत् का क्या आता जाता है?

परिच्छेद ४३

बुद्धि

सहमा विपदा चक्र में, प्रतिभा कवच समान ।
बुद्धिदुर्ग को घेर कर, होते रिपु हैं म्लान ॥१॥

यह सुबुद्धि ही रोकती, इन्द्रियविषयविकार ।
और अशुभ से श्रेष्ठपथ, ले जाती विधिबार ॥२॥

सच से मिथ्या बात को, करदेवे जो दूर ।
चाहे वक्ता कोई हो, वही बुद्धि गुणपूर ॥३॥

सरल सदा बोले सुधी, वाणी गौरवपूर्ण ।
पर-भाषण का मर्म भी, समझे वह अतितूर्ण[1] ॥४॥

सबसे करता प्रेममय, प्राज्ञ सदा व्यवहार ।
मैत्री जिसकी एकसी, चित्त व्यवस्थाधार ॥५॥

लोकरीति के तुल्य ही, करना सब व्यवहार ।
सूचित करता बुद्धि को, वृद्धकथन यह सार ॥६॥

प्रतिभाशाली जानता, पहिले ही परिणाम ।
नहीं जानता अज्ञ पर, आगे का परिणाम ॥७॥

विपदा ऊपर आप ही, पड़ना बुद्धि अनार्य ।
भीतियोग्य से भीत हो, रहना सन्मतिकार्य ॥८॥

दूरदृष्टि सब कार्य को, रहे प्रथम तैयार ।
इससे उस पर दुःख का, पड़े न कम्पक वार ॥९॥

प्रतिभा है यदि पास में, सब कुछ तब है पास ।
होकर भी पर मूर्ख के, मिले न कुछ भी पास ॥१०॥

---

१ शीघ्र ।

परिच्छेद ४३

बुद्धि

१—बुद्धि समस्त अचानक आक्रमणो को रोकने वाला कवच है, वह ऐसा दुर्ग है जिसे शत्रु भी घेर कर नही जीत सकते।

२—यह बुद्धि ही है जो इन्द्रियों को इधर उधर भटकने से रोकती है, उन्हे बुराई से दूर रखती है और शुभकर्म की ओर प्रेरित करती है।

३—समझदार बुद्धि का काम है कि हर एक बात मे झूठ को सत्य से पृथक् कर दे, फिर उस बात का कहने वाला कोई क्यों न हो।

४—बुद्धिमान् मनुष्य जो कुछ कहता है इस तरह से कहता है कि उसे सब कोई समझ सके और दूसरो के मुख से निकले हुए शब्दों के आन्तरिक भाव को वह शीघ्र समझ लेता है।

५—बुद्धिमान् मनुष्य सबके साथ मिलनसारी से रहता है और उस की प्रकृति सदा एक सी रहती है, उसकी मित्रता न तो पहिले अधिक बढ़ जाती है और न एकदम घट जाती है।

६—यह भी एक बुद्धिमानी का काम है कि मनुष्य लोकरीति के अनुसार व्यवहार करे।

७—समझदार आदमी पहिले से ही जान जाता है कि क्या होने वाला है, पर मूर्ख आगे आने वाली बात को नही देख सकता।

८—संकट के स्थान मे सहसा दौड पडना मूर्खता है। बुद्धिमानों का यह भी कहना है कि जिससे डरना चाहिए उससे डरता ही रहे।

९—जो दूरदर्शी आदमी हर एक विपत्ति के लिए पहिले से ही सचेत रहता है वह उस वार से बचा रहेगा जो अति भयकर है।

१०—जिसके पास बुद्धि है उसके पास सब कुछ है, पर मूर्ख के पास सब कुछ होने पर भी कुछ नही है।

परिच्छेद ४४

दोषों को दूर करना

क्रोध दर्प को जीतकर, जिसमें हो वैराग्य ।
उसका एक अपूर्व ही, गौरवमय सौभाग्य ॥१॥

दर्प तथा लालच अधिक, मन भी विषयाधीन ।
भूपति में ये दोष भी, होते बहुधा तीन ॥२॥

राई सा निजदोष भी, माने ताड़ समान ।
जिसको उज्ज्वल कीर्ति है, प्यारी-चन्द्रसमान ॥३॥

दोषों का तुम नाश कर, बनो सदा निर्दोष ।
सर्वनाश ही अन्यथा, करेंगे वे दोष ॥४॥

भावी दुःखों के लिए, जो न रहे तैयार ।
अग्नि-पतित वह घाससम, हो जाता निस्सार ॥५॥

परविशुद्धि के पूर्व जो, स्वयं बने निर्दोष ।
योगितुल्य उस भूप को, छू न सके कोई दोष ॥६॥

उचित कार्य में भी कभी करे न दान-प्रकाश ।
उस मूंजी पर खेद है जिसका अन्त विनाश ॥७॥

निन्दा में सब एक से, दिखते यद्यपि दोष ।
मूंजीपन पर भिन्न ही, उनमें अधिक सदोष ॥८॥

सहसा कोई बात पर, करना अति अनुराग ।
और वृथा जो काम हैं, उन सब को बुध त्याग ॥९॥

अपने मन की कामना, रखलो अरि से गुप्त ।
जिससे उसके यत्न ही, होजावें सब लुप्त ॥१०॥

परिच्छेद ४४

दोषों को दूर करना

१—जो मनुष्य, दर्प, क्रोध और विषय-लालसाओं से रहित है, उस मे एक प्रकार का गौरव रहता है, जो उसके सौभाग्य को भूषित करता है।

२—कञ्जूसी, अहङ्कार और अमर्यादित विषय-लम्पटता, ये राजा मे विशेष दोष होते है।

३—जिन लोगो को अपनी कीर्ति प्यारी है, वे अपने दोष को राई के समान छोटा होने पर भी ताड वृक्ष के बराबर समझते है।

४—अपने को दुर्गुणो से बचाने मे सदा सचेत रहो, क्योकि वे ऐसे शत्रु है जो तुम्हारा सर्वनाश कर डालेगे।

५—जो आदमी अचानक आपडने वाली विपत्तियों के लिए पहिले से ही सज्जित नहीं रहता वह ठीक उसी प्रकार नष्ट हो जायगा जिस प्रकार आग के सामने फूस का ढेर।

६—राजा यदि पहिले अपने दोषों को सुधार ले, तब दूसरो के दोषों को देखे, तो फिर कौनसी बुराई उसको छू सकती है?

७—खेद है उस कञ्जूस पर, जो व्यय करने की जगह व्यय नहीं करता, उसकी सम्पत्ति कुमार्गों मे नष्ट होगी।

८—कञ्जूस मक्खीचूस होना ऐसा दुर्गुण नही है जिसकी गिनती दूसरी बुराइयो के साथ की जा सके, उसकी श्रेणि ही बिल्कुल अलग है।

९—किसी समय और किसी बात पर फूल कर आपे से बाहिर मत हो जाओ और ऐसे कामों मे हाथ न डालो जिनसे तुम्हे कुछ लाभ न हो।

१०—तुम जिन बातो के रसिक हो उनका पता यदि तुम शत्रुओं को न चलने दोगे तो तुम्हारे शत्रुओ की योजनाये निष्फल सिद्ध होंगी।

परिच्छेद ४५

योग्य पुरुषों की मित्रता

करते करते धर्म जो, हो गये वृद्ध उदार ।
उनका लेलो प्रेम तुम, करके भक्ति अपार ॥१॥

आगे के या हाल के, जो हैं दुःख अथाह ।
उनसे रक्षक के सखा, बनो सदा सोत्साह ॥२॥

जिसे मिली वर मित्रता, पा करके सद्भाग्य ।
निस्संशय उस विज्ञ का, हरा भरा सौभाग्य ॥३॥

अधिकगुणी की मित्रता, जिसे मिली कर भक्ति ।
उसने एक अपूर्व ही, पाली अद्भुत शक्ति ॥४॥

होते हैं भूपाल के, मंत्री लोचनतुल्य ।
इससे उनको राखिए, चुनकर ही गुणतुल्य ॥५॥

सत्पुरुषों से प्रेममय, जिसका है व्यवहार ।
उसका वैरी अल्प भी, कर न सके अपकार ॥६॥

झिड़क सकें ऐसे सखा, प्रति दिन जिस के पास ।
गौरव के उस गेह में, करती हानि न बास ॥७॥

मंत्री के जो मंत्रसम, वचन न माने भूप ।
विना शत्रु उसका नियत, क्षय ही अन्तिमरूप ॥८॥

जैसे पूंजी के विना, मिले न धन का लाभ ।
प्राज्ञों की प्रतिभा विना, त्यों न व्यवस्थालाभ ॥९॥

जैसे अखिल विरोध है, बुद्धिहीनता दोष ।
सन्मैत्री का त्याग पर, उससे भी अतिदोष ॥१०॥

परिच्छेद ४५

योग्य पुरुषों की मित्रता

१—जो लोग धर्म करते करते वृद्ध हो गये है उनकी तुम भक्ति करो तथा मित्रता प्राप्त करने का यत्न करो।

२—तुम जिन कठिनाइयो मे फँसे हुए हो, उनको जो लोग दूर कर सकते है और आने वाली बुराइयो से जो तुम्हे बचा सकते है उत्साहपूर्वक उनके साथ मित्रता करने की चेष्टा करो।

३—यदि किसी को योग्य पुरुषो की प्रीति और भक्ति मिल जाय तो यह महान् से महान् सौभाग्य की बात है।

४—जो लोग तुमसे अधिक योग्यता वाले है, वे यदि तुम्हारे मित्र बन गये है तो तुमने ऐसी शक्ति प्राप्त कर ली है जिसके सामने अन्य सब शक्तियां तुच्छ है।

५—मत्री ही राजा की आखे है, इसलिए उनके चुनने मे बहुत ही समझदारी और चतुराई से काम लेना चाहिए।

६—जो लोग सुयोग्य पुरुषो के साथ मित्रता का व्यवहार रख सकते है, उनके वैरी उनका कुछ बिगाड न सकेंगे।

७—जिस आदमी को ऐसे लोगो की मित्रता का गौरव प्राप्त है कि जो उसे डाट-फटकार सकते है उसे हानि पहुँचाने वाला कौन है ?

८—जो राजा ऐसे पुरुषो की सहायता पर निर्भर नही रहता कि जो समय पर उसको झिडक सके, शत्रुओ के न रहने पर भी उसका नाश होना अवश्यम्भावी है।

९—जिनके पास मूल धन नही है, उनको लाभ नही मिल सकता, ठीक इसी तरह प्रामाणिकता उन लोगो के भाग्य मे नही होती कि जो बुद्धिमानो की अविचल सहायता पर निर्भर नही रहते।

१०—बहुत से लोगो को शत्रु बना लेना मूर्खता है किन्तु सज्जन पुरुषों की मित्रता को छोडना उससे भी कही अधिक बुरा है।

परिच्छेद ४६

कुसङ्ग से दूर रहना

उत्तम नर दुःसंग से, रहें सदा भयभीत ।
ओछे पर ऐसे मिलें, यथा कुटुम्बी मीत ॥१॥

बहता जैसी भूमि में बनता वैसा नीर ।
संगति जैसी जीव की, वैसा ही गुणशील ॥२॥

मस्तक से ही बुद्धि का, है सम्बन्ध • विशेष ।
पर यश का सम्बन्ध तो, गोष्ठी पर ही शेष ॥३॥

नरस्वभाव का बाह्य में, दिखता मन में बास ।
पर रहता उस वर्ग में बैठे जिसके पास ॥४॥

चाहे मन की शुद्धि हो, चाहे कर्मविशुद्धि ।
इन सब का पर मूल है, संगति की ही शुद्धि ॥५॥

संतपुरुष को प्राप्त हो, संतति योग्यविशेष ।
और सदा फूले फले, जब तक वय हो शेष ॥६॥

नर की एक अपूर्व ही, निधि है मन की शुद्धि ।
सत्संगति देती तथा, गौरव गुणमय बुद्धि ॥७॥

यद्यपि होते प्राज्ञजन, स्वयं गुणों की खान ।
सत्संगति को मानते, फिर भी शक्ति महान ॥८॥

पुण्यात्मा को स्वर्ग में, लेजाता जो धर्म ।
मिलता वह सत्संग से, करके उत्तम कर्म ॥९॥

परमसखा–सत्संग से अन्य न कुछ भी और ।
और अहित दुःसंग से, जो देखो कर गौर ॥१०॥

परिच्छेद ४६

कुसंग से दूर रहना

१—योग्य पुरुष कुसङ्ग से डरते है, पर क्षुद्र प्रकृति के आदमी दुर्जनों से इस रीति से मिलते जुलते है कि मानो वे उनके कुटुम्ब के ही हों।

२—पानी का गुण बदल जाता है, वह जैसी धरती पर वहता है वैसा ही गुण उसका हो जाता है। इसी प्रकार मनुष्य की जैसी सगति होती है उस मे वैसे ही गुण आ जाते है।

३—आदमी की बुद्धि का सम्बन्ध तो उसके मस्तक से है, पर उसकी प्रतिष्ठा तो उन लोगो पर पूर्ण अवलम्बित है जिनकी कि सगति मे वह रहता है।

४—मालूम तो ऐसा होता है कि मनुष्य का स्वभाव उसके मन मे रहता है, किन्तु वास्तव मे उसका निवासस्थान उस गोष्ठी मे है कि जिनकी सङ्गति वह करता है।

५—मनकी पवित्रता और कर्मों की पवित्रता आदमी की सगति की पवित्रता पर निर्भर है।

६—पवित्र हृदय वाले पुरुष की सन्तति उत्तम होगी और जिसकी सगति अच्छी है वे हर प्रकार से फूलते फलते है।

७—अन्त करण की शुद्धता ही मनुष्य के लिए बडी सम्पत्ति है और सन्त सगति उसे हर प्रकार का गौरव प्रदान करती है।

८—बुद्धिमान् यद्यपि स्वयमेव सर्वगुणसम्पन्न होते है, फिर भी वे पवित्र पुरुषों के सुसग को शक्ति का स्तम्भ समझते है।

९—धर्म मनुष्य को स्वर्ग ले जाता है और सत्पुरुषों की सगति उसको धर्माचरण मे रत करती है।

१०—अच्छी सगति से बढकर आदमी का सहायक और कोई नहीं है। और कोई वस्तु इतनी हानि नही पहुँचाती जितनी कि दुर्जन की सगति।

परिच्छेद ४७

विचार पूर्वक काम करना

व्यय क्या अथवा लाभ क्या ?, क्या हानि इस कार्य ।
ऐसा पहिले सोच कर, करे उसे फिर आर्य ॥१॥
ऐसों से कर मंत्रणा, जो उसके आचार्य ।
राज्य करे उम भूप को, कौन असम्भव कार्य ॥२॥
लालच दे बहुलाभ का, करदे क्षय ही मूल ।
बुध ऐसे उद्योग में, हाथ न डालें भूल ॥३॥
हँसी जिसे भाती नहीं, करवानी निजनाम ।
बिना विचारे वह नहीं, करता बुध कुछ काम ॥४॥
स्वयं न सज्जित युद्ध को, पर जूझे कर टेक ।
करता वह निज राज्य पर, मानों अरि अभिषेक ॥५॥
अनुचित कार्यों को करे, तब हो नर का नाश ।
योग्यकर्म यदि छोड़दे, तो भी सत्यानाश ॥६॥
बिना विचारे प्राज्ञगण, करे न कुछ भी काम ।
करके पीछे सोचते, उनकी बुद्धि निकाम ॥७॥
नीतिमार्ग को त्याग जो, करना चाहे कार्य ।
पाकर भी साहाय्य बहु, निष्फल रहे अनार्य ॥८॥
नरस्वभाव को देखकर, करो सदा उपकार ।
चूक करे से अन्यथा, होगा दुःख अपार ॥९॥
निन्दा से जो सर्वथा शून्य, करो वे काम ।
कारण निन्दित काम से, गौरव होता श्याम ॥१०॥

परिच्छेद ४७

विचारपूर्वक काम करना

१—पहिले यह देखलो कि इस काम मे लागत कितनी लगेगी, कितना माल खराब जायगा और लाभ इसमे कितना होगा, पीछे उस काम को हाथ मे लो ।

२—देखो, जो राजा सुयोग्य पुरुषों से सलाह करने के पश्चात् ही किसी काम को करने का निर्णय करता है उसके लिए ऐसी कोई बात नही है जो असम्भव हो ।

३—ऐसे भी उद्योग है जो नफे का हरा भरा बाग दिखा कर अन्त मे मूलधन को नष्ट कर देते है, बुद्धिमान् लोग उनमें हाथ नहीं लगाते ।

४—जो लोग यह नही चाहते कि दूसरे आदमी उन पर हँसे वे पहिले अच्छी तरह से विचार किये विना कोई काम प्रारम्भ नही करते।

५—सब बातों की अच्छी प्रकार मोर्चाबन्दी किये विना ही लड़ाई छेड देने का अर्थ यह है कि तुम शत्रु को पूरी सावधानी के साथ तैयार की हुई भूमि पर लाकर खडा कर देते हो ।

६—कुछ काम ऐसे है कि जिन्हे नही करना चाहिए और यदि तुम करोगे तो नष्ट हो जाओगे तथा कुछ काम ऐसे है कि जिन्हे करना ही चाहिए, यदि तुम उन्हे न करोगे तो भी मिट जाओगे ।

७—भली रीति से पूर्ण विचार किये विना किसी काम को करने का निश्चय मत करो । वह मूर्ख है जो काम प्रारम्भ कर देता है और मनमे कहता है कि पीछे सोच लेंगे ।

८—जो योग्यमार्ग से काम नही करता उसका सारा परिश्रम व्यर्थ जावेगा, चाहे उसकी सहायता के लिए कितने ही आदमी क्यों न आ जायँ ।

९—जिसका तुम उपकार करना चाहते हो, उसके स्वभाव का यदि तुम ध्यान न रक्खोगे तो तुम भलाई करने मे भी भूल कर सकते हो ।

१०—तुम जो काम करना चाहते हो वह सर्वथा अपवाद रहित होना चाहिए, क्योंकि जगत मे उसका अपमान होता है जो अपने पद के अयोग्य काम करने पर उतारू हो जाता है ।

परिच्छेद ४८

शक्ति का विचार

विघ्नों को सोचे प्रथम, निज पर की फिर शक्ति ।
देखे पक्ष विपक्ष बल, कार्य करे फिर व्यक्ति ॥१॥

बना सुशिक्षित और जो, रखता निजबल-ज्ञान ।
अनुगामी हो बुद्धि का, सफल उसी का यान ॥२॥

मानी निजबल के बहुत, हुए नरेश अनेक ।
शक्ति अधिक जो कार्य कर, मिटे वृथा रख टेक ॥३॥

बहुमानी अथवा जिसे, नहीं बलाबलज्ञान ।
या अशान्त जीवन अधिक, तो समझो अवशान ॥४॥

दुर्बल भी दुर्जय बने, पाकर सब का संग ।
मोरपंख के भार से, होता रथ भी भंग ॥५॥

क्रिया, शक्ति को देख कर, करते बुद्धिविशाल ।
तरु की चोटी अज्ञ चढ़, शिरपर लेना काल ॥६॥

वैभव के अनुरूप ही, करो सदा बुध दान ।
यह ही योगक्षेम का, कारण श्रेष्ठ विधान ॥७॥

क्या चिन्ता यदि आय की, नाली है संकीर्ण ।
व्यय की यदि नाली नहीं, गृह में अति विस्तीर्ण ॥८॥

द्रव्य तथा निजशक्ति के, लेखे का जो काम ।
रखे नहीं जो पूर्व से, रहे न उसका नाम ॥९॥

खुले हाथ जो द्रव्य को, लुटवाता अज्ञान ।
क्षय में मिलता शीघ्र ही उसका कोष महान ॥१०॥

परिच्छेद ४८

शक्ति का विचार

१—जिस साहस से कर्म को तुम करना चाहते हो उसमे आने वाले सकटों को योग्य रीति से देख भाल लो, उसके पश्चात् अपनी शक्ति, अपने विरोधी की शक्ति तथा अपने और विरोधी के सहायको की शक्ति को देखो, पीछे उस काम को प्रारम्भ करो।

२—जो अपनी शक्ति को जानता है और जो कुछ उसे सीखना चाहिए वह सीख चुका है तथा जो अपनी शक्ति और ज्ञान की सीमा के बाहिर पॉव नही रखता, उसके आक्रमण कभी व्यर्थ नहीं जायँगे।

३—ऐसे बहुत से राजा हुए जिन्होने आवेश मे आकर अपनी शक्ति को अधिक समझा और काम प्रारम्भ कर बैठे, पर बीच मे ही उनका काम तमाम हो गया।

४—जो आदमी शान्तिपूर्वक रहना नही जानते, जो अपने बलाबल का ज्ञान नही रखते और जो घमण्ड मे चूर रहते है, उनका शीघ्र ही अन्त हो जाता है।

५—हद से अधिक मात्रा में रखने से मोरपख भी गाड़ी की धुरी को तोड़ डालेगे।

६—जो लोग वृक्ष की चोटी तक पहुँच गये है वे यदि अधिक ऊपर चढने की चेष्टा करेंगे तो अपने प्राण गमायँगे।

७—तुम्हारे पास कितना धन है इस बात का विचार रक्खो और उसके अनुसार ही तुम दान-दक्षिणा दो, योगक्षेम की बस यही रीति है।

८—भरने वाली नाली यदि तङ्ग है तो कोई पर्वाह नही, परन्तु व्यय करने वाली नाली अधिक विस्तीर्ण न हो।

९—जो अपने धन का हिसाब नही रखता और न अपनी सामर्थ्य को देखकर काम करता है, वह देखने मे वैभवभरा भले ही लगे पर वह इस तरह नष्ट होगा कि उसका नामोल्लेख भी न रहेगा।

१०—जो आदमी अपने धन का लेखाजोखा न रखकर, खुले हाथो से उसे लुटाता है, उसकी सम्पत्ति शीघ्र ही समाप्त हो जायगी।

परिच्छेद ४९

अवसर की परख

उल्लू पर पाता विजय, जैसे दिन को काक ।
वैसे अरि पर भूप भी, विजयी अवसर ताक ॥१॥

करलेना निजसाधना, देख समय को खास ।
मानो देना प्रेममय, भाग्यश्री को पास ॥२॥

साधन अवसर प्राप्त कर, करले जो व्यवहार्य ।
कार्यकुशल उस आर्य को, कौन असम्भव कार्य ॥३॥

साधन अवसर की अहो, रखते परख विशेष ।
जीतोगे निजशक्ति से, यह ही विश्व अशेष ॥४॥

जय-इच्छुक हैं देखते, अवसर को चुपचाप ।
विचलित हो करते नहीं, सहसा कार्यकलाप ॥५॥

हटकर मेढ़ा युद्ध में, करता जैसे चूर ।
कर्मठ भी वैसा दिखे, अकर्मण्य कुछ दूर ॥६॥

क्रोध प्रगट करते नहीं, तत्क्षण ही धीमान ।
अवसर उसका ताकते, करके मनमें पान ॥७॥

तब तक पूजो शत्रु को, जब तक उसका काल ।
जब हो अवनतिचक्र में, भू में मारो भाल ॥८॥

शुभ अवसर जब प्राप्त हो, करलो तब ही आर्य ।
निस्संशय हो शीघ्र ही, जो भी दुष्कर कार्य ॥९॥

अक्रिय बनता प्राज्ञनर, देख समय विपरीत ।
बकसम वह ही टूटता, जब देखे निजजीत ॥१०॥

परिच्छेद ४९

अवसर की परख

१—दिनमे कौआ उल्लू पर विजय पाता है। जो राजा अपने शत्रु को हराना चाहता है उसके लिए अवसर भी एक बडी वस्तु है।

२—सदैव समय को देखकर काम करना यह एक ऐसी डोरी है जो सौभाग्य को दृढता के साथ तुम से आबद्ध कर देगी।

३—यदि उचित अवसर और साधनो का ध्यान रख कर काम प्रारम्भ किया जाय और समुचित साधनो को उपयोग मे लिया जावे तो ऐसी कौनसी बात है जो असम्भव हो।

४—यदि तुम योग्य अवसर और उचित साधनों को चुनोगे तो सारे जगत को जीत सकते हो।

५—जिनके हृदय मे विजयकामना है वे चुपचाप मौका देखते रहते है, वे न तो गडबडाते है और न उतावले ही होते है।

६—चकनाचूर कर देने वाली चोट लगने के पहिले, मेढा एक बार पीछे हट जाता है। कर्मवीर की निष्कर्मण्यता भी ठीक इसी भाँति की होती है।

७—बुद्धिमान् लोग उसी क्षण अपने क्रोध को प्रगट नहीं करते। वे उसको मन ही मन मे रखते है और अवसर की प्रतीक्षा मे रहते हैं।

८—अपने वैरी के सामने झुक जाओ, जब तक उसकी अवनति का दिन नहीं आता। जब वह दिन आयेगा तब सुगमता के साथ उसे सिर के बल नीचे फैक दे सकोगे।

९—जब तुम्हे असाधारण अवसर मिले तो तुम हिचकिचाओ मत, बल्कि उसी क्षण काम मे जुट जाओ, फिर चाहे वह असम्भव ही क्यों न हो।

१० जब समय तुम्हारे प्रतिकूल हो तो बगुला की तरह निष्कर्मण्यता का बहाना करो, लेकिन जब वह अनुकूल हो तो बगुले के समान ही झपट कर तेजी के साथ हमला करो।

परिच्छेद ५०

स्थान का विचार

विना विचारे क्षेत्र के, या रिपु को लघु मान ।
कार्य तथा सग्राम को, करे नहीं सज्ञान ॥१॥

चाहे नर हो पूर्ण भट, और प्रतापी आर्य ।
दुर्गाश्रय फिर भी उसे, है आवश्यक कार्य ॥२॥

जो लड़ता है युक्ति से, चुनकर योग्य स्थान ।
दुर्बल होकर भी अहो, जीते, वह बलवान ॥३॥

जमकर उत्तम भूमि पर, लेकर जो वर शस्त्र ।
लड़ता उसके शत्रुगण, युक्ति-विफल गतिशस्त्र ॥४॥

भयदाई होता मगर, जलमें सिंह समान ।
बने खिलौना शत्रु का, जब आवे मैदान ॥५॥

उत्तम रथ भी सिन्धु में, करे न कुछ भी काज ।
वैसे ही भू पर नहीं, चलता कभी जहाज ॥६॥

लड़े जो उत्तम क्षेत्र पर, साज सजा युद्धार्थ ।
आवश्यक उसको नहीं, पर-बल भी विजयार्थ ॥७॥

दुर्बल भी वरक्षेत्र को, पा ले यदि निरपाय[1] ।
हो जाते तब शत्रु के, निष्फल सर्व उपाय ॥८॥

अन्नादिक जिस जाति को, दुर्लभ है रक्षार्थ ।
फिर भी उसको देश में, जय करना कठिनार्थ ॥९॥

भालों के जिसने सहे, विना निमेष प्रहार ।
उस ही गज को पक में, गीदड़ देता हार ॥१०॥

---

१. अपाय रहित ।

परिच्छेद ५०

स्थान का विचार

१—युद्धक्षेत्र की भली भॉति जाच किये विना लडाई न छेडो और न कोई काम प्रारम्भ करो तथा शत्रु को छोटा मत समझो ।

२—दुर्गवेष्टित स्थान पर खडा होना शक्तिशाली और प्रतापी पुरुष के लिए भी अत्यन्त लाभदायक है ।

३—यदि समुचित रणभूमि को चुन ले और सावधानी के साथ युद्ध करे तो दुर्बल भी अपनी रक्षा करके शक्तिशाली शत्रु को जीत सकते है ।

४—यदि तुम पहिले ही सुदृढ बनाये हुए स्थान पर खडे हो और वहा डटे हो तो तुम्हारे वैरियो की सब युक्तियॉ निष्फल सिद्ध होंगी ।

५—पानी के भीतर मगर शक्तिशाली है, किन्तु बाहिर निकलने पर वह वैरियो के हाथ का खिलौना है ।

६—नीचट पहियो वाला रथ समुद्र के ऊपर नही दौडता है और न सागर-गामी जहाज भूमि पर तैरता है ।

७—देखो, जो राजा सब कुछ पहिले से ही निर्धारित कर रखता है और समुचित स्थान पर आक्रमण करता है, उसको अपने बल के अतिरिक्त दूसरे सहायको की आवश्यकता नही है ।

८—जिसकी सेना निर्बल है वह राजा यदि रणक्षेत्र के समुचित भाग मे जाकर खडा हो तो उसके शत्रुओ की सारी चेष्टाये व्यर्थ सिद्ध होंगी ।

९—यदि रक्षा के साधन और अन्य सुभीते न भी हो तो भी किसी को उसके देश मे हराना कठिन है ।

१०—देखो, उस गजराज को, जिसने पलक मारे विना, भाले बरदारो की सारी सैन्य का सामना किया, लेकिन जब वही दलदली भूमि मे फॅस जाता है तो एक गीदड भी उसके ऊपर विजय पा लेता है ।

परिच्छेद ५१

विश्वासपुरुषों की परीक्षा

धनसे, भयसे, कामसे, और धर्मसे भूप ।
जाँचो नर के सत्य को, मान कसौटी रूप ॥१॥

जिसे प्रतिष्ठाभंग का, भय रहता स्वयमेव ।
उस कुलीन निर्दोष को, रखो सदा नरदेव ॥२॥

ज्ञानविभूषित प्राज्ञ नर, ऋषिसम शीलाधार ।
दोषशून्य वे भी नहीं, जो देखो सुविचार ॥३॥

सद्गुण देखो पूर्व में, फिर देखो सब दोष ।
उनमें जो भी हों अधिक, प्रकृति उसीसम घोष ॥४॥

इसका मन क्या क्षुद्र है, अथवा उच्च उदार ।
एक कसौटी है इसे, देखो नर-आचार ॥५॥

आशु–प्रतीति न योग्य वे, जो नर हैं गृहहीन ।
कारण एकाकी मनुज, लज्जा–ममताहीन ॥६॥

मूर्ख मनुज से प्रेमवश, करके यदि विश्वास ।
करे मंत्रणा भूप तो, विपदायें शिर–पास ॥७॥

अपरीक्षित नर का अहो, जो करता विश्वास ।
दुःखबीज बोकर कुधी, देता संतति त्रास ॥८॥

करो परीक्षित पुरुष का, मन में नृप विश्वास ।
जाँच अनन्तर योग्यपद, दो उसको सोल्लास ॥९॥

विना ज्ञान कुल शील के, करना परविश्वास ।
अप्रतीति फिर ज्ञात की, दोनों देते त्रास ॥१०॥

परिच्छेद ५१

विश्वस्त पुरुषों की परीक्षा

१—धर्म, अर्थ, काम और प्राणो का भय, ये चार कसौटियाँ है जिन पर कस कर मनुष्य को चुनना चाहिए ।

२—जो अच्छे कुल मे उत्पन्न हुआ है, दोषो से रहित है और अपयश से डरता है वही तुम्हारे लिए योग्य मनुष्य है ।

३—जब तुम परीक्षा करोगे तो देखोगे कि अत्यन्त ज्ञानवान और शुद्ध-मन वाले लोग भी हर प्रकार के अज्ञान से सर्वथा अलिप्त न निकलेगे ।

४—मनुष्य की भलाइयो को देखो और फिर उसकी बुराइयो पर दृष्टि डालो । इनमे जो अधिक है, बस समझ लो वैसा ही उसका स्वभाव है ।

५—क्या तुम जानना चाहते हो कि अमुक मनुष्य उदारचित्त है या क्षुद्रहृदय ? स्मरण रक्खो कि आचार-व्यवहार चरित्र की कसौटी है ।

६—सावधान ! उन लोगों का विश्वास देखभाल कर करना कि जिनके आगे पीछे कोई नहीं है, क्योकि उन लोगों का हृदय ममताहीन और लज्जारहित होता है ।

७—यदि तुम किसी मूर्ख को अपना विश्वासपात्र सलाहकार बनाना चाहते हो, केवल इसलिए कि तुम उसे प्यार करते हो, तो सोच रक्खो कि वह तुम्हे अनन्त मूर्खताओ मे ला पटकेगा ।

८—जो आदमी परीक्षा लिये विना ही दूसरे मनुष्य का विश्वास करता है, वह अपनी सतति के लिए अनेक आपत्तियों का बीज बो रहा है ।

९—परीक्षा किये विना किसी का विश्वास न करो और अपने आदमियों की परीक्षा लेने के अनन्तर हर एक को उसके योग्य काम दो ।

१०—अनजाने मनुष्य पर विश्वास करना और जाने हुए योग्य पुरुष पर सन्देह करना, ये दोनों ही बाते एक समान अगणित आपत्तियों की जननी है ।

परिच्छेद ५२

पुरुषपरीक्षा और नियुक्ति

गुण दुर्गुण जाने उभय[1], चलता पर, शुभचाल ।
ऐसे को ही कार्य में, कर नियुक्त नरपाल ॥१॥
जिसकी प्रतिभा से रहे, शासन में विस्फूर्ति ।
और हटे विपदा वही, करे सचिवपद-पूर्ति ॥२॥
निर्लोभी, करुणाभरा, कर्मठ, बुद्धिविशाल ।
राज्यकार्य को राखिए, ऐसा नर भूपाल ॥३॥
ऐसे भी नर हैं बहुत, जिनका पौरुष ख्यात ।
वे भी नर कर्तव्य से, अवसर पर हटजात ॥४॥
प्रीतिमात्र से कार्य का, भार न दो नरनाथ ।
कार्यकुशल हो शान्तिमय, यह भी देखो साथ ॥५॥
जिसकी जैसी योग्यता, वैसा दो अनुरूप ।
कार्य उसे फिर काम को, करवाओ मनरूप ॥६॥
पहिले देखो शक्ति को, फिर उसके सब कार्य ।
तब दो सेवक हाथ में, गतसशय हो, कार्य ॥७॥
उस पद को उपयुक्त यह, हो यदि यह ही भाव ।
तब उसके अनुरूप ही, करो व्यवस्था राव ॥८॥
भक्त कुशल भी भृत्यपर, रुष्ट रहे जो देव ।
भाग्यश्री उस भूप की, फिरजाती स्वयमेव ॥९॥
भृत्यवर्ग के कार्य को, प्रतिदिन देखो भूप ।
शुद्ध भृत्य हों राज्य में, फिर विपदा किसरूप ॥१०॥

---

[1] दोनो ।

परिच्छेद ५२

पुरुष परीक्षा और नियुक्ति

१—जो आदमी नेकी को भी देखता है और बदी को भी देखता है, लेकिन पसन्द उसी बात को करता है कि जो नेक है, बस उसी आदमी को अपनी नौकरी मे लो।

२—जो मनुष्य तुम्हारे राज्य के साधनो को विस्फूर्त कर सके और उस पर जो आपत्ति पडे उसे दूर कर सके, ऐसे ही आदमी के हाथ मे अपने राज्य का प्रबन्ध सोपो।

३—उसी आदमी को अपना कर्मचारी चुनो कि जिसमे दया, बुद्धि और द्रुत-निश्चय है अथवा जो लालच से परे है।

४—बहुत से आदमी ऐसे है जो सब प्रकार की परीक्षाओं मे उत्तीर्ण हो जाते है, फिर भी ठीक कर्तव्यपालन के समय वे बदल जाते हैं।

५—आदमियों के तद्विषयक ज्ञान और उसकी शान्तिपूर्ण कार्य कारिणी शक्ति का विचार करके ही उनके हाथो मे काम सौंपना चाहिए, इसलिए नहीं कि वे तुमसे प्रेम करते है।

६—प्रवीण मनुष्य को चुनकर उसे वही काम दो जिसके वह योग्य है, फिर जब काम करने का ठीक समय आवे तो उससे काम प्रारम्भ करवा दो।

७—पहिले सेवक की शक्ति और उसके योग्य काम का पूर्ण विचार करलो तब उसकी जवाबदारी पर वह काम उसके हाथमे दो।

८—जब तुम निश्चय कर चुको कि यह आदमी इस पद के योग्य है तब तुम उसे उस पद को सुशोभित करने योग्य बना दो।

९—जो व्यक्ति अपने भक्त और कार्यनिष्णात कर्मचारी पर रुष्ट होता है, भाग्यलक्ष्मी उससे फिर जायगी।

१०—राजा को चाहिए कि वह प्रतिदिन हर एक काम की देखभाल करता रहे, क्योंकि जब तक किसी देश के कर्मचारियों में दूषण न होंगे तब तक उस देश पर कोई आपत्ति न आयेगी।

परिच्छेद ५३

बन्धुता

स्नेहस्थिरता दुःख में, दृष्ट न हो अन्यत्र ।
वह तो केवल बन्धु में, दिखती है एकत्र ॥१॥

घटे नहीं जिस व्यक्ति से, बन्धुजनों का प्यार ।
उसकी वैभववृद्धि का रुद्ध न होता द्वार ॥२॥

सहृदय हो जिसने नहीं, लिया बन्धु अनुराग ।
बाँधविना वह सत्य ही, रीता एक तडाग ॥३॥

वैभव का उद्देश्य क्या, कौन तथा फलरीति ।
स्वजनों को एकत्र कर, लेना उनकी प्रीति ॥४॥

वाणी जिसकी मिष्ट हो, कर हो पूर्ण उदार ।
पंक्ति बाँध उसके यहाँ, आते बन्धु अपार ॥५॥

अमितदान दे विश्व को, तथा न जिसको क्रोध ।
विश्वबन्धु वह एक ही, जो देखो भू सोध ॥६॥

काक स्वार्थ से बन्धु को, नहीं छिपावे भक्ष्य ।
वैभव भी उसके यहाँ जिसका ऐसा लक्ष्य ॥७॥

राजा गुण अनुसार ही, करे बन्धु-सन्मान ।
दिखें बहुत से अन्यथा, ईर्ष्या की ही खान ॥८॥

हटे उदासी-हेतु तो, मिटजावे अनमेल ।
होते मनकी शुद्धि ही, बन्धु करे फिर मेल ॥९॥

एक बार तो तोड़ फिर, जो जोड़े सम्बन्ध ।
हो सहर्ष उससे मिलो, रखकर तर्क प्रबन्ध ॥१०॥

परिच्छेद ५३

बन्धुता

१—केवल बन्धुता मे ही विपत्ति के दिनो मे भी स्नेह मे स्थिरता रहती है ।

२—यदि मनुष्य बन्धुगणो से सौभाग्यशाली है और बन्धुगणों का प्रेम उस के लिए घटता नही है तो उसका ऐश्वर्य कभी बढ़ने से नही रुक सकता ।

३—जो मनुष्य अपने सम्बन्धियो के साथ सहृदयतापूर्वक नही मिलता है और उनका स्नेह नही पाता है वह उस सरोवर के समान है जिसमे ठेटा न हो और बढती रूपी पानी उससे दूर बह जाता है।

४—अपने नातेदारो को एकत्रित कर उन्हे अपने स्नेह बन्धन मे बाधना ही ऐश्वर्य का लाभ और उद्देश्य है ।

५—यदि एक आदमी की वाणी मधुर है और उदारहस्त है तो उस के सम्बन्धी उसके पास पक्ति बाधकर एकत्रित हो जायँगे ।

६—जो मनुष्य विना रोक के खूब दान करता है और कभी क्रोध नही करता, उससे बढकर जगत बन्धु कौन है ?

७—कौआ अपने भाइयो से अपने भोजन को स्वार्थ से छिपाता नही है, बल्कि प्यार से उसको बाटकर खाता है । ऐश्वर्य ऐसे ही प्रकृति के लोगो के साथ रहेगा ।

८—यह अच्छा है यदि राजा अपने सभी सम्बन्धियो के साथ एक सा व्यवहार नही करता परन्तु प्रत्येक के साथ उसकी योग्यतानुसार भिन्न भिन्न व्यवहार करता है, क्योकि ऐसे भी बहुत से है जो विशेषाधिकार को एकाकी रूप से भोगना पसन्द करते है ।

९—एक सम्बन्धी का मनमुटाव सरलता से दूर हो जाता है । यदि उदासीनता का कारण हटा दिया जाय तो वह तुम्हारे पास वापिस आ जायगा ।

१०—जब एक सम्बन्धी जिसका सम्बन्ध तुम से टूट गया हो और तुम्हारे पास किसी प्रयोजन के कारण वापिस आता है तो तुम उसे स्वीकार करो, परन्तु सतर्कता के साथ ।

परिच्छेद ५४

निश्चिन्तता से बचाव

अमित कोप से निद्य वह, बेखटकी है तात ।
अमिट अल्प सन्तोष से, मन में जो जमजात ॥१॥

जैसे दुष्ट दरिद्रता, करती प्रतिभानाश ।
वैसे ही निश्चिन्तता, करती वैभवनाश ॥२॥

कभी नहीं निश्चिन्त को, होती धन की आय ।
ऐसा करते अन्त में, निर्णय सब आम्नाय ॥३॥

दुर्गाश्रय का कौनसा, कायर को उपयोग ।
बहुसाधन से सुस्त के, क्या बढ़ते उद्योग ॥४॥

निजरक्षा के अर्थ भी, करता सुस्त प्रमाद ।
पीछे संकटग्रस्त हो, करता वही विषाद ॥५॥

पर से शुभ वर्ताव को, सजग मनुज यदि तात ।
भूतल में फिर कौन है, इससे बढकर बात ॥६॥

ध्यान लगा जो चित्त से, कर सकता सब कार्य ।
नहीं अशक्य उस आर्य को, भू में कुछ भी कार्य ॥७॥

विज्ञप्रदर्शित कार्य को, करे तुरत ही भूप ।
शुद्धि न होगी अन्यथा, जीवन भर अनुरूप ॥८॥

सुस्ती का जब चित्त में, होवे कुछ भी भान ।
मिटे उसीसे लोग जो, उनका कर तब ध्यान ॥९॥

रखता है निज ध्येय पर, दृष्टि सदा जो आर्य ।
सहज सिद्धि उसके यहाँ, मनचाहे सब कार्य ॥१०॥

परिच्छेद ५४

निश्चिन्तता से बचाव

१—अत्यन्त रोष से भी अचेत अवस्था बहुत बुरी है जो कि अहङ्कार पूर्ण अल्प सन्तोष से उत्पन्न होती है।

२—निश्चिन्तता के भ्रमात्मक विचार कीर्ति का भी नाश करते है जैसे दरिद्रता बुद्धि को कुचल देती है।

३—वैभव असावधान लोगो के लिए नहीं है ऐसा ससार के सभी विज्ञजनों का निश्चय है।

४—कापुरुष के लिए दुर्गों से क्या लाभ है। और असावधान के लिए पर्याप्त सहायक उपायो का क्या उपयोग ?

५—जो पहिले से अपनी रक्षा मे प्रमादी रहता है तब वह अपनी निश्चिन्तता पर पीछे से विलाप करता है, जब कि वह विपत्ति से विस्मित हो जाता है।

६—यदि तुम अपनी सावधानी मे हर समय और हरेक प्रकार के आदमियो से रक्षा करने मे सुस्ती नही करते तो इसके बराबर और क्या बात है !

७—उस मनुष्य के लिए कुछ भी असम्भव नही है जो कि अपने काम मे सुरक्षित और सजग रहने का विचार रखता है।

८—राजा को चाहिए कि विद्वानो द्वारा प्रशसित कार्यों मे अपने को परिश्रमपूर्वक जुटा दे। यदि वह उनकी उपेक्षा करता है तो वह दु ख उठाने से कभी भी नही बच सकता।

९—जब तुम्हारी आत्मा अहङ्कार और उत्सेक से मोहित होने को हो तब मस्तक मे उनका स्मरण रक्खो जो कि लापरवाही और बेसुधपन से नष्ट हो गये है।

१०—निश्चय ही एक मनुष्य के लिए यह सरल है वह जो कुछ इच्छा करे उसको प्राप्त करले, लेकिन वह अपने उद्देश को निरन्तर अपने मस्तिष्क के सामने रक्खे।

परिच्छेद ५५

न्याय-शासन

न्याय समय निष्पक्ष हो, करलो भूप विचार ।
लो सम्मति नीतिज्ञ की, फिर दो न्याय उदार ॥१॥

देखे जीवनदान को, भू ज्यों बारिद ओर ।
त्यों ही जनता न्यायहित, तकती नृप की ओर ॥२॥

राजदण्ड ही धर्म का, जैसे रक्षक मुख्य ।
वैसे ही वह लोक में, विद्यापोषक मुख्य ॥३॥

शासन में जिस भूप के, प्रीतिसुधा भरपूर ।
राजश्री उस भूप से, होती कभी न दूर ॥४॥

कर में लेता न्याय को, यथाशास्त्र जो भूप ।
होती उसके राज्य में, वर्षा धान्य अनूप ॥५॥

तीखा भाला है नहीं, जय में कारण एक ।
धर्म-न्याय ही भूप के, जय में कारण एक ॥६॥

राजा गुणमय तेज से, रक्षक भू का एक ।
नृप का रक्षक धर्ममय, अनुशासन ही एक ॥७॥

जिसका ध्यान न न्याय में, दर्शन कष्टनिधान ।
वह नृपपद से भ्रष्ट हो, विना शत्रु हतमान ॥८॥

भीतर के या बाह्य के, रिपु को देकर दण्ड ।
करता नृप कर्तव्य फिर, दूषण कौन प्रचण्ड ॥९॥

सुजनत्राण को दुष्ट का, बध भी है शुभकर्म ।
धान्यवृद्धि को खेत में, तृण का छेदन धर्म ॥१०॥

परिच्छेद ५५

न्याय-शासन

१—पूर्ण विचार करो और किसी की ओर मत झुको, निष्पक्ष होकर नीतिज्ञजनो की सम्मति लो, न्याय करने की यही रीति है।

२—संसार जीवनदान के लिए बादलो की ओर देखता है, ठीक इसी प्रकार न्याय के लिए लोग राजदण्ड की ओर निहारते है।

३—राज-दण्ड ही ब्रह्म-विद्या और धर्म का मुख्य सरक्षक है।

४—जो राजा अपने राज्य की प्रजा पर प्रेम-पूर्वक शासन करता है उससे राज्यलक्ष्मी कभी पृथक् न होगी।

५—जो नरेश नियमानुसार राज-दण्ड धारण करता है उसका देश समयानुकूल वर्षा और शस्य-श्री का घर बन जाता है।

६—राजा की विजय का कारण उसका भाला नही होता है बल्कि यों कहिये कि वह राज-दण्ड है जो निरन्तर सीधा रहता है और कभी किसी की ओर को नही झुकता।

७—राजा अपनी समस्त प्रजा का रक्षक है और उसकी रक्षा करेगा उसका राज-दण्ड, परन्तु वह उसे कभी किसी की ओर न झुकने दे।

८—जिस राजा की प्रजा सरलता से उसके पास तक नही पहुँच सकती और जो ध्यानपूर्वक न्याय विचार नही करता, वह राजा अपने पद से भ्रष्ट हो जायगा और वैरियो के न होने पर भी नष्ट हो जायगा।

९—जो राजा आन्तरिक और बाह्य शत्रुओ से अपनी प्रजा की रक्षा करता है, वह यदि अपराध करने पर उन्हे दण्ड दे तो यह उसका दोष नही है, किन्तु कर्तव्य है।

१०—दुष्टों को मृत्युदण्ड देना अनाज के खेत से घास को बाहिर निकालने के समान है।

परिच्छेद ५६

अत्याचार

जो शासक अतिदुष्ट है, प्रजावर्ग के बीच ।
वह भूपति नृप ही नहीं, घातक से भी नीच ॥१॥

निर्दय शासक के लगे, ऐसे मीठे बोल ।
डाकू जैसे बोलता, देदे जो हो खोल ॥२॥

जो नरेश देखे नहीं, प्रतिदिन शासनचक्र ।
राजश्री इस दोष से, होती उससे वक्र ॥३॥

विचलित हो जो न्याय से, उस नृप पर बहुशोक ।
राज्य सहित वह मूढ़धी, खोता धन अस्तोक[1] ॥४॥

त्रस्त प्रजा जब दुःख से, रोती आँसू ढार ।
बह जाती तब भूप की, सारी श्री उस धार ॥५॥

शासन यदि हो न्यायमय, तो नृपकी वरकीर्ति ।
न्याय नहीं यदि राज्य में, तो उसकी अपकीर्ति ॥६॥

विनावृष्टि नभके तले, पृथ्वी का जो हाल ।
निर्दयनृप के राज्य में, वही प्रजा का हाल ॥७॥

अन्यायी के राज्य में, दुःखित सब ही लोग ।
पर कुदशा भोगें अधिक, धनिकवर्ग के लोग ॥८॥

न्यायधर्म को लाँघ कर, चलता नृप जब चाल ।
स्वर्गनीर वर्षे बिना, पड़ता तब दुष्काल ॥९॥

तजदे शासन न्यायमय, नृप करके अज्ञान ।
पय सूखे तब धेनु का, द्विज भूलें निज ज्ञान ॥१०॥

---

१ बहुत ।

परिच्छेद ५६

अत्याचार

१—जो राजा अपनी प्रजा को सताता है और उस पर अन्याय व अत्याचार करता है वह हत्यारे से भी बढकर बुरा है।

२—जो राज-दण्ड धारण करता है, उसकी प्रार्थना ही हाथ मे तलवार लिये हुए डाकू के इन शब्दों के समान है "खडे रहो और जो कुछ है रखदो"।

३—जो राजा प्रतिदिन राज्य-सचालन की देख रेख नही रखता और उसमे जो त्रुटियॉ है उन्हे दूर नही करता उसकी प्रभुता दिन दिन क्षीण होती जायगी।

४—शोक है उस विचारहीन राजा पर, जो न्यायमार्ग से चल विचल हो जाता है, वह अपना राज्य और विपुल धन सब खो देगा।

५—निस्सन्देह ये, अत्याचार-दलित दु ख से कराहते हुए लोगों के ऑसू ही है, जो राजा की समृद्धि को धीरे धीरे बहा ले जाते है।

६—न्याय-शासन द्वारा ही राजा को यश मिलता है और अन्याय-शासन उसकी कीर्ति को कलङ्कित करता है।

७—वर्षाहीन आकाश के तले पृथ्वी की जो दशा होती है, ठीक वही दशा निर्दयी राजा के राज्य मे प्रजा की होती है।

८—अत्याचारी नरेश के शासन मे गरीबो से अधिक दुर्गति धनिकों की होती है।

९—यदि राजा न्याय और धर्म के मार्ग से पराङ्मुख हो जायगा तो आकाशसे ठीक समय पर वर्षाकी बौछारे आना बन्द हो जायॅगी।

१०—यदि राजा न्याय-पूर्वक शासन नही करेगा तो गाय के थन सूख जायॅगे और द्विज अपनी विद्या को भूल जायॅगे।

परिच्छेद ५७

भयप्रद कृत्यों का त्याग

दोषी को नृप दण्ड दे, सीमा में अनुरूप ।
करे न दोषी दोष फिर, हो उसका यह रूप ॥१॥

शक्ति रहे मेरी अटल, यह चाहो यदि तात ।
तो कर में वह दण्ड लो, जिसका मृदु आघात ॥२॥

असि ही जिसका दण्ड वह, बड़ा भयंकर भूप ।
कौन सखा उसका यहाँ, क्षय ही अन्तिम रूप ॥३॥

निर्दय शासन के लिए, जो शासक विख्यात ।
असमय में पदभ्रष्ट हो, खोता तन वह तात ॥४॥

भीम अगम्य नरेश की, श्री यों होती भान ।
राक्षस रक्षित भूमि में, ज्यों हो एक-निधान ॥५॥

क्षमारहित जो क्रूर नृप, बोले बचन अनिष्ट ।
बढ़ा चढ़ा उसका विभव, होगा शीघ्र बिनष्ट ॥६॥

कर्कश वाणी और हो, सीमा बाहिर दण्ड ।
काटे तीखे शस्त्र ये, नृप की शक्ति प्रचण्ड ॥७॥

प्रथम नहीं ले मंत्रणा, सचिवों से जो भूप ।
क्षोभ उसे वैफल्य से, श्री उसकी हतरूप ॥८॥

रहा अरक्षित जो नृपति, पाकर भी अवकाश ।
चौंक उठेगा कांप कर, रण में लख निज नाश ॥९॥

मूर्ख मनुज या चाटुकर, देते जहाँ सलाह ।
ऐसे कुत्सित राज्य में, पृथ्वी भरती आह ॥१०॥

परिच्छेद ५७

भयप्रद कृत्यों का त्याग

१—राजा का कर्तव्य है कि वह दोषी को नापतौल कर ही दण्ड देवे, जिससे कि वह दुवारा वैसा कर्म न करे, फिर भी वह दण्ड सीमा के बाहिर न होना चाहिए।

२—जो अपनी शक्ति को स्थायी रखने के इच्छुक है उन्हे चाहिए कि वे अपना शासनदण्ड तत्परता से चलावे, परन्तु उसका आघात कठोर न हो।

३—उस राजा को देखो, जो अपने लोहदण्ड द्वारा ही शासन करता है और अपनी प्रजा मे भय उत्पन्न करता है। उसका कोई भी मित्र न रहेगा और शीघ्र ही नाश को प्राप्त होगा।

४—जो राजा अपनी प्रजा मे अत्याचार के लिए प्रसिद्ध है वह असमय मे ही अपने राज्य से हाथ धो बैठेगा और उसका आयुष्य भी घट जायगा।

५—जिस राजा का द्वार अपनी प्रजा के लिए सदा बन्द है उसके हाथ मे सम्पत्ति ऐसी लगती है मानो किसी राक्षस के द्वारा रखाई हुई कोई धनराशि हो।

६—जो राजा कठोर वचन बोलता है और क्षमा जिसकी प्रकृति में नही, वह चाहे वैभव मे कितना ही बढा चढा हो तो भी उसका अन्त शीघ्र होगा।

७—कठोर शब्द और सीमातिक्रान्त-दण्ड वे अस्त्र है जो सत्ता की प्रतिष्ठा को छिन्नभिन्न कर देते है।

८—उस राजा को देखो, जो अपने मन्त्रियो से तो परामर्श नही करता और अपनी योजनाओ के असफल होने पर आवेश मे आ जाता है, उसका वैभव क्रमश विलीन हो जायगा।

९—समय रहते, जो, अपनी रक्षा के साधनों को नहीं देखता उस राजा को क्या कहे? जब उस पर सहसा आक्रमण होगा तो वह धैर्य खो बैठेगा और पकडा जावेगा तथा अन्त मे उसका सर्वनाश शीघ्र ही होगा।

१०—उस कठोर शासन के सिवाय, जो मूर्ख और चापलूसो के परामर्श पर निर्भर है और कोई बडा भारी भार नही है जिसके कारण पृथ्वी कराहती है।

परिच्छेद ५८

विचार शीलता

कौन यहाँ है शीलसम, सुन्दर सुख का धाम ।
इससे ही इस सृष्टि के, चलें उचित सब काम ॥१॥
नर के केवल शील में, जीवन का शुभसार ।
कारण बनता अन्यथा, मानव पृथ्वीभार ॥२॥
गायन जिसका हो नहीं, कैसी वह है गीति ।
निर्मोही वे नेत्र क्या, दिखे न जिनमें प्रीति ॥३॥
पर आदर जिनमें नहीं, मात्रा के अनुसार ।
नहीं नयन वे आस्य में, बने एक आकार ॥४॥
सच मुच ऐसे नेत्र तो, शिर में केवल घाव ।
जिन में भूषण शील का, दिखे नहीं सद्भाव ॥५॥
आँखों में जिसकी नहीं, मान तथा संकोच ।
भला नहीं जड़मूर्ति से, वह देखो यदि सोच ॥६॥
सच मुच वे ही अन्ध हैं, जिन्हें न पर का ध्यान ।
सहन करें पर दोष को वे ही लोचनवान ॥७॥
नहीं छिपा कर्तव्य को, जो करता पर-मान ।
भू भरके सब राज्यका, वारिस वह गुणवान ॥८॥
अहित करे उसको क्षमा, देकर करदे मुक्त ।
स्नेह करे यदि साथ तो, बड़ी उच्चता युक्त ॥९॥
शीलनेत्र यदि विश्व में, बनने का है ध्यान ।
जिसे मिलाया सामने, पीले वह विष तान ॥१०॥

परिच्छेद ५८

विचारशीलता

१—उस परम आनन्ददायक सुन्दरता को देखो, जिसे लोग शील कहते है। यदि यह जगत सुचारु रूपसे चल रहा है तो इसमे कारण एक शीलता ही है ।

२—जीवन की मनोहरताओ का शील मे अस्तित्व रहता है, जो इसको नही रखते वे पृथ्वी के लिए भार है ।

३—उस गीत का क्या महत्व है जो गाया नही जाता और उस आँख का क्या महत्व है जो प्रेम नही दर्शाती ?

४—उन आखों से क्या लाभ जो चेहरे मे केवल दीखती है, यदि वे दूसरो के लिए मात्रा के अनुसार आदर नही दर्शाती ।

५—शील आँख का भूषण है। जिस आँख मे यह नही होता वह केवल एक घाव ही समझा जायगा।

६—उन लोगों को देखो जिनके आँखे है पर जो दूसरो के प्रति बिल्कुल शील (लिहाज) नही रखते, निश्चय ही उन मूर्तियों से अच्छे नही है जो, काठ व मिट्टी की बनी हुई है ।

७—सचमुच ही वे अन्धे है जो दूसरो के प्रति आदर नही रखते और केवल वे ही वास्तव मे देखते है जो दूसरों की गलतियो के प्रति दयालु रहते है ।

८—उस आदमी को देखो जो दूसरो के प्रति बिना अपने किसी कर्तव्य को कम किये लिहाजदार रह सकता है, वह पृथ्वी को उत्तराधिकार मे पा लेगा ।

९—यह उच्चता है कि जिसने तुमको दुःख दिया हो उसे तुम छोड़ दो और उसके साथ क्षमा का व्यवहार करो ।

१०—जो सत्य ही सुशील नेत्र वाला बनना चाहते है उनको वह विष भी पीना होगा जो उनकी आखो के सामने ही मिलाया गया हो।

परिच्छेद ५९

गुप्तचर

राज्यस्थिति के ज्ञान को, भूपति के दो नेत्र ।
पहिला उनमें 'नीति' है, दूजा 'चर' है नेत्र ॥१॥

राजा के कर्तव्य में, यह भी निश्चित काम ।
देखे नृप चरचक्षु से, नरचर्या प्रतियाम ॥२॥

चर से या निज दूत से, घटनाएँ विज्ञात ।
जिस नृप को होतीं नहीं, उसे विजय क्या तात ॥३॥

रिपु, बान्धव या भृत्य की, गति मति के बोधार्थ ।
रक्खे चर को नित्य नृप, जो दे बात यथार्थ ॥४॥

जिसकी मुखमुद्रा नहीं, करती कुछ सन्देह ।
वाक्यचतुर, निजमर्म का रक्षक चर गुणगेह ॥५॥

साधु तपस्वीवेश में, रक्षित करके मर्म ।
भाँति भाँति के यत्न से, साधे चर निजकर्म ॥६॥

लेने में परमर्म को, जो है सहज प्रवीण ।
जिसकी खोजें सत्य हों, वह ही प्रणिधि-धुरीण ॥७॥

पूर्व प्रणिधि की सूचना, करे नृपति तब मान्य ।
उसमें परचर-उक्ति से, जब आवे प्रामाण्य ॥८॥

आपस में अज्ञात हों, ऐसे चर दें कार्य ।
तीन कहें जब एक से, तब समझो सच आर्य ॥९॥

पुरस्कार निजराज्य के, चर का करो न ख्यात ।
सर्वराज्य ही अन्यथा, होगा पर को ज्ञात ॥१०॥

---

१ गुप्तचर ।

परिच्छेद ५९

गुप्तचर

१—राजा को यह ध्यान मे रखना चाहिए कि राजनीति और गुप्तचर ये दो आँखे है जिनसे वह देखता है ।

२—राजा का काम है कि कभी कभी प्रत्येक मनुष्य की प्रत्येक बात की प्रतिदिन खबर रक्खे ।

३—जो राजा गुप्तचरो और दूतो के द्वारा अपने चारों ओर होने वाली घटनाओ की खबर नही रखता उसके लिए दिग्विजय नहीं है ।

४—राजा को चाहिए कि अपने राज्य के कर्मचारियो, अपने बन्धु-वान्धवों और शत्रुओं की गतिमति को देखने के लिए गुप्तचर नियत कर रक्खे ।

५—जो आदमी अपनी मुखमुद्रा का ऐसा भाव बना सके कि जिससे किसी को सन्देह न हो और किसी भी आदमी के सामने गड़-बडाये नही तथा जो अपने गुप्त भेदो को किसी तरह प्रगट न होने दे, भेदिया का काम करने के लिए वही ठीक आदमी है ।

६—गुप्तचरों और दूतो को चाहिए कि वे साधु-सन्तो का वेश धारण करे और खोजकर सच्चा भेद निकाल ले, किन्तु चाहे कुछ भी हो जाय वे अपना भेद न बतावे ।

७—जो मनुष्य दूसरो के पेट से भेद की बाते निकाल सकता है और जिसकी गवेषणा सदा शुद्ध तथा निस्सन्दिग्ध होती है वही भेद लगाने का काम करने लायक है ।

८—एक गुप्तचर के द्वारा जो सूचना मिलती है, उसको दूसरे चर की सूचना से मिलाकर जाचना चाहिए ।

९ इस बात का ध्यान रक्खो कि कोई गुप्तचर उसी काम मे लगे हुए दूसरे गुप्तचर को न जानने पावे और जब तीन चरो की सूचनाएँ एक दूसरे से मिलती हो, तब उन्हे सच्चा मानना चाहिए ।

१०—अपने गुप्तचरों को उजागर रूप मे पुरस्कार मत दो, क्योकि यदि तुम ऐसा करोगे तो अपने सारे राज्य का गुप्त रहस्य खोल दोगे ।

परिच्छेद ६०

उत्साह

उत्साही नर ही सदा, हैं सच्चे धनवान ।
अन्य नहीं निजवित्त के, स्वामी गौरववान ॥१॥

सच्चा धन इस विश्व में, नर का ही उत्साह ।
अस्थिर वैभव अन्य सब, बहते काल-प्रवाह ॥२॥

साधन जिनके हाथ में, है अटूट उत्साह ।
क्या, निराश हों, धन्य वे, भरते दुःखद आह[1] ॥३॥

श्रम से भगे न दूर जो, देख विपुल आयास ।
खोज सदन उस धन्य का करता भाग्य निवास ॥४॥

तरुलक्ष्मी की साख ज्यों, देता नीर प्रवाह ।
भाग्यश्री की सूचना, देता त्यों उत्साह ॥५॥

लक्ष्य सदा ऊँचा रखो, यह ही चतुर सुनीति ।
सिद्धि नहीं जो भी मिले, तो भी मलिन न कीर्ति ॥६॥

हतोत्साह होता नहीं, हारचुका भी वीर ।
पैर जमाता और भी, गज खा तीखे-तीर ॥७॥

हो जावे उत्साह ही, जिसका क्रम से मन्द ।
उस नर के क्या भाग्य में, वैभव का आनन्द ॥८॥

सिंह देख गजराज का, जब मन ही मरजाय ।
कौन काम के दन्त तब, और बृहत्तर-काय ॥९॥

है अपार उत्साह ही, भू में शक्ति महान ।
हैं पशु ही उसके विना, आकृति में असमान ॥१०॥

---

१ क्लेश ।

परिच्छेद ६०

उत्साह

१—वे ही सम्पत्तिशाली कहे जा सकते है जिनमे उत्साह है और जिनमे यह उत्साह नही है वे क्या वास्तव मे अपने धन के स्वामी है ?

२—पुरुषार्थ ही यथार्थ मे मनुष्य की सच्ची सम्पत्ति है, क्योकि दूसरी सम्पति तो स्थायी नही रहती, वह तो मनुष्य के हाथ से एक दिन अवश्य ही चली जावेगी।

३—वे मनुष्य धन्य है, जिनके हाथ मे अटूट उत्साह रूपी साधन है, उनको यह कहकर कभी निराश न होना पड़ेगा कि हाय ! हाय ! हमारा तो सर्वनाश हो गया।

४—धन्य है वह पुरुष जो परिश्रम से कभी पीछे नही हटता, भाग्य-लक्ष्मी उसके घर की राह पूछती हुई आती है।

५—झाड तथा पौधो को सीचने के लिए जो पानी दिया जाता है उससे जिस प्रकार अच्छी बहार का पता लगता है, उसी प्रकार आदमी का उत्साह उसके भाग्यशीलता का परिचायक है।

६—अपने उद्देश्यो को उदात्त बनाये रहो, कारण यदि वे विफल रहे तो भी तुम्हारे यश को कलङ्क न लगेगा।

७—साहसी पुरुष पराजित होने पर भी निरुत्साहित नही होते। हाथी तीखे बाणो के गहरे आघात होने पर अपने पैरों को और भी दृढता से जमा देता है।

८—उन पुरुषों को देखो जिनका उत्साह शनै शनै क्षीण हो रहा है। अपार उदारता के वैभव का आनन्द उनके भाग्य मे नही है।

९—जब हाथी सिह को अपने ऊपर आक्रमण के लिए तैयार देखता है तब उसका हृदय बैठ जाता है। बताइये इतना बडा शरीर और उसके सुतीक्ष्ण लम्बे दाँत किस काम के ?

१०—अपार उत्साह ही शक्ति है। जिसमे उत्साह नही वे तो निरे पशु है, उनका मानवशरीर तो एक मात्र शारीरिक विशेषता को ही प्रगट करने वाला है।

परिच्छेद ६१

आलस्य–त्याग

देखो है आलस्य भी, दूषित वायु प्रचण्ड ।
झोके से नृपवंश की, बुझती ज्योति अखण्ड ॥१॥

कहने दो तुम आलसी, पर परख, तजो स्त्यान[1] ।
निज का और स्ववश का, यदि चाहो उत्थान ॥२॥

हत्यारे आलस्य की, जिस के मन में प्यास ।
देखेगा मतिमन्द वह, जीवित ही कुलनाश ॥३॥

जिनके कर आलस्य से, करें न उन्नति–कार्य ।
क्षीणगृही बन भोगते, वे संकट अनिवार्य ॥४॥

विस्मृति, निद्रा काल का यापन ढील अपार ।
होती ये हतभाग्य की, उत्सवनौका चार ॥५॥

नहीं समुन्नति साध्य है, नर को जब आलस्य ।
राजकृपा भी प्राप्त कर, भू में वह उपहास्य ॥६॥

करें न जिन के हाथ कुछ, उन्नति के व्यापार ।
सहते वे नर आलसी, नित्य घृणा धिक्कार ॥७॥

जो कुटुम्ब आलस्य का, यहाँ बने आवास ।
शत्रुकरों में शीघ्र वह, पड़ता विना प्रयास ॥८॥

अहो मनुज आलस्यमय, त्यागे जब ही पाप ।
आते संकट क्रूर भी, ठिटक जायँ तब आप ॥९॥

कर्मलीन हो भूप यदि, करे न रञ्च प्रमाद ।
छत्रतले वसुधा वसे, नपी त्रिविक्रम पाद ॥१०॥

---

१. सुस्ती ।

परिच्छेद ६१

आलस्य-त्याग

१—आलस्यरूपी अपवित्र वायु के झोके से राजवश की अखण्ड ज्योति बुझ जायगी ।

२—लोगो को आलसी कहकर पुकारने दो ! पर जो अपने घराने को दृढ पाये पर उन्नत करना चाहते है उन्हे आलस्य के खरे स्वरूप को समझकर उसका त्याग कर देना चाहिए ।

३—जो लोग इस हत्यारे आलस्य को हृदय से लगाते है उन मूर्खो का वश उनके जीवनकाल मे ही नष्ट हो जायगा ।

४—जो लोग आलस्य मे डूबकर उच्च तथा महान् कार्यो की ओर अपना हाथ नही बढ़ाते उनका घर क्षयकाल मे पडकर सकटग्रस्त हो जायगा ।

५—विनाश होना जिनके भाग्य मे बदा है उनकी टालमटूल, विस्मृति सुस्ती, और निद्रा, ये चार उत्सव-नौकाये है ।

६—राजकृपा भी हो तो भी आलसी की उन्नति सम्भव नही है ।

७—जो लोग आलसी है और महत्त्वपूर्ण कार्यो मे अपना हाथ नही बटाते उनको ससार मे निन्दा और धिक्कार सुनने ही पडेगे ।

८—जिस कुटुम्ब मे आलस्य घर कर लेता है वह कुटुम्ब शीघ्र ही शत्रुओ के हाथ मे पड जायगा ।

९—कभी किसी मनुष्य पर कुछ सकट आते हो और यदि वह उसी समय आलस्य का त्याग कर देवे तो वे सकट भी वही ठिटक जावेगे ।

१०—जिस राजा ने आलस्य को सर्वथा त्याग दिया है वह एक दिन त्रिविक्रम से नपी हुई इस विशाल पृथ्वी को अपने अधिकार मे ले आयेगा ।

परिच्छेद ६२

पुरुषार्थ

हटो न पीछे कर्म से, कहकर उसे अशक्य ।
है समर्थ पुरुषार्थ जब, करने को सब शक्य ॥१॥

अहो सयाने भूलकर, करो न आधा कार्य ।
देगा तुम्हें न अन्यथा, आदर कोई आर्य ॥२॥

दुःखसमय भी साथ दे, वह नर गौरववान ।
सेवानिधि गिरवी धरे, तब पाता वह मान ॥३॥

पौरुष विना उदारता, क्लीव कृपाण समान ।
कारण अस्थिर एक से, खोते दोनों मान ॥४॥

जिसे न सुख की कामना, चाहे कर्म उदार ।
मित्रों का आधार वह, आँसू पोंछनाहार ॥५॥

क्रियाशीलता विश्व में, वैभव-जननी ख्यात ।
और अलस दारिद्र्यसम, दुर्बलता का तात ॥६॥

सचमुच ही आलस्य में, है दारिद्र्यनिवास ।
पर करती उद्योग में, कमला नित्य निवास ॥७॥

क्षीणविभव हो दैववश, क्या लज्जा की बात ।
श्रम से भगना दूर ही, है लज्जा की बात ॥८॥

भाग्य भले ही योगवश, चाहे हो प्रतिकूल ।
देता है पुरुषार्थ पर, सत्फल ही अनुकूल ॥९॥

रहे न निर्भर भाग्य पर, जो नर कर्मधुरीण ।
विधि भी रहते वाम वह, होता जयी प्रवीण ॥१०॥

परिच्छेद ६२

पुरुषार्थ

१—यह काम अशक्य है, ऐसा कहकर किसी भी काम से पीछे न हटो, कारण पुरुषार्थ अर्थात् उद्योग प्रत्येक काम मे सिद्धि देने की शक्ति रखता है।

२—किसी काम को अधूरा छोडने से सावधान रहो, कारण अधूरा काम करने वालो की जगत मे कोई चाह नही करता।

३—किसी के भी कष्ट के समय उससे दूर न रहने में ही मनुष्य का बडप्पन है और उसको प्राप्त करने के लिए सभी मनुष्यो को हार्दिक सेवा रूप निधि (धरोहर) रखनी पडती है।

४—पुरुषार्थहीन की उदारता नपुंसक की तलवार के समान है, कारण वह अधिक समय तक टिक नही सकती।

५—जो सुख की चाह न कर कार्य को चाहता है वह मित्रो का ऐसा आधारस्तम्भ है जो उनके दुःख के आंसुओ को पोंछेगा।

६—उद्योगशीलता ही वैभव की माता है, पर आलस्य दारिद्र्य और दुर्बलता का जनक है।

७—कङ्गाली का घर निरुद्योगिता है, लेकिन जो आलस्य के फेर मे नही पडता उसके परिश्रम मे लक्ष्मी का नित्य निवास है।

८—यदि मनुष्य कदाचित वैभवहीन हो जावे तो कोई लज्जा की बात नही है, परन्तु जानबूझकर मनुष्य श्रम से मुख मोडे यह बडी ही लज्जा की बात है।

९—भाग्य उलटा भी हो तो भी उद्योग श्रम का फल दिये बिना नही रहता।

१०—जो भाग्यचक्र के भरोसे न रहकर लगातार पुरुषार्थ किये जाता है वह विपरीत भाग्य के रहने पर भी उस पर विजय प्राप्त करता है।

परिच्छेद ६३

संकट में धैर्य

करो हँसी से सामना, जब दे विपदा त्रास ।
विपदाजय को एक ही, प्रबल सहायक हास ॥१॥

अस्थिर भी एकाग्र हो, लेलेता जब चाप ।
क्षुब्ध जलधि भी दुःख का, दबजाता तब आप ॥२॥

विपदा को विपदा नहीं, माने जब नर आप ।
विपदा में पड़ लौटती, विपदाएँ तब आप ॥३॥

करे विपद् का सामना, भैंसासम जी-तोड़ ।
तो उसकी सब आपदा, हटतीं आशा छोड़ ॥४॥

विपदा की सैना बड़ी, खड़ी सुसज्जित देख ।
नहीं तजै जो धैर्य को, डरें उसे वे देख ॥५॥

किया न उत्सव गेह में, जब था निजसौभाग्य ।
तब कैसे वह बोलता, हा आया 'दुर्भाग्य' ॥६॥

विज्ञ स्वयं यह जानते, विपदागृह है देह ।
विपदा में पड़कर तभी, बने न चिन्ता गेह ॥७॥

अटल नियम में सृष्टि के, गिनता है जो दुःख ।
उस अविलासी धीर को, बाधा से क्या दुःख ॥८॥

वैभव के वर-लाभ में, जिसे न अति आह्लाद ।
होगा उसके नाश में, क्योंकर उसे विषाद ॥९॥

श्रम दबाव या वेग में, माने जो नर मोद ।
फैलाते उस धीर की, अरि भी गुण-आमोद[1] ॥१०॥

---

१ सुगन्धि ।

परिच्छेद ६३

संकट में धैर्य

१—जब तुम पर कोई आपदा आ पडे तो तुम हँसते हुए उसका सामना करो क्योकि मनुष्य को आपत्ति का सामना करने के लिए सहायता देने मे मुस्कान से बढकर और कोई वस्तु नही है ।

२—अनिश्चित मन का पुरुष भी मन को एकाग्र करके जब सामना करने को खडा होता है तो आपत्तियो का लहराता हुआ सागर भी दबकर बैठ जाता है ।

३—आपत्तियो को जो आपत्ति नही समझते, वे आपत्तियो को ही आपत्ति मे डालकर वापिस भेज देते है ।

४—भैसे की तरह हर एक सकट का सामना करने के लिए जो जी तोडकर श्रम करने को तैयार है, उसके सामने विघ्न-वाधा आयँगी पर निराश होकर अपना सा मुँह लेकर वापिस चली जायँगी ।

५—आपत्ति की एक समस्त सेना को अपने विरुद्ध सुसज्जित खडी देखकर भी जिसका मन बैठ नही जाता, वाधाओ को उसके पास आने मे स्वय वाधा होती है ।

६—सौभाग्य के समय जो हर्ष नही मनाते क्या वे कभी इस प्रकार का दुखौना कहते फिरेंगे कि हाय ! हम नष्ट हो गये ।

७—बुद्धिमान् लोग जानते है कि यह देह तो विपत्तियों का घर है और इसीलिए जब उन पर कोई सकट आ जाता है तो वे उसकी कुछ पर्वाह नही करते ।

८—जो आदमी भोगोपभोग की लालसा मे लिप्त नही और जो जानता है कि आपत्तिया भी सृष्टि-नियम के अन्तर्गत है, वह वाधा पडने पर कभी दु खित नही होता ।

९—सफलता के समय जो हर्ष मे मग्न नही होता, असफलता के समय उसे दु ख से घवराना नही पड़ता ।

१०—जो आदमी परिश्रम के दु ख, दवाब और आवेग को सच्चा सुख समझता है उसके वैरी भी उसकी प्रशसा करते है ।

परिच्छेद ६४

मंत्री

जाने सब ही कार्य के, अवसर और उपाय ।
तीक्ष्णबुद्धि वह भूप को, देवे मंत्रसहाय ॥१॥
दृढ़निश्चय, सद्वश्यता, पौरुष, ज्ञान-अगार ।
प्रजोत्कर्ष को नित्यरुचि, सचिव गुणों का सार ॥२॥
भेद करे रिपुवर्ग में, मित्रों से अतिसख्य ।
सन्धिकला में दक्ष जो, वही सचिव है भव्य ॥३॥
साधन चुनने में कुशल, उद्यमप्रीति अपार ।
सम्मति दे सुस्पष्ट जो, मंत्री गुणमणिसार ॥४॥
नियम, क्षेत्र, अवसर जिसे, हों उत्तम विज्ञात ।
भाषणपटु हो प्राज्ञतम, योग्य सचिव वह ख्यात ॥५॥
प्राप्त जिसे स्वाध्याय से, प्रतिभा का आलोक ।
उस नर को दुर्ज्ञेय क्या, वस्तु अहो इस लोक ॥६॥
विद्या पढ़ कर भी बनो, अनुभव से भरपूर ।
और करो व्यवहार वह, अनुभव जहाँ न दूर ॥७॥
बाधक अथवा अज्ञ भी, नृप हो यदि साक्षात ।
तो भी मंत्री भूप को, बोले हित की बात ॥८॥
मंत्रभवन में मंत्रणा, जो दे नाशस्वरूप ।
सप्तकोटि रिपु से अधिक, वह अरि मंत्री रूप ॥९॥
विना विचारे बुद्धि से, मनसूबे निस्सार ।
डग मग चंचल चित्तका, कर न सके व्यवहार ॥१०॥

परिच्छेद ६४

मंत्री

१—देखो, जो मनुष्य महत्वपूर्ण उद्योगो को सफलतापूर्वक सम्पादन करने के मार्गों और साधनो को जानता है तथा उनको आरम्भ करने के समुचित समय को पहिचानता है सलाह देने के लिए वही योग्य पुरुष है ।

२—स्वाध्याय, दृढ-निश्चय, पौरुष, कुलीनता और प्रजा की भलाई के निमित्त सप्रेम चेष्टा ये मन्त्री के पाच गुण है ।

३—जिसमे शत्रुओ के अन्दर फूट डालने की शक्ति है जो वर्तमान मित्रता के सम्बन्धो को बनाये रख सकता है और जो वैरी बन गये है उनसे सन्धि करने की सामर्थ्य जिसमे है बस वही योग्य मन्त्री है ।

४—उचित उद्योगो को पसन्द करने और उनको कार्यरूप मे परिणत करने के साधनो को चुनने की योग्यता तथा सम्मति देते समय निश्चयात्मक स्पष्टता ये परामर्शदाता के आवश्यक गुण हैं ।

५—जो नियमो को जानता है तथा विपुल ज्ञान से भरा है जो समझ बूझकर बात करता है और जिसे प्रत्येक प्रसग की परख है बस वही तुम्हारे योग्य मन्त्री है ।

६—जो पुस्तको के ज्ञान द्वारा अपनी स्वाभाविक बुद्धि की अभिवृद्धि कर लेते है, उनके लिए कौनसी बात इतनी कठिन है जो उनकी समझ मे न आ सके ।

७—पुस्तकी ज्ञानमें यद्यपि तुम सुदक्षहो फिर भी तुम्हे चाहिए कि तुम अनुभव जन्य ज्ञान प्राप्त करो औरउसके अनुसार व्यवहारकरो ।

८—सम्भव है कि राजा मूर्ख हो और पग पग पर उसके काम मे अडचने डाले फिर भी मन्त्री का कर्तव्य है कि वह सदा वही राह उसे दिखावे कि जो नियम सगत और समुचित हो ।

९—देखो, जो मन्त्री, मन्त्रणा-गृह मे बैठकर, अपने राजा का सर्वनाश करने की युक्ति सोचता है, वह सप्तकोटि वैरियो से भी अधिक भयकर है ।

१०—चचलचित्त का पुरुष सोचकर ठीक रीति निकाल भी ले पर उसे व्यावहारिक रूप देते हुए वह डगमगावेगा और अपने अभिप्राय को कभी पूरा न कर सकेगा ।

परिच्छेद ६५

वाक्-पटुता

वाक्पटुता भी एक है, बड़ा मधुर वरदान ।
नहीं किसी का अंश वह, है स्वतंत्र वरदान ॥१॥

जिह्वा में करते सदा, जीवन मृत्यु निवास ।
इससे बोलो सोचकर, वाणी बुध सोल्लास ॥२॥

बढ़ै और भी मित्रता, सुन जिसका परमार्थ ।
शत्रुहृदय भी खींचले, वाणी वही यथार्थ ॥३॥

पूर्व हृदय में तौल ले, वाणी पीछे बोल ।
धर्मवृद्धि इससे मिले, होवें लाभ अमोल ॥४॥

वाणी वह ही बोलिए, जो सब की हितकार ।
कटे नहीं जो अन्य से, पाकर वाद-प्रहार ॥५॥

मन खींचे दे वक्तृता, द्रुत समझे परभाव ।
वह नर ही नृपनीति में, रखता अधिक प्रभाव ॥६॥

व्याप्त न होता वाद में, जिसको भीति-विकार ।
सद्वक्ता उस धीर की, कैसे सम्भव हार ॥७॥

वाणी जिसकी ओजमय, परिमार्जित विश्वास्य ।
उस नर के संकेत पर, करती वसुधा लास्य[1] ॥८॥

परिमित शब्दों में नहीं, जिसे कथन का ज्ञान ।
उस में ही होती सदा, बहुभाषण की वान ॥९॥

समझा कर जो अन्य को, कह न सके निजज्ञान ।
गन्धहीन वह फूलसम, होता नर है भान ॥१०॥

---

१ नृत्य ।

परिच्छेद ६५

वाक् पटुता

१—वाक्-शक्ति नि सन्देह एक बडा वरदान है, क्योकि वह अन्य वर-दानो का अश नहीं किन्तु एक स्वतन्त्र वरदान है।

२—जीवन और मृत्यु जिह्वा के वश मे है, इसलिए ध्यान रक्खो कि तुम्हारे मुँह से कोई अनुचित बात न निकले।

३—जो वक्तृता मित्रो को और भी घनिष्ठता के सूत्र मे आबद्ध करती है और विरोधियो को भी अपनी ओर आकर्षित करती है, बस वही यथार्थ वक्तृता है।

४—हर एक बात को ठीक तरह से तौल कर देखो और फिर जो उचित हो वही बोलो, धर्मवृद्धि तथा लाभ की दृष्टि से इससे बढकर उपयोगी बात तुम्हारे पक्ष मे और कोई नहीं है।

५—तुम ऐसी वक्तृता दो कि जिसे दूसरी कोई वक्तृता चुप न कर सके।

६- ऐसी वक्तृता देना कि जो श्रोताओ के हृदय को खीचले और दूसरों की वक्तृता के अर्थ को शीघ्र ही समझ जाना यह पक्के राजनीतिज्ञ का कर्तव्य है।

७—जो आदमी सुवक्ता है और जो गडबडाना या डरना नही जानता, विवाद मे उसको हरा देना किसी के लिए सभव नही।

८—जिसकी वक्तृता परिमार्जित और विश्वासोत्पादक भाषा से सुसज्जित होती है सारी पृथ्वी उसके सकेत पर नाचेगी।

९—जो लोग अपने मन की बात थोडे से चुने हुए शब्दों मे कहना नही जानते वास्तव मे उन्ही को अधिक बोलने की आदत होती है।

१०—जो लोग अपने प्राप्त किये हुए ज्ञान को समझा कर दूसरो को नही बता सकते वे उस फूल के समान है जो खिलता है परन्तु सुगन्धि नही देता।

परिच्छेद ६६

शुभाचरण

सफल बनें तब कार्य सब, जब होवे वर मित्र ।
फलती पर सब कामना, जब आचार पवित्र ॥१॥
कीर्ति नहीं जिस काम से, और न कुछ भी लाभ ।
ऐसे से रह दूर ही, बड़ी इसी में आभ ॥२॥
यदि चाहो ससार में, अपनी उन्नति तात ।
त्यागो तब उस कार्य को, करता जो यशघात ॥३॥
संकट में भी शुद्ध है, जिनकी बुद्धि ललाम ।
ओछे और आकीर्तिकर, करें नहीं वे काम ॥४॥
जिस पर पश्चाताप हो, करे नहीं वह आर्य ।
और किया तो भूल से, करे न फिर वह कार्य ॥५॥
भद्रपुरुष की दृष्टि में, जो हैं निन्दा-धाम ।
जननी के रक्षार्थ भी, करो न बुध वे काम ॥६॥
न्यायी का दारिद्र्य भी, होता शोभित तात ।
वैभव भी नयहीन का, रुचे नहीं पर भ्रात ॥७॥
त्याज्य कहे भी शास्त्र में, जो नर करे अकार्य ।
शान्ति नहीं उसको मिले, यद्यपि हो कृतकार्य ॥८॥
रुला रुला कर द्रव्य जो, होती संचित तात ।
क्रन्दनध्वनि के साथ वह, चपला सी छिप जात ॥
धर्ममूल जो सम्पदा, पुण्यहेतु विख्यात ।
कृश भी यदि हो मध्य में, अन्त फले वह तात ॥९॥(युग्म)
कच्चे घट में नीर का, भरना ज्यों है व्यर्थ ।
माया से कर वञ्चना, जोड़ा त्यों ही अर्थ ॥१०॥

परिच्छेद ६६

शुभाचरण

१—मित्रता द्वारा मनुष्य को सफलता मिलती है किन्तु आचरण की पवित्रता उसकी प्रत्येक इच्छा को पूर्ण कर देती है ।

२—उन कामो से सदा विमुख रहो कि जिनसे न सुकीर्ति मिलती है और न लाभ होता है ।

३—जो लोग संसार मे उन्नति करना चाहते है उन्हे ऐसे कार्यों से सदा दूर रहना चाहिए जिनसे कीर्ति मे कलङ्क लगने की सभावना हो ।

४—बुरा काल आने के पश्चात् भी जो लोग सत्य को नही छोडते उन मनुष्यों को देखो, वे छुद्र और अकीर्तिकारक कर्मों से सदा दूर रहते है ।

५—यह मैने क्या किया ! इन प्रकार पस्तावा देने वाले कर्म मनुष्य को कभी नहीं करने चाहिए और यदि किये हों तो भविष्य मे वैसे कर्म करना उसे श्रेयस्कर नहीं ।

६—भले आदमी जिन बातो को बुरा बतलाते है, मनुष्य को चाहिए कि जननी की रक्षा के लिए भी उन्हे न करे ।

७—निन्द्यकर्मों द्वारा एकत्र की हुई सम्पत्ति की अपेक्षा तो सदाचारी पुरुष की निर्धनता कहीं अच्छी है ।

८—धर्मशास्त्र मे जो काम हेय बताये गये हैं उनको भी जो नहीं छोड़ते ऐसे मनुष्यों को देखो, वे चाहे सफल मनोरथ भी हो गये हो तो भी उन्हे शान्ति नही मिलेगी ।

९—लोगों को रुलाकर जो सम्पत्ति इकट्ठी की जाती है, वह क्रन्दन ध्वनि के साथ ही विदा हो जाती है, पर जो धर्म द्वारा संचित की जाती है वह बीच मे क्षीण हो जाने पर भी अन्त मे खूब फूलती फलती है ।

१०—छल छिद्र द्वारा सचित किया हुआ धन ऐसा ही है जैसे कि मिट्टी के कच्चे घड़े मे पानी भरकर रखना ।

परिच्छेद ६७

स्वभावनिर्णय

इच्छाबल से भिन्न क्या, यश में दिखे महत्त्व ।
पहुँचे उसके अंश तक, और न कोई तत्व ॥१॥

कार्यविनिश्चय के लिए, विज्ञ करें दो भाग ।
दृढ़ रहना उद्देश्य में, कर अशक्य का त्याग ॥२॥

कर्मठ कहैं न ध्येय को, कार्यसिद्धि के पूर्व ।
आते नर पर अन्यथा, संकट अटल अपूर्व ॥३॥

वस्तुकथन तो लोक में, अहो सरल विख्यात ।
विधिवत करना हाथ से, किन्तु कठिन है बात ॥४॥

अति महत्व के कार्य कर, जिन की कीर्ति विशाल ।
महिमा उन की विश्व में, सेवा में भूपाल ॥५॥

पूर्णशक्ति के साथ में, यदि सच्चा संकल्प ।
तो मिलती उस भाँति ही, वस्तु यथासंकल्प ॥६॥

आकृति को ही देखकर, मत समझो वेकाम ।
चलते रथ में अक्षसम, करते वे ही काम ॥७॥

जो तुमने सद्बुद्धि से, ठानलिया है कार्य ।
सिद्ध करो निश्शक वह, पूर्ण शक्ति से आर्य ॥८॥

हर्षोत्पादक कार्य में, जुटजाओ धर टेक ।
डटे रहो तुम अन्त तक, जो भी कष्ट अनेक ॥९॥

चरित्रगठन के अर्थ जो, रखें न कुछ भी सत्व ।
लोकमान्य होते न वे, रखकर अन्य महत्व ॥१ ॥

परिच्छेद ६७

स्वभाव-निर्णय

१—यश का महत्व और कुछ नहीं बल्कि उस इच्छाशक्ति की महत्ता है जो उसके लिए प्रयास करती है और अन्य बाते उस अश तक नही पहुँचती ।

२—ऐसे सभी कामो से बचाव रखना जो निश्चय असफल होगे और अपने उद्देश्य से बाधाओ के कारण विचलित न होना, ये दोनो सिद्धान्त विद्वानो के पथप्रदर्शक है ।

३—कर्मठ पुरुष अपने उद्देश्य को तभी मालूम होने देता है जब अपने ध्येय को प्राप्त कर लेता है, क्योकि असमय मे ही भेद खुल जाने से ऐसी बाधाये आ सकती है जिनका कि पीछे उल्लघन कठिन हो जायगा ।

४—किसी मनुष्य के लिए एक वस्तु के विषय मे कहना सरल है परन्तु उसको अपने हाथ से करना वास्तव मे कठिन है ।

५—जिस मनुष्य ने महान् कार्यो को करने का यश कमा लिया है उसकी सेवाओ के लिए राजा भी विनती करेगा और वह सबके द्वारा प्रशसित होगा ।

६—मनुष्य जो जो इच्छाये करता है उन्हे अपने इष्टरूप मे ही पा सकता है, यदि वह शुद्ध अन्त करण से उनका सच्चा सकल्प करे ।

७—किसी आदमी की आकृति से ही घृणा नही करनी चाहिए क्योंकि ऐसे भी आदमी है जो भरी गाडी मे धुरा की कील के समान है ।

८—जब आपने अपनी सारी बुद्धिमत्ता से एक काम करने की ठान ली है तब डगमगाना नही चाहिए बल्कि लक्ष्य को शक्ति से प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए ।

९—ऐसे कार्यों के करने मे जुट जाओ जो प्रसन्नता बढाते है चाहे तुम्हे ऐसा करने मे अनेक कठोर दुखो की पीडा उठानी पड़े, अपने हृदय को कडा करो और अन्त तक दृढ रहो ।

१०—जिन लोगों मे चरित्र के निर्णय करने की शक्ति नही होती उन्होने अन्य दिशाओ मे चाहे कितनी ही महत्ता प्राप्त कर ली हो ससार उसकी कुछ परवाह नही करेगा ।

परिच्छेद ६८

कार्य-सञ्चालन

निश्चय की ही प्राप्ति को, करते विज्ञ विचार ।
निश्चय ही जब हो चुका, फिर विलम्ब निस्तार ॥१॥

शीघ्र कार्य को शीघ्र ही, करो विबुध सञ्चान ।
पर विलम्ब सहकार्य तब, जब मन शान्तिनिधान ॥२॥

लक्ष्य ओर सीधे चलो, देख समय अनुकूल ।
चलो सहज वह मार्ग तब, जब हो वह प्रतिकूल ॥३॥

अपराजित वैरी बुरा, और अधूरा काम ।
शेष-अग्निसम वृद्धि पा, बनते विपदा-धाम ॥४॥

द्रव्य, क्षेत्र, साधन, समय, और स्वरूपविचार ।
करले पहिले, कार्य फिर, करे विबुध विधिवार ॥५॥

श्रम इस में कितना अधिक, कितना लाभ अपूर्व ।
बाधा क्या क्या आयँगी, सोचे नर यह पूर्व ॥६॥

मर्मविज्ञ के पास जा, पूछो पहिले मर्म ।
कार्यसिद्धि के अर्थ यह, कहते विज्ञ सुकर्म ॥७॥

गज को गज ही फाँसता, वन में जैसे एक ।
एक कार्य वैसा करो, जिससे सधें अनेक ॥८॥

मित्रों के भी मान से, यह है अधिक विशुद्ध ।
करलो रिपु को शीघ्र ही, क्षोभ रहित मन शुद्ध ॥९॥

भला नहीं चिरकाल तक, दुर्बल संकटग्रस्त ।
इससे दुर्बल काल पा, करले सन्धि प्रशस्त ॥१०॥

परिच्छेद ६८

कार्य-सञ्चालन

१—किसी निश्चय पर पहुँचना यही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो गया तब उसको कार्यरूप मे परिणत करने मे विलम्ब करना भूल है।

२—जिन कामो को सावकाश होकर कर सकते हो उनको तुम पूर्ण-रीति से सोच विचार कर करो, किन्तु तत्कालोचित कार्यो के लिए तो क्षण भर भी देर न करो।

३—यदि परिस्थिति अनुकूल हो तो सीधे अपने लक्ष्य की ओर चलो, किन्तु परिस्थिति अनुकूल न हो तो उस मार्ग का अनुसरण करो जिसमे सबसे कम बाधाएँ आने की सम्भावना हो।

४—अधूरा काम और अपराजित शत्रु ये दोनो बिना बुझी आग की चिनगारियो के समान है, वे समय पाकर बढ जायगे और उस असावधान आदमी को आ दबोचेगे।

५—प्रत्येक कार्य को करते समय पाँच बातो का पूरा ध्यान रक्खो अर्थात् उपस्थित साधन, औजार, कार्य का स्वरूप, समुचित समय और कार्य करने का उपयुक्त स्थान।

६—काम करने मे कितना परिश्रम पडेगा, मार्ग मे कितनी बाधाएँ आयँगी और फिर कितने लाभ की आशा है, इन बातो को पहिले सोच लो, पीछे किसी काम को हाथ मे लो।

७—किसी भी काम मे सफलता प्राप्त करने का यही मार्ग है कि जो मनुष्य उस काम मे दक्ष है उससे उस काम का रहस्य मालूम कर लेना चाहिए।

८— लोग एक हाथी के द्वारा दूसरे हाथी को फँसाते है, ठीक इसी प्रकार एक काम को दूसरे काम का साधन बना लेना चाहिए।

९—मित्रो को पारितोषिक देने से भी अधिक शीघ्रता के साथ वैरियों को शान्त कर लेना चाहिए।

१०—दुर्बलों को सदा सकट की स्थिति मे नही रहना चाहिए, बल्कि जब अवसर मिले तब उन्हे बलवान के साथ सधि कर लेनी चाहिए।

परिच्छेद ६९

राज-दूत

जन्मा हो वर-वंश में मन से दयानिधान ।
नृपमण्डल को मोद दे दूत वही गुणवान ॥१॥
स्वामि-भक्ति, प्रज्ञाप्रखर, भाषण कलाअधान ।
दूतों में ये तीन गुण, होते बहुत महान ॥२॥
प्रभुहित का जिसने लिया, नृपमण्डल में भार ।
प्राज्ञों में वह प्राज्ञ हो, वचन सुधामय सार ॥३॥
मुखमुद्रा जिसकी करे, नर पर अधिक प्रभाव ।
उस बुध का दूतत्व पर, दिखता योग्य चुनाव ॥४॥
दूत सदा संक्षेप में, कहकर साधे काम ।
अप्रिय-वाणी त्याग कर, बोले वचन ललाम ॥५॥
विद्वत्ता समयज्ञता, वाणी भरी-प्रभाव ।
आशुबुद्धि ये दूत में, गुण रखते सद्भाव ॥६॥
स्थान समय कर्तव्य की, जिसको है पहिचान ।
बोले पहिले सोचकर, वह ही दूत महान ॥७॥
जो स्वभाव से लोक में, हृदयाकर्षक आर्य ।
दृढ़प्रतिज्ञ वह विज्ञ ही करे दूत के कार्य ॥८॥
कहे न अनुचित बात जो, पाकर भी आवेश ।
ले जावे पग्राष्ट्र में, वह ही नृपसन्देश ॥९॥
नहीं हटे कर्तव्य से, रख संकट में प्राण ।
लाख यत्न से दूतवर, करता प्रभुहित त्राण ॥१०॥

परिच्छेद ६९

राज-दूत

१—दयालु हृदय, उच्च कुल और राजाओं को प्रसन्न करने की रीतियाँ ये सब राज-दूतो की विशेषताएँ है ।

२—स्वामिभक्ति, सुतीक्ष्णबुद्धि और वाक्-पटुता ये तीनो बाते राज-दूत के लिए अनिवार्य है ।

३—जो मनुष्य राजाओं के समक्ष अपने स्वामी को लाभ पहुँचाने वाले शब्दों को बोलने का भार अपने शिर लेता है उसे विद्वानो मे परमविद्वान् होना चाहिए ।

४—व्यावहारिक-ज्ञान, विद्वत्ता और प्रभावोत्पादक मुखमुद्रा ये बाते जिसमे हों उसी को राज-दूत के नाम पर बाहिर जाना चाहिए ।

५ संक्षिप्त वक्तृता, वाणी की मधुरता और सावधानी के साथ अप्रिय-भाषा का त्याग, ये ही साधन है जिनके द्वारा राज-दूत अपने स्वामी को लाभ पहुँचाता है ।

६—विद्वता, प्रभावोत्पादक वक्तृता शान्तवृत्ति और समयसूचकता प्रगट करने वाली सुसयत प्रत्युत्पन्नमति, ये सब राज-दूत के आवश्यक गुण है ।

७—वही सबसे योग्य राज-दूत है जिसको समुचित क्षेत्र और समुचित समय की परख है, जो अपने कर्तव्य को जानता है तथा जो बोलने से पहिले अपने शब्दों को जाच लेता है ।

८—जो मनुष्य दूत कर्म के लिए भेजा जाय वह दृढ-प्रतिज्ञ, पवित्र-हृदय और चित्ताकर्षक स्वभाव वाला होना चाहिए ।

९—जो दृढ़प्रतिज्ञ पुरुष अपने मुख से हीन और अयोग्य वचन कभी नही निकलने देता विदेशी दरवारों मे राजाओ के सन्देश सुनाने के लिए वही योग्य पुरुष है ।

१०—मृत्यु का सामना होने पर भी सच्चा राज-दूत अपने कर्तव्य से विचलित नहीं होता बल्कि अपने स्वामी के कार्य की सिद्धि के लिए पूरा यत्न करता है ।

परिच्छेद ७०

राजाओं के समक्ष व्यवहार

नही निकट अति ही रहो, और न अति ही दूर ।
नृप को सेवो अग्नि सम, जो चाहो सुख पूर ॥१॥

नृप चाहे जिस वस्तु को, करो न उसकी साध ।
उससे वैभवप्राप्ति का, यह ही मंत्र अबाध ॥२॥

इष्ट नहीं यदि भूप का, बनना कोपाधार ।
तो कुदोष सब त्याग दो, कारण भ्रम दुर्वार ॥३॥

नृपके जब हो पास में, करो न तब कुछ हास्य ।
कानाफूषी भी नहीं, और न विकृत आस्य ॥४॥

छुपकर सुनो न भूलकर, नृप की कोई बात ।
और गुह्य के ज्ञान को, करो प्रयत्न न तात ॥५॥

नृप की कैसी वृत्ति है, कैसा अवसर तात ।
बोलो यह सब सोचकर, मोदजनक ही बात ॥६॥

नृप को जिससे हर्ष हो बोलो वह ही बात ।
पूछे तो भी बोल मत, कभी निरर्थक बात ॥७॥

नववय या सम्बन्ध से, तुच्छ न मानो भूप ।
कारण वह, नरदेव है, उससे भय हितरूप ॥८॥

न्यायी निर्मलवृत्ति के, नर से नृप जब तुष्ट ।
करे न ऐसा कार्य तब, जिससे नृप हो रुष्ट ॥९॥

नृप से मानधनिष्ठता, समझ उसे या मित्र ।
जो नर करें कुकर्म वे, मिटते बड़े विचित्र ॥१०॥

परिच्छेद ७०

राजाओं के समक्ष व्यवहार

१—जो कोई राजाओं के साथ रहना चाहता है, उसको चाहिए कि वह उस आदमी के समान व्यवहार करे, जो आग के सामने बैठकर तापता है, उसको न तो अति समीप जाना चाहिए न अति दूर।

२—राजा जिन वस्तुओं को चाहता है उनकी लालसा न रखो, यही उसकी स्थायी कृपा प्राप्त करने और उसके द्वारा समृद्धिशाली बनने का मूल मन्त्र है।

३—यदि तुम राजा की अप्रसन्नता मे पडना नही चाहते तो तुमको चाहिए कि हर प्रकार के गम्भीर दोषो से सदा शुद्ध रहो, क्योकि यदि एक बार भी सन्देह पैदा हो गया तो फिर उसे दूर करना असम्भव हो जाता है।

४—राजा के सामने लोगो से काना-फूसी न करो और न किसी दूसरे के साथ हँसो या मुस्कराओ।

५—छिपकर राजा की कोई बात सुनने का प्रयत्न न करो और जो बात तुम्हे नही बताई गई है उसका पता लगाने की चेष्टा भी न करो। जब तुम्हे बताया जाय तभी उस भेद को जानो।

६—राजा की मनोवृत्ति इस समय कैसी है, इस बात को समझ लो और क्या प्रसग है इस को भी देखलो, तब ऐसे शब्द बोलो जिनसे वह प्रसन्न हो।

७—राजा के सामने उन्ही बातो की चर्चा करो जिनसे वह प्रसन्न हो, पर जिन बातो से कुछ लाभ नही है उन निरर्थक बातो की चर्चा राजा के पूछने पर भी न करो।

८—राजा नवयुवक है और तुम्हारा सम्बन्धी अथवा नातेदार है इस लिए तुम उसको तुच्छ मत समझो, बल्कि उसके अन्दर जो ज्योति विराजमान है उसके सामने भय मान कर रहो।

९—जिनकी दृष्टि निर्मल और निर्द्वन्द है वे यह समझकर कि हम राजा के कृपापात्र है कभी कोई ऐसा काम नही करते जिससे राजा असन्तुष्ट हो।

१०—जो मनुष्य राजा की घनिष्टता और मित्रता पर भरोसा रखकर अयोग्य काम कर बैठते है, वे नष्ट हो जाते है।

परिच्छेद ७१

मुखाकृति से मनोभाव समझना

मनोभाव जो जानले, भाषण के ही पूर्व ।
मेधावी वह धन्य है पृथ्वीतिलक अपूर्व ॥१॥
प्रतिभा-बल से जानले, जो मन के सब भेद ।
पृथ्वी में वह देवता, मानो यही प्रभेद ॥२॥
आकृति से ही भाँप ले, जो नर पर के भाव ।
बहुयत्नों से मंत्रणा, लो उसकी रख चाव ॥३॥
अज्ञ मनुज तो उक्त हीं, जाने चतुर अनुक्त ।
आकृति यद्यपि एकसी, फिर भी भिन्न प्रयुक्त ॥४॥
जो आँखें जाने नहीं, नर के हृद्गत भाव ।
ज्ञानेन्द्रिय में व्यर्थ ही, है उनका सद्भाव ॥५॥
पड़ती जैसे स्फटिक पर, वर्ण वर्ण की छाप ।
त्यों ही हार्दिक भाव भी, झलकें मुख पर आप ॥६॥
भावपूर्ण मुख से नहीं, बढ़कर कोई वस्तु ।
हर्ष कोप सब से प्रथम, कहती यह ही वस्तु ॥७॥
विना कहे ही जान ले, जो नर पर के भाव ।
दर्शन उसका सिद्धि दे, ऐसा पुण्यप्रभाव ॥८॥
निपुण पारखी भाव का, यदि होवे नर आप ।
तो केवल वह चक्षु से, राग घृणा ले भाँप ॥९॥
जो नर हैं इस विश्व में, भद्र धूर्त विख्यात ।
उनकी आँखें आप ही, कहती उनकी बात ॥१०॥

परिच्छेद ७१

मुखाकृति से मनोभाव समझना

१—जो मनुष्य दूसरे के मुख से निकलने के पहिले ही उसके मनकी बात को जान लेता है वह जगत के लिए अलकारस्वरूप है ।

२—हार्दिक भाव को विश्वस्त रूप से जान लेने वाले मनुष्य को देवता समझो ।

३—जो लोग किसी आदमी की आकृति देखकर ही उसके अभिप्राय को ताड जाते है ऐसे लोगो को चाहे जैसे बने वैसे अपना सलाहकार बनाओ ।

४—जो मनुष्य विना कहे ही मनकी बात समझ लेते है उनकी आकृति तथा मुखमुद्रा वैसी ही हो सकती है जैसी कि न समझ सकने वालो की होती है, फिर भी उन लोगो का वर्ग दूसरा ही है ।

५—जो आँखे एक ही दृष्टि मे दूसरे के मनोगत भावो को नहीं भाँप सकती उनकी इन्द्रियो मे विशेषता ही क्या ?

६—जिस प्रकार स्फटिक मणि अपना रग बदल कर पास वाले पदार्थ का रग धारण कर लेता है, ठीक उसी प्रकार मनोगत भाव से मनुष्य की मुखमुद्रा भी बदल जाती है और हृदय मे जो बात होती है उसी को प्रगट करने लगती है ।

७—मुखचर्या से बढकर भावपूर्ण वस्तु और कौन सी है । क्योंकि अन्तरग क्रुद्ध है या अनुरागी, इस बात को सबसे पहिले वह ही प्रगट करती है ।

८—यदि तुम्हे ऐसा आदमी मिल जाय जो विना कहे ही चित्त की बात परख सकता हो, तो बस इतना ही पर्याप्त है कि तुम उसकी ओर एक दृष्टि भर देख लो, तुम्हारी सब इच्छाएँ पूर्ण हो जायँगी।

९—यदि ऐसे लोग हो जो उसके हाव भाव और रग ढग को समझ सके तो अकेली आख ही यह बात बतला सकती है कि हृदय मे घृणा है अथवा प्रेम ।

१०—जो लोग जगत मे धूर्त या भद्र प्रसिद्ध है उनका माप और कुछ नही केवल उनकी आँखे ही है।

परिच्छेद ७२

श्रोताओं का निर्णय

बचनकला सीखो प्रथम, रखो सुरुचि का ध्यान ।
श्रोताओं का भाव लख, दो वैसा व्याख्यान ॥१॥
हे शब्दों के पारखी, सद्वक्ता आचार्य ।
पहिले देखो श्रोतृमन, फिर दो भाषण आर्य ॥२॥
श्रोताओं के चित्त जो, नहीं परखता योग्य ।
वचनकला-अनभिज्ञ वह, नहीं किसी के योग्य ॥३॥
प्राज्ञों में ही ज्ञान की, चर्चा उत्तम तात ।
मूर्खों में पर मूर्खता, समझ करो तुम बात ॥४॥
मान्यजनों के सामने, करो न बढ़कर बात ।
वाणी-संयम धन्य है, उज्ज्वल गुण विख्यात ॥५॥
जो मनुष्य यदि हो नहीं, वक्ता सफल समर्थ ।
तो सभ्यों में भ्रष्टसम, रखे नहीं कुछ अर्थ ॥६॥
गुणियों के दरबार में, गुणमणि का भण्डार ।
विद्वज्जन हैं खोलते, रुचि रुचि के अनुसार ॥७॥
प्राज्ञों को निजज्ञान का, देना मानो दान ।
जीवित-तरु को सींचकर, करना और महान ॥८॥
भाषण से निजकीर्ति के, इच्छुक हे गुणवान ।
कभी न दो तुम भूल कर, अज्ञों में व्याख्यान ॥९॥
भिन्नपक्ष के सामने, भाषण का है अर्थ ।
मानों मलिन प्रदेश में, सुधा-वृष्टि सा व्यर्थ ॥१०॥

परिच्छेद ७२

श्रोताओं का निर्णय

१—जिसने वक्तृता का उत्तम अभ्यास किया है और सुरुचि प्राप्त कर ली है उसे प्रथम श्रोताओं की पूरी परख करनी चाहिए पीछे उनके अनुरूप भाषण देना चाहिए।

२—ए! शब्दों का मूल जानने वाले पवित्र पुरुषो! पहिले अपने श्रोताओं की मानसिक स्थिति को समझ लो और फिर उपस्थित जनसमूह की अवस्था के अनुसार अपनी वक्तृता देना आरम्भ करो।

३—जो व्यक्ति श्रोतृवर्ग के स्वभाव का अध्ययन किये विना भाषण देते है वे भाषणकला जानते ही नही और न वे किसी अन्य कार्य के लिए उपयोगी है।

४—बुद्धिमान् और विद्वान् लोगो की सभा मे ही ज्ञान और विद्वत्ता की चर्चा करो, किन्तु मूर्खों को उनकी मूर्खता का ध्यान रखकर ही उत्तर दो।

५—धन्य है वह आत्म-सयम जो मनुष्य को वृद्ध जनों की सभा मे आगे बढकर नेतृत्व ग्रहण करने से मना करता है! यह एक ऐसा गुण है जो अन्य गुणों से भी अधिक समुज्ज्वल है।

६—बुद्धिमान् लोगों के सामने असमर्थ और असफल सिद्ध होना धर्ममार्ग से पतित हो जाने के समान है।

७—विद्वानों की विद्वत्ता अपने पूर्ण तेज के साथ सुसम्पन्न गुणियो की सभा में ही चमकती है।

८—बुद्धिमान् लोगो के सामने उपदेशपूर्ण व्याख्यान देना जीवित पौधो को पानी देने के समान है।

९—ए! वक्तृता से विद्वानो को प्रसन्न करनेकी इच्छा रखने वाले लोगो! देखो, कभी भूलकर भी मूर्खों के सामने व्याख्यान न देना।

१०—अपने से मतभेद रखने वाले व्यक्तियो के समक्ष भाषण करना ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार अमृत को मलिन स्थान पर डाल देना।

परिच्छेद ७३

सभा में प्रौढ़ता

वाक्कला को सीखकर, सद्रुचि जिसके पास ।
विज्ञों में खुलकर वही, करता बचन-विलास ॥१॥

सुदृढ़ रहे सिद्धान्त पर, विज्ञों में जो विज्ञ ।
विबुध उसे ही मानते प्राज्ञों में सद्विज्ञ ॥२॥

बड़े बड़े गम्भीर भट, मिलते शूर अनेक ।
सभा बीच निर्भीक हो वक्ता कोई एक ॥३॥

खुलकर दो विज्ञानधन, विज्ञों को हे विज्ञ ।
सीखो जो अज्ञात हो, उनसे, जो हों विज्ञ ॥४॥

संशयछेदक तर्क का, भलीभाँति लो ज्ञान ।
कारण दे तर्कज्ञ ही, निर्भय हो व्याख्यान ॥५॥

शक्तिहीन के हाथ ज्यों, शस्त्र न आवे काम ।
विज्ञों में भयभीत की, त्यों विद्या बेकाम ॥६॥

श्रोताओं से भीत का, लगे उसी विध ज्ञान ।
जैसे रण में क्लीव के, कर में दिखे कृपाण ॥७॥

कह न सके निजज्ञान जो, विबुधों में विधिवार ।
सर्वमुखी पाण्डित्य भी, तो उसका निस्सार ॥८॥

प्राज्ञों में आते अहो, जिनकी गति हो बन्द ।
ऐसे ज्ञानी हैं अधिक, अज्ञों से भी मन्द ॥९॥

जाते ही जन संघ में, होकर भीति विशिष्ट-
कह न सके सिद्धान्त, वे-जीवित मृतक अशिष्ट ॥१०॥

परिच्छेद ७३

सभा में प्रौढ़ता

१—जिन व्यक्तियों ने भाषणकला का अध्ययन किया है और सुरुचि प्राप्त की है वे जानते है कि भाषण किस प्रकार देना चाहिए और वे बुद्धिमान् श्रोताओ के समक्ष भाषण देने मे किसी प्रकार की चूक नही करते।

२—जो व्यक्ति ज्ञानी मनुष्यों के समुदाय मे अपने सिद्धान्तो पर दृढ रह सकता है वही विद्वानों मे विद्वान् माना जाता है।

३—रणक्षेत्र मे खडे होकर वीरता के साथ मृत्यु का सामना करने वाले लोग तो बहुत है परन्तु ऐसे लोग बहुत ही थोडे है जो विना कॉपे श्रोताओ के समक्ष सभामञ्च पर खडे हो सके।

४—तुमने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसको विद्वानों के सामने खोल कर रक्खो और जो बात तुम्हे मालूम नही है वह उन लोगों से सीख लो जो उसमे दक्ष हों।

५—तर्कशास्त्र को तुम भली प्रकार सीख लो जिससे कि मानव समुदाय के सामने विना भयातुर हुए बोल सको।

६—उन व्यक्तियों के लिए कृपाण की क्या उपयोगिता है जिनमे शक्ति ही नहीं है, इसी प्रकार उन मनुष्यो के लिए शास्त्र का क्या उप-योग जो कि विद्वानो के समक्ष आने मे ही कॉपते है?

७—श्रोताओं के सामने आने मे भयभीत होने वाले व्यक्ति का ज्ञान उसी प्रकार है जैसे युद्धक्षेत्र मे नपु सक के हाथ कृपाण।

८—जो लोग विद्वानों की सभा मे अपने सिद्धान्त श्रोताओं के हृदय मे नही बिठा सकते उनका अध्ययन चाहे कितना ही विस्तृत हो फिर भी वह निरुपयोगी ही है।

९—जो मनुष्य ज्ञानी है लेकिन विज्ञजनों के सामने आने मे डरते हैं वे अज्ञानियों से भी गये वीते है।

१०—जो व्यक्ति मानव समुदाय के सामने आने मे डरते है और अपने सिद्धान्तों का प्रतिपादन करने मे असमर्थ है वे जीवित होकर मृतकों से भी गये वीते है।

परिच्छेद ७४

देश

बढ़ी चढ़ी कृषि हो जहाँ, धार्मिक हों धनवान ।
ज्ञानमूर्ति ऋषिवर्ग हो, वह ही देश महान ॥१॥

धन से मोहे विश्व को, होवे स्वास्थ्यनिदान ।
अन्नवृद्धि को ख्यात जो, वह ही देश महान ॥२॥

सहे धैर्य से वार को, कर को पूर्ण निधान ।
वीरों की जो भूमि हो, वह ही देश महान ॥३॥

रोग–मरी–दुर्भिक्ष का, जहाँ न आता ध्यान ।
रक्षित हो सब ओर से, वह ही देश महान ॥४॥

बटा नहीं जो फूट से, खण्ड–खण्ड में देश ।
विपलवकारी क्रूरजन, बसे नहीं जिस देश ॥
और न देशद्रोह ही, होता हो कुछ भान ।
जिस में ऐसी श्रेष्ठता, वह ही देश महान ॥५॥ (युग्म)

नहीं लुटा जो शत्रु से, वह ही रत्न समान ।
लुटकर भी या भाग्यवश, रखता आय महान ॥६॥

आवश्यक ज्यों देश को, कूप नदी नदनीर ।
त्यों ही उसको चाहिए, पर्वत दुर्ग सवीर ॥७॥

स्वास्थ्य विभव उत्तम मही, रक्षा हर्षप्रभात ।
ये पांचों प्रतिदेश को, भूषणसम हैं ख्यात ॥८॥

सहज जहाँ आजीविका, वह ही उत्तम देश ।
तुलना में उसकी नहीं, जुड़ते अन्य प्रदेश ॥९॥

यद्यपि होवें देश में, अन्य सभी वरदान ।
पर उत्तम नृपके बिना, नहीं रखें वे मान ॥१०॥

परिच्छेद ७४

देश

१—यह महान् देश है जो फसल की पैदावार मे कभी नही चूकता और जो ऋषि-मुनियो तथा धार्मिक धनिको का निवासस्थान हो।

२—वही श्रेष्ठ देश है जो धन की विपुलता से जनता का प्रीतिभाजन हो और घृणित रोगो से मुक्त होकर समृद्धिशाली हो ।

३—उस महान् राष्ट्र की ओर देखो, उस पर कितने ही बोझ के ऊपर बोझ पडे वह उन्हे धैर्य के साथ सहन करेगा और साथ ही सारे कर अर्पण करेगा ।

४—वही देश उच्च है जो अकाल और महामारी जैसे रोगो से उन्मुक्त है तथा जो शत्रुओ के आक्रमणो से सुरक्षित है ।

५—वही उत्तम देश है जो परस्पर युद्ध करने वाले दलो मे विभक्त नहीं है, जो हत्यारे क्रान्तिकारियो से रहित है और जिसके भीतर राष्ट्र का सर्वनाश करने वाला कोई देशद्रोही नही है ।

६—जो देश शत्रुओ के हाथ से कभी विध्वस्त नही हुआ और यदि कदाचित् हो भी गया तो भी जिसकी पैदावार मे थोडीसी भी कमी नही आती, वह देश जगत के सब देशो मे रत्न माना जायगा।

७—पृथ्वी के ऊपर और भीतर बहने वाला जल, वर्षाजल, उपयुक्त-स्थान को प्राप्त पर्वत और सुदृढ दुग ये प्रत्येक देश के लिए अनिवार्य है ।

८—धन सम्पत्ति, उर्वराभूमि, प्रजा को सुख, निरोगिता और शत्रुओ के आक्रमणो से सुरक्षा, ये पाच बाते राष्ट्र के लिए आभूषण-स्वरूप है ।

९—वही अकेला, देश कहलाने योग्य है जहाँ मनुष्यो के परिश्रम किये बिना ही प्रचुर पैदावार होती है। जिसमे आदमियो के परिश्रम करने पर ही पैदावार हो वह इस पद का अधिकारी नही है।

१०—यदि किसी देश मे ये सब उत्तम बाते विद्यमान भी हो फिर भी वे किसी काम की नही यदि उस देश का राजा ठीक न हो।

परिच्छेद ७५

दुर्ग

निर्बल की रक्षार्थ गढ़, यदि है प्रबल सहाय ।
तो पाते बलवान भी, न्यून नहीं सदुपाय ॥१॥

अद्रि, नीर, मरुभूमि, वन, और परिधि के दुर्ग ।
रक्षक ये हैं राष्ट्र के, सब ही सीमा दुर्ग ॥२॥

दृढ़ ऊँचा विस्तीर्ण हो, रिपु से और अजेय ।
दुर्गों के निर्माण में, ये सब गुण हैं ज्ञेय ॥३॥

दुर्ग प्रवर वह ही जहाँ, हो यथेष्ट विस्तार ।
दृढ़ता में अन्यून हो, करे विफल रिपु वार ॥४॥

रक्षा और अजेयता, सबविध वस्तुप्रबन्ध ।
ये गुण रखते दुर्ग से, आवश्यक सम्बन्ध ॥५॥

है यथार्थ वह ही किला, रक्षक जिसके वीर ।
धान्यादिक से पूर्ण जो, रखता उत्तम नीर ॥६॥

धावा कर या घेर कर, या सुरङ्ग से खण्ड ।
करके, जिसे न जीतते, वह ही दुर्ग प्रचण्ड ॥७॥

घेरा देकर भी जिसे, थकजाते अरि वीर ।
बल देते निज सैन्य को, गढ़ के दृढ़ प्राचीर ॥८॥

वह ही सच्चा दुर्ग है, जिसके बलपर वीर ।
सीमापर ही शत्रु को, करदे भिन्न-शरीर ॥९॥

पूर्ण सुसज्जित दुर्ग भी, हो जाता बेकाम ।
रक्षक फुर्ती त्याग कर, करते यदि विश्राम ॥१०॥

परिच्छेद ७५

दुर्ग

१—दुर्बलों के लिए, जिन्हे केवल अपने बचाव की ही चिन्ता होती है, दुर्ग बहुत ही उपयोगी होते है, परन्तु बलवान् और प्रतापी के लिए भी वे कम उपयोगी नही हैं।

२—जल, प्राकार, मरुभूमि, पर्वत और सघन, वन ये सब नाना प्रकार के रक्षणात्मक सीमा-दुर्ग है।

३—ऊँचाई, मोटाई, मजबूती और अजेयपन ये चार गुण है, जो निर्माणकला की दृष्टि से किलो के लिए अनिवार्य है।

४—वह गढ सबसे उत्तम है, जो थोडी भी जगह भेद्य न हो, साथ ही विस्तीर्ण हो और जो लोग उसे लेना चाहे उनके आक्रमणों को रोकने की जिसमे क्षमता हो।

५—अजेयत्व, दुर्गस्थ सैन्य के लिए रक्षणात्मक सुविधा, रसद तथा अन्य सामग्री का प्रचुर मात्रा मे सग्रह, ये सब दुर्ग के लिए आवश्यक बाते है।

६—वही सच्चा किला है जिसमे हर प्रकार का सामान पर्याप्त परिमाण मे विद्यमान हो और जो ऐसे लोगो के सरक्षण मे हो कि जो किले को बचाने के लिए वीरतापूर्वक लडे।

७—निस्सन्देह वह सच्चा गढ है कि जिसे न तो कोई घेरा डालकर जीत सके, न अचानक हमला करके और न कोई जिसे सुरङ्ग लगाकर ही तोड सके।

८—वही वास्तविक दुर्ग है जो अपने भीतर लडने वालों को पूर्ण बलशाली बनाता है और घेरा डालने वालों के अटूट उद्योगों को विफल कर देता है।

९—वही खरा दुर्ग है जो नाना प्रकार के विकट साधनो द्वारा अजय्य बन गया है और जो अपने सरक्षको को इस योग्य बनाता है कि वे वैरियों को किले की सुदूर सीमा पर ही मार कर गिरा सके।

१०—यदि रक्षक सैन्यवर्ग समय पर फुर्ती से काम न ले तो चाहे दुर्ग कितना ही सुदृढ़ हो किसी काम का नही।

परिच्छेद ७६

धनोपार्जन

धन भी अद्भुत वस्तु है उस सम अन्य न द्रव्य ।
बनता जिससे रंक भी, धन्य प्रतिष्ठित भव्य ॥१॥

निर्धन का सर्वत्र ही, होता है अपमान ।
धनशाली पर विश्व में, पाता है सन्मान ॥२॥

धन भी है इस लोक में, एक अखण्ड प्रकाश ।
तम में वह भी चन्द्रसम, करता नित्य उजाश ॥३॥

शुद्धरीति से आय हो, न्याय तथा हो स्रोत ।
तो धन से बहते सदा, पुण्यसुखद वर स्रोत ॥४॥

जिस धन में करुणा नहीं, और न प्रेमनिवास ।
उसका छूना पाप है, इच्छा विपदाग्रास ॥५॥

दण्ड, मृतक, कर, युद्ध धन, विविधशुल्क की आय ।
भूप-कोष की वृद्धि में, ये हैं पांच सहाय ॥६॥

है दयालुता प्रेम की, संतति स्वर्ग-उपाय ।
पालन को करुणा भरी, सम्पद उसकी धाय ॥७॥

धनिक न होवे कार्य रच, चिन्ता में अवरुद्ध ।
वह देखे गिरिशृङ्ग से, मानो गज का युद्ध ॥८॥

रिपुजय की यदि चाह तो करलो सञ्चित अर्थ ।
कारण जय को एक ही, यह है शस्त्र समर्थ ॥९॥

संचित है जिसने किया, पौरुष से प्रचुरार्थ ।
करयुग में उसके धरे, शेष युगल पुरुषार्थ ॥१०॥

परिच्छेद ७६

धनोपार्जन

१—अप्रसिद्ध और अप्रतिष्ठित लोगों को प्रसिद्ध तथा प्रतिष्ठित बनाने में धन जितना समर्थ है, उतना और कोई पदार्थ नही ।

२—गरीबों का सभी अपमान करते हैं, पर धनसमृद्ध की सभी जगह अभ्यर्थना होती है ।

३—वह अविश्रान्त ज्योति जिसे लोग धन कहते हैं, अपने स्वामी के लिए सभी अन्धकारमय स्थानो को ज्योत्स्नापूर्ण बना देती है ।

४—जो धन पाप रहित निष्कलंक रूप से प्राप्त किया जाता है, उससे धर्म और आनन्द का स्रोत बह निकलता है ।

५—जो धन, दया और ममता से रहित है, उसकी तुम कभी इच्छा मत करो और उसको कभी अपने हाथ से छुओ भी मत ।

६—दण्ड द्रव्य, विना वारिस का धन, कर का माल, लगान की सम्पत्ति और युद्ध मे प्राप्त धन ये सब राजकोष की वृद्धि करने वाले हैं ।

७—दयालुता, जो प्रेम की सन्तति है, उसका पालन पोषण करने के लिए सम्पत्ति रूपिणी दयार्द्रहृदया धाय की आवश्यकता है ।

८—देखो धनवान् आदमी जब अपने हाथ मे काम लेता है तो वह उस मनुष्य के समान मालूम होता है कि जो एक पहाड की चोटी पर से हाथियो की लड़ाई देखता है ।

९—धन का सचय करो क्योंकि शत्रु का गर्व चूर करने के लिए उससे बढ़कर दूसरा हथयार नहीं है ।

१०—देखो जिसने बहुत सा धन एकत्रित कर लिया है, शेष दो पुरुषार्थ धर्म और काम उसके करतलगत है ।

परिच्छेद ७७

सेना के लक्षण

शिक्षित, दृढ़, अतिकष्ट में, जिसे न व्यापे दैन्य ।
नृपसंग्रह में श्रेष्ठ जो, वह है उत्तम सैन्य ॥१॥

अनगिनते अरि-वार हों, हो नैराश्य महान ।
फिर भी रखते पूर्णभट, रक्षा का अवधान ॥२॥

गर्जें यदि वे सिन्धु सम, तो गर्जो क्या हानि ?
भगते अहि-फुँकार से, सब मूँसे धर ग्लानि ॥३॥

भ्रष्ट न हो कर्तव्य से, जिसे न परिचित हार ।
दिखा चुकी जो वीरता, वह ही सेना सार ॥४॥

कुपितकाल से युद्ध का रखते हैं जो मान ।
वे ही रखते वीरवर, सेनापद का मान ॥५॥

लोकप्रतिष्ठा, वीरता, पूर्वरणों का ज्ञान ।
बुद्धिविभव ये सैन्य के, रक्षक कवच समान ॥६॥

ढूँढ़त फिरते वीरगण, वैरी को सब ओर ।
समझें वे अरि, वार कर, हारेगा कर जोर ॥७॥

सज्जित यदि सेना नहीं, या धावे की स्फूर्ति ।
ओज तेज विद्या विभव, करते उसकी पूर्ति ॥८॥

न्यून नहीं संख्या जहाँ, और न अर्थाभाव ।
उस सेना के पक्ष में, रक्षित जय-सद्भाव ॥९॥

नायक बिना न कोई भी, बनती सेना एक ।
यद्यपि उसमें हों भले, सैनिक वीर अनेक ॥१०॥

परिच्छेद ७७

सेना के लक्षण

१—राजा के सग्रहों मे सर्वश्रेष्ठ वस्तु, वह सेना है जो कि सुशिक्षित बलवान् और सकट में निर्भीक रहने वाली हो ।

२—अनेकों आक्रमणो के होते हुए, भयकर निराशा-जनक स्थिति की रक्षा, मॅजे हुए वीर सिपाही ही अपने अटल निश्चय के द्वारा कर सकते है ।

३—यदि वे समुद्र के समान गर्जते भी हो तो इससे क्या हुआ? काले नाग की एक ही फुॅकार मे चूहो का सारा झुण्ड का झुण्ड विलीन हो जायगा ।

४—जो सेना हारना जानती ही नही और जो कभी कर्तव्यभ्रष्ट नही की जा सकती तथा जिसने बहुत से अवसरो पर वीरता दिखाई है वास्तव मे वही, 'सेना' नाम की अधिकारिणी है ।

५—यथार्थ मे सेना का नाम उसी को शोभा देता है कि जो वीरता के साथ यमराज का भी सामना कर सके, जबकि वह अपनी पूर्ण प्रचण्डता के साथ सामने आवे ।

६—शूरता, प्रतिष्ठा, शिक्षित मस्तक और पिछले समय की लडाइयों का इतिहास, ये चार बाते सेनाकी रक्षा के लिए कवचस्वरूप है।

७—जो सच्ची सेना है वह सदा शत्रुओ की खोज मे रहती है, क्योंकि उसको पूर्ण विश्वास है कि जब कोई वैरी लडाई करेगा तो वह उसे अवश्य जीत लेगी ।

८—जब सेना मे मुस्तैदी और एकाएक प्रचण्ड आक्रमण करने की शक्ति नही होती तब प्रतिष्ठा, तेज और विद्या सम्बन्धी योग्यताये उसकी कमी को पूरा कर देती है ।

९—जो सेना सख्या मे कम नही है और जिसको वेतन न पाने के कारण भूखो नही मरना पडता वह सेना विजयी होगी ।

१०—सिपाहियो की कमी न होने पर भी कोई सेना नही बन सकती, जब तक कि उसका सञ्चालन करने के लिए सेनापति न हो ।

परिच्छेद ७८

वीर योद्धा का आत्मगौरव

रे रे प्रभु के वैरियो, मत अकड़ो ले बान ।
बहुतेरे अरि युद्ध कर, पड़े चिता-पाषान ॥१॥

भाला यदि है चूकता, गज पर, तो भी मान ।
लगकर भी शश पर नहीं, देना शर सन्मान ॥२॥

साहस ही है वीरता, रण में वह यमरूप ।
शरणागतवात्सल्य भी, दूजा सुभग स्वरूप ॥३॥

भाला गज में घूँस निज, फिरे ढूँढ़ता अन्य ।
देख उसे निजगात्र से खींचे वह भट धन्य ॥४॥

रिपु भाले के वार से, झपजावे यदि दृष्टि ।
इससे बढ़कर वीर को, क्या हो लज्जा-सृष्टि ॥५॥

जिन दिवसों में वीर को, लगें न गहरे घाव ।
उन दिवसों का व्यर्थ ही, मानें वे सद्भाव ॥६॥

प्राणों का तज मोह जो, चाहे कीर्ति अपार ।
पग की बेड़ी भी उसे, बनती शोभागार ॥७॥

युद्ध समय जिसको नहीं, अन्तक[1] से भी भीति ।
नायक के आतंक से, तजे न वह भटनीति ॥८॥

करते करते साधना, जिसका जीवन मौन ।
हो जावे, उस वीर को, दोषविधायक कौन ॥९॥

स्वामी जिसको देख कर, भरदे आँखों नीर ।
भिक्षा से या चाटु से, लो, वह मृत्यु सुवीर ॥१०॥

---

१ मृत्यु ।

परिच्छेद ७८

वीर योद्धा का आत्मगौरव

१—अरे ए वैरियो! मेरे स्वामी के सामने युद्ध मे खडे न होओ क्योंकि पहिले भी उसे बहुत से लोगो ने युद्ध के लिए ललकारा था, पर आज वे सब चिता के पाषाणो मे पडे हुए है।

२—हाथी के ऊपर चलाया गया भाला यदि चूक भी जाय तब भी उसमे अधिक गौरव है अपेक्षा उस बाण के जो खरगोश पर चलाया गया हो और वह उस को लग भी गया हो।

३—वह प्रचण्ड साहस जो प्रबल आक्रमण करता है, उसी को लोग वीरता कहते है, लेकिन उसका गौरव उस हार्दिक औदार्य मे है कि जो अध पतित शत्रु के प्रति दिखाया जाता है।

४—एक योद्धा ने अपना भाला हाथी के ऊपर चला दिया और वह दूसरे भाले की खोज मे जा रहा था कि इतने मे उसने एक भाला अपने शरीर मे ही घुसा हुआ देखा और ज्यो ही उसने उसे बाहिर निकाला वह प्रसन्नता से मुस्करा उठा।

५—वीर पुरुष के ऊपर भाला चलाया जावे और उसकी आख तनिक भी झपक मार जावे तो क्या यह उसके लिए लज्जा की बात नहीं है?

६—शूरवीर सैनिक जिन दिनो अपने शरीर पर गहरे घाव नहीं खाता है, वह समझता है कि वे दिन व्यर्थ नष्ट हो गये।

७—देखो, जो लोग अपने प्राणों की परवाह नहीं करते बल्कि पृथ्वी भर मे फैली हुई कीर्ति की कामना करते है, उनके पॉव की बेडियाँ भी ऑखो को आल्हादकारक होती है।

८—जो वीर योद्धा, युद्धक्षेत्र मे मरने से नही डरते वे अपने सेना-पति की कड़ाई करने पर भी सैनिक नियमों को नहीं छोडते।

९—अपने हाथ मे लिए हुए काम को सम्पादन करने के उद्योग मे जो लोग अपने प्राण गवॉ देते है उनको दोष देने का किसको अधिकार है?

१०—यदि कोई आदमी ऐसा मरण पा सके कि जिसे देखकर उसके मालिक की आख से आंसू निकल पडे तो भीख मागकर तथा विनय प्रार्थना करके भी ऐसी मृत्यु को प्राप्त करना चाहिए।

परिच्छेद ७९

मित्रता

सन्मैत्री की प्राप्तिसम, कौन कठिन है काम ।
उस समान इस विश्व में, कौन कवच बलधाम ॥१॥

मैत्री होती श्रेष्ठ की, बढ़ते चन्द्र समान ।
ओछे की होती वही, घटते चन्द्र समान ॥२॥

सत्पुरुषों की मित्रता, है स्वाध्याय समान ।
प्रति दिन परिचय से जहाँ, झलकें सद्गुणखान ॥३॥

केवल मनोविनोद को, नहीं करें बुध प्रीत ।
भर्त्सित कर भी मित्र को, ले आते शुभरीति ॥४॥

सदा साथ चलना नहीं, और न बारम्बार ।
मिलना, मैत्री हेतु है, मन ही मुख्याधार ॥५॥

'मैत्रीगृह' गोष्ठी नहीं, होता जिस में हास्य ।
मैत्री होती प्रेम से, जो हरती औदास्य ॥६॥

अशुभमार्ग से दूर कर, करदे कर्म पवित्र ।
दुःख समय भी साथ जो, वही मित्र सन्मित्र ॥७॥

उड़ते पट को शीघ्र ही, ज्यों पकड़ें कर दौड़ ।
मित्रकष्ट में मित्र त्यों, आते पल में दौड़ ॥८॥

मैत्री मन की एकता, वहीं प्रीतिदरबार ।
निज-पर के उत्कर्ष को, जहाँ विवेक-विचार ॥९॥

मैत्री या वह रङ्कता, जिस में कार्य-हिसाब ।
मैत्री का फिर गर्व भी, रखे नहीं कुछ भाव ॥१०॥

परिच्छेद ७९

मित्रता

१—जगत मे ऐसी कौनसी वस्तु है जिसका प्राप्त करना इतना कठिन है जितना कि मित्रता का ? और शत्रुओ से रक्षा करने के लिए मित्रता के समान अन्य कौन सा कवच है ?

२—योग्य पुरुष की मित्रता बढती हुई चन्द्रकला के समान है, पर मूर्ख की मित्रता घटते हुए चन्द्रमा के सदृश है ।

३—सत्पुरुषो की मित्रता दिव्यग्रन्थो के स्वाध्याय के समान है। जितनी ही उनके साथ तुम्हारी घनिष्टता होती जायगी उतने ही अधिक रहस्य तुम्हे उनके भीतर दिखाई पडने लगेगे ।

४—मित्रता का उद्देश्य हँसी-विनोद करना नही है, बल्कि जब कोई बहक कर कुमार्ग मे जाने लगे तो उसको रोकना और उसकी भर्त्सना करना ही मित्रता का लक्ष्य है ।

५—बार बार मिलना और सदा साथ रहना इतना आवश्यक नही है, यह तो हृदयो की एकता ही है कि जो मित्रता के सम्बन्ध को स्थिर और सुदृढ़ बनाती है ।

६—हँसी-मस्करी करने वाली गोष्ठी का नाम मित्रता नही है, मित्रता तो वास्तव मे वह प्रेम है जो हृदय को आल्हादित करता है ।

७—जो मनुष्य तुम्हे बुराई से बचाता है, सुमार्ग पर चलाता है और जो सकट के समय तुम्हारा साथ देता है बस वही मित्र है ।

८—देखो, उस आदमी का हाथ कि जिसके कपडे हवा से उड गये है कितनी तेजो के साथ फिरसे अपने अग को ढकने के लिए फुर्ती करता है ? यही सच्चे मित्र का आदर्श है जो विपत्ति मे पडे हुए मित्र की सहायता के लिए दौड़कर आता है ।

९—मित्रता का दरबार कहा पर लगता है ! बस वही पर कि जहाँ दो हृदयो के बीच मे अनन्य प्रेम और पूर्ण एकता है तथा दोनों मिलकर हर एक प्रकार से एक दूसरे को उच्च और उन्नत बनाने की चेष्टा करे ।

१०—जिस मित्रता का हिसाब लगाया जा सकता है उसमे एक प्रकार का कगलापन होता है । वे चाहे कितने ही गर्वपूर्वक कहे कि मै उसको इतना प्यार करता हूँ और वह मुझे इतना चाहता है ।

परिच्छेद ८०

मित्रता के लिए योग्यता की परख

बिना विचारे अन्य से, मैत्री करना भूल ।
कारण करके त्यागना, भद्रों के प्रतिकूल ॥१॥

बिना विवेक विचार की, मैत्री विपदारूप ।
प्राणक्षय के साथ यह, मिटे असाताकूप ॥२॥

कैसा कुल, कैसी प्रकृति, किन किन से सम्बन्ध ?
देखो उसकी योग्यता, यही प्रीति अनुबन्ध ॥३॥

जन्मा हो वर-वंश में, और जिसे अघभीति ।
देकरके कुछ मूल्य भी, करलो उससे प्रीति ॥४॥

झिड़क सके जो चूक पर, जाने शुभ आचार ।
ऐसे नर की मित्रता, खोजो सर्वप्रकार ॥५॥

विपदा में माना हुआ, गुण है एक अनूप ।
विपदा जैसा नापगज, नापे मित्रस्वरूप ॥६॥

इसमें ही कल्याण है, हे नर तेरा आप ।
मत कर मैत्री मूर्ख से, दुर्गति को जो शाप ॥७॥

निरुत्साह औदास्य के, करो न कभी विचार ।
और तजो वे बन्धु जो, दुःख समय निस्सार ॥८॥

सब सुख भोगे साथ पर, दुःख समय छलनीति ।
मृत्यु समय भी दाह दे, ऐसे शठ की प्रीति ॥९॥

शुद्धहृदय के आर्य से, करलो मैत्री आर्य ।
तज दो मैत्री भेंट धर, यदि हो मित्र अनार्य ॥१०॥

परिच्छेद ८०

मित्रता के लिए योग्यता की परख

१—इससे बढकर अप्रिय बात और कोई नही है कि बिना परीक्षा किये किसी के साथ मित्रता करली जाय, क्योंकि एक बार मित्रता हो जाने पर सहृदय पुरुष फिर उसे छोड नही सकता।

२—जो पुरुष पहिले आदमियों की जाच किये बिना ही उनको मित्र बना लेता है वह अपने शिर पर ऐसी आपत्तियो को बुलाता है कि जो केवल उसकी मृत्यु के साथ ही समाप्त होंगी।

३—जिस मनुष्य को तुम अपना मित्र बनाना चाहते हो उसके कुल का उसके गुण दोषो का, कौन कौन लोग उसके साथी है और किन किनके साथ उसका सम्बन्ध है इन बातों का अच्छी तरह से विचार कर लो और उसके पश्चात् यदि वह योग्य हो तो उसे मित्र बना लो।

४—जिस पुरुष का जन्म उच्च कुल मे हुआ है और जो अपयश से डरता है उसके साथ, आवश्यकता पडे तो मूल्य देकर भी मित्रता करनी चाहिए।

५—ऐसे लोगों को खोजो और उनके साथ मित्रता करो कि जो सन्मार्ग को जानते है और तुम्हारे बहक जाने पर तुम्हे झिड़क कर तुम्हारी भर्त्सना कर सके।

६—आपत्ति मे एक गुण है—वह एक नापदण्ड है जिससे तुम अपने मित्रों को नाप सकते हो।

७—निस्सन्देह मनुष्य का लाभ इसी मे है कि वह मूर्खों से मित्रता न करे।

८—ऐसे विचारों को मत आने दो जिनसे मन निरुत्साह तथा उदास हो और न ऐसे लोगो से मित्रता करो कि जो दु ख पडते ही तुम्हारा साथ छोड देगे।

९—जो लोग सकट के समय धोखा दे सकते है उनकी मित्रता की स्मृति मृत्यु के समय भी हृदय मे दाह पैदा करती है।

१०—पवित्र लोगों के साथ बडे चाव से मित्रता करो, लेकिन जो अयोग्य है उनका साथ छोड दो, इसके लिए चाहे तुम्हे कुछ भेट भी देना पड़े।

परिच्छेद ८१

घनिष्ट मित्रता

मैत्री वही घनिष्ट है, जिस में दो अनुरूप ।
आत्मा को अर्पण करें, प्रेमी को रुचिरूप ॥१॥

बुधसम्मत वह मित्रता, जिसमें यह वर्ताव ।
स्वाश्रित दोनों पक्ष हों, रखें न साथ दबाव ॥२॥

मित्रवस्तु पर मित्र का, दिखे नहीं कुछ स्वत्व ।
तो मैत्री किस मूल्य की और रखे क्या तत्व ॥३॥

बिना लिये ही राय कुछ, कर लेवे यदि मित्र ।
तो प्रसन्न होता अधिक, सचमुच गाढा मित्र ॥४॥

कष्ट मिले यदि मित्र से, तो उसका भावार्थ ।
या तो वह अज्ञान है, या मैत्री सत्यार्थ ॥५॥

एकहृदय सन्मित्र का, सच्चे तजें न साथ ।
नाशहेतु होवे भले, चाहे उसका साथ ॥६॥

जिस पर है चिरकाल से, मन में अति अनुराग ।
करदे यदि वह हानि तो, होता नहीं विराग ॥७॥

मित्र नहीं सन्मित्र पर, सहता दोषारोप ।
फूले उसदिन मित्र जब, हरले अरि आटोप ॥८॥

जिसके हृदयहिमाद्रि से, प्रेमसिन्धु की धार ।
बहे निरन्तर एकसी, उसे विश्व का प्यार ॥९॥

चिरमित्रों के साथ भी, शिथिल न जिसका प्रेम ।
ऐसे मानवरत्न को, अरि भी करते प्रेम ॥१०॥

परिच्छेद ८१

घनिष्ट मित्रता

१—वही मैत्री घनिष्ट है जिसमे अपने प्रीतिपात्र की मर्जी के अनुकूल व्यक्ति अपने को समर्पित करदे।

२—सच्ची मित्रता वही है जिसमे मित्र आपस मे स्वतंत्र रहे और एक दूसरे पर दबाव न डाले। विज्ञजन ऐसी मित्रता का कभी भी विरोध नही करते।

३—वह मित्रता किस काम की, जिसमे मित्रता के नाम पर ली गई किसी काम की स्वतन्त्रता मे सहमति न हो।

४—जब कि दो व्यक्तियो मे प्रगाढ मैत्री है उनमे से एक दूसरे की अनुमति के विना ही कोई काम कर लेता है तो दूसरा मित्र आपस के प्रेम का ध्यान करके उससे प्रसन्न ही होगा।

५—जब कोई मित्र ऐसा काम करता है जिसमे तुम्हे कष्ट होता है तो समझ लो कि वह मित्र तुम्हारे साथ या तो परिपूर्ण मैत्री का अनुभव करता है या फिर अज्ञानी है।

६—सच्चा मित्र अपने अभिन्न मित्र को नही छोड सकता, भले हो वह उसके विनाश का कारण क्यो न हो।

७—जो व्यक्ति किसी को हृदय से और दीर्घकाल से प्रेम करता है वह अपने मित्र को घृणा नही कर सकता, भले ही वह उसे बार बार हानि क्यों न पहुँचाता हो।

८—उन व्यक्तियों के लिए जो अपने अभिन्न मित्र के विरुद्ध किसी प्रकार का आरोप सुनने से इनकार कर देते है, वह दिवस बड़ा आनन्दप्रद होता है जब कि उसका मित्र आरोपकों को हानि पहुँचाता है।

९—जो व्यक्ति दूसरे को अटूट प्रेम करता है उसे सारा ससार प्रेम करता है।

१०—जो व्यक्ति पुराने मित्रो के प्रति भी अपने प्रेम मे अन्तर नहीं आने देते उन्हे शत्रु भी स्नेह की दृष्टि से देखते है।

परिच्छेद ८२

विघातक मैत्री

करे प्रगट तो बाह्य में, हम में प्रीति अपार ।
पर भीतर कुछ भी नहीं, है अनिष्ट आसार ॥१॥
पाँव पड़े जब स्वार्थ हो, स्वार्थ विना अति दूर ।
मैत्री ऐसे धूर्त की, क्या होती गुणपूर ॥२॥
लाभदृष्टि से सख्य कर, बोले मृदुलालाप ।
तो वेश्या या चोर की, अधम श्रेणि में आप ॥३॥
भगता ज्यों है दुष्ट हय, पटक सुभट रणखेत ।
विपदा में त्यों झोंक कर, भगता शठ तज हेत ॥४॥
वह निकृष्ट, जो छोड़ता, विश्वासी सन्मित्र ।
संकट के खोटे समय, कपटी बने अमित्र ॥५॥
जड़ मैत्री से प्राज्ञ का, दिखता भला विरोध ।
कारण तुलना के लिए, गुण करते उपरोध ॥६॥
स्वार्थी और खुशामदी, इनकी प्रीति असाधु ।
शत्रुघृणा उससे कहीं, है असह्य भी साधु ॥७॥
जो तेरे सत्कार्य में, करे विघ्न बन आग ।
मत कह उससे धीर कुछ, धीरे मैत्री त्याग ॥८॥
कहता तो कुछ अन्य है, करे और ही रूप ।
स्वप्ने में भी मित्रता, ऐसे की विषरूप ॥९॥
सावधान उससे कभी, मैत्री करो न तात ।
भीतर जोड़े हाथ पर, बाहिर निन्दक ख्यात ॥१०॥

परिच्छेद ८२

विघातक मैत्री

१—उन व्यक्तियो की मैत्री विघातक ही होती है जो दिखाने को तो यह दिखाते है कि वे न जाने कितना प्रेम करते है, लेकिन उनके हृदय मे प्रेम नही होता ।

२—उन अभागे नराधमो से सजग रहो कि जो अपने लाभ के लिए तुम्हारे पैरो पर पडने के लिए तैयार है, पर जब तुमसे उनका कुछ स्वार्थ न निकलेगा तो वे तुम्हे छोड देगे । भला ऐसो की मैत्री रहे या न रहे इससे क्या आता जाता है ?

३—देखो, जो लोग यह सोचते है कि हमे उस मित्र से कितना मिलेगा, वे उस श्रेणी के लोग है कि जिनमे चोरो और बाजारू औरतों की गिनती है ।

४—कुछ आदमी उस अक्कड घोडे की तरह होते है कि जो युद्धक्षेत्र मे अपने सवार को गिराकर भाग जाता है। ऐसे लोगों से मैत्री रखने की अपेक्षा तो अकेले रहना ही हजारगुना अच्छा है ।

५—जो निकृष्ट व्यक्ति अपने विश्वासपात्र मित्रको उसकी आवश्यकता के समय छोड देता है, ऐसे व्यक्ति से मित्रता करने की अपेक्षा न करना कही अच्छा है ।

६—बुद्धिमानो से शत्रुता, मूर्खों की मित्रता की अपेक्षा लाखगुनी अच्छी है ।

७—चाटुकार और स्वार्थी लोगो की मित्रता से शत्रुओ की घृणा सौगुनी अच्छी है ।

८—जिस समय तुम कोई ऐसा काम करने मे लगे हो जिसे तुम पूरा कर सकते हो उस समय यदि कोई तुम्हारे मार्ग मे रोडे अटकाता है तो उससे तुम एक शब्द भी न कहो, बल्कि धीरे धीरे उससे सम्बन्ध छोड दो ।

९—जो व्यक्ति कहते कुछ है और करते कुछ है उनकी मित्रता की कल्पना स्वप्न मे भी करना बुरा है ।

१०—सावधान ! उन लोगो से जरा भी मित्रता न करना कि जो पास मे बैठकर तो मीठी मीठी बाते करते है पर बाहिर जन-समाज मे निन्दा करते है ।

परिच्छेद ८३

कपट-मैत्री

मित्रभाव तो शत्रु का, अहो 'निहाई' जान ।
पीटेगा वह काल पा, तुमको धातु समान ॥१॥
भीतर जिस के द्रोह हो, पर ऊपर अनुराग ।
नारी-मनसम शीघ्र ही, होता उसे विराग ॥२॥
नर में चाहे शुद्धि हो, चाहे ज्ञान प्रगाढ़ ।
फिर भी यह संभव नहीं, शत्रु घृणा दे काढ़ ॥३॥
हँसकर बोले सामने, पर भीतर है नाग ।
डरो सदा उस दुष्ट से, यदि हो जीवन-राग ॥४॥
हृदय नहीं हो सर्वथा, जिनका तेरे पास ।
मनमोहक बातें कहें, करो न पर, विश्वास ॥५॥
मित्रतुल्य मीठे बचन, बोले बारम्बर ।
फिर भी पल में शत्रु तो, खुलजाता विधिवार ॥६॥
झुकजावे फिर भी कभी करो न रिपु-विश्वास ।
कारण धनुषविनम्रता, करे अधिक ही त्रास ॥७॥
कर जोड़े रोवे अधिक, फिर भी क्या इतवार ।
छुपा हुआ रिपु के निकट, संभव हो हथियार ॥८॥
बाहिर मैत्री, चित्त से करे घृणा उपहास ।
मीठे बन, मौका मिले, करलो अरि को दास ॥९॥
कपटमित्र वैरी बने, बली न तुम भरपूर ।
तो बन माया-मित्र पर, रहो सदा ही दूर ॥१०॥

परिच्छेद ८३

कपट-मैत्री

१—जो मित्रता, शत्रु दिखाता है वह केवल निहाई है जिसके आश्रय से मौका मिलने पर वह तुम्हे लोहे के समान पीट देगा।

२—जो लोग ऊपर से तो स्नेह दिखाते हैं परन्तु मनमे वैर रखते हैं उनकी मित्रता कामिनी के हृदय समान थोडी सी अवधि मे बदल जायगी।

३—च हे उसका ज्ञान कितना ही महान् और पवित्र हो, शत्रु के लिए यह फिर भी असम्भव है कि उसके प्रति जो घृणा है उसे हृदय स निकाल दे।

४—उन दुष्ट चालबाजों से डरते रहो कि जो सब के सामने ऊपरी मनसे तो हँसते है पर भीतर ही भीतर हृदय मे भारी विद्वेष रखते है।

५—उन आदमियो को देखो जिनका हृदय तुम्हारे साथ विल्कुल नहीं है परन्तु जिनके वचन तुम्हे आकर्षित करते है ऐसे लोगों मे सर्वथा विश्वास न रक्खो।

६—एक वैरी पल भर मे ही खुल जायगा यद्यपि वह मित्रता की बडी मृदुल भाषा बोलता हो।

७—यदि वैरी विनम्र वचन बोले तो भी उसका विश्वास न करो क्योंकि धनुष जितना ही अधिक झुकेगा उतना ही अधिक अनिष्ट सूचक होगा।

८—शत्रु यदि हाथ जोडे और आँसू भी बहावे तो भी उसकी प्रतीति न करो सम्भव है कि उसके हाथो मे कोई हथियार छुपा हो।

९-ऐसे आदमी को देखो, जो जन समाज मे तुम्हारा आदर करता है परन्तु एकान्त मे घृणा करने के लिए हँसता है उसकी प्रत्यक्ष-रूप मे चाटुकारी करो लेकिन उसे समय मिलते ही कुचल दो चाहे वह मित्रता के आलिङ्गन मे ही क्यों न हो।

१० यदि शत्रु तुमस मित्रता का ढोग करता है और तुम भी अभी उससे खुला वैर नही कर सकते हो तो तुम भी उससे मित्रता का ढोग रचो पर मनसे उसे सदा दूर रक्खो।

परिच्छेद ८४

मूर्खता

कहें किसे हम मूर्खता तो सु लो पहिचान ।
लाभप्रद का त्यागना, हानिहेतु आदान ॥१॥

खोटे अनुचित कृत्य में, फँसना विना विवेक ।
प्रथमकोटि की मूर्खता, समझो यह ही एक ॥२॥

धर्म अरुचि निर्दयपना, कहना निन्दित बात ।
विस्मृत कर कर्तव्य को, बने मूढ़ प्रख्यात ॥३॥

शिक्षित होकर दक्ष हो हो गुरुपद आरूढ़ ।
फिर भी इन्द्रियलम्पटी, उस सम और न मूढ़ ॥४॥

जीवन में ही पूर्व से, कहे स्वयं अज्ञान ।
अहो नरक का, क्षुद्र बिल, मेरा भावी स्थान ॥५॥

उच्चकार्य को मूढ़ नर, लेकर अपने हाथ ।
करे न उसका नाश ही, बन्दी बनता साथ ॥६॥

मूर्खमनुज की द्रव्य का, करें और ही भोग ।
क्षुधाशान्ति के अर्थ पर, तरसें परिजनलोग ॥७॥

कारणवश बहुमूल्य कुछ, पाजावे यदि अज्ञ ।
चेष्टाये उन्मत्त सीं, तो करता सावज्ञ ॥८॥

मूढ़जनों की मित्रता, मन को बड़ी सुहात ।
कारण टूटे से अहो, दुःख न हो कुछ ज्ञात ॥९॥

बुधमण्डल में अज्ञ नर, त्यों ही दिखता हीन ।
पयसम धवल पलंग पर, ज्यों हो पैर मलीन ॥१०॥

परिच्छेद ८४

मूर्खता

१—क्या तुम जानना चाहते हो कि मूर्खता किसे कहते है ? जो वस्तु लाभदायक है उसको फेक देना और हानिकारक पदार्थ को पकड रखना, बस यही मूर्खता है ।

२—मूर्खता के सब भेदो मे सबसे प्रमुख मूर्खता यह है कि ऐसे काम मे अपने मन को प्रवृत्त करना जो कि अधम और अयोग्य है ।

३—मूर्ख मनुष्य अपने कर्तव्य को भूल जाता है और मुख से निन्दित तथा कर्कष बाते बोलता है, वह उद्धत और निर्लज्ज हो जाता है तथा उसे कोई भी अच्छी बात नही सुहाती है ।

४—एक आदमी खूब पढा लिखा और चतुर है, साथ ही दूसरो का गुरु है, फिर भी वह इन्द्रिय-लिप्सा का दास बना रहता है उससे बढ़कर मूर्ख और कोई नही है ।

५—मूर्ख अपने विषय मे अपने जीवन मे स्वय ही आगे से कह देता है कि उसका स्थान नरक के एक तुच्छ बिल मे है ।

६—उस मूर्ख को देखो जो एक महान् कार्य को करने के लिए अपने हाथ मे लेता है, वह उस काम को बिगाड ही न देगा किन्तु अपने को भी बेडियाँ पहिनने के योग्य बना लेगा ।

७—यदि मूर्ख को सौभाग्य से बहुत सी सम्पत्ति मिल जावे तो उससे पराये लोग ही चैन उडाते है, किन्तु उसके बन्धुबान्धव तो भूखों ही मरते हैं ।

८—यदि एक मूर्ख कोई बहुमूल्य वस्तु प्राप्त करले तो वह एक पागल और उन्मत्त की तरह व्यवहार करेगा ।

९—मूर्ख लोगों की मित्रता बड़ी सुहावनी होती है, क्योंकि जब वह टूट जाती है तो कोई दुःख नही होता ।

१०—योग्य पुरुषों की सभा मे किसी मूर्ख मनुष्य का जाना ठीक वैसा ही है जैसा कि साफ सुथरे पलग के ऊपर मैला पैर रख देना ।

परिच्छेद ८९

उद्धतता

उद्धतता से अन्य का, जो करता उपहास ।
उस में इस ही दोष से, लोकघृणा का वास ॥१॥
कोई पड़ौसी जानकर, कलह-दृष्टि से त्रास ।
देवे तो, उत्तम यही, मत जूझो दे त्रास ॥२॥
कलहवृत्ति भी एक है, दुःखद बड़ी उपाधि ।
उसकी कीर्ति अनन्त जो, छोड़सका यह व्याधि ॥३॥
दुःखभरा औद्धत्य यह, जिसने त्यागा दूर ।
उसका मन आह्लाद से, रहे सदा भरपूर ॥४॥
मुक्त सदा विद्वेष से, जिनका मनोनियोग ।
सर्वप्रिय इस लोक में, होते वे ही लोग ॥५॥
जिसे पड़ौसी द्वेष में, आता है आनन्द ।
अधःपतन उसका यहाँ, होगा शीघ्र अमन्द ॥६॥
जो नृप मत्सर-भाव से, सब को करे विरुद्ध ।
झगड़ालू उस भूप की, राज्यवृद्धि अवरुद्ध ॥७॥
टाले से विग्रह सदा, ऋद्धि बढ़े भरपूर ।
और बढ़ाने से अहो, नहीं पतन अतिदूर ॥८॥
बचे सभी आवेश से, जब हो पुण्यविशेष ।
और वही हतभाग्य नर, करे पड़ौसी-द्वेष ॥९॥
मानव को विद्वेष से, फल मिलता विद्वेष ।
शिष्टवृत्ति में शान्तियुत, रहे समन्वय शेष ॥१०॥

परिच्छेद ८६

उद्धतता

१—उजड्डुपन से दूसरो की हँसी उडाना ऐसा दुर्गुण है जिससे सभी व्यक्तियो को भीतर घृणा पैदा होती है।

२—यदि तुम्हारा पडौसी जानबूझकर झगडा करने की भावना से तुम्हे सताता है तो भी सर्वोत्तम बात यही है कि तुम अपने हृदय मे बदले की भावना न रक्खो और न उसे बदले मे चोट पहुँचाओ।

३—दूसरो से झगडा करने की आदत वास्तव मे एक दु खद व्याधि है। यदि कोई व्यक्ति अपने को उससे मुक्त करले तो उसे शाश्वत प्रतिष्ठा प्राप्त होती है।

४—यदि तुम अपने हृदय से सबसे बडी बुराई अर्थात् उजड्डुपन की भावना को दूर कर दो तो तुम्हे सर्वोच्च आनन्द प्राप्त होगा।

५—ऐसे व्यक्ति को कौन न चाहेगा, जिसमे विद्वेष की भावना को दूर करने की योग्यता है ?

६—जो आदमी अपने पडौसियो के प्रति विद्वेष करने मे आनन्द प्राप्त करता है उसका कुछ ही दिनो मे अध पतन हो जायगा।

७—वह झगडालू स्वभाव का राजा जो सदा झगडे मे लिप्त रहता है उस नीति पर आचरण नही कर सकता जिससे राष्ट्र का अभ्युत्थान होना है।

८—झगडे से बचने से समृद्धि प्राप्त होती है और यदि तुम झगडे को बढाने का मौका दोगे तो शीघ्र ही तुम्हारा पतन हो जायगा।

९—जब भाग्यदेवी किसी आदमी पर प्रसन्न होती है तो वह सब प्रकार की उत्तेजनाओ से बचता है, परन्तु उसके भाग्य मे यदि विनाश होना बदा है तो वह अपने पडौसियों के प्रति विद्वेष की भावना पैदा करने से नहीं चूकता।

१०—विद्वेष का फल बुरा होता है, लेकिन भलाई का परिणाम शान्ति और समन्वयकार्य होता है।

परिच्छेद ८७

शत्रु की परख

बलशाली के साथ तुम, मत जूझो मतिधाम ।
किन्तु भिड़ो बलहीन से, बिना लिये विश्राम ॥१॥

जो अशक्त असहाय नृप, रखे सदा निठुराई ।
कौन भरोसे वह करे, अरि पर कहो चढ़ाई ॥२॥

धैर्य, बुद्धि, औदार्यगुण, और पड़ौसी-मेल ।
मिलें नहीं जिस भूप में, उसका जय अरिखेल ॥३॥

कटुकप्रकृति के साथ में, जो नृप बिना लगाम ।
अधोदृष्टि सर्वत्र वह, सर्वघृणा का धाम ॥४॥

दक्ष न हो कर्तव्य में रक्षित रखे न मान ।
राजनीति से शून्य नृप, अरि का हर्षस्थान ॥५॥

लम्पट या क्रोधान्ध नृप, होता प्रतिभाहीन ।
वैरी उसके वैर के,-स्वागत को आसीन ॥६॥

कार्य पूर्व में ठान जो, करे उलट सब काम ।
वैर करो उस भूप से, चाहे देकर दाम ॥७॥

मिले न सद्गुण एक भी, जिसमें दोष अनेक ।
अरि-मुद्--वर्धक भूप वह, रखे मित्र क्या एक ॥८॥

मूढ़ तथा भयभीत से, शत्रु करे यदि युद्ध ।
उसका हर्ष समुद्र तब, रहे न सीमारुद्ध ॥९॥

मूढ़--पड़ौसी--राज्य से, लड़े नहीं जो भूप ।
करे नहीं जय यत्न भी, मिलता उसे न रूप ॥१०॥

परिच्छेद ८७

शत्रु की परख

१—जो तुम से शक्तिशाली है उनके विरुद्ध तुम प्रयत्न मत करो लेकिन जो तुम से कमजोर है उनके विरुद्ध बिना एकक्षण विश्राम किये निरन्तर युद्ध करते रहो।

२—वह राजा जो निर्दयी है और जिसके कोई सगी साथी नहीं है साथ ही ऐसी शक्ति भी नहा कि अपने पैरो पर खडा हो सके वह अपने शत्रु का कैसे सामना कर सकता है।

३—वह राजा जिसमे न तो साहस है, न बुद्धिमत्ता, और न उदारता इनके सिवाय जो अपने पडौसियो से मेल नही रखता उसके वैरी सरलता से उसे जीत लेगे।

४—वह राजा जो कि सदा कटु स्वभाव का है और अपनी वाणी पर नियन्त्रण नहीं रख सकता, वह हर आदमी से, हर स्थान पर हर समय नीचा देखेगा।

५—जिस राजामे चतुराई नही है, जो अपनी मान प्रतिष्ठा की परवाह नही करता और जो राजनीति शास्त्र तथा उस सम्बन्धी अन्य विषयो मे दुर्लक्ष्य रखता है वह अपने शत्रुओ के लिए आनन्द का कारण होता है।

६—जो भूपाल अपनी लिप्सा का दास है और क्रोधावेश में अन्धा होकर अपनी तर्क बुद्धि खो बैठता है उसके वैरी उसके वैर का स्वागत करेंगे।

७—जो भूपति किसी काम को उठा तो लेता है पर अमल ऐसा करता है कि जिससे उस काम मे सफलता मिलनी सभव नही होती ऐसे राजा की शत्रुता मोल लेने के लिए यदि कुछ मूल्य भी देना पडे तो उसे देकर ले लेना चाहिए।

८—यदि किसी राजा मे गुण तो कोई है नहीं, और दोष बहुत से है तो उसका कोई भी सगी साथी नही होगा तथा उसके शत्रु घी के दीपक जलायेंगे।

९—यदि मूर्ख और कायरो के साथ युद्ध करने का अवसर आता है तो शत्रुओ को निस्सीम आनन्द होता है।

१०—वह नरेश। जो अपने मूर्ख पडौसियो से लडने और आसानी से विजय प्राप्त करने का यत्न नही करता उसे कभी प्रतिष्ठा प्राप्त नही होती।

परिच्छेद ८८

शत्रुओं के साथ व्यवहार

मत छेड़ो बुध जानकर, चाहे हो भी हास्य ।
हत्यारे उस वैर को, जो है यम का आस्य ॥१॥

शस्त्रपाणि के साथ में, चाहे करलो वैर ।
वाणी जिसकी शस्त्र पर, मतकर उससे वैर ॥२॥

नहीं सहायक एक भी, फिर भी रण-आलाप-
करता, जो रिपुसंघ में, वह नृप पागल आप ॥३॥

अरि को जो चातुर्य से, करले मित्र उदार ।
श्री स्थिर उस भूप की, कर भी जय आधार ॥४॥

दो रिपु यदि हों सामने, हो असहायी आप ।
संधि करो तब एक से, पर से लड़ ले चाप ॥५॥

जब हो अपने राज्य पर, बाह्यशक्ति का बार ।
सजग पड़ौसी से रहो, मध्यस्थिति हितकार ॥६॥

बाधाएँ अनजान से, बोलो कभी न भूल ।
जानसकें त्रुटियाँ नहीं, वे, जो हों प्रतिकूल ॥७॥

दृढ़साधन, दृढयुक्तियाँ, दृढ़रक्षा, दृढ़तंत्र ।
यदि हों तो रिपु-गर्व का, मिले धूलि में मंत्र ॥८॥

वृक्ष कटीले काट दो, उगते ही लख दाव ।
छेदक कर में अन्यथा, देंगे पीछे घाव ॥९॥

अरिमद-भञ्जन की नहीं, जिन में शक्ति अनल्प ।
अधम पुरुष वे लोक में, जीवन उनका स्वल्प ॥१०॥

परिच्छेद ८८

शत्रुओं के साथ व्यवहार

१—उस हत्यारी बात को कि जिसे लोग शत्रुता कहते है, जान-बूझ कर कभी न छेडना चाहिए, चाहे वह परिहास्य के लिए ही क्यो न हो ।

२—तुम उन लोगो को भले ही शत्रु बना लो कि जिनका हथियार धनुष-बाण है, परन्तु उन लोगो को कभी मत छेडो जिनका हथियार जिह्वा है ।

३—जिस राजा के पास सहायक तो कोई भी नही है पर जो ढेर के ढेर शत्रुओ को युद्ध के लिए ललकारता है वह पागल से भी बढकर पागल है ।

४—जिस राजा मे शत्रुओ को मित्र बना लेने की कुशलता है उसकी शक्ति सदा स्थिर रहेगी ।

५—यदि तुमको विना किसी सहायक के अकेले दो शत्रुओं से लड़ने का अवसर आए तो उनमे से किसी एक को अपनी ओर मिला लेने की चेष्टा करो ।

६—तुमने अपने पडौसी को मित्र या शत्रु बनाने का कुछ भी निश्चय कर रक्खा हो, बाह्य आक्रमण होने पर उसे कुछ भी न बनाओ, बस यों ही छोड दो ।

७—अपनी कठिनाइयो का हाल उन लोगो मे प्रगट न करो कि जो अभी तक उनसे अनजान है और न अपनी दुर्बलताये वैरियो को ज्ञात होने दो ।

८—चतुरतापूर्वक एक युक्ति सोचो, अपने साधनो को सुदृढ और सुसगठित बनाओ तथा अपनी रक्षा का पूर्ण प्रबन्ध करलो। यदि तुम यह सब कर लोगे तो तुम्हारे शत्रुओ का गर्व चूर्ण होकर धूल मे मिलते कुछ देर न लगेगी ।

९—कॉटेदार वृक्षो को छोटेपन मे ही काट देना चाहिए, क्योकि जब वे बडे हो जायँगे तो स्वय ही उस हाथ को घायल कर देंगे जो उन्हे काटने जावेगा ।

१०—जो लोग अपना अपमान करने वालों का गर्व चूर्ण नही करते वे वास्तव मे बहुत समय तक नही टिकेंगे ।

परिच्छेद ८९

घर का भेदी

फव्वारा या कुञ्जवन ज्यों हों बर्धक रोग ।
अप्रिय होते बन्धु त्यों, रखकर अरि से योग ॥१॥

खुले खड्गसम शत्रु से, क्या है डरकी बात ।
कपट मित्र से नित्य ही, भीत रहो हे तात ॥२॥

सजग रहो उस दुष्ट से, जिसका हृदय न पूत ।
घात करे वह काल पा, ज्यों कुँभार का सूत ॥३॥

मित्ररूप से पास में, जो अरि करता वास ।
भेदबुद्धि वह डालकर, सजता विपद्-निवास ॥४॥

निजजन ही यदि क्रुद्ध हो, स्वयं करे विद्रोह ।
जीवन के लाले पड़े, बढे विपद्-सन्दोह[1] ॥५॥

कपटवृत्ति का राज्य हो, जिस नृप के दरबार ।
होगा वह भी एक दिन, उसका स्वयं शिकार ॥६॥

भेद पड़े फिर ऐक्य क्या, मिलता है अनुरूप ।
ढक्कन बर्तन से सदा, रखता भिन्नस्वरूप ॥७॥

मिलजाते वे भूमि में, जिनके घर में फूट ।
रेती से ज्यों लोह के, गिरते कणकण टूट ॥८॥

तिलसम भी यदि हो जहाँ, आपस का संघर्ष ।
सर्वनाश शिर पर नचे, हटे वहाँ उत्कर्ष ॥९॥

द्वेषी से जो रीति तज बोले स्वजन समान ।
बसें एक ही झोंपड़ी, विषधर साथी मान ॥१०॥

---

१ समूह ।

परिच्छेद ८९

घर का भेदी

१—कुञ्जवन और पानी के फुव्वारे भी कुछ आनन्द नही देते यदि उनसे बीमारी पैदा होती है, इसी प्रकार अपने नातेदार भी विद्वेष योग्य हो जाते हैं जब कि वे उसका सर्वनाश करना चाहते है।

२—उस शत्रु से अधिक डरने की जरूरत नही है कि जो नङ्गी तलवार की तरह है किन्तु उस शत्रु से सावधान रहो कि जो मित्र बनकर तुम्हारे पास आता है ।

३—अपने गुप्तवैरी से सदा सजग रहो क्योकि सकट के समय वह तुम्हे कुम्हार की डोरी के समान बडी सफाई से काट डालेगा।

४—यदि तुम्हारा कोई ऐसा शत्रु है कि जो मित्र के रूप मे घूमता-फिरता है तो वह शीघ्र ही तुम्हारे साथियो मे फूट के बीज बो देगा और तुम्हारे शिर पर सैकडों बलाएँ ला डालेगा ।

५—जब कोई भाई बन्धु तुम्हारे प्रतिकूल विद्रोह करे तो वह तुम पर अनगिनते सकट ला सकता है यहा तक कि उनसे स्वय तुम्हारे प्राण सकट मे पड जावेगे ।

६—जब किसी राजा के दरबार मे छल कपट प्रवेश कर जाता है तो फिर यह असभव है कि एक न एक दिन वह उसका स्वय भक्ष्य न बन जाय ।

७—जिस घर मे भेदवृत्ति पड गई है वह उस वर्तन के समान है जिसमे ढकन लगा हुआ है, यद्यपि वे दोनो देखने मे एक से मालूम होते हैं फिर भी वे एक कभी नही हो सकते।

८—देखो जिस घर मे फूट पडी हुई है वह रेती से रेते हुए लोहे के समान कण कण होकर धूल म मिल जायगा ।

९—जिस घर मे पारस्परिक कलह है सर्वनाश उसके शिर पर लटक रहा है फिर वह कलह चाहे तिल मे पडी हुई दरार का तरह ही छोटा क्यों न हो ।

१०—देखो जो मनुष्य ऐसे आदमी के साथ बिना मान सम्मान के व्यवहार करना है कि जो मन ही मनमे उसस द्वेष रखता है, वह उस मनुष्य के समान है जो काले नाग को साथी बनाकर एक ही झोपडे मे रहता है ।

परिच्छेद ९०

बड़ों के प्रति दुर्व्यवहार न करना

सन्तों के अपमान से, निज रक्षा का कार्य ।
करलो यदि हो कामना, क्षेम-कुशल की आर्य ॥१॥
सत्पुरुषों की अज्ञ यदि, करे अवज्ञा हास ।
टूटे उनकी शक्ति से, शिर पर विपदाकाश ॥२॥
हितूजनों को लाँघकर, जाओ करलो नाश ।
करो बली से वैर जो, करदे सत्तानाश ॥३॥
शक्तिसहित बलवान का, करता जो अपमान ।
वह क्रोधी निजनाश को, करता यम आह्वान ॥४॥
बलशाली या भूप का, करके क्रोध उभार ।
पृथिवी पर नर को नहीं, सुख का कुछ आधार ॥५॥
पूर्ण भयंकर आग से, बच सकते नर-प्राण ।
पर मान्यों से द्वेष रख, कैसे उनका त्राण ॥६॥
आत्मबली योगीष जो, करें कोप की वृद्धि ।
जीवन में फिर हर्ष क्या, क्या हो वैभव-सिद्धि ॥७॥
गिरिसमान ऋषि उच्च हैं, उनकी शक्ति असीम ।
उखड़े उनके कोप से, सुदृढ़ राज्य निस्सीम ॥८॥
व्रत से जिन का शुद्ध मन, वे ऋषि यदि हों रुष्ट ।
स्वर्गाधिप तब इन्द्र भी, होता पद से भ्रष्ट ॥९॥
आत्मशक्ति के देवता, ऋषि का कोप महान ।
बचे नहीं बलवान का, नर ले आश्रयदान ॥१०॥

परिच्छेद ९०

बड़ों के प्रति दुर्व्यवहार न करना

१—जो आदमी अपनी भलाई चाहता है, उसे सबसे अधिक सावधानी इस बात की रखनी चाहिए कि वह महान् पुरुषो का अपमान करने से अपने को बचावे ।

२—यदि कोई मनुष्य, महात्माओ का निरादर करेगा तो उनकी शक्ति से उसके शिर पर अनन्त आपत्तिया आ टूटेगी ।

३—क्या तुम अपना सर्वनाश करना चाहते हो ? तो जाओ किसी के सदुपदेश पर ध्यान न दो और जाकर उन लोगो के साथ छेडाखानी करो कि जो जब चाहे तुम्हारा नाश करनेकी शक्ति रखते हैं।

४—जो दुर्बल मनुष्य, बलवान् और सत्ताधारी पुरुषो का अपमान करता है वह मानो यमराज को अपने पास आने के लिए सकेत करता है ।

५—जो लोग, पराक्रमी राजा के क्रोध को उभारते है, वे चाहे कही जावे कभी सुख समृद्ध न होगे ।

६—दावाग्नि मे पडे हुए लोग चाहे भले ही बच जायॅ पर उन लोगो की रक्षा का कोई उपाय नही है कि जो शक्तिशाली पुरुषो के प्रति दुर्व्यवहार करते है ।

७—यदि आत्मबलशाली ऋषिगण तुम पर क्रुद्ध है तो विविध प्रकार के आनन्द से उल्लसित तुम्हारा भाग्यशाली जीवन और समस्त ऐश्वर्य से पूर्ण तुम्हारा धन फिर कहा होगा ?

८—जिन राजाओ का अस्तित्व शाश्वतरूप से स्थायी भित्ति पर स्थापित है वे भी अपने समस्त बन्धुबान्धवो सहित नष्ट हो जायॅगे यदि पर्वत के समान शक्तिशाली महर्षिगण उनके सर्वनाश की कामना भर करे ।

९—और तो और स्वय देवेन्द्र भी अपने स्थान से भ्रष्ट हो जाय और अपना प्रभुत्व गवा बैठे, यदि पवित्र प्रतिज्ञा वाले सन्त लोग क्रोध भरी दृष्टि से उसकी ओर देखे ।

१०—यदि आध्यात्मिक ऋद्धि रखने वाले महर्षिगण रुष्ट हो जायॅ तो वे मनुष्य भी नही बच सकते कि जो सुदृढ से सुदृढ आश्रय के ऊपर निर्भर है ।

परिच्छेद ९१

स्त्री की दासता

नारी की पद-अर्चना, करने में जो लीन ।
उच्च नहीं वह आर्यजन, बने न विषयाधीन ॥१॥

जो विषयी निशदिन रहे, भरा मदन-सन्ताप ।
ऋद्धि सहित भी निन्द्य हो, लज्जित होता आप ॥२॥

नारी से दब कर रहे, सचमुच वह है क्लीव ।
भद्रों में वह लाज से, चले न हो उद्ग्रीव ॥३॥

प्रिया-भीत कामार्त को, देखे होता खेद ।
उस अभव्य हतभाग्य के, गुण रहते यश-भेद ॥४॥

नारी की सेवार्थ ही कामी का पुरुषार्थ ।
क्या क्षमता साहस करे, गुरुजन की सेवार्थ ॥५॥

प्रिया सुकोमल बाहु से, जो धूजें भय मान ।
मान नहीं उनका कहीं, जो हों देवसमान ॥६॥

जिसपर चोली-राज्य की, प्रभुता का अधिकार ।
उससे कन्या ही भली, लज्जाभूषित सार ॥७॥

प्रियावचन ही कार्य में, जिनको नित्य प्रमाण ।
मित्रकार्य या और कुछ, करें न वे कल्याण ॥८॥

धर्म तथा धन से रहे, कामी को वैराग्य ।
प्रेमामृत के पान का, नहीं उसे सौभाग्य ॥९॥

कर्ता उत्तम कार्य के, भाग्य उदय के धाम ।
करें न विषयासक्ति सी, दुर्मति का वे काम ॥१०॥

परिच्छेद ९१

स्त्री की दासता

१—जो लोग अपनी स्त्री के श्री चरणो की अर्चना मे ही लगे रहते हैं वे कभी महत्व प्राप्त नही कर सकते और जो महान् कार्यों के करने की उच्चाशा रखते है वे ऐसे निकृष्ट प्रेम के पाश मे नही फॅसते।

२—जो आदमी अपनी स्त्री के असीम मोह मे पडा हुआ है, वह अपनी समृद्धिशाली अवस्था मे भी लोगो मे हास्यस्पद हो जायगा और लज्जा से उसे अपना मुॅह छिपाना पडेगा।

३—वह नामर्द जो अपनी स्त्री के सामने झुककर चलता है, सत्पात्र पुरुषो के सामने वह सदा शरमावेगा।

४—शोक है उस मुक्ति-विहीन अभागे पर जो अपनी स्त्री के सामने कॉपता है, उसके गुणों का कभी कोई आदर न करेगा।

५—जो आदमी अपनी स्त्री से डरता है वह गुरुजनों की सेवा करने का भी साहस नही कर सकता।

६—जो लोग अपनी स्त्री की कोमल भुजाओं से भयभीत रहते हैं वे यदि देवो के समान भी रहे तब भी उनका कोई मान न करेगा।

७—जो मनुष्य चोली-राज्य का आधिपत्य स्वीकार करता है, उसकी अपेक्षा एक लजीली कन्या मे अधिक गौरव है।

८—जो लोग अपनी स्त्री के कहने मे चलते हैं वे अपने मित्रों की आवश्यकताओ को भी पूर्ण न कर सकेगे और न उनसे कोई शुभ काम ही हो सकेगा।

९—जो मनुष्य स्त्री-राज्य का शासन स्वीकार करते है उन्हे न तो धर्म मिलेगा और न धन, इनके सिवाय न उन्हे अखण्ड प्रेम का आनन्द ही मिलेगा।

१०—जिन लोगों के विचार महत्वपूर्ण कार्यों मे रत है और जो सौभाग्य-लक्ष्मी के कृपापात्र है वे अपनी स्त्री के मोहजाल मे फॅसने की कुबुद्धि नहीं करते।

परिच्छेद ९२

वेश्या

जिन्हें न नर से प्रेम है, धन से ही अनुकूल ।
कपटमधुर उनके बचन, बनते विपदा-मूल ॥१॥

वेश्या मधुसम बोलती, धन की आय विचार ।
चाल ढाल उसकी समझ, दूर रहो यह सार ॥२॥

गणिका उर से भेटती, धनिक देख निज जार ।
ऊपर से कर धूर्तता, दिखलाती अति प्यार ॥
लगे उसे पर चित्त में, प्रेमी की यह देह ।
बेगारी तम में छुए, ज्यों कोई मृतदेह ॥३॥ (युग्म)

व्रतभूषित नररत्न जो, होते मन्द-कषाय ।
करे न वेश्यासंग से, दूषित वे निज काय ॥४॥

जिनक ज्ञान अगाध है, अथवा निर्मल बुद्धि ।
रूप-हाट से वे कभी, लेते नहीं अशुद्धि ॥५॥

रूप अपावन बेचती, वेश्या चपल अपार ।
छुएँ न उसका हाथ वे, जो हैं निजहितकार ॥६॥

खोजें असती नारियाँ, नर ही अधम जघन्य ।
गले लगातीं एक वे, सोचें मन से अन्य ॥७॥

अविवेकी गुनते यही, पाकर वेश्या संग ।
स्वर्गसुधा सी अप्सरा, मानो लिपटी अंग ॥८॥

बनी ठनी शृङ्गार से, वेश्या नरक समान ।
नाले जिसके बाहु हैं, डूबे कामी आन ॥९॥

द्यूतचाट वेश्यागमन, और सुरा का पान ।
भाग्यश्री जिनकी हटी, उनके सुख सामान ॥१०॥

परिच्छेद ९२

वेश्या

१—जो स्त्रिया प्रेम के लिए नही बल्कि धन के लोभ से किसी पुरुष की कामना करती है, उनकी मायापूर्ण मीठी बाते सुनने से दु ख ही दु ख होता है ।

२—जो दुष्ट स्त्रियाँ मधुमयी वाणी बोलती है पर जिनका ध्यान अपने नफे पर रहता है, उनकी चाल-ढाल को विचार कर उनसे सदा दूर रहो ।

३—वेश्या जब अपने प्रेमी का दृढ-आलिङ्गन करती है तो वह ऊपर से यह प्रदर्शन करती है कि वह उससे प्रेम करती है परन्तु मनमे तो उसे ऐसा अनुभव होता है जैसे कोई वेगारी अन्धेरे कमरे मे किसी अज्ञात लाश को छूता है ।

४—जिन लोगो के मन का झुकाव पवित्र कार्यों की ओर है, वे असती स्त्रियों के स्पर्श से अपने शरीर को कलङ्कित नही करते ।

५—जिन लोगों की बुद्धि निर्मल है और जिनमे अगाध ज्ञान है वे उन औरतो के स्पर्श से अपने को अपवित्र नहीं करते कि जिनका सौन्दर्य और लावण्य सब लोगों के लिए खुला है ।

६—जिनको अपने कल्याण की चाह है वे स्वैरिणी गणिका का हाथ नही छूते कि जो अपनी अपवित्र सुन्दरता को बेचती फिरती है ।

७—जो ओछी तबियत के आदमी है वे ही उन स्त्रियो को खोजेंगे कि जो केवल शरीर से आलिङ्गन करती है, जबकि उनका मन दूसरी जगह रहता है ।

८—जिनमे सोचने समझने की बुद्धि नहीं है उनके लिए चालाक कामनियो का आलिङ्गन ही अप्सराओ की मोहिनी के समान है ।

९—भरपूर साज-सिगार किये और बनी-ठनी स्वैरिणी के कोमल बाहु नरक की अपवित्र नाली के समान है जिसमे घृणित मूर्ख लोग अपने को जा डुबोते है ।

१०—चचल मन वाली स्त्री, मद्यपान और जुआ, ये उन्ही के लिए आनन्दवर्द्धक है कि जिन्हे भाग्य-लक्ष्मी छोड देती है ।

परिच्छेद ९३

मद्य का त्याग

प्रेमी यदि हो मद्य के, फिर क्यों अरि हो भीत ।
और उसी से पूर्व के, मिटते गौरव-गीत ॥१॥

यदि हो हित की कामना, करो न मदिरापान ।
माने नहीं अनार्य तो, पीए तज वर मान ॥२॥

मदिरापायी की दशा, माता ही जब देख ।
ग्लानि करे तब भद्र का, क्या करना उल्लेख ॥३॥

नर को देख कुसंग में, मधु लेवे जब घेर ।
लज्जा सी तब सुन्दरी, जाती मुख को फेर ॥४॥

कैसी यह है मूर्खता, कैसा प्रतिभा-द्रोह ।
मूल्य चुकाकर आप ले, विस्मृति, विभ्रम मोह ॥५॥

किसी तरह के मद्य का, पीना विष का पान ।
सोता ऐसी नींद वह, ज्यों होता मृत भान ॥६॥

छिप कर भी घर में पियी, करती मदिरा हानि ।
भेद पड़ौसी जानकर, करते अति ही ग्लानि ॥७॥

"नहीं जानता मद्य मैं", मत कर यों अपलाप ।
कारण झूँठ कुटेव में, और बढ़ावे पाप ॥८॥

व्यसनी को उपदेश दे, खोना ही है काल ।
डूबे नर की खोज में जल में व्यर्थ ममाल ॥९॥

स्वयं शराबी होश में, देखे मद के दोष ।
पर सोचे निज के नहीं, यह ही दुःखद रोष ॥१०॥

परिच्छेद ९३

मद्य का त्याग

१—देखो, जिन लोगों को मद्य पीने का व्यसन लगा हुआ है उनके शत्रु उनसे कभी न डरेंगे और जो कुछ उन्हे मान प्रतिष्ठा प्राप्त है वह भी जाती रहेगी।

२—कोई भी शराब न पिये, यदि कोई पीना ही चाहे तो उन लोगो को पीने दो कि जिन्हे आर्य पुरुषो से मान मर्यादा मिलने की परवाह नही है।

३—जो आदमी नशे मे चूर है उसकी आकृति स्वय उसको जन्म देने वाली माता को ही बुरी लगती है। फिर भला वह सत्पात्र पुरुषो को कैसी लगेगी ?

४—जिन लोगो को मदिरापान की घृणित आदत पडी हुई है लज्जा-रूपिणी सुन्दरी उनसे अपना मुँह फेर लेती है।

५—यह तो असीम मूर्खता और अपात्रता है कि अपना धन खर्च करे और बदले मे विस्मृति तथा विभ्रम को मोल लेवे।

६—जो लोग प्रतिदिन उस विष का पान करते है कि जिसे ताड़ी या मद्य कहते है वे मानो महानिन्द्रा मे ग्रस्त है। उनमे और मृतक मे कोई अन्तर नही होता।

७—जो लोग चोरी से मदिरा पीते है और अपने समय को अचेत अवस्था मे तथा स्मृतिशून्यता मे गमाते है, उनके पडोसी शीघ्र ही इस बात को जान जायँगे और उन्हे घृणा की दृष्टि से देखेगे।

८—मद्यपायी व्यर्थ ही यह कहने का ढोंग न करे कि मै तो मदिरा को जानता ही नही, क्योकि ऐसा कहने से वह उस दुष्कृत्य के साथ झूठ बोलने का पाप और अधिक शामिल करता है।

९—जो मद्य-प्यासे को सीख देने का प्रयत्न करता है, वह उस मनुष्य के समान है जो पानी मे डूबे हुए आदमी को मसाल लेकर ढूँढ़ता है।

१०—जो आदमी अपनी सचेत अवस्था मे किसी दूसरे दारूकुट्टे की दुर्गति को स्वय आँखों से देखता है तो क्या वह निज का अनुमान नही लगा सकता कि जब वह नशे में होता है तो उसकी भी यही दशा होती होगी ।

परिच्छेद ९४

जुआ

जीतो तो भी द्यूत को, मतखेलो धीमान ।
व्यक्ति-मत्स्य को द्यूतजय, बनसीमांस समान ॥१॥

जिसमें सौ को हार कर, कभी जीतले एक ।
उसी जुआ से ऋद्धि की, कैसी आशा नेक ॥२॥

पैसा रख कर दाव पर, जिसे जुआ की चाट ।
हरलेते अज्ञातजन, उसका सारा ठाट ॥३॥

द्यूत अधम जैसा करे, करे न वैसा अन्य ।
पापअर्थ मन को सजा, यश को करे जघन्य ॥४॥

मानें निज को द्यूतपटु ऐसे लोग अनेक ।
पछताया जो हो नहीं, पर क्या उनमें एक ॥५॥

द्यूतअन्ध दुर्दैव से, भोगे कष्ट अनन्त ।
व्यसनी इसका मूढ़ नर, मरे क्षुधा से अन्त ॥६॥

जाता द्यूतागार में, प्रायः जिसका काल ।
पैतृक धन के साथ वह, खोता कीर्ति विशाल ॥७॥

स्वाहा करदे सम्पदा, साख मिटे चहुँओर ।
विपदा-साथी द्यूत यह, करदे हृदय कठोर ॥८॥

छोड़ें द्यूतासक्त को, कीर्ति-सम्पदा-ज्ञान ।
यही नहीं, वह मांगता, अन्न वस्त्र का दान ॥९॥

ज्यों ज्यों हारे द्यूत में, त्यों त्यों बढ़ता राग ।
दुःखित होकर जन्म भर, जलती तृष्णा आग ॥१०॥

परिच्छेद ९४

जुआ

१—जुआ मत खेलो भले ही उसमे जीत क्यो न होती हो, क्योकि तुम्हारी जीत ठीक उस कॉटे के मास के समान है जिसे मछली निगल जाती है ।

२—जो जुआरी सौ हारकर एक जीतते है उनके लिए जगत मे उत्कर्षशाली होने की क्या सम्भावना हो सकती है ?

३—जो आदमी प्राय दाव पर बाजी लगाता है उसका सारा धन दूसरे लोगों के ही हाथ मे चला जाता है ।

४—मनुष्य को जितना अधम जुआ बनाता है उतना और कोई नहीं, क्योंकि इससे उसकी कीर्ति को बट्टा लगता है और उसका हृदय कुकर्म करने की प्रेरणा पाता है ।

५—ऐसे आदमी बहुतेरे है जिन्हे पासा डालने की अपनी चतुराई का घमण्ड है और जो जुआघर के पीछे पागल है, लेकिन उनमे से एक भी मनुष्य ऐसा नहीं है जिसने अन्त मे पश्चाताप न किया हो ।

६—जो आदमी जुआ के व्यसन मे अन्धे हुए है वे भूखो मरते है और हर प्रकार के संकटों मे पडते है ।

७—यदि तुम अपना समय जुआघर मे नष्ट कर दोगे तो तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति समाप्त हो जायगी और तुम्हारी कीर्ति को भी धब्बा लगेगा ।

८—जुआ मे तुम्हारी सम्पत्ति स्वाहा होगी और प्रामाणिकता नष्ट होगी, इसके सिवाय हृदय कठोर बनेगा और तुम पर दु ख ही दु ख आवेगे ।

९—जो आदमी जुआ खेलता है उसकी कीर्ति, विद्वत्ता और सम्पत्ति ये सब उसका साथ छोड देते है, इतना ही नही, उसे खाने और कपडे तक के लिए भीख मॉगनी पडती है ।

१०—ज्यो ज्यों आदमी जुआ मे हारता जाता है त्यो त्यों उसके प्रति उसकी प्रवृत्ति बढ़ती ही जाती है । इससे उसकी आत्मा को जो कष्ट उठाना पडता है उससे जीवन भर के लिए उसकी आत्मा की तृष्णा और अधिक बढ जाती है ।

परिच्छेद ९५

औषधि

ऋषि कहते इस देह में, वातादिक गुण तीन ।
और विषम जब ये बनें, होते रोग नवीन ॥१॥

पचजावे जब पूर्व का, तब जीमें जो आर्य ।
आवश्यक उसको नहीं, औषधि-सेवन-कार्य ॥२॥

दीर्घत्रयी की रीति यह, जीमों बनकर शान्त ।
और पचे पश्चात फिर, जीमों हो निर्भ्रान्त ॥३॥

जब तक पचे न पूर्व का, तब तक छुओ न अन्न ।
पचने पर जो सात्म्य हो, खा लो उसे प्रसन्न ॥४॥

पथ्य तथा रुचिपूर्ण जो, भोजन करे सुपुष्ट ।
उस देही को देह की, व्यथा न घेरे दुष्ट ॥५॥

जीमें खाली पेट जो, उसको ढूँढे स्वास्थ्य ।
खाता यदि मात्रा अधिक, तो ढूँढे अस्वास्थ्य ॥६॥

जठरानल को लाँघ कर, खाते हतधी-लोग ।
अनगिनते बहुभाँति के, घेरें उनको रोग ॥७॥

रोग तथा उत्पत्ति को, सोचो और निदान ।
पीछे उसके नाश का, करो प्रयत्न महान ॥८॥

कैसा रोगी रोग क्या, क्या ऋतु का व्यवहार ।
सोचे पहले वैद्य फिर, करे चिकित्सा सार ॥९॥

रोगी, भेषज, वैद्यवर, औषधि-विक्रयकार ।
चार चिकित्सा सिद्धि में, साधन ये हैं सार ॥१०॥

परिच्छेद ९५

औषधि

१—वात आदि जिन तीन गुणों का वर्णन ऋषियो ने किया है उनमे से कोई भी यदि अपनी सीमा से घट बढ जावे तो वह रोग का कारण हो जाता है।

२—शरीर के लिए औषधि की कोई आवश्यकता न हो यदि खाया हुआ भोजन परिपाक हो जाने के पश्चात् खाया जावे।

३—भोजन सदैव शान्ति के साथ करो और जीमे हुए अन्न के पच जाने पर ही फिर भोजन करो, बस दीर्घायु होने का यही सर्वोत्तम मार्ग है।

४—जब तक तुम्हारा खाया हुआ अन्न न पच जावे और जब तक कडक कर भूख न लगे तब तक भोजन के लिए ठहरे रहो और उसके पश्चात् शान्ति के साथ वह खाओ जो तुम्हारी प्रकृति के अनुकूल है।

५—यदि तुम शान्ति के साथ ऐसा भोजन करो जो तुम्हारी प्रकृति के अनुकूल है तो तुम्हारे शरीर मे किसी प्रकार की व्यथा न होगी।

६—जिस प्रकार आरोग्य उस मनुष्य को ढूँढ़ता है जो पेट खाली होने पर भोजन करता है, ठीक उसी प्रकार रोग उस आदमी को ढूँढ़ता हुआ आता है जो मात्रा से अधिक खाता है।

७—जो आदमी मूर्खता से अपनी जठराग्नि से परे खूब ठूँस ठूँस कर खाता है उसको अनगिनते रोग घेरे ही रहेंगे।

८—रोग, उसकी उत्पत्ति और उसका निदान, इन सबका प्रथम विचार करलो, पीछे तत्परता के साथ उसको दूर करने मे लग जाओ।

९—वैद्य को चाहिए कि वह रोगी, रोग और ऋतु का पूर्ण विचार करले, तब उसके पश्चात् औषधि प्रारम्भ करे।

१०—रोगी, वैद्य, औषधि और औषधि-विक्रेता, इन चारो पर ही चिकित्सा निर्भर है और उनमे से हर एक के फिर चार चार गुण है।

परिच्छेद ९६

कुलीनता

उत्तम कुल के व्यक्ति में, दो गुण सहजप्रत्यक्ष ।
प्यारी 'लज्जा' एक है, दूजा सच्चा 'पक्ष' ॥१॥

सदाचार लज्जा मधुर, और सत्य से प्रीति ।
इनसे कभी न चूकना, यह कुलीन की रीति ॥२॥

सद्वंशज में चार गुण, होते बहुत अमोल ।
कर उदार, पर गर्वबिन, हँसमुख, मीठे बोल ॥३॥

कोटिद्रव्य का लाभ हो, चाहे कर अघ काम ।
बड़े पुरुष तो भी नहीं, करते दूषित नाम ॥४॥

देखो वंशज श्रेष्ठजन, जिनका कुल प्राचीन ।
त्यागें नहीं उदारता, यद्यपि हों धनहीन ॥५॥

कुल के उत्तम कार्य का, ध्यान जिन्हें प्रतियाम ।
करे न वञ्चकवृत्ति वे, और न खोटे काम ॥६॥

वरवंशज के दोष को, देखें सब ही लोग ।
ज्यों दिखता है चन्द्र का, सब को लांछनयोग ॥७॥

उच्चवंश का निंद्य, यदि, करता वाक्यप्रयोग ।
करते उसके जन्म में, आशंका तब लोग ॥८॥

तरु कहता ज्यों भूमिगुण, पाकर फल का काल ।
वाणी त्यों ही बोलती, नर के कुल का हाल ॥९॥

चाहो सद्गुण शील तो, करो यत्न लज्जार्थ ।
और प्रतिष्ठित वंश तो, आदर करो परार्थ ॥१०॥

परिच्छेद ९६

कुलीनता

१—न्याय-प्रियता और लज्जाशीलता स्वभावत उन्ही लोगो मे होती है जो अच्छे कुल मे जन्म लेते है ।

२—सदाचार, सत्यप्रियता और सलज्जता, इन तीन बातो से कुलीन पुरुष कभी पद-स्खलित नही होते ।

३—सच्चे कुलीन सज्जन मे ये चार गुण पाये जाते है—हँसमुख चेहरा, उदार हाथ, मृदुभाषण और स्निग्ध-निरभिमान ।

४—कुलीन पुरुष को करोडो रुपये मिले तब भी वह अपने नाम को कलङ्कित न होने देगा ।

५—उन प्राचीन कुलो के वशजो की ओर देखो, जो अपने ऐश्वर्य के क्षीण हो जाने पर भी अपनी उदारता नहीं छोडते ।

६—देखो, जो लोग अपने कुल के प्रतिष्ठित आचारो को पवित्र रखना चाहते है, वे न तो कभी धोखेबाजी से काम लेगे और न कुकर्म करने पर उतारू होगे ।

७—प्रतिष्ठित कुल मे उत्पन्न हुए मनुष्य के दोष पर चन्द्रमा के कलङ्क की तरह विशेष रूप से सबकी दृष्टि पडती है ।

८—अच्छे कुल मे उत्पन्न हुए मनुष्य के मुख से यदि फूहड और निकम्मी बाते निकलेगी तो लोग उसके जन्म के विषय तक मे शङ्का करने लगेगे ।

९—भूमि की विशेषता का पता उसमे उगने वाले पौधे से लगता है, ठीक इसी प्रकार मनुष्य के मुख से जो शब्द निकलते है उनसे उसके कुल का हाल मालूम हो जाता है ।

१०—यदि तुम नेकी और सद्गुणो के इच्छुक हो तो तुमको चाहिए कि सलज्जता के भाव का उपार्जन करो और तुम अपने वश को सम्मानित बनाना चाहते हो तो तुम सब लोगों के साथ आदर-मय व्यवहार करो ।

परिच्छेद १७

प्रतिष्ठा

आत्मा का जिससे पतन, करो न वह तुम कार्य ।
प्राणों की रक्षार्थ भी, चाहे हो अनिवार्य ॥१॥
पीछे भी जो चाहते, कीर्ति सहित निज नाम ।
गौरव के भी अर्थ वे, करें न अनुचित काम ॥२॥
करो ऋद्धि में भव्य वर, विनयश्री की वृष्टि ।
क्षीणदशा में मान की, रखो सदा पर दृष्टि ॥३॥
दूषित गौरव से मनुज, त्यों ही लगता हीन ।
बालों की कटकर लटे ज्यों हों मानविहीन ॥४॥
रत्ती सा भी स्वल्प यदि, करे मनुज दुष्कर्म ।
गिरि सम उच्च प्रभाव का क्षुद्र बने बेशर्म ॥५॥
स्वर्ग कीर्ति के स्थान में, जो दे घृणा विरक्ति ।
जीना फिर क्यों चाहते करके उसकी भक्ति ॥६॥
मृनरुचि की परभक्ति से उत्तम यह ही एक ।
निर्विकल्प, निजभाग्य को भोगे नर रख टेक ॥७॥
ऐसी कौन अमूल्य निधि, रे नर! यह है खाल ।
गौरव को भी बेच जो, रखता इसे सँभाल ॥८॥
केशों की रक्षार्थ ज्यों, तजती चमरी प्राण ।
करे मनस्वी मानहित, त्यों ही महा प्रयाण ॥९॥
देख मिटा निज रूप जो, जीवित रहे न तात ।
वेदी पर उसकी चढ़ें, भक्ति-पुष्प दिनरात ॥१०॥

परिच्छेद १७

प्रतिष्ठा

१—उन बातो से सदा दूर रहो कि जो तुम्हे नीचे गिरा देगी, चाहे वे प्राण-रक्षा के लिए अनिवार्य रूप से ही आवश्यक क्यो न हों।

२—जो लोग अपने पीछे यशस्वी नाम छोड जाना चाहते है, वे अपने गौरव बढाने के लिए भी वह काम न करे कि जो उचित नहीं है।

३—समृद्धि की अवस्था मे तो नम्रता और विनय की विस्फूर्ति करो, लेकिन हीन स्थिति के समय मान-मर्यादा का पूरा ध्यान रक्खो।

४—जिन लोगों ने अपने प्रतिष्ठित नाम को दूषित बना डाला है, वे बालो की उन लटो के समान है कि जो काटकर फेंक दी गयी है।

५—पर्वत के सम न उच्च प्रभावशाली लोग भी बहुत ही क्षुद्र दिखाई पडने लगेगे यदि वे कोई दुष्कर्म करेगे, फिर चाहे वह कर्म घु घची के समान ही छोटा क्यों न हो।

६—न तो जिससे यशोवृद्धि ही होती है और न स्वर्ग प्राप्ति, फिर मनुष्य ऐसे आदमी की शुश्रूषा करके क्यो जीना चाहता है कि जो उससे घृणा करता है।

७—अपने तिरस्कार करने वाले के सहारे रहकर उदरपूर्ति करने की अपेक्षा तो यही अच्छा है कि मनुष्य बिना हीला हवाला किये अपने भाग्य मे लिखे हुए को भोगने के लिए पूरा तैयार हो जाय।

८—अरे ? यह खाल क्या ऐसी अमूल्य वस्तु है कि जो अपनी प्रतिष्ठा बेच कर भी इसे बचाये रखना चाहते है।

९—चमरी गौ अपने प्राण त्याग देती है जबकि उसके बाल काट लिये जाते है कुछ मनुष्य भी ऐसे ही मानी होते है कि जब वे अपनी मानमर्यादा नही रख सकते तो अपनी जीवन लीला का अन्त कर डालते हैं।

१०—जो मनस्वी अपने शुभनाम के नष्ट हो जाने पर जीवित नहीं रहता सारा संसार हाथ जोड कर उसकी सुयश-मयी वेदी पर भक्ति की भेट चढाता है।

परिच्छेद १८

महत्व

उच्चकार्य की चाह को, कहते विबुध महत्त्व ।
और क्षुद्रता है वही, जहाँ नहीं यह तत्त्व ॥१॥
सब ही मानव एक से, नहीं जन्म में भेद ।
कीर्ति नहीं पर एकसी, कारण, कृति में भेद ॥२॥
नहीं वंश से उच्च नर, यदि हो भ्रष्टचरित्र ।
और न नीचा जन्म से, यदि हो शुद्धचरित्र ॥३॥
आत्मशुद्धि के साथ में, जब हो सद्व्यवहार ।
सतीशील सम उच्चता, तब रक्षित विधिवार ॥४॥
साधन के व्यवहार में, हैं जो बड़े धुरीण ।
वे अशक्य भी कार्य में, होते सहज प्रवीण ॥५॥
क्षुद्रों में ऐसी अहो, होती एक कुटेव ।
आर्य-विनय उनकी कृपा, नहीं रुचे स्वयमेव ॥६॥
ओछों को यदि दैव बस, मिलजावे कुछ द्रव्य ।
इतराते निस्सीम तो, बनकर पूर्ण अभव्य ॥७॥
बिना दिखावट उच्चनर, सहज विनय के कोष ।
क्षुद्र मनुज पर विश्व में, करते निजगुण घोष ॥८॥
लघुजन से भी उच्चनर, करें सदय व्यवहार ।
क्षुद्र दिखें, पर गर्व के, मूर्तमान अवतार ॥९॥
ढाँके पर के दोष को, सज्जन दया-निधान ।
छिद्रों को पर ढूँढते, दुर्जन ही अज्ञान ॥१०॥

परिच्छेद ९८

महत्त्व

१—महान् कार्यों के सम्पादन करने की आकाक्षा को ही लोग महत्त्व के नाम से पुकारते है और ओछापन उस भावना का नाम है जो कहती है कि मै उसके बिना ही रहूँगी ।

२—उत्पत्ति तो सब लोगो की एक ही प्रकार की होती है परन्तु उनकी प्रसिद्धि मे विभिन्नता होती है, क्योकि उनके जीवन मे महान् अन्तर होता है ।

३—उत्तम कुल मे उत्पन्न होने पर भी यदि कोई सच्चरित्र नही है तो वह उच्च नही हो सकता और हीनवश मे जन्म लेने मात्र से कोई पवित्र आचार वाला नीच नही हो सकता ।

४—रमणी के सतीत्व की तरह महत्त्व की रक्षा भी केवल अन्तरात्मा की शुद्धि से ही की जा सकती है ।

५—महान् पुरुषों मे समुचित साधनो को उपयोग मे लाने और ऐसे कार्यों के सम्पादन करने की शक्ति होनी है कि जो दूसरो के लिए असाध्य होते है ।

६—छोटे आदमियों के बीज का ही यह विशेष दोष है कि जो वे महान् पुरुषो की प्रतिष्ठा, उनकी कृपादृष्टि और अनुग्रह को प्राप्त करने की चेष्टा नही करते ।

७—ओछी प्रकृति के आदमियो के हाथ यदि कही कोई सम्पत्ति लग जाय तो फिर उनके इतराने की कोई सीमा ही न रहेगी ।

८—महत्ता सर्वथा ही विनयशील और आडम्बर रहित होती है, परन्तु क्षुद्रता सारे ससार मे अपने गुणों का ढिढोरा पीटती फिरती है ।

९—महत्ता सदैव अपने से छोटो के प्रति भी सदय और नम्र व्यवहार ही करती है, परन्तु क्षुद्रता को तो घमण्ड की मूर्ति ही समझो ।

१०—बड़प्पन सदैव ही दूसरो के दोषों को ढॅकने के यत्न मे रहता है, पर ओछापन दूसरो के दोषो को खोजने के सिवाय और कुछ करना ही नही जानता ।

परिच्छेद ९९

योग्यता

ईप्सित, जिसको योग्यता, देख बृहत्तर कार्य ।
वे उसके कर्तव्य में, जो दें गुण का कार्य ॥१॥

सभ्यों का सौन्दर्य है, उनका पुण्य-चरित्र ।
रूप जिसे कुछ भी अधिक, करता नहीं विचित्र ॥२॥

सब से उत्तम प्रीति हो, सब से सद्व्यवहार ।
आच्छादन पर-दोष का, लज्जा उच्च उदार ॥
पक्ष सदा हो सत्य का, सब गुण हों निर्दम्भ ।
सदाचार के पाँच ही, ये होते हैं स्तम्भ ॥३॥ (युग्म)

ऋषियों का ज्यों धर्म है, करना करुणा-भाव ।
भद्रों का त्यों धर्म है, तजना निन्दक-भाव ॥४॥

लघुता और विनम्रता, सबल शक्ति असमान ।
शत्रुविजय में भद्र को, ये हैं कवच-समान ॥५॥

जाँचन को नर योग्यता, यही कसौटी एक ।
लघु का भी आदर जहाँ, होता सहित विवेक ॥६॥

बढ़ी चढ़ी भी योग्यता, दिखती तब है व्यर्थ ।
सभ्य नहीं वर्ताव जब, वैरी के भी अर्थ ॥७॥

निर्धनता के दोष से, होते सब गुण मन्द ।
फिर भी शुभ आचार से, बढ़ता गौरवकन्द ॥८॥

त्यागें नहीं सुमार्ग जो, पाकर विपदा-कार्य ।
सीमा हैं योग्यत्व की, प्रलयावधि वे आर्य ॥९॥

भद्रपुरुष जब त्याग दे, हा हा भद्राचार ।
तब ही मानव-जाति का, धरिणी सहे न भार ॥१०॥

परिच्छेद ११

योग्यता

१—जो लोग अपने कर्तव्य को जानते हैं और अपनी योग्यता बढ़ाना चाहते हैं उनकी दृष्टि मे सभी सत्कृत्य कर्तव्यस्वरूप है।

२—लायक लोगों के आचरण की सुन्दरता ही वास्तविक सुन्दरता है, शारीरिक सुन्दरता उसमे कुछ भी अभिवृद्धि नहीं करती।

३—सार्वजनिक प्रेम, सलज्जता का भाव, सबके प्रति सद्व्यवहार, दूसरों के दोषो को ढॉकना और सत्य-प्रियता, ये पॉच शुभाचरण रूपीभवन के आधारस्तम्भ है।

४—सन्त लोगों का धर्म है अहिंसा, पर योग्य पुरुषों का धर्म है पर—निन्दा से परहेज करना।

५—नम्रता बलवानों की शक्ति है और वह वैरियों का सामना करने के लिए सद्गृहस्थ को कवच का काम भी देती है।

६—योग्यता की कसौटी क्या है? यही कि दूसरों में जो बड़प्पन और श्रेष्ठता है उसको स्वीकार कर लिया जाय, फिर चाहे वह श्रेष्ठता ऐस ही लोगों मे क्यों न हो जो कि तुमसे अन्य बातों में हीन हों।

७—लायक पुरुष की लायकी तब किस काम की जबकि वह अपने को क्षति पहुँचाने वालों के साथ भी सद्वर्ताव नहीं करता?

८—निर्धनता मनुष्य के लिए अपमान का कारण नहीं हो सकती यदि उसके पास वह सम्पत्ति विद्यमान हो कि जिसे लोग सदाचार कहते हैं।

९—जो लोग सन्मार्ग से कभी विचलित नहीं होते, चाहे प्रलय-काल में और सब कुछ बदलकर इधर का उधर हो जाय पर वे योग्यता रूपी समुद्र की सीमा ही रहेगे।

१०—निस्सन्देह स्वयं धरती भी मनुष्य के जीवन का बोझ न सॅभाल सकेगी यदि लायक लोग अपनी लायकी को छोड़कर पतित हो जावे।

परिच्छेद १००

सभ्यता

प्रायः हँसमुख लोक में, होते वे ही लोग ।
मिलें हृदय को खोल जो, बोलें मिष्ट प्रयोग ॥१॥

ज्ञानमूल संस्कार हो, मन हो करुणागार ।
तब दोनों के मेल से, उपजें हर्ष-विचार ॥२॥

आकृति के ही साम्य को, प्राज्ञ न माने साम्य ।
भाव तथा आचार का, होता सच्चा साम्य ॥३॥

धर्म तथा शुभनीति से, जो करता उपकार ।
उसके पुण्यस्वभाव के, सब ही श्लाघाकार ॥४॥

कटुक वचन छेदे हृदय, जो भी हो परिहास ।
अरि से भी तब शब्द वे, कहो न जो दें त्रास ॥५॥

जगत सुखी निर्द्वन्द यदि, कारण आर्यनिवास ।
दया शान्ति का अन्यथा, क्या होवे आभास ॥६॥

नहीं विज्ञ भी श्रेष्ठ है, यदि आचारविहीन ।
काष्ठदण्ड से तीक्ष्ण भी, रेती रण में क्षीण ॥७॥

गर्हित है सर्वत्र ही, अविनय की तो बात ।
अन्यायी या शत्रु में, हो प्रयुक्त भी तात ॥८॥

जिसका मुख मुसक्यान से, खिले नहीं इसलोक ।
दिन में भी हतभाग्य वह, देखे तम ही शोक ॥९॥

ज्यों ही मलिन कुपात्र में पय होता बेकाम ।
त्यों ही दुर्जन गेह में, वैभव बड़ा निकाम ॥१०॥

परिच्छेद १००

सभ्यता

१—कहते है मिलनसारी प्राय उन लोगों मे पायी जाती है कि जो खुले हृदय से सब लोगो का स्वागत करते है ।

२—करुणाबुद्धि और शुभ सस्कारो के मेल से ही मनुष्य मे प्रसन्न प्रकृति उत्पन्न होती है ।

३—शारीरिक आकृति तथा मुखमुद्रा के मिलान से ही मनुष्यों मे सादृश्य नही होता, बल्कि सच्चा सादृश्य तो आचार-विचार की अभिन्नता पर निर्भर है ।

४—जो लोग न्याय-निष्ठा और धर्म-पालन के द्वारा अपना तथा दूसरों का भला करते है ससार उनके स्वभाव का बडा आदर करता है ।

५—हास्य-परिहास मे भी कटुबचन मनुष्य के मन मे लग जाते हैं, इसलिए सुपात्र पुरुष अपने वैरियो के साथ भी असभ्यता से नहीं बोलते ।

६—सुसस्कृत मनुष्यों के अस्तित्व के कारण ही जगत के सब कार्य निर्द्वन्दरूप स चल रहे हैं। इसमे कोई सन्देह नहीं, यदि ये आर्य पुरुष न होते तो यह अक्षुण्य-साम्य और स्वारस्य मृतप्राय होकर धूल मे मिल जाता ।

७—रेती तीक्ष्ण भी हो पर वह युद्ध मे लाठी से बढ़कर नहीं हो सकती, ठीक इसी प्रकार आचरणहीन मनुष्य विद्वान् भी हो फिर भी वह सदाचारी से बढ़कर नही ।

८—अविनय मनुष्य को शोभा नहीं देती चाहे अन्यायी और विपक्षी पुरुष के प्रति ही उसका व्यवहार क्यों न हो ।

९—जो लोग मन से प्रसन्न नहीं हो सकते, उन्हे इस विशाल लम्बे चौड़े ससार मे, दिन के समय भी अन्धकार के सिवाय और कुछ दिखाई न देगा ।

१०—निकृष्ट-प्रकृति पुरुष के हाथ मे जो सम्पत्ति होती है वह उस दूध के समान है जो अशुद्ध, मैले वर्तन मे रखने से बिगड गया हो।

परिच्छेद १०१

निरुपयोगी धन

खाय न खर्चे एक छदाम। तृष्णा छाई आठों याम।
रक्खा यद्यपि अधिक निधान। मूजी मुर्दा एक समान ॥१॥
धन ही भू में सब कुछ सार। करके ऐसा अटल विचार।
लोभी जोड़े द्रव्य महान। राक्षस होवे तजकर प्राण ॥२॥
जिसको धन में अति अनुराग। यश में रहता किन्तु विराग।
उसका जीवन है निस्सार। दुःखद उसका भू को भार ॥३॥
पायी नहीं पड़ौसी प्रीति। कारण वर्ती नहीं सुरीति।
फिर क्या आशा रखते तात। छोड़ सको जो निज पश्चात ॥४॥
नहीं किसी को देवे दान। और न भोगे आप निधान।
सचमुच वह है रंक खवीश। चाहे होवे कोटि अधीश ॥५॥
भू में ऐसे भी कुछ लोग। वैभव का जो करे न भोग।
और न देवें पर को दान। लक्ष्मी को वे रोग समान ॥६॥
उचित पात्र को उचित न दान। तो धन होता ऐसा भान।
सुभग सलौनी तरुणीरूप। बन में खोती आप जनूप ॥७॥
कौन अर्थ का वह है कोष। नहीं गुणी को जिससे तोष।
दुर्गुण की है एक खज़ान। ग्राम वृक्ष वह विष फलवान ॥८॥
नहीं विचारा धर्माधर्म। काटा पेट हुए बेशर्म।
जोड़ा वैभव विपदा धाम। आता सदा पराये काम ॥९॥
दान से खाली जो भण्डार। निधिका बनता वही अगार।
वर्षा से जो रीता मेघ। वह ही भरता फिर से मेघ ॥१०॥

परिच्छेद १०१

निरुपयोगी धन

१—जिस आदमी ने अपने घरमे ढेर की ढेर सम्पत्ति जमा कर रक्खी है पर उसे उपयोग मे नही लाता उसमे और मुर्दे मे कोई अन्तर नही है, क्योकि वह उससे कोई लाभ नहीं उठाता है।

२—वह कञ्जूस आदमी जो समझता है कि धन ही ससार मे सब कुछ है और इसलिए बिना किसी को कुछ दिये ही उसे जमा करता है वह अगले जन्म मे राक्षस होगा।

३—जो लोग धन के लिए सदा ही हाय हाय करते फिरते है पर यशोपार्जन करने की परवाह नही करते, उनका अस्तित्व पृथ्वी के लिए केवल भार-स्वरूप है।

४—जो मनुष्य अपने पड़ौसियो के प्रेम को प्राप्त करने की चेष्टा नहीं करता वह मरने के पश्चात् अपने पीछे कौनसो वस्तु छोड़ जाने की आशा रखता है ?

५—जो लोग न तो दूसरों को देते है और न स्वय ही अपने धन का उपभोग करते है वे यदि करोडपति भी हो तब भी वास्तव मे उनके पास कुछ भी नही है।

६—ससार मे ऐसे भी कुछ आदमी है जो धन को न तो स्वय भोगते है और न उदारता पूर्वक योग्य पुरुषो को प्रदान करते है, वे अपनी सम्पत्ति के लिए रोग-स्वरूप है।

७—जो धनिक आवश्यकता वाले को दान देकर उसकी आवश्यकता को पूर्ण नही करता उसकी सम्पत्ति उस लावण्यमयी ललना के समान है जो अपने यौवन को एकान्त निर्जन स्थान मे व्यर्थ गॅवाये देती है।

८—उस आदमी की सम्पत्ति कि जिसे लोग प्यार नहीं करते गाव के बीचो बीच किसी विष-वृक्ष के फलने के समान है।

९—धर्माधर्म का विचार न रखकर और अपने को भूखो मार कर जो धन जमा किया जाता है वह केवल दूसरो के ही काम मे आता है।

१०—उस धनवान मनुष्य की क्षीणस्थिति कि जिसने दान दे देकर अपने खजाने को खाली कर डाला है, और कुछ नही, केवल जल वर्षाने वाले बादलो के खाली हो जाने के समान है। यह स्थिति अधिक समय तक न रहेगी।

परिच्छेद १०२

लज्जाशीलता

होती लज्जा चूक से, भद्रों को सब ठौर ।
नारी लज्जा और है, यह लज्जा कुछ और ॥१॥

अन्न वस्त्र सन्तान में, सब ही मानव एक ।
करती लज्जा किन्तु है, उनमें भेद अनेक ॥२॥

यद्यपि सारी देह में, प्राणों का आवास ।
लज्जा में नर योग्यता, करती किन्तु निवास ॥३॥

लज्जा की शुभभावना, निधि है रत्न समान ।
ऐंठ भरे निर्लज्ज को, देखत कष्ट महान ॥४॥

अन्य अनादर देख जो, लज्जित आत्मसमान ।
शील तथा संकोच की, वह है मूर्ति महान ॥५॥

मिलता यदि है राज्य भी, करके निन्दित काम ।
नहीं करें फिर भी उसे, कीर्तिप्रिया के श्याम ॥६॥

बचने को अपमान से, तजते तन भी आर्य ।
डाल विपद् में प्राण भी, तजें न लज्जा आर्य ॥७॥

लज्जित जिससे अन्य पर, जिसे न उसमें छेव ।
लज्जित होती भद्रता, देख उसे स्वयमेव ॥८॥

भूले कुल आचार तो, कुल से होता भ्रष्ट ।
लज्जा यदि हो नष्ट तो, सब ही सुगुण विनष्ट ॥९॥

निकल गये जिस आँख से, लज्जा जीवन प्राण ।
कठपुतली के तुल्य वह, जीवन मरण समान ॥१०॥

परिच्छेद १०२

लज्जाशीलता

१—योग्य पुरुषों का लजाना उन कामो के लिए होता है कि जो उनके अयोग्य होते है, इसलिए वह सुन्दरी स्त्रियो की लज्जा से सर्वथा भिन्न है ।

२—आहार, वस्त्र और सन्तान, इन बातो मे तो सभी मनुष्य समान है, यह तो एक लज्जा की ही भावना है जिससे मनुष्य मनुष्य मे अन्तर प्रगट होता है ।

३—शरीर तो समस्त प्राणो का निवासस्थान है, पर यह सात्विक लज्जा है जिसमे लायकी और योग्यता वास करती है ।

४—लज्जाशीलता क्या लायक लोगो के लिए रत्न के समान नहीं है ? और जब वह उससे रहित होता है तब उसकी शेखी और ऐंठ क्या देखने वाली आँख को पीडा पहुँचाने वाली नही होती ?

५—जो लोग दूसरो का अपमान देखकर भी उतने ही लज्जित होते है जितने कि स्वय अपने अपमान से, उन्हे तो लोग लज्जा और सङ्कोच की मूर्ति ही समझेगे ।

६—ऐसे साधनों के सिवाय कि जिनसे उन्हे लज्जित न होना पडे अन्य साधनो के द्वारा, लायक लोग राज्य तक पाने के लिए नाहीं कर देंगे ।

७—जिन लोगों मे लज्जा की सुकोमल भावना है वे अपने को अपमान से बचाने के लिए अपनी जान तक दे देंगे और प्राणों पर आ बनने पर भी लज्जा को नहीं त्यागेगे ।

८—यदि कोई आदमी उन बातों से लज्जित नहीं होता है कि जिनसे दूसरों को लज्जा आती है, तो उसे देख कर भद्रता भी शरमा जायगी ।

९—कुलाचार को भूल जाने से मनुष्य केवल अपने कुल से ही भ्रष्ट होता है, लेकिन जब वह लज्जा को भूलकर निर्लज्ज हो जाता है तब सब प्रकार की भलाइयॉ उसे छोड देती है ।

१०—जिन लोगों की आख का पानी मर गया है वे जीवित होकर भी मरे के समान है। डोरी के द्वारा चलने वाली कठपुतलियो की तरह उनमे भी एक प्रकार का कृत्रिम जीवन ही होता है ।

परिच्छेद १०३

कुलोन्नति

नहीं थकूँगा हाथ से, करके श्रम दिन रात ।
नर का यह संकल्प ही, कुल का पुण्य-प्रभात ॥१॥

पूर्ण कुशल सद्बुद्धि हो, श्रम हो पौरुषरूप ।
वंश समुन्नति के लिए, दो ही हेतु स्वरूप ॥२॥

वंशोन्नति के अर्थ जब, नर होता सन्नद्ध ।
उसके आगे दैव तब, चलते हो कटिबद्ध ॥३॥

उच्चदशा पर वंश हो, ऐसा मन में ठान ।
उठारखे नहिं शेष जो, बनकर उद्यमवान ॥
श्रेष्ठमनस्वी वीर वह, कृति उसकी गुणवान ।
चाहे यद्यपि अल्प हो, तो भी सिद्धि महान ॥४॥ (युग्म)

वंशोन्नति का हेतु है, जिसका पुण्य चरित्र ।
सदा मान्य वह उच्च नर, उसका जग है मित्र ॥५॥

धन में बल में ज्ञान में, कुल पावे उच्चार्थ ।
नर के जिस ही यत्न से, सत्य वही पुरुषार्थ ॥६॥

ज्यों पड़ते हैं वीर पर, रण में रिपु के वार ।
त्यों ही आता लोक में, कर्मठ पर कुलभार ॥७॥

उन्नति-रागी को सभी, भले लगें दिन-रात ।
चूक करे से अन्यथा, होता वंश-विघात ॥८॥

कुलपालक की काय लख, उठता एक विचार ।
विपदा या श्रम अर्थ क्या, दैव रचा आकार ॥९॥

जिस घर का उत्तम नहीं, रक्षक पालनहार ।
जड़ पर विपदा-चक्र पड़, मिटता वह परिवार ॥१०॥

परिच्छेद १०३

कुलोन्नति

१—मनुष्य की यह प्रतिज्ञा कि "मै अपने हाथो से मेहनत करने मे कभी न थकूगा।" उसके परिवार की उन्नति मे जितनी सहायक होती है उतनी और कोई वस्तु नही ।

२—श्रम भरा हुआ पुरुषार्थ और कार्यकुशल सद्बुद्धि, इन दोनो की परिपक्वपूर्णता ही परिवार को ऊँचा उठाती है ।

३—जब कोई मनुष्य यह कहकर काम करने पर उतारू होता है कि मै अपने कुल की उन्नति करूँगा तो स्वय देवता लोग अपनी अपनी कमर कसकर उसके आगे आगे चलते है ।

४—जो लोग अपने कुटुम्ब को ऊँचा उठाने मे कुछ उठा नही रखते वे इसके लिए यदि कोई सुविस्तृत युक्ति न भी निकाले तो भी उनके हाथ से किये हुए काम मे सिद्धि होगी ।

५—जो आदमी बिना किसी अनाचार के अपने कुल को उन्नत बनाता है, सारा जगत उसको अपना मित्र समझेगा ।

६—पुरुष का सच्चा पुरुषत्व तो इसी मे है कि जिसमे उसने जन्म लिया है उस वश को धन मे, बल मे और ज्ञान मे ऊँचा बनादे ।

७—जिस प्रकार युद्धक्षेत्र मे आक्रमण का प्रकोप शूरवीर पर पडता है ठीक इसी तरह परिवार के पालन-पोषण का भार उन्हीं कन्धों पर आता है कि जो उसके बोझ को सँभाल सकते हैं ।

८—जो लोग अपने कुल की उन्नति करना चाहते है उनके लिए कोई समय बे-समय नही है और यदि वे असावधानी से काम लेगे तथा अपनी झूठी शान पर अडे रहेगे तो उनके कुटुम्ब को नीचा देखना पडेगा ।

९—क्या सचमुच उस आदमी का शरीर, कि जो अपने परिवार को हर प्रकार की विपत्ति से बचाना चाहता है, सर्वथा परिश्रम और कष्टों के लिए ही बना है ?

१०—जिस घर मे सँभालने वाला कोई योग्य आदमी नहीं है, आपत्तियाँ उसकी जड़ को काट डालेगी और वह मिट्टी मे मिल जायगा ।

परिच्छेद १०४

खेती

रहे मनुज भू में कहीं, उसे अपेक्षित अन्न ।
वह मिलता कृषि से अतः, कृषि रखिए आसन्न ॥१॥

देशरूप रथ के धुरा, कृषकवर्ग ही ख्यात ।
कारण पलते अन्य सब, उनसे ही दिन-रात ॥२॥

उनका जीवन सत्य जो, करते कृषि उद्योग ।
और कमाई अन्य की, खाते बाक़ी लोग ॥३॥

सोते साखा छाँह में, खेत जहाँ सर्वत्र ।
उस जनपद के छत्र को, झुकते सब ही छत्र ॥४॥

कृषिजीवी के भाग्य पर, लिखा न भिक्षावेध ।
यह ही क्यों वह दान भी, देता बिना निषेध ॥५॥

निज कर को यदि खींच ले, कृषि से कृषकसमाज ।
गृहत्यागी तब साधु तक, टूटे शिर पर गाज ॥६॥

आर्द्रभूमि के धूप में, शुष्क करो बहु अंश ।
खाद बिना उपजाऊ हो, बच कर चौथा अंश ॥७॥

जोतो नींदो खेत को, खाद बड़ा पर तत्व ।
सींचे से रक्षा उचित, रखती अधिक महत्व ॥८॥

नहीं देखता भालता, कृषि को रह कर गेह ।
गृहिणी सम तब रूठती, कृषि भी कृश कर देह ॥९॥

खाने को कुछ भी नहीं, यों जो करे विलाप ।
हँसती उस मतिमन्द पर, धरिणी-लक्ष्मी आप ॥१०॥

परिच्छेद १०४

खेती

१—आदमी जहाँ चाहे घूमे, पर अन्त मे अपने भोजन के लिए उसे हल का सहारा लेना ही पडेगा। इसलिए हर तरह की सख्ती होने पर भी कृषि सर्वोत्तम उद्यम है।

२—किसान लोग देशके लिए धुरी के समान है, क्योकि जोतने खोदने की शक्ति न होने के कारण जो लोग दूसरे काम करने लगते है उनको रोजी देने वाले वे ही लोग है।

३—जो लोग हल के सहारे जीते है वास्तव मे वे ही जीते है और सब लोग तो दूसरे की कमाई हुई रोटी खाते है।

४—जहाँ के खेत लहलहाती हुई शस्य की श्यामल छाया के नीचे सोया करते हैं वहाँ के राजा के छत्र के सामने अन्य राजाओं के छत्र झुक जाते है।

५—जो लोग खेती करके जीविका चलाते है वे केवल यही नही, कि स्वय कभी भीख न माँगेगे, बल्कि दूसरे भीख माँगने वालों को कभी नाही किये बिना दान भी दे सकेगे।

६—किसान यदि खेती से अपने हाथ को खीच लेवे तो उन लोगों को भी कष्ट हुए विना न रहेगा कि जिन्होने समस्त वासनाओं का परित्याग कर दिया है।

७—यदि तुम अपने खेत की धरती को इतना सुखाओ कि एक सेर मिट्टी सूखकर चौथाई अश रह जाय तो मुट्ठी भर खाद की भी आवश्यकता न होगी और फसल की पैदावार भरपूर होगी।

८—जोतने की अपेक्षा खाद डालने से अधिल लाभ होता है और जब निदाई हो जाती है तो सिचाई की अपेक्षा रखवाली अधिक महत्त्व रखती है।

९—यदि कोई आदमी खेत देखने नही जाता है और अपने घर पर ही बैठा रहता है तो पतिव्रता पत्नी की तरह उसकी कृषि भी रुष्ट हो जायगी।

१०—वह सुन्दरी जिसे लोग धरिणी कहते है, अपने मन ही मनमे हँसा करती है जबकि वह किसी काहिल को यह कह रोते हुए देखती है कि "हाय मेरे पास खाने को कुछ भी नही है।"

परिच्छेद १०५

दरिद्रता

निर्धनता से अन्य क्या, बढ़कर दुःखद वस्तु ।
तो सुनलो दारिद्र ही, सबसे दुःखद वस्तु ॥१॥
इस भव के सब हर्ष ज्यों, हरता शठ दारिद्र ।
पर भव के भी भोग त्यों, हनता है दारिद्र ॥२॥
तृष्णाभरी दरिद्रता, सचमुच बड़ी बलाय ।
वाणी कुल की उच्चता, हनती क्षण में हाय ॥३॥
हीनदशा नर को अहो, देती कष्ट महान ।
बोले वंशज हीन सम, तजकर कुल की आन ॥४॥
सचमुच है दारिद्र भी, विधि का ही अभिशाप ।
छिपे हजारों हैं जहाँ, विपदामय सन्ताप ॥५॥
निर्धन जनके श्रेष्ठ भी, गुण हैं कीर्तिविहीन ।
प्रवचन भी रुचता नहीं, उसका गुण से भीन ॥६॥
पहिले ही धनहीन हो, साथ धर्म की हानि ।
उसकी जननी ही उसे, करती मन से ग्लानि ॥७॥
क्या मुझ से दारिद्र तू, आज न होगा दूर ।
अर्धमृतक सम था किया, कल ही तो हे क्रूर ॥८॥
तपे हुए भी शूल हों, उनपर सम्भव नींद ।
निर्धन को सम्भव नहीं, आनी सुख की नींद ॥९॥
नहींरङ्कता नाश को, रंक करें उद्योग ।
अन्नादिक पर द्रव्य की, तो हत्या का योग ॥१०॥

परिच्छेद १०५

दरिद्रता

१—क्या तुम जानना चाहते हो कि दरिद्रता से बढकर दु खदायी वस्तु और क्या है ? तो सुनो दरिद्रता ही दरिद्रतासे बढकर दुखदायी है।

२—सत्तानाशिन दरिद्रता इस जन्म के सुखो की तो शत्रु है ही पर साथ ही साथ दूसरे जन्म के सुखोपभोग की भी घातक है।

३—ललचाती हुई कङ्गाली वश-मर्यादा और उसकी श्रेष्ठता के साथ वाणी के माधुर्य तक की हत्या कर डालती है।

४—गरज, ऊँचे कुल के आदमियो तक की आन छुडाकर उन्हे अत्यन्त निकृष्ट और हीनदासता की भाषा बोलने के लिए विवश करनी है।

५—उस एक अभिशाप के नीचे कि 'जिसे लोग दरिद्रता कहते है' हजार तरह की आपत्तिया और उपद्रव छिपे हुए है ।

६—निर्धन आदमी, बडी कुशलता और प्रौढ पाण्डित्य के साथ अगाधतत्त्वज्ञान की भी विवेचना करे तो भी उसके शब्दों की कोई कीमत नहीं होती ।

७—एक तो कङ्गाल हो और फिर धर्म से शून्य, ऐसे अभागे दरिद्री से तो उसको जन्म देने वाली माता का भी मन फिर जायगा ।

८—क्या नादारी आज भी मेरा साथ न छोडेगी ? कल ही तो उसने मुझे अधमरा कर डाला था ।

९—जलते हुए शूलों के बीच में सोजाना भले ही सभव हो पर निर्धनता की दशा मे आँख फा झपना भी असभव है ।

१०—गरीब लोग दरिद्रता से अपना पिण्ड छुडाने के लिए यदि उद्योग नहीं करते है तो इससे केवल दूसरों के भात, निमक, पानी की ही मृत्यु होती है ।

परिच्छेद १०६

भिक्षा

मांगो उनसे तात तुम, जिनका उत्तम कोष ।
कभी बहाना वे करें, तो उनका ही दोष ॥१॥

जो मिलती है भाग्यवश, बिना हुए अपमान ।
वह ही भिक्षा चित्त को, देती हर्ष महान ॥२॥

जो जाने कर्तव्य को, नहीं बहानेबाज ।
ऐसे नर से मांगना, रखता शोभा-साज ॥३॥

जहाँ न होती स्वप्न में, विफल कभी भी भीख ।
कीर्ति बढ़े निज दान सम, लेकर उससे भीख ॥४॥

भिक्षा से ही जीविका, करते लोग अनेक ।
कारण इसमें विश्व के, दानशूर ही एक ॥५॥

नहीं कृपण जो दान को, वे है धन्य धुरीण ।
उनके दर्शन मात्र से, दुःस्थिति होती क्षीण ॥६॥

बिना झिड़क या क्रोध के, दें जो दया-निधान ।
याचक उनको देख कर, पाते हर्ष महान ॥७॥

दानप्रवर्तक भिक्षुगण, जो न धरें अवतार ।
कठपुतली का नृत्य ही, तो होवे संसार ॥८॥

भिक्षुकगण भी छोड़ दें, भिक्षा का यदि काम ।
तब वैभव औदार्य का, बसे कौन से धाम ॥९॥

भिक्षुक करे न रोष तब, जब दाता असमर्थ ।
कारण स्थिति एकसी, कहती नहीं समर्थ ॥१०॥

परिच्छेद १०६

भिक्षा

१—यदि तुम ऐसे साधनसम्पन्न व्यक्ति देखते हो कि जो तुम्हे दान दे सकते है तो तुम उनसे मॉग सकते हो, यदि वे न देने का बहाना करते है, इसमे उनका दोष है तुम्हारा नही।

२—यदि तुम विना किसी तिरस्कार के जो पाना चाहते हो वह पा सको तो मॉगना आनन्ददायी होता है।

३—जो लोग अपने कर्तव्य को समझते है और सहायता न देने का झूठा बहाना नहीं करते उनसे मॉगना शोभनीय है।

४—जो मनुष्य स्वप्न मे भी किसी की याचना को अमान्य नहीं करता उस आदमी से मॉगना उतना ही सम्मानपूर्ण है जितना कि स्वय देना।

५—यदि आदमी, भीख को जीविका का साधन बनाकर निस्सकोच मागते है तो इसका कारण यह है कि ससार मे ऐसे मनुष्य हैं जो मुक्तहस्त होकर दान देने से विमुख नहीं होते।

६—जिन सज्जनों मे दान देने के लिए क्षुद्र कृपणता नही है उनके दर्शनमात्र से ही दरिद्रता के सब दु ख दूर हो जाते है।

७—जो सज्जन याचक को विना झिडक या क्रोध के दान देते है उनसे मिलते ही याचक आनन्दित हो उठते है।

८—यदि दानधर्मप्रवर्तक याचक न हों तो इस सारे ससार का अर्थ कठ-पुतली के नाच से अधिक नही होगा।

९—यदि इस ससार मे कोई मांगने वाला न हो तो उदारतापूर्वक दान देने की शान कहॉ रहेगी ?

१०—याचक को चाहिए कि यदि दाता देने मे असमर्थता प्रगट करता है तो उस पर क्रोध न करे, कारण कि उसकी आवश्यकताये ही यह दिखाने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए कि दूसरे की स्थिति उस जैसी ही हो सकती है।

परिच्छेद १०७

भीख माँगने से भय

भिक्षुक और अभिक्षु में, कोटि गुणा का फेर ।
हो वदान्य दाता भले, धन में पूर्ण कुवेर ॥१॥
नर होकर भिक्षा करे, ऐसा जिसको इष्ट ।
सृष्टि-विधाता वह मरे, भव में भ्रमें अनिष्ट ॥२॥
निर्लज्जों में सत्य वह, सर्वाधिक निर्लज्ज ।
जो कहता मैं भीख से, करदूँ श्री को सज्ज ॥३॥
अतिनिर्धन होकर नहीं, याचे पर से द्रव्य ।
निज गौरव से धन्य वह, भू भी उसे अद्रव्य ॥४॥
निज कर के श्रम से मिले, भोजन बिना विषाद ।
पतला भी वह नीर सम, देता अति ही स्वाद ॥५॥
एक शब्द से याचना, है निन्दार्थ समर्थ ।
माँगो चाहे नीर भी, गौ के ही तुम अर्थ ॥६॥
भिक्षुकगण से एक मैं, माँगूँ भिक्षा भ्रात ।
मत माँगो उनसे कभी, हीला जिनकी बात ॥७॥
दाता का हीला लगे, भिक्षुक का विषघूँट ।
मानो वाणीपोत ही, गया शिला से टूट ॥८॥
भिक्षुक--जन के भाग्य को, सोच कँपे यह जीव ।
और अवज्ञा देख फिर, मरता तात अतीव ॥९॥
कहाँ निषेधक के छिपें, क्या जाने ये प्राण ।
मिलते ही धिक्कार पर, निकलें याचक प्राण ॥१०॥

परिच्छेद १०७

भीख माँगने से भय

१—जो आदमी भीख नहीं माँगता वह भीख माँगने वाले से करोड गुना अच्छा है, फिर वह मागने वाला चाहे ऐसे ही आदमियों से क्यों न माँगे कि जो बडे उत्साह और प्रेम से दान देते हैं।

२—जिसने इस सृष्टि को पैदा किया है, यदि उसने यह निश्चय किया था कि मनुष्य भीख मागकर भी जीवन-निर्वाह करे तो वह भव-सागर मे मारा मारा फिरे और नष्ट हो जाय।

३—उस निर्लज्जता से बढकर और कोई निर्लज्जता नही है कि जो यह कहती है कि मै माँग माँग कर अपनी दरिद्रता का अन्त कर डालूँगी।

४—बलिहारी है उस आन की, कि जो नितान्त कङ्गाली की हालत मे भी किसी के सामने हाथ फैलाने के लिए सम्मति नहीं देती। यह सारा जगत् उस महान् मानव के रहने के लिए बहुत ही छोटा और अपर्याप्त है।

५—जो भोजन अपने परिश्रम से कमाया हुआ होता है, वह पानी की तरह पतला ही क्यो न हो, तब भी उससे बढ़कर स्वादिष्ट और कोई वस्तु नहीं हो सकती।

६—तुम चाहे गाय के लिए पानी ही क्यों न माँगो, फिर भी जिह्वा के लिए याचनासूचक शब्दों को उच्चारण करने से बढ़कर अपमान-जनक बात और कोई नहीं है।

७—जो लोग माँगते हैं उन सबसे मै भी एक भिक्षा माँगता हूँ कि यदि तुम्हे माँगना ही है तो उन लोगों से न माँगो कि जो देने के लिए हीला-हवाला करते हैं।

८—याचना का अभागा जहाज उसी क्षण टूटकर टुकडे टुकडे हो जायगा कि जिस समय वह हीलासाजी की चट्टान से टकरायेगा।

९—भिखारी के दुर्भाग्य का विचार करते ही हृदय काँप उठता है परन्तु जब वह उन झिड़कियों पर गौर करता है कि जो भिखारी को सहनी पडती है तब तो वह मर ही जाता है।

१०—मना करने वाले की जान उस समय कहाँ जाकर छिप जाती है कि जब वह "नाहीं" कहता है? भिखारी की जान तो झिड़की की आवाज सुनते ही तन से निकल जाती है।

परिच्छेद १०८

भ्रष्ट जीवन

अहो पतित ये भ्रष्ट जन, नर से दिखें अनन्य ।
हमने ऐसा साम्य तो, कहीं न देखा अन्य ॥१॥

आर्य विवेकी से अधिक, सुखयुत होते भ्रष्ट ।
कारण मानस-दुःख का, उन्हें न व्यापे कष्ट ॥२॥

अहो जगत में भ्रष्ट भी, लगते ईश समान ।
रहें स्वशासित नित्य वे, इससे वैसा भान ॥३॥

महादुष्ट जब अन्य में, देखे न्यून अधर्म ।
कहता वह तब गर्व से, पाप-भरे निज कर्म ॥४॥

भय से अथवा लोभ से, चलते दुष्ट सुमार्ग ।
चलते हैं वे अन्यथा, सदा अशुभ ही मार्ग ॥५॥

अधम पुरुष पुर ढोल सम, खोलें पर की सैंन ।
बिना कहे पर भेद को, मिले न उनको चैन ॥६॥

घूँसे से मुख तोड़ दे, उसके वश में नीच ।
जूँठा कर भी अन्यथा, नहीं झटकता नीच ॥७॥

एक वाक्य ही योग्य को, होता है पर्याप्त ।
गन्ने सम ही क्षुद्र दें, पीड़ित हो पर्याप्त ॥८॥

सुखी पड़ौसी देख खल, होता अधिक सरोष ।
लाता उसपर कोई सा, निन्दित भारी दोष ॥९॥

क्षुद्र मनुजपर आपदा, आजावे यदि टूट ।
तो आत्मा को शीघ्र ही, बेच करे निज छूट ॥१०॥

परिच्छेद १०८

भ्रष्ट जीवन

१—ये भ्रष्ट और पतित जीव मनुष्यो से कितने मिलते जुलते हैं हमने ऐसा पूर्ण सादृश्य और कही नही देखा।

२—शुद्ध अन्त करण वाले लोगों से ये हेय जीव कहीं अधिक सुखी है क्योंकि उन्हे मानसिक विकारों की चुटकियॉ नहीं सहनी पडतीं।

३—जगत मे भ्रष्ट और पतित जन भी प्रत्यक्ष ईश्वरतुल्य हैं, कारण वे भी उसके समान ही स्वशासित अर्थात् अपनी मर्जी के पावन्द होते हैं।

४—जब कोई दुष्ट मनुष्य ऐसे आदमी से मिलता है जो दुष्टता मे उससे कम है तो वह अपने बढे चढे दुष्कृत्यों का वर्णन उसके सामने बडे मान से करता है।

५—दुष्ट लोग केवल भय के मारे ही सन्मार्ग पर चलते हैं और या फिर इसलिए कि ऐसा करने से उन्हें कुछ लाभ की आशा हो।

६—पतित जन ढिढोरे के ढोल के समान होते हैं क्योकि उनको जो गुप्त बाते विश्वास रखकर बताई जाती हैं,उन्हे दूसरों मे प्रगट किये विना उनको चैन ही नहीं पड़ती।

७—नीच प्रकृति के आदमी उन लोगों के सिवाय कि जो घूँसा मार कर उनका जबडा तोड सकते है, और किसी के आगे भोजन से सने हुए हाथ झटक देने मे भी आना-कानी करेंगे।

८—लायक लोगों के लिए तो केवल एक शब्द ही पर्याप्त है, पर नीच लोग गन्ने की तरह खूब कुटने-पिटने पर ही देने को राजी होते हैं।

९—दुष्ट मनुष्य ने अपने पडौसी को जरा खुशहाल और खाते-पीते देखा नहीं कि वह तुरन्त ही उसके चाल चलन मे दोष निकालने लगता है।

१०—क्षुद्र मनुष्य पर जब कोई आपत्ति आती है तो बस उसके लिए एक ही मार्ग खुला होता है और वह यह कि जितनी शीघ्रता से हो सके वह अपने आपको बेच डाले।

धन्यवाद समर्पण

निम्नलिखित सरस्वतीभक्त श्रीमानों ने इस पवित्र काव्य की एक साथ पाँच प्रतियाँ सौ रुपया या इससे भी अधिक रुपयों में लेकर 'विशेष ग्राहक' बनने की उदारता प्रगट की है। उनकी इस साहित्यिक-अभिरुचि का हम धन्यवाद सहित अभिनन्दन करते हैं।

१—श्रीमान् दानवीर रावराजा सर सेठ हुकुमचन्द जी, इन्दौर २००)

२—श्रीमान् दानवीर सेठ गजराज जी गगवाल, लाड़नू ५००)

३—श्रीमान् दानवीर रा० ब० सेठ त्रिलोकचन्द जी कल्याणमल जी इन्दौर १००)

४—श्रीमान् दानवीर बाबू कपूरचन्द जी धूपचन्द जी जैन रईस, कानपुर १००)

५—श्रीमान् स० सि० मोतीलाल जी कस्तूरचन्द जी जैन रईस, जबलपुर (स्व० पुत्र कीर्तिवर्द्धन की स्मृति मे) १००)

६—श्रीमान् स० सि० रतनचन्द जी निर्मलकुमार जी जैन रईस, जबलपुर १००)

७—श्रीमती सोनाबाई जो धर्मपत्नी स० सिं० कस्तूरचन्द जी भोलानाथ जी रईस, जबलपुर १०१)

८—श्रीमान् दानवीर रा० ब० वाणिज्यभूषण सेठ लालचन्द जी, विनोद मिल, उज्जैन १०१)

९—श्रीमान् स० सिं० कन्हैयालाल जी गिरधारीलालजी कटनी १०१)

१०—श्रीमती चम्पाबाईजी धर्मपत्नी श्री सि. तुलसीरामजी कटनी १०१)

११—श्रीमान् पं० महबूबसिंह जी जैन रईस, देहली १००)

१२—श्रीमान् लाला मनोहरलाल जी नन्हेलाल जी जैन B A, देहली १००)

१३—श्रीमान् सेठ चूडामणि जी कस्तूरचन्द जी जैन, गोंदिया १००)

१४—श्रीमान् सेठ धरमदासजी ऋषभदासजी जैन रईस, सतना १०१)

१५—श्रीमान् सिं० कारेलाल जी कुन्दनलाल जी जैन, सागर १०१)

१६—श्रीमान् सेठ भगवानदास जी शोभालाल जी जैन, सागर १००)

१७—श्रीयुत ला० नेमिचन्द जी की माता जी मेरठ (पूज्य आचार्य के चित्र के लिये) ६०)